www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 10 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक– 24 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन– 06072/59



**अभिमत**
■ बैगाओं की खेती और उनका खान-पान — पृष्ठ 6
■ भारत-पाकिस्तान संघर्ष से हमारा कोई सरोकार नहीं : वेंस
■ अमेरिका ने की भारत-पाकिस्तान से तनाव कम कर वार्ता करने की अपील — पृष्ठ 7
दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने तीन पदक जीते — पृष्ठ 8

# पाकिस्तान ने दागे 400 ड्रोन, सेना ने किया नाकाम

## सीमावर्ती इलाकों में 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया



■ नागरिक विमानों की आड़ में सैन्य हमले किए
■ भारत ने संयम के साथ की सटीक कार्रवाई

पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले की असफल कोशिशों के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र को खुला रखना न केवल गैर–जिम्मेदाराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है : विक्रम मिस्री

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु) । विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी गोलीबारी और घुसपैठ की कोशिश की, जिसके जवाब में भारत ने संयम के साथ सटीक कार्रवाई की है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि तंगधार, उरी और उधमपुर जैसे सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की ओर से 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान ने करीब 300 से 400 ड्रोन्स से हमला किया था। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इस हमले में तुर्की में निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल हुआ है। भारतीय वायुसेना ने तत्काल जवाबी कार्रवाई करते हुए एक ड्रोन काउंटर अटैक में पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को पूरी तरह से तबाह कर दिया।

**नागरिकों को ढाल बना रहा पाकिस्तान**

कर्नल कुरैशी ने स्पष्ट किया कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने अत्यधिक संयम बरतते हुए आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने के बजाय नागरिक विमानों की आड़ में सैन्य हमले किए, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के विपरीत है। ब्रीफिंग के दौरान यह बताया गया कि हमले के समय कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में यात्री विमान उड़ान भर रहे थे, जिससे कई निर्दोष जानें खतरे में पड़ गई थीं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई को उकसावे वाली सैन्य रणनीति करार देते हुए कहा कि तंगधार, उरी, पुंछ, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में की गई गोलाबारी में भारतीय सुरक्षाबलों को कुछ नुकसान पहुंचा, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य क्षति उठानी पड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले की असफल कोशिशों के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र को खुला रखना न केवल गैर–जिम्मेदाराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने पाकिस्तान पर नागरिक विमानों को सैन्य ढाल की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हमले का मकसद भारतीय रक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी इकट्ठा करना था, जिसे नाकाम कर दिया गया।

**सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना चाहता है**

भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रहीं हैं और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान गुरुद्वारों, चर्चों और मंदिरों सहित एक विशेष डिजाइन वाले पूजा स्थलों को निशाना बना रहा है और उन पर गोलाबारी कर रहा है। यह पाकिस्तान की एक और नीचता है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक**

पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच पीएम मोदी ने आज एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के साथ बैठक की। बैठक में तीनों सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

**उरी, पुंछ में पाकिस्तान की हैवी फायरिंग**

भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के 6 सेक्टरों उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी।

### 7 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 15 तक बंद

भारत–पाकिस्तान तनाव के बाद 7 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स को 15 मई तक बंद किया गया है। पहले ये 10 मई तक के लिए बंद किए गए थे। ये एयरपोर्ट्स जिन राज्यों में हैं उनमें– जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश शामिल हैं। वहीं, ईंधन की कमी से फर्जी अफवाहों के बीच तेल कंपनियों ने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

### रायपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ाई गई

रायपुर। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है. एयरपोर्ट परिसर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में सीआईएसएफ और राज्य पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं. ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एंटी–ड्रोन यूनिट्स को भी एक्टिव कर दिया गया है. एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से डिपार्चर टाइम से कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की है. चेक–इन प्रक्रिया उड़ान से 75 मिनट पहले बंद कर दी जाएगी।

# 45 साल पुरानी मांग पर साय ने लगाई मुहर

## 10 गांवों के किसानों को होगा सीधा फायदा

**रायपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के बीच गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल मड़ेली में आज एक ऐतिहासिक क्षण उस समय आया, जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 45 वर्षों से अधूरी पड़ी पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना को पूरा करने की घोषणा की। यह घोषणा न केवल एक अधूरे वादे की पूर्णता है, बल्कि क्षेत्र के हजारों किसानों के सपनों की भी पुनर्स्थापना है।



1977 में प्रारंभ हुई इस योजना को घुनघुट्टी नाला पर बांध बनाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, लेकिन 1980 में वन अधिनियम लागू होने के कारण वन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने से कार्य अधर में लटक गया इसके बाद की कई सरकारों ने इस ओर गंभीर पहल नहीं की, और किसानों की आशाएं धीरे–धीरे धुंधली पड़ती गईं।

मुख्यमंत्री साय ने इस मुद्दे को प्राथमिकता में लिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय स्वीकृति देकर वर्षों पुरानी इस परियोजना को जीवनदान दिया। मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार समाधान शिविर में इस बहुप्रतीक्षित स्वीकृति की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि किसानों के संघर्ष, प्रतीक्षा और उम्मीद की जीत है। यह सुशासन तिहार का असली अर्थ है । लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना। इस निर्णय से न केवल क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, बल्कि फसल उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा, जिससे क्षेत्र में समग्र विकास की नई धारा बहेगी।

## सार संक्षेप

### कोर्ट शिक्षा नीति अपनाने को बाध्य नहीं कर सकता : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने का निर्देश देने के लिए दायर की गई याचिका को खारिज कर दी। इसमें 'त्रि-भाषा सूत्र' भी शामिल था। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि कोर्ट, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत, किसी भी राज्य को ह्श्वक्कअपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। मतलब सुप्रीम कोर्ट किसी राज्य को यह नहीं कह सकता कि उसे एनईपी को लागू करना ही होगा।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ईयू व इटली से की बात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार देर रात अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों के साथ बात की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की सराहना की। विदेश मंत्री ने इतालवी उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो तजानी से भी बात की।

### मणिपुर में अपहृत व्यक्ति को बचाया गया, 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अपहृत एक व्यक्ति को बचाया गया तथा पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने विभिन्न अभियानों में 11 अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति का संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि थौबल जिले के लिलोंग-पुलिस थाना के अंतर्गत एनएच-102 पर लिलोंग ब्रिज से एक उग्रवादी संगठन के तीन सदस्यों को फिरौती के लिए अपहरण किया था।

# केंद्रीय मंत्री चौहान 13 को अम्बिकापुर आएंगे

**रायपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को अम्बिकापुर के दौरे पर आएंगे। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी सिलसिले में आज उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरगुजा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए

**अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल**

**रोम,** 9 मई (एजेंसियां) अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नये पोप चुने गए है। वेटिकन सिटी में आयोजित कार्डिनल्स कॉन्क्लेव में गुप्त मतदान के दूसरे दिन अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुना गया। उन्होंने अपने लिए पोप लियो–14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स से बने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**ऑप्रेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान**

# दाउद को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट किया गया

■ **जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सहमा और घबराया पाकिस्तान लगातार अपने बड़े आतंकवादियों को या तो उनको सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा रहा है या अपने मित्र देश में भेज रहा है। बताया जा रहा है कि भारत की एयरस्ट्राइक के बाद अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को भी शिफ्ट कर दिया गया है। इंटेलीजेंस सूत्रों का कहना है कि दाऊद इब्राहिम भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भाग गया है। बताया जा रहा है कि दाऊद इब्राहिम के साथ–साथ उसके गुर्गे, अनीश और छोटा शकील और परिवार के कुछ लोग भी कराची छोड़कर कहीं सुरक्षित ठिकानों पर चले गए हैं। भारतीय सेना की ओर से बीते मंगलवार–बुधवार की रात 25 मिनट तक ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। इसके तहत पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर अटैक किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर में जैश–ए–मोहम्मद का चीफ मसूद अजहर बाल–बाल बच गया। लेकिन, उसके ठिकानों पर हुए हमले के बाद खबर सामने आई कि उसके परिवार के 10 लोग समेत संगठन के कुल 14 लोग मारे गए थे।



■ भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भागा

बताया जा रहा है कि भारतीय सेना की तरफ से जिन ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई उनकी जानकारी भारत की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी ने उपलब्ध कराई थी। अनुमान हैं कि भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास भारत के मोस्ट वांटेड माफिया और आतंकी दाउद इब्राहीम, अनीश और छोटा शकील समेत डी कंपनी के सभी हिटमैन के ठिकानों की जानकारी है। दाउद खुद कराची के डिफेंस एरिया में बेहद सुरक्षित ठिकाने में रहता है।

**मिडिल ईस्ट के किसी देश में भेजा**–भारत की एयरस्ट्राइक से जिस तरह चंद मिनटों में अति सुरक्षित आतंक के कई अड्डे मिनटों में तबाह हो गए। माना जा रहा कि अभी पूरा पाकिस्तान वॉर जोन बना हुआ है पीओके में भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है इसलिए आशंका जताई जा रही है कि दाउद समेत डी कंपनी के लोगों को मिडिल ईस्ट के किसी देश में शिफ्ट किया गया है। खुफिया एजेंसिया पूरी डी कंपनी के बदले ठिकानों की जानकारी की टोह लेने में जुटी है।

# भूपेश की विधायकी खत्म करने की मांग पर जारी रहेगी सुनवाई

## विजय बघेल की याचिका में है पर्याप्त साक्ष्य : हाईकोर्ट

**रायपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने याचिका के तकनीकी बिंदुओं को लेकर इसे खारिज करने की मांग खारिज कर दी है। इस मामले की सुनवाई अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

पाटन विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए दुर्ग सांसद विजय बघेल ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका लगाई गई है। याचिका में



भूपेश बघेल के द्वारा भ्रष्ट आचरण किए जाने संबंधी कई दस्तावेज़ों का उल्लेख करते हुए उनका निर्वाचन रद्द करने की मांग की गई है।

इधर भूपेश बघेल की ओर से तकनीकी और अन्य आपत्तियों के आधार पर इस चुनाव याचिका को खारिज करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। अब विजय बघेल द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने अपने निर्णय में लिखा है –चुनाव याचिका में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद है और इसे इस स्तर पर खारिज नहीं किया जा सकता।

# रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश में कहा है, सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें।

उन्होंने आगे बताया, विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल–टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु तत्वों की मदद कर सकता है और अभियान की प्रभावशीलता तथा कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

# जम्मू सीमा पर 7 घुसपैठिए मार गिराए गए

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 9 मई (देशबन्धु)। आप्रेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध के करीब वाली परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तानी सेना घुसपैठियों को इस ओर धकेलने से बाज नहीं आ रही हैं। ऐसे में बीएसएफ का दावा है कि उसने कर रात को इंटरनेशनल बार्डर पर सांबा सेक्टर में 7 पाक घुसपैठियों को मार गिराया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वे आतंकी थे या फिर पाक सेना के बैट हमलावर। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि 8 और 9 मई, 2025 की मध्यरात्रि को एक आतंकवादी समूह द्वारा जम्मू फ्रंटियर बीएसएफ के सांबा क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की गई, जिसे निगरानी ग्रिड द्वारा पता लगाया गया। यह घुसपैठ की कोशिश ढांढर चौकी पर पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलीबारी से समर्थित थी। हालांकि, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिससे कम से कम सात आतंकवादियों की मौत हो गई और पाकिस्तानी चौकी ढांढर को भारी नुकसान पहुंचा। बीएसएफ ने आपरेशन में धांडर में पाकिस्तानी रेंजर्स के एक बीएमजी बंकर को नष्ट कर दिया। बीएसएफ ने कहा कि 8 और 9 मई की दरम्यानी रात को आतंकवादियों के समूह को सांबा सेक्टर में घुसपैठ करते समय निगरानी ग्रिड द्वारा पकड़ा गया था। बीएसएफ के सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, कम से कम सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तानी चौकी ढांढर को भारी नुकसान पहुँचाया। सरमा सुरक्षा बल ने सैन्य चौकी के विनाश का एक वीडियो साझा करते हुए यह दावा किया था।

■ **अधिकारियों का दावा और घुसपैठ के प्रयास हो सकते हैं**

उसका कहना था कि यह उस पैटर्न का अनुसरण करता है कि कैसे पाकिस्तानी सेना आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करने में मदद करती रही है और वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाकिस्तान की वास्तविकता को उजागर करती है। भारत ने बार–बार पाकिस्तान पर आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस प्रयास को नाकाम करने के बाद बीएसएफ अधिकारियों ने दावा किया कि पाकिस्तान आने वाले दिनों में इंटरनेशनल बार्डर पर ऐसे और प्रयास कर सकता है जिनको रोकने की खातिर बीएसएफ पूरी तरह से सजग और सतर्क है।

### भाजपा के जनार्दन रेड्डी विधानसभा से अयोग्य घोषित

**बेंगलुरु,** 9 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक में ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी अवैध खनन मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गंगावती के भारतीय जनता पार्टी विधायक जी जनार्दन रेड्डी को राज्य विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

गत छह मई को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने श्री रेड्डी और तीन अन्य को लौह अयस्क के अवैध निष्कर्षण और निर्यात से जुड़े एक दशक पुराने मामले में दोषी पाया। अदालत ने उन्हें सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

## मौसम
### दिल्ली–एनसीआर में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की चेतावनी, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी

# अगले 5 दिनों तक कई राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिस्सों में आने वाले पांच दिनों तक गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। इसके तहत कई राज्यों के लिए मौसम से जुड़ी चेतावनियां जारी की गई हैं, जिनमें दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।**

*मौसम विभाग ने दिल्ली–एनसीआर में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 10 मई को मौसम आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है। 11 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तापमान 37 डिग्री अधिकतम और 27 डिग्री न्यूनतम रहने की संभावना है। इसके बाद 12 से 15 मई तक मौसम साफ और आंशिक रूप से बादलों से युक्त रहेगा। तापमान इस दौरान अधिकतम 37–38 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री के आसपास रहेगा।*

*मौसम विभाग ने 11 मई तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें। बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़ा न होने की चेतावनी दी गई है। किसानों, यात्रियों और आम जनता को सलाह दी गई है कि वे मौसम विभाग द्वारा समय–समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें।*

**कई राज्यों में लू की संभावना**

*आईएमडी ने एक अपडेट में कहा कि 11–12 मई को उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग–अलग इलाकों में, 10–14 मई के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में, 11–14 मई के दौरान बिहार और ओडिशा में, 12–14 मई तक झारखंड में और 14–15 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है।*

# देश

उवाच "पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। हमने बांधों समेत प्रमुख बुनियादी ढांचे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं।

-सिद्दारमैया,कर्नाटक के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 25.0 |
| मुंबई | 30.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# सिंदूर मिटाने की हरकत का करारा जवाब दे रही सेना के साथ खड़ा पूरा देश : कांग्रेस

- संकट के दौर में देश की एकता के लिए जय हिंद यात्रा को बताया जरूरी
- गुरुद्वारे और निर्दोष नागरिकों पर पाक के हमले को बताया नापाक इरादों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निर्दोष सैलानियों पर धर्म पूछकर सिंदूर मिटाने की पहलगाम में जो कायराना हरकत की है उसका भारत और हमारी सेना ने आपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिया है तथा अब पूरा देश सेना तथा सरकार के साथ खड़ा है एवं इसी एकता का संदेश देने के लिए कांग्रेस 'जय हिंद यात्रा' निकाल रही है। कांग्रेस ने कहा कि आतंकी हमले के जवाब में भारत सरकार तथा सेना ने जो कार्रवाई की है उसके साथ पूरा देश एकजुट है। हमारी सेना पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बना रही है लेकिन उसकी सेना हमारे गुरुद्वारे और निर्दोष नागरिकों पर हमला कर अपने ओच्छे और नापाक इरादों का प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की जय हिंद यात्रा का मकसद सेना का मनोबल बढ़ाना और पाकिस्तान के खिलाफ एकजुटता का संदेश देना है।



कांग्रेस की जय हिंद यात्रा का मकसद सेना का मनोबल बढ़ाना और पाक के खिलाफ एकजुटता का संदेश देना : रागिनी नायक

पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने संकट के इस दौर में देश की एकता के लिए 'जय हिंद यात्रा' को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे दुनिया को संदेश जाएगा कि पूरा देश पाकिस्तान की नापाक हरकत के विरुद्ध एक होकर खड़ा है।

### दुश्मन की हरकत का करारा जवाब दे रही भारतीय सेना

हमारी सेना दुश्मन की हरकत का करारा जवाब दे रही है और इस अभियान में देश का हर नागरिक सेना और भारत सरकार के साथ कदम से कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद बुलाई गई पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की पहली और दूसरी बैठक में सरकार तथा सेना का साथ देने एवं उनके हर कदम का समर्थन करने का आह्वान किया है। कार्य समिति के इस फैसले को दृढता से और आगे बढ़ाने के लिए पार्टी अब 'जय हिंद यात्रा' का आयोजन कर रही है और देश के सभी वर्गों के लोगों को बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होना चाहिए। डॉ. नायक ने कहा कि देश के निर्दोष सैलानियों की धर्म पूछकर हत्या करने वाले आतंकवादियों के बाद अब पाकिस्तानी सेना पुंछ में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। हमारे गुरुद्वारों पर हमला किया जा रहा है और आतंकवाद का पोषण करने वाला पाकिस्तान उस एफ 16 विमान का भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है जिसे अमेरिका ने आतंकवाद के विरुद्ध इस्तेमाल के लिए उसे दिया था। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन पाकिस्तान द्वारा नागरिक इलाकों पर हमला किया जा रहा है जो उनकी कायरता का प्रतीक है।

शहीद सैनिकों नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारतीय सेवा की कार्रवाई से देशवासियों के बीच उत्साह का माहौल है और तिरंगा यात्रा के सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की है।

### पाकिस्तान ने हर बार भारत की पीठ पर छुरा घोंपा

पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत ने हमेशा मित्रता का व्यवहार किया है और उससे राजनीतिक संबंध बनाए रखने का प्रयास किया लेकिन पाकिस्तान ने हर बार भारत की शांति की पहल को ठुकराया और पीठ पर छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के हमले में हमारे सीमावर्ती इलाकों के जिन निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है भारत सरकार को उन लोगों की मदद करनी चाहिए और घायलों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सिंदूर को उन्होंने हर महिला के लिए कीमती बताया और कहा कि सेना ने सिंदूर मिटाने के आतंकी हमले के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बाद पर प्रेस कांफ्रेंस के लिए जिस तरह से कर्नल सोफिया कुरैशी तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह का चयन किया है वह काबिले तारीफ है।

## 25 करोड़ के कोबरा जहर के साथ छह गिरफ्तार

**पटना/अररिया,** 9 मई (देशबन्धु)। बिहार के अररिया में वन निभाग और पुलिस की टीम ने 25 करोड़ के जहर के साथ 6 तस्करों को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से दो किलो से अधिक कोबरा का विष बरामद किया गया है। जिस जार में विष मिला है उसके ऊपर मेड इन फ्रांस लिखा हुआ है। फिलहाल पुलिस इस पूरे गिरोह को खंगालने में जुट गई है। दरअसल, गुप्त सूचना के आधार पर पटना से आई वन विभाग की टीम ने बिहार पुलिस के सहयोग से अररिया के फारबिसगंज स्थित सुभाष चौक पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान 6 तस्करों को 2.157 किलो कोबरा के विष के साथ दबोचा गया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि है वह कोबरा का विष नेपाल और बंगाल से लेकर आते थे। फारबिसगंज में किसी व्यक्ति से 40 लाख में डील फाइनल हुई थी। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस को बताया है कि 40 लाख में कोबरा के विष को खरीदने वाला शख्स उसे 25 करोड़ रुपए में किसी दूसरे शख्स के हाथ बेंचने वाला था। रानीगंज थाना में पूछताछ करने के बाद पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है और पूरे मामले के छानबीन में जुट गई है। पुलिस उस व्यक्ति को तलाश कर रही है जो कोबरा के विष को खरीदने वाला था।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर झारखंड में अलर्ट



- सार्वजनिक स्थलों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा सख्त

**रांची/बोकारो,** 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्पन्न हालात के मद्देनजर झारखंड में भी सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन सहित सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों की सभी एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ा दी गई है। सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों एवं वर्कशॉप के लिए एडवाइजरी जारी की गई है और सभी कर्मचारियों को आपात स्थिति में बचाव के उपायों से अवगत कराया गया है।

रांची के सदर अनुमंडलाधिकारी के आदेश पर शहर के कई महत्वपूर्ण जगहों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। सीएम आवास, हाईकोर्ट, विधानसभा, एचईसी, प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस सहित कई प्रमुख स्थानों के आसपास 4 जुलाई या अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकलेगा। किसी भी प्रकार का हथियार जैसे बंदूक, तलवार, तीर-धनुष इत्यादि लेकर चलने की सख्त मनाही की गई है और बिना किसी अनुमति के लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से यात्रा करने वालों को फ्लाइट के निर्धारित वक्त से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि सघन सुरक्षा जांच के दौरान किसी तरह की अफरा-तफरी का सामना न करना पड़े। बोकारो स्टील प्लांट में सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा के इंतजाम सख्त कर दिए गए हैं। वरीय अधिकारियों ने जवानों को सभी गेटों पर गेट पास की सघन जांच करने का आदेश दिया है। अब प्लांट के किसी भी गेट से बिना वैध पास और पहचान के किसी को भी एंट्री नहीं दी जाएगी। न सिर्फ प्लांट के मुख्य गेट, बल्कि सभी कार्यालयों के प्रवेश द्वारों पर भी चेकिंग की जाएगी। बोकारो स्टील प्लांट के प्रवक्ता ने कहा है कि प्लांट की सुरक्षा के मद्देनजर सीआईएसएफ ने एहतियाती कदम उठाए हैं।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने पोप लियो को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट के 14वां पोप लियो चुने जाने पर बधाई दी है। मोदी ने भारत की ओर से सर्वोच्च पोप लियो को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। कैथोलिक चर्च में पोप के नेतृत्व की सराहना करते हुए मोदी ने उनके वैश्विक शांति, सद्भाव, एकजुटता व सेवा को बढ़ावा देने में उनके गहन महत्व को रेखांकित किया।

### टाटा मेमोरियल अस्पताल को मिला धमकी भरा ईमेल

**मुंबई।** देश के प्रमुख विशेषज्ञ कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्रों में से एक मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल को शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें अस्पताल परिसर में विस्फोटक उपकरण लगाये जाने का दावा किया गया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई और तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार आज सुबह धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद अस्पताल ने आपातकालीन प्रोटोकॉल शुरू किए, जिसमें मरीजों को अस्पताल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में एहतियाती रूप से निकालना शामिल है।

### पटेल ने तनावपूर्ण माहौल के बीच की समीक्षा

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण माहौल में शुक्रवार को सीमावर्ती राज्य के रूप में गुजरात की सतर्कता और तैयारियों की समीक्षा की। पटेल ने गुजरात में हाई अलर्ट पर रखे गए और पाकिस्तान के साथ समुद्री, जमीनी और हवाई सीमा सहित जुड़े 18 जिलों के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रशासनिक तंत्र, पुलिस और अन्य जिला अधिकारियों से उनके जिलों में की जा रही सुरक्षा की अग्रिम तैयारियों की व्यवस्था की जानकारी भी प्राप्त की।

### चंद्रबाबू ने आंध्र के जवान की शहादत पर जताया शोक

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर में श्री सत्य साई जिले में गोरंतला मंडल के कली ठंडा गांव निवासी जवान एम. मुरली नाइक के शहीद होने पर शोक व्यक्त किया। नायडू ने नाइक की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री ने उनके माता-पिता ज्योतिबाई व श्रीराम नाइक से फोन पर बात की व अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। नायडू ने कहा कि राष्ट्र मुरली के बलिदान को हमेशा याद रखेगा, जिन्होंने 25 साल की छोटी उम्र में मातृभूमि के लिए अपने प्राण की आहूति दे दी।

## ओम बिरला ने रवींद्रनाथ टैगोर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। उनकी रचनाओं ने भारतीयों के मन में देशभक्ति की भावना जगाई और उनकी दो महत्वपूर्ण रचनाएं, जन गण मन और आमार सोनार बांग्ला क्रमश: भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान हैं। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का चित्र अतुल बोस ने बनाया था और इसका अनावरण 12 सितंबर, 1958 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोकसभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव, पी.सी.मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



## राष्ट्रधर्म सर्वोपरि व सर्वप्रथम : धनखड़

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की पुस्तक का किया विमोचन

बिना अभिव्यक्ति के प्रजातंत्र जीवित नहीं रह सकता : जगदीप धनखड़




**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रधर्म सर्वोपरि और सर्वप्रथम है तथा कोई भी व्यक्तिगत, राजनीतिक एवं आर्थिक हित राष्ट्र से ऊपर नहीं हो सकता। धनखड़ ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने पुस्तक 'जनता की कहानी- मेरी आत्मकथा' का लोकार्पण करते हुए कहा कि बिना अभिव्यक्ति के प्रजातंत्र जीवित नहीं रह सकता और अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति यदि यह समझे कि मैं कह रहा हूं वही सही है और कुछ सही नहीं है तो अभिव्यक्ति सार्थक नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी और एस पी सिंह बघेल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति जब दूसरे की बात सुनता है तो उसको बहुत जल्दी बोध हो जाता है कि उसका मत सही नहीं है। अभिव्यक्ति करने वाले व्यक्ति को हमेशा तत्पर रहना चाहिए कि वह दूसरे का मत सुने। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति और वाद-विवाद एक दूसरे के पूरक हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरणादायी यह पुस्तक : उपराष्ट्रपति

विमोचन समारोह में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं के लिए प्रेरणादायी भी है। उन्होंने बंडारू दत्तात्रेय के समर्पण और सेवा भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक सिर्फ एक आत्मकथा नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक सेवा में उनके योगदान का एक जीवंत दस्तावेज है। बंडारू दत्तात्रेय ने अपने जीवन के माध्यम से यह दिखाया है कि सच्चा नेतृत्व जनता के कल्याण के लिए समर्पित होता है। यह पुस्तक युवाओं के लिए प्रेरणादायी भी है।

## कांग्रेस ने निकाली 'जय हिंद यात्रा'

**इंफाल,** 9 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों से लड़ रहे सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए शुक्रवार को यहां 'जय हिंद यात्रा' निकाली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने बताया कि हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां कांग्रेस मुख्यालय के आसपास निकाले गये मार्च में हिस्सा लिया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राष्ट्रध्वज लेकर इंफाल की सड़कों पर मार्च किया। पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह ने कहा, यह आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई है और हम सभी अपने सशस्त्र बलों का समर्थन और प्रोत्साहन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी समुदाय या देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि पूरी तरह से आतंकवादियों के खिलाफ है। सीमावर्ती क्षेत्रों में संवेदनशील स्थिति के मद्देनजर मणिपुर में पार्टी ने 'संविधान बचाओ अभियान' और अन्य गतिविधियों को रोकने का फैसला किया है।

## बिहार में राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने का निर्देश



- ड्यूटी पर वापस नहीं लौटने पर होगी कार्रवाई : दीपक कुमार

**पटना,** 9 मई (एजेंसियां)। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को राजस्व कर्मचारियों को समझाकर हड़ताल समाप्त कराने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि यदि इसके बावजूद वे ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने शुक्रवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारियों को समझा-बुझाकर हड़ताल समाप्त करने को कहा जाए। यदि इसके बावजूद वे ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाए और इसकी जानकारी विभागीय मुख्यालय को शीघ्र भेजी जाए। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राजस्व कर्मियों के एक समूह ने सेवा शर्तों और मांगों को लेकर राज्य मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा था, जिस पर विभाग गंभीरता से विचार कर रहा है। हालांकि, इन मांगों पर निर्णय वित्त विभाग की सहमति और राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद ही संभव है, इसलिए इसमें कुछ समय लग सकता है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी तक किसी जिले से आधिकारिक रूप से कर्मियों के हड़ताल पर जाने की सूचना नहीं मिली है।

### सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं हो रहीं प्रभावित

राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि विभाग को मिली जानकारी के अनुसार, कुछ जिलों में राजस्व कर्मचारी अचानक हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने जिलाधिकारियों से अपील की है कि वे पहले कर्मचारियों को बुलाकर वार्ता करें और उन्हें हड़ताल खत्म करने के लिए प्रेरित करें।

## नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप को किया नमन

**पटना,** 9 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शूरवीर महाराणा प्रताप को शुक्रवार को उनके जन्म दिवस के अवसर पर नमन किया। कुमार ने शुक्रवार को यहां महाराणा प्रताप के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय जयंती समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय सिंह, विधायक संजीव चैरसिया, पूर्व विधायक अशोक सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता ओमप्रकाश सेतु सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## बिहार में पुलिस भी नहीं कर रही अपना काम : तेजस्वी



- बलात्कार पीड़ित परिवार से मिल कार्रवाई का भरोसा दिलाया

**पटना/पूर्णिया,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले के बनमनखी में बीते दिनों अपराधियों ने एक नाबालिग लड़की के साथ न सिर्फ रेप की वारदात को अंजाम दिया था बल्कि बाद में उसकी हत्या भी कर दी थी। इस घटना के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तेजस्वी यादव ने कहा कि ऐसे हालात हैं बिहार में, पुलिस भी अपना काम नहीं कर रही है। पहले गिरफ्तारी करती है, फिर निर्दोष कह कर छोड़ देती है, तो आखिर आरोपी कहां है, जिसने ये दुष्कर्म और हत्या की है। तेजस्वी यादव ने परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है और पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि वह इसकी शिकायत डीजीपी से करेंगे। परिवार के लोगों ने बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह और रूपौली के विधायक शंकर सिंह पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने पीड़ित परिवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पीड़ित परिवार के आरोपों को मीडिया के सामने रखा। तेजस्वी यादव ने खुद पीड़ित परिवार से आप बीती सुनाने को कहा। पीड़ित परिवार ने बताया कि बीते 11 फरवरी को उनकी नाबालिग बेटी के साथ पहले दुष्कर्म हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार तो किया लेकिन मंत्री और विधायक के दबाव में आकर पुलिस ने उसे छोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने कहा कि मंत्री और विधायक की तरफ से उन्हें लगातार धमकी दी जा रही है कि केस उठा लो वरना बेटी जैसा हश्र कर देंगे।

दौरा | *जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने सीमावर्ती शहर उरी का किया दौरा, बोले*

# भारतीय सशस्त्र बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार

**जम्मू,** 9 मई अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में युद्ध के करीब के हालात में पाक गोलाबारी में घायल तथा बेघर होने वालों का हालचल पूछ अगर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मैदान में हैं तो उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भी पीछे नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को सरकारी मेडिकल कालेज (जीएमसी) जम्मू का दौरा किया और हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी की घटनाओं में घायल हुए नागरिकों का हालचाल जाना। जबकि वे विस्थापितों के लिए बनाए गए कैंपों में भी गए। ठीक इसी प्रकार उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने उड़ी का दौरा किया। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घायलों और उनके परिवारों से बातचीत की और उन्हें पूर्ण चिकित्सा सहायता और आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। उमर ने अपने दौरे के दौरान कहा कि हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से कई ड्रोन हमलों की रिपोर्ट के मद्देनजर स्थिति की व्यापक समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं जमीनी हालात का जायजा लूंगा और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और नागरिक एजेंसियों के साथ समन्वय करूंगा। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद इटू और कृषि मंत्री जावेद डार ने घायल नागरिकों से मिलने और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का आकलन करने के लिए जीएमसी बारामुल्ला का दौरा किया। यह दौरा सीमा पर बढ़ते तनाव और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन और गोलाबारी में हताहतों के बीच हुआ है। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल शाम यहां कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमलों की बौछार के बाद भारतीय सशस्त्र बल किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उड़ी सेक्टर में स्थिति का आकलन करने के बाद एलजी सिन्हा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा प्रयास किए गए, लेकिन भारतीय सशस्त्र बल किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि यहां के लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। पाकिस्तान ने गुरुवार शाम को जम्मू, सांबा, उधमपुर, आरएस पुरा और श्रीनगर में कम दूरी की मिसाइलों और ड्रोन से संयुक्त हमला किया, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों की वायु रक्षा प्रणाली ने दुश्मन के पूरे अभियान को विफल कर दिया। जम्मू, सांबा, आरएस पुरा और अन्य स्थानों पर रक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए दागे गए पाकिस्तान के ड्रोन और कम दूरी की मिसाइलों को सेना की सतर्क रक्षा प्रणाली ने निष्प्रभावी कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों की मदद से आतंकवादियों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में घुसपैठ का असफल प्रयास किया।



- पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल तथा बेघर होने वालों का जाना हालचल

# ऑपरेशन सिंदूर

कुपवाड़ा जिले के एक गांव के मुखिया मोहम्मद जाफर लोन ने फोन पर बताया कि केवल हम सुरक्षित है



एलओसी कराह रही है दोनों ओर से

# उड़ी, पुंछ व राजौरी समेत कई कस्बों को पाक सेना ने गोलों से पाट दिया

## भयानक तबाही, दो की मौत, दर्जनों जख्मी, उस पार भी नुक्सान पहुंचाने का दावा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 9 मई (देशबन्धु)। बाइस सालों तक शांत रहने वाली एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल पर दोनों ओर से तोपखाने आग उगले रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे दोनों ओर से 22 सालों का गुब्बार एक ही दिन में निकाल देना चाहते हों। कल के ड्रोन हमलों के बाद से ही पाक सेना भारी तोपखानों से उड़ी, पुंछ और राजौरी को श्मशान बनाने में जुटी हुई है। दर्जनों मकान ध्वस्त हो चुके हैं। दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। हालांकि उस पार पाक सेना को जबरदस्त क्षति पहुंचाने के दावों के बीच उस पार भी ऐसी ही तबाही के समाचार हैं।





कश्मीर में एलओसी के पास के गांवों में पाक सेना द्वारा रात से की जा रही गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। खबरों के मुताबिक, उड़ी गांव में सड़क पर एक वाहन पर गोलाबारी होने से महिला की मौत हो गई, जिसकी पहचान नरगिस बेगम पत्नी बशीर खान के रूप में हुई है। एक अन्य महिला घायल हो गई, जिसका बारामुल्ला जिले के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा गोलाबारी के बीच खतरा मोल लेते हुए उड़ी में बेघर हुए तथा जख्मी हुए लोगों से मिलने पहुंचे हैं। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने महिला की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि कल रात तीन लोगों को छर्रे लगने के कारण बारामुल्ला के सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि महिला को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि एक पुरुष और एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर है, लेकिन उनके कान और सीने में छर्रे लगे हैं। इसके अलावा, पुंछ जिले के लोरान मंडी तहसील के लोहिबेला इलाकों में पाकिस्तानी गोलाबारी में एक नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान लोहिबेला के इबरार मलिक के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान शाहिदा बेगम और वसीम अहमद के रूप में हुई है। गोलाबारी में दर्जनों घर और अन्य संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुपवाड़ा जिले के एक गांव के मुखिया मोहम्मद जाफर लोन ने फोन पर बताया कि केवल हम सुरक्षित हैं क्योंकि हमने भूमिगत बंकरों में शरण ली है। बाकी, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए है। उन्होंने कहा कि सुबह करीब 5.30 बजे गोलाबारी बंद हो गई जिसके बाद उन्होंने क्षतिग्रस्त घरों का दौरा किया। लोन ने बताया कि 1700 से अधिक आबादी वाले उनके हाजीनार गांव में रात भर की गोलाबारी में कम से कम 20 घर क्षतिग्रस्त हो गए। कुपवाड़ा के एक अन्य ग्रामीण का कहना था कि वे डर में जी रहे हैं और डर के कारण अपने गांव छोड़ने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। कुपवाड़ा में भी रात में भारी गोलाबारी के बाद गांवों में दहशत और भय का माहौल रहा और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। चौकीबल, टंडगर, उड़ी और करनाह गांवों में गोलाबारी तेज थी और लोग भूमिगत बंकरों में शरण लिए हुए थे। कई दूरदराज और पहाड़ी गांवों से ली गई तस्वीरों में आवासीय और व्यावसायिक संरचनाओं को भारी नुकसान दिखाई दिया।



## पाक हवाई हमलों से बचने के लिए कई जगह विमानभेदी तोपें व मिसाइल तैनात



**जम्मू,** 9 मई (देशबन्धु)। कल रात और आज तड़के पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों के हमलों के बाद ऐसे हमलों की पुनर्रावृत्ति को रोकने की खातिर कई अन्य सामरिक महत्व के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की खातिर विमानभेदी तोपों और मिसाइलों की तैनाती की जाने लगी है। ऐसा कदम इसलिए उठाना पड़ा है क्योंकि भारतीय पक्ष को इसके प्रति उम्मीद नहीं थी कि पाकिस्तान इस तरह से नागरिक ठिकानों को अपना निशाना बनाने की खातिर ड्रोनों के झुंड भेजेगा।

अधिकारियों ने बताया कि पाक सेना और वायुसेना की इन मंशाओं के मद्देनजर प्रदेश में सीमाओं और भीतर तैनात की गई विमानभेदी तोपों को भी हाई अलर्ट की स्थिति में रहने के लिए कहा गया है। जबकि वायुसैनिक हवाई अड्डों को चौकसी बरतने के साथ ही ऐसी किसी भी स्थिति में लड़ाकू विमानों को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अधिकारियों को मिलने वाली रपटों में जो पाक वायुसेना के हवाई हमलों की आशंका प्रकट की गई है उसमें हालांकि उसके संभावित निशानों के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों को ही अंकित किया गया है लेकिन अधिकारी किसी प्रकार का खतरा मोल लेने को तैयार नहीं हैं। रक्षाधिकारियों का कहना था कि एलओसी के पार पाक वायुसेना की गतिविधियों में अचानक तेजी आई है। जबकि पाक वायुसेना छाताधारी सैनिकों को उतारने की प्रैक्टिस भी कर रही है। संभवता, मिलने वाली रिपोर्टों के अनुसार, वे इस कार्रवाई को भारतीय क्षेत्र में दोहराना चाहते हैं। असल में पिछले दो दिनों से ऑप्रेशन सिंदूर के तहत पूरे पाकिस्तान में अफरातफरी का माहौल है। दरअसल पाकिस्तान को भारत के इस आक्रामक रूख का कोई अंदाजा नहीं था। भारतीय कार्रवाई ने पाक सेना को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। यह स्थिति कैसी है इसी से स्पष्ट है कि पाक सेना कश्मीर सीमा के अन्य सेक्टरों में मोर्चे तो खोल रही है लेकिन वहां भी उसे भारत के आक्रामक रूख का सामना करना पड़ रहा है। हवाई हमलों की चेतावनी जारी करते हुए जम्मू सीमा के सेक्टरों में भी विमानभेदी तोपों को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर तैनात किया गया है। अधिकारी कहते हैं कि पिछले कुछ दिनों से जो कोशिशें पाक वायुसेना के युद्धक विमानों द्वारा भारतीय सीमा के उल्लंघन करने की कोशिशें हो रही थीं वे भी इसी अभियान का एक हिस्सा लगता है जिसे पूरा करने की तैयारी में पाक वायुसेना जुटी हुई है।

## गुलमर्ग गंडोला और सारे पर्यटनस्थल बंद, वैष्णो देवी आने पर रोक

### पर्यटकों व श्रद्धालुओं को निकालने के लिए विशेष ट्रेनें चलेंगी



**जम्मू,** 9 मई। जम्मू कश्मीर में फंसे हुए पर्यटकों और श्रद्धालुओं को वापस भिजवाने के लिए रेलवे ने तीन विशेष रेलें चलाने का फैसला किया है। कई ट्रेनों को रद्द करके सैन्य कार्रवाई के लिए इस्तेमाल की तैयारी हो रही थी। जबकि प्रदेश प्रशासन प्रत्यक्ष तौर पर वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों हत्तोसाहित कर रहा था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रदेश में न आने की सलाह दी जा रही थी। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और सुरक्षा खतरों के बीच श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पवित्र वैष्णो देवी तीर्थयात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को सलाह दी है कि वे कम से कम 10 मई 2025 की सुबह 5 बजे तक वैष्णो देवी की यात्रा से बचें। यह निर्णय संभावित हवाई खतरों के मद्देनजर लिया गया है, क्योंकि जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

हाल के दिनों में जम्मू और जैसलमेर सहित कई उत्तरी राज्यों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की खबरें सामने आई हैं। सीमा पार से होने वाली सैन्य गतिविधियों और हवाई घुसपैठ की घटनाओं के बाद जम्मू क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वैष्णो देवी मंदिर, जो पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, प्रतिदिन हजारों भक्तों को आकर्षित करता है. ऐसे में प्रशासन भक्तों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। श्राइन बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि वे बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित आश्रय स्थलों पर ही रहें। तीर्थस्थल पर मौजूद लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। स्थानीय प्रशासन को रक्षा बलों के साथ मिलकर किसी भी हवाई खतरे के प्रति सतर्क रहने और क्षेत्र में तीर्थयात्रियों व स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले कल पाकिस्तान के ड्रोन हमलों से पहले ही कश्मीर के सबसे बड़े पर्यटनस्थल गुलमर्ग में भी टूरिस्टों के आने पर रोक लगा दी गई थी। गंडोला को परसों से ही बंद कर दिया गया था। हालांकि हवाई मार्ग के बंद हो जाने के बाद कश्मीर और प्रदेश के अन्य इलाकों में फंसे हुए प्रवासी नागरिकों को उनके घरों तक पहुंचाने की खातिर विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## भारत ने डिफेंस व ऑफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाया है : पूर्व राजदूत



**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफल सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन से भारत में हमले किए, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम 'एस-400' ने नाकाम कर दिया। जॉर्डन, लीबिया और माल्टा के पूर्व भारतीय राजदूत अनिल त्रिगुनायत ने शुक्रवार को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि देश ने अपनी डिफेंस और ऑफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाया है।

पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुनायत ने कहा कि भारत आज नहीं बल्कि बहुत सालों से तैयारी कर रहा है कि हमारा डिफेंस सिस्टम बहुत मजबूत होना चाहिए। अब आ रही रिपोर्ट से पता चल रहा है कि 'एस-400' बेहतरीन काम कर रहा है। हमारा एयर डिफेंस सिस्टम काफी मजबूत है। हमने देखा कि भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के अंदर 9 जगहों पर टारगेटेड हमले किए, जिसमें किसी भी नागरिक और पाकिस्तान आर्मी को निशाना नहीं बनाया गया। लेकिन, पाकिस्तान हम पर लगातार हमला करता रहेगा। ऐसे में पाकिस्तान के हमले का जवाब और जोर से देना पड़ेगा। जो रियलिटी है, उसे पूरी दुनिया देख रही है कि भारत ने अपने डिफेंस और ऑफेंस कैपेबिलिटी दोनों को बढ़ाया है।

उन्होंने राफेल की भूमिका पर कहा कि लोग भले ही राफेल की तारीफ करें, लेकिन सच बात यह है कि हमारे एयरफोर्स के जो ऑफिसर हैं, उनका भी कोई सानी नहीं है। लड़ाई हथियारों से लड़ी जाती है, लेकिन लड़ता फौजी है। हमारे फौजी कितने जबरदस्त हैं, यह पूरी दुनिया जानती है। कुछ साल पहले अमेरिका के साथ एक वॉर-गेम हुई थी। इस वॉर-गेम में भारत ने अमेरिका के लगभग सारे फौजी को हरा दिया। ऐसे में राफेल अपने आप में एक अच्छा प्लेटफॉर्म है, लेकिन उसे भारतीय सेना ने भी बहुत अच्छे से उपयोग किया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में दुनिया के बाकी देशों की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि सभी कह रहे हैं कि लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए। डि-एस्केलेशन करना चाहिए, हम भी यह कहते रहे हैं, लेकिन जिसके ऊपर पड़ती है, वही इसे समझ सकता है। भारत को अपनी सुरक्षा देखनी है, भारत को आतंकवाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देना है। दुनिया हमारे प्वाइंट ऑफ व्यू को समझती है, जो आतंकवादी हैं, उन पर ग्लोबल एक्शन लेना चाहिए और जो इन्हें बढ़ावा देते हैं, उन पर इंटरनेशनल प्रेशर डालना चाहिए।

## मां दिवस पर विशेष : मां बनना ईश्वर का वरदान, शिशु को पालने में नींद तक करनी पड़ती है कुर्बान

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। मां बनना ईश्वर की ओर से एक औरत को दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। इस उपहार के साथ कई बदलाव भी शरीर में आते हैं। स्किन पर भी असर पड़ता है। मां बनते ही जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है, रूटीन, प्राथमिकताएं और सबसे ज्यादा आपका नींद से रिश्ता कच्चा सा हो जाता है। ऐसी स्थिति में आखिर करें तो करें क्या? दादी मां के नुस्खे तो कारगर हैं ही, लेकिन इसके साथ ही मॉडर्न पैथी में भी इससे डील किया जाता है। पोस्टपार्टम डिप्रेशन में चिड़चिड़ापन, थकावट की स्थिति बनी रहती है। इसका एक कारण नींद की कुर्बानी होती है। रातें बच्चों को संभालते निकल जाती हैं, उन्हें उठाना, दूध पिलाना, डाइपर बदलना और कई बार बस मोबाइल पर स्क्रॉल करते हुए ये जानने की कोशिश करना कि कहीं कुछ गलत तो नहीं कर रही- में समय निकल जाता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित लेख के मुताबिक प्रसवकालीन अवसाद एक प्रचलित और संभावित रूप से गंभीर मनोदशा विकार है जो



■ **प्रसव के बाद के पहले 42 दिन एक महिला के लंबे समय तक सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक**

■ **थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, शरीर में दर्द और भावनात्मक असंतुलन**

गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद पहले वर्ष के दौरान लगभग 7 में से 1 महिला को प्रभावित करता है। प्रसवकालीन अवसाद हार्मोनल परिवर्तनों, आनुवंशिक प्रवृत्ति और पर्यावरणीय कारकों के मेल से उत्पन्न होता है। वहीं आयुर्वेद प्रसव के बाद की अवधि, या सूतिका काल को नई मां के लिए एक महत्वपूर्ण चरण मानता है। आयुर्वेद के अनुसार, प्रसव के बाद के पहले 42 दिन एक महिला के लंबे समय तक सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक होते हैं। इस अवधि में मां को प्रसव से उबरने, ताकत हासिल करने और हार्मोनल संतुलन को बहाल करने में मदद करने के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। ठीक वैसा ही जैसी हमारी दादी-नानी करती भी आई हैं। आयुर्वेद के मुताबिक प्रसवोत्तर में देखभाल जरूरी होती है क्योंकि गर्भावस्था और प्रसव के कारण वात में काफी वृद्धि होती है, जिससे थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, शरीर में दर्द और भावनात्मक असंतुलन होता है। यदि उचित देखभाल नहीं की जाती है, तो बहुत दिक्कत हो सकती है। इस दौरान निद्रा अहम होती है। वहीं, मॉडर्न पैथी भी कुछ ऐसा ही कहती है। दिल्ली स्थित एक प्रतिष्ठित अस्पताल में ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की लीड कंसल्टेंट डॉ. मंजूषा गोयल भी कुछ ऐसा ही सोचती हैं।

## दिल्ली में सायरन बजा तो लोगों में मच गई अफरा तफरी

■ डॉ. कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच दिल्ली में हवाई हमला होने का खतरा बढ़ गया है। इसलिए राजधानी में हाईअलर्ट और इमरजेंसी की घोषणा हो गई है। हवाई हमले के अलर्ट से आज दिल्ली में मॉक ड्रिल भी किया गया। भारतीय सेना दिल्ली के प्रमुख भवनों को सेना अपनी सुरक्षा में लेगी। सीआईएसएफ इस मामले में सेना को सहयोग करेगी। दिल्ली के पीडब्लूडी हेडक्वार्टर में सायरन इनस्टॉल किया गया है, जो तकरीबन 4 किलोमीटर के दायरे में सुनाई देगा। शुक्रवार को दोपहर में ठीक 3 बजे सायरन बजाया गया। हालांकि यह एक ट्रायल था, लेकिन सायरन बजते ही लोग पैनिक करने लगे बाद में पुलिस ने उन्हें असल हालात बताए। डायरेक्ट्रेट ऑफ सिविल डिफेंस ने दिल्ली में हवाई हमले के सायरन की



टेस्टिंग करने और मॉकड्रिल करने के आदेश के बाद कई जगह मॉक ड्रिल भी की गई। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी करके देश के सभी बंदरगाहों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। भारतीय कोस्ट गार्ड ने भारतीय मछुआरों को भी अलर्ट रहने के लिए कहा है। बता दें कि दिल्ली में भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। इंडिया गेट, लाल किला और कुतुब मीनार समेत टूरिस्ट प्लेस और इमारतों को खाली कराया गया है। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों को चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया है। मेट्रो स्टेशनों, मॉल और व्यस्त बाजारों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बम निरोधक दस्तों, फायर ब्रिगेड और अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को जाम नहीं लगने देने के आदेश दिए हैं। सीसीटीवी कैमरों से पूरी दिल्ली की निगरानी की जा रही है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के दफ्तरों में निर्देश दिए गए हैं कि वे सरकार को सहयोग करें। किसी तरह की अफवाह न फैलाएं। किसी तरह का मैसेज फॉरवर्ड न करें। आपदा की स्थिति में एक दूसरे को सहयोग करें और एक दूसरे का मनोबल बनाए रखें। बता दें कि दिल्ली में 54 साल बंद सायरन बजेंगे। इससे पहले साल 1971 में भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ था, तब सायरन बजे थे। अब 2025 में जंग के हालात बने हैं तो दिल्ली में सायरन बजेंगे।

# अभिमत

**कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाड़ियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।**

## बैगाओं की खेती और उनका खान-पान

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले के बैगा आदिवासी पीढ़ियों से बेंवर खेती करते आ रहे हैं। जंगलों के बीच बसे बैगाओं की अनोखी बेंवर खेती उनकी पहचान है। इससे उन्हें दाल, चावल, रोटी, हरी सब्जियां और फल मिलते हैं। बैगाओं को इससे पौष्टिक संतुलित भोजन मिलता है। हालांकि बेंवर खेती का अब पारंपरिक रूप नहीं है, संशोधित रूप में है। लेकिन इसे देशी बीजों के साथ छोटे स्तर पर पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज इस कॉलम में बैगाओं की खेती की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनकी प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की झलक मिल सके।

मुझे इस इलाके में एक दो बार जाने का मौका मिला है। यह संस्था मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच देशी बीजों की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। देशी बीजों की प्रदर्शनी लगाना, बीजों का आदान.प्रदान करनाए खेती के तौर.तरीके सिखानाए संस्था के काम हैं। हाल ही में नागपुर में बीजोत्सव में संस्था ने बीजों का स्टॉल भी लगाया था।

पिछले साल एक प्रदर्शनी में महुआलाटा, घुईफल का सब्जी, आंवला चटनी, राहर और उड़द बड़ा, डूमर फल की सब्जी, बांस करील की सब्जी, बेलभूंज, चेंच भाजी, पताली चटनी, रमतीला की चटनी, लोरिंग कांदा भूंज, चकोड़ा भाजी, कोदो कुटकी का चीला, गीठ कांदा, भूत कांदा, खिर कांदा, रवि कांदा, रताल कांदा, डुंगची कांदा, सरई पिहरी आदि व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए थे।

संस्था ने पौष्टिक अनाजों से कई तरह के पकवान, अचार व लड्डू आदि भी बनाए हैं। महिलाओं का इसका प्रशिक्षण भी दिया है। महुआ के लड्डू और आगे बढ़ने से पहले बैगाओं का संक्षिप्त परिचय देना उचित होगा। बैगा, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में शामिल हैं। उनके तीज-त्यौहार खेती पर आधारित हैं। जब खेती ठीक से नहीं होती तो वे त्यौहार भी ठीक से नहीं मना पाते। निर्माण वैकल्पिक विकास एवं सहभागी संस्थान व बीज विरासत अभियान के प्रमुख नरेश विश्वास कहते हैं कि अगर बैगाओं की फसल नहीं होती तो वे त्यौहार भी नहीं मना पाते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से बेंवर व मिश्रित खेती ने उनकी जीवन में बदलाव आ गया है। उनके पास खुद के बीज और खुद का अनाज होने लगा है।

कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाडियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

कोदो, कुटकी, ज्वार, सलहार (बाजरा) मक्का, सांवा, कांग, कुरथी, राहर, उड़द, कुरेली, बरबटी, तिली जैसे अनाज बेंवर खेती में बोये जाते हैं। लौकी, कुमड़ा, खीरा आदि को भी बोया जाता है। कुल मिलाकर, 16 प्रकार के अनाज को बैगा बोते हैं। इन 16 अनाजों की 56 किस्में हैं।

एक जगह पर एक वर्ष में खेती की जाती है। अगले साल दूसरी जगह पर खेती होती है। इस खेती को स्थानांतरित खेती (शिफ्टिंग कल्टीवेशन) कहते हैं। हालांकि इस खेती पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन मध्यप्रदेश के बैगाचक इलाके में यह प्रचलन में है। लोग अपने ही खेतों में बेंवर करते हैं। इसका संशोधित रूप मिश्रित खेती को अपना रहे हैं।

बेंवर खेती के प्रचार-प्रसार लगे नरेश विश्वास कहते हैं कि कुछ वर्ष पहले हमने जब यह अभियान शुरू किया था तब लोगों के पास बेंवर के बीज ही खत्म हो गए थे। हमने बीजों के आदान-प्रदान का काम किया जिससे अब बैगा आदिवासियों के बीज उपलब्ध हैं और वे बेंवर खेती कर रहे हैं।

विश्वास कहते हैं कि बेंवर में अधिकांश लोग केवल कुटकी करते थे। उनके पास सलहार नहीं था, बैगा राहर नहीं थी। हमने इसकी तलाश की और फिर बीजों की अदला-बदली की। छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा आदिवासी भी यहां से मड़िया का बीज लेकर गए। कुछ जगह हमने समतल जमीन में भी जुताई से मिश्रित खेती करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नही रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती।

यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है। मक्के के बड़े पौधे कुलथी को हवा से गिरने से बचाते हैं। फल्लीवाले पौधों के पत्तों नत्रजन मिलती है। ये पौधे अपनी जड़ों के जरिए भूमि से अलग-अलग गहरे से पोषक तत्व लेते हैं। इससे उर्वर षक्ति अधिक होती है।

इन अनाजों में शरीर के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व होते हैं। रेशे, लौह तत्व, कैल्शियम, विटामिन, प्रोटीन व अन्य खनिज तत्व मौजूद हैं। चावल व गेहूं के मुकाबले इनमें पौष्टिकता अधिक होती है।

बैगाओं के भोजन में पेज प्रमुख है। पेज एक तरह से सूप की तरह होता है। बैगा पूरे साल भर पेज पीते हैं। पेज कम अनाज में पेट भरने का उपाय भी है। अनाज कम और पानी ज्यादा। अगर पेज बनते समय दो मेहमान भी आ जाए तो उतने ही अनाज में पानी की मात्रा बढा दी जाती है।

जब आदिवासी जंगल जाते हैं तो साथ में पेज भी ले जाते हैं। अगर जंगल में पानी नहीं मिलता तो पेज से काम चला लेते हैं। पेज कई अनाजों से बनता है। मक्का, कोदो, कुटकी आदि से पेज बनाया जाता है। अनाजों को दलिया की तरह कूटकर उसे गरम पानी में उबाला जाता है और नमक डालकर तैयार किया जाता है।

इससे दाल, चावल, पेज (सूप की तरह पेय), दाल, सब्जी सब कुछ मिलता है। खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा होती है। मवेशियों को चारा मिलता है।

नरेश विश्वास ने कहा कि बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती में खाद्य सुरक्षा तो होती है स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ मवेशियों के लिए भरपूर चारा और भूसा उपलब्ध होता है। जलवायु बदलाव के दौर में भी मिश्रित खेती की उपयोगिता और बढ़ गई है, जिसमें प्रतिकूल मौसम को झेलने की क्षमता होती है। श्री विश्वास बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती की विविधता को बचाने और उनके इस खेती के अनाजों की उपयोगिता तथा उनके पारंपरिक जंगल आधारित खान-पान के ज्ञान को सहेज कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे है।

मौसमी बदलाव के कारण जो समस्याएं और चुनौतियां आएंगी, उनसे निपटने में भी यह खेती कारगर है। कम बारिश, ज्यादा गर्मी, पानी की कमी और कुपोषण बढ़ने जैसी स्थिति में बेंवर खेती सबसे उपयुक्त है। इस खेती पर किताब लिखने वाले नरेश विश्वास का कहना है कि सूखा अकाल में भी बैगाओं के पास कोई न कोई फसल होती है। उनकी खेती बहुत समृद्ध रही है।

इस खेती में मौसमी उतार-चढ़ाव व पारिस्थितिकी हालत को झेलने की क्षमता होती है। इस प्रकार सभी दृष्टियों, खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव विविधता और मौसम बदलाव में उपयोगी और स्वावलंबी है।

**यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नही रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती। यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है।**

## बीता सप्ताह

**3 मई**
- यूपी के गंगा एक्सप्रेस वे पर राफेल जगुआर ने दिखाई ताकत। वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास।
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब एकाउंट भारत में बंद कर दिया गया।
- श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए केदारनाथ धाम के कपाट खुले।
- भारत से बुद्ध के पवित्र अवशेष वियतनाम पहुंचाया गया।

**4 मई**
- पहलगाम हमले के विरोध स्वरूप भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध।
- छग के गरियाबंद में 9 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर हुआ।
- गोवा के शिरगांव के लैराई यात्रा में मंदिर में भगदड़ से 7 लोगों की मौत हो गई।
- भारत का पहला ए आई डेटा सेंटर पार्क छग की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में होगा तैयार।

**5 मई**
- भारत सरकार ने पहलगाम हमले को लेकर चिनाब नदी का पानी रोका।
- योग गुरू बाबा शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन हो गया।
- श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुले।
- ब्रिटेन की काउंटर रेर यूनिट ने 7 ईरानी नागरिकों को किया गिरफ्तार।

**6 मई**
- कंधार हाइजेक केस में मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहा हुए मुश्ताक अहमद जरगर ने पहलगाम हमला करवाया था इसका खुलासा एनआईए ने किया।
- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के सी वेणुगोपाल लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष बनाए गए।
- गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराने का निर्णय लिया।
- कंबोडिया में कैंसर से हर साल 14 हजार लोगों की मौत हो रही है।

**7 मई**
- ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर पहलगाम का बदला लिया।
- कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सीबीआई एक विशेष अदालत ने गैर कानूनी खनन मामले को लेकर 7 साल की सजा सनाई।
- भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता।
- 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130वें स्थान पर पहुंचा।

**8 मई**
- भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने 26 नक्सली मार गिराए।
- दुर्ग में 5 दशक बाद फिर एक बार गूंजा सायरन, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की गई।
- मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी।

**9 मई**
- भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना के पांच जवान शहीद हुए।
- उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश होने से छह लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा।
- केन्द्रीय रक्षामंत्री ने कहा हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

## बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों सहित अनेक समस्याओं से घिरा पाकिस्तान

■ नित्य चक्रवर्ती

पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा मिसाइल हमलों के दो दिन बीत गये हैं, और इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर हमले किये। नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों जगह एक जैसी तैयारियां देखने को मिल रही हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि पाकिस्तान 1999 में कारगिल युद्ध के बाद भारत के साथ एक और सैन्य टकराव के लिए तैयार हो रहा है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार रात को देशव्यापी संबोधन में भारत को चेतावनी दी कि वह अपने शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और दो अन्य प्रमुखों को भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया।

पाकिस्तान में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसा कि 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्थिति थी, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 हिंदू पर्यटकों और एक स्थानीय मुस्लिम की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहां राजनीतिक दलों समेत पूरा देश पाकिस्तान सरकार से भारत से बदला लेने का आह्वान कर रहा था।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।**

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

इसी तरह पाकिस्तान में भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का जबरदस्त दबाव है। इमरान खान की पीटीआई समेत सभी राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है। सुरक्षा बल अब सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। लेकिन जवाबी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा, यह पाकिस्तान के लिए बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या पाकिस्तान आर्थिक संकट और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा के एक हिस्से में गंभीर संकट की मौजूदा स्थिति में भारत में पूरी तरह सैन्य कार्रवाई कर सकता है?

भारतीय पक्ष लगातार कहता रहा है कि भारतीय वायुसेना ने उन नौ ठिकानों पर हमले किए, जहां समय-समय पर भारत पर हमले करने वाले आतंकवादी डेरा जमाये रहते हैं। इसका उद्देश्य केवल इन आतंकी शिविरों को नष्ट करना था। भारतीय वायुसेना ने किसी सैन्य स्थल पर हमला नहीं किया। पाकिस्तान इस बात से शायद ही इनकार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर यह आम धारणा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, जिनमें से कई समय-समय पर भारत के खिलाफ काम करते हैं। पाकिस्तान यह दावा नहीं कर सकता कि भारत में आतंकी शिविर हैं, जहां वह हमला कर सकता है। इसलिए पाकिस्तान को अगर जवाबी कार्रवाई करनी है, तो उसे भारत में केवल सैन्य या नागरिक स्थलों पर ही हमला करना होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में गोलाबारी में वृद्धि से पाकिस्तानी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे भारत को भारी नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

पिछले दो दिनों में ही विद्रोही बलूच सेना ने पाक सैनिकों पर जवाबी हमला किया और 14 सैनिकों को मार गिराया। पाक सेना को बलूच क्षेत्र में और अफगान सीमा पर भी पर्याप्त सैनिक तैनात करने होंगे, जहां टीटीटीपी सैनिक सक्रिय हैं। काबुल में तालिबान सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध नहीं रखती। बल्कि हाल के दिनों में नई दिल्ली के साथ काबुल के संबंध काफी बेहतर हुए हैं। पाकिस्तान उम्मीद कर सकता है कि चीन भारत के साथ सीमा पर नई दिल्ली को शर्मिंदा करने के लिए कुछ तलवारें लहरायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है, जैसा कि चीनी विदेश नीति के मौजूदा रुझान बताते हैं। चीन संयुक्त राष्ट्र में और बयानों के माध्यम से पाकिस्तान को कुछ सहायता दे सकता है, लेकिन चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी बड़े पैमाने पर टकराव में सीधे रूप से शामिल नहीं होना चाहेगा।

पहले से ही भारत और पाकिस्तान दोनों ही भारी दबाव में हैं, ताकि आगे कोई तनाव न बढ़े। अमेरिकी अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। ईरान के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान में बातचीत की। वे अभी नई दिल्ली में हैं। सऊदी अरब के मंत्री भी भारत और पाकिस्तान दोनों से बातचीत कर रहे हैं। अब उनके सामने चुनौती है कि वे पाकिस्तान को बड़ी जवाबी कार्रवाई करने से रोकें।


भारत के अनुसार, उसने अपनी सीमित कार्रवाई की है। जब तक पाकिस्तान बड़ी सैन्य कार्रवाई करके जवाबी कार्रवाई नहीं करता, तब तक यह आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर है। उन्हें तय करना है कि वे पाकिस्तान में धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत अति राष्ट्रवाद के दबाव के आगे झुकेंगे या पाकिस्तान के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जवाबी कार्रवाई का रास्ता छोड़कर बातचीत का रास्ता अपनायेंगे।

शहबाज को उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सलाह दे रहे हैं, जो समझदार हैं। वह अपने छोटे भाई को सलाह दे रहे हैं कि वे जवाबी कार्रवाई करने से पहले सभी विकल्पों पर विचार कर लें। अगर सरकार जवाबी कार्रवाई करने और दक्षिण एशिया में एक और युद्ध को बढ़ावा देने से बचते हैं, तो पाकिस्तान को पश्चिम एशियाई देशों से सहायता में वृद्धि का आश्वासन मिल सकता है। इसी तरह अगर पूर्ण युद्ध होता है, तो आईएमएफ बेलआउट पैकेज अनिश्चित होगा। अगले 48 घंटे बतायेंगे कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और उनके सेना प्रमुख किस राह पर निर्णय लेते हैं?

## 'चीनी' के जहर के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प ब्रिगेड का जंगल राज अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहले से ही नकारात्मक गिरावट ला रहा है, वहीं 2025 की पहली तिमाही में पर्यटकों के आगमन में नाटकीय रूप से कमी की सूचना दी गई है। उधर एलोन मस्क के चेनसॉ ने अमेरिकी सरकार के कई हिस्सों को प्रभावी ढंग से अपंग कर दिया है क्योंकि अधिकतर विभागों को छोटा या समाप्त कर दिया गया है लेकिन 100 वर्षों में नहीं देखे गए इस तूफान के बीच विवादास्पद अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी, जूनियर ने कुछ अच्छा कर दिखाने की ठानी है। पिछले पखवाड़े कैनेडी ने तीन सरल शब्द कहे थे- 'चीनी जहर है'। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी खाद्य कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों में शक्कर के उपयोग की जांच करने के लिए अपना एजेंडा निर्धारित किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा- 'अब से चार साल बाद, हम इनमें से अधिकांश उत्पादों को बाजार से बाहर करने जा रहे हैं; या जब आप किराने की दुकान पर जाएंगे तो आपको उनके बारे में पता चल जाएगा।'

यह एक नाटकीय और महत्वपूर्ण परिवर्तन है, पूरी तरह से सकारात्मक और स्पष्ट रूप से सही कदम है लेकिन यह एक 'गलत' व्यक्ति की ओर से उठाया गया है- जो अन्यथा एक साजिश रचने वाला विचारक है, वैज्ञानिक विरोधी मान्यताओं और टीकों के खिलाफ शेखी बघारने के लिए मशहूर है। चिकित्सा एवं अनुसंधान संगठनों का तर्क है कि वह अंततः स्वास्थ्य नतीजों को नुकसान पहुंचाएगा और आबादी के बीच टीके के खिलाफ हिचकिचाहट बढ़ाएगा, जिससे बीमारी से लड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। स्थिति ऐसी है कि स्वास्थ्य के खिलाफ स्वास्थ्य सचिव खड़े हैं। बहरहाल, कैनेडी के पास सोडा और मीठे पैक किए गए उत्पादों को बेचने वाले 'बिग फूड' (और 'बिग फार्मा') कंपनियों के खिलाफ एक बड़ा और सकारात्मक एजेंडा भी है जो अमेरिका में मोटापे और मधुमेह महामारी के लिए जिम्मेदार होने के लिए जाने जाते हैं। वे कहते हैं कि अमेरिका में 38 प्रतिशत बच्चे पहले से ही मधुमेह या प्रीडायबिटिक हैं।



जगदीश रत्तनानी

**अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी।**

इस बदलाव के कई पहलू हैं, परन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि खाद्य पदार्थों में अधिकांश शक्कर की मिलावट या उपयोग दुनिया भर में और बेशक भारत में फैल गया है जिसकी जड़ें अमेरिकी खाद्य डिजाइन, पैकेजिंग और विपणन में हैं।

अगर वैश्वीकरण ने चीन में विनिर्माण नौकरियों और भारत में सॉफ्टवेयर सेवाओं में उछाल लाया, तो वैश्वीकरण ने इन लोगों के लिए चीनी और उच्च फ्रैक्टोज़ कॉर्न सिरप लोडेड सोडा, चिप्स, कपकेक और पैक किए गए भोजन के नाम पर एक गहरा धक्का दिया। दावा है कि यह जीवन शैली में सुविधा दिलाता है लेकिन यह सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य पर टिक टिक करने वाला टाइम बम बन गया है। उल्लेखनीय है कि आरएफ के जूनियर 'भोजन और भोजन जैसे पदार्थों' की बात करते हैं क्योंकि यह तर्क दिया जा सकता है कि पैक किए गए भोजन के रूप में जो कुछ बेचा जाता है वह खाद्यान्न जैसा होता है लेकिन खाद्यान्न बिल्कुल नहीं होता है।

हमने इस अभियान को भारत में बार-बार होते देखा है जहां दिग्गजों के खिलाफ नई जागरूकता और कुछ सक्रियता जड़ पकड़ रही है।

इस बात पर गौर करें- भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के तुरंत बाद एक वैश्विक खाद्य दिग्गज ने नाश्ते के रूप में कॉर्नफ्लेक्स लॉंच किया। उन्होंने कहा कि इसे भारतीयों द्वारा पसंद किया जाना चाहिए। कॉर्नफ्लेक्स के विज्ञापन पर भारतीय बाजार में लाखों डालर खर्च किए गए। प्रोमो में भारतीयों को कुल्चा, समोसे या इडली जैसे पारंपरिक गर्म नाश्ते को अस्वीकार करने और नए लॉन्च पर स्विच करने के लिए आमंत्रित किया जाता था। कॉर्नफ्लेक्स को एक ऐसा विकल्प बताया गया जो उपयोग में आसान, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता है। उसी कंपनी ने जल्द ही अपने नाश्ते के अनाज के कई प्रकार पेश किए, उन्हें आकार, आकर्षक रूप से लाल, नीले और भूरे रंगों में 'फ्रॉस्टी डस्ट' के साथ प्रस्तुत किया गया- सभी में चीनी व रंग थे जो और कुछ भी हो लेकिन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। भारतीयों की आदतों को गर्म भारतीय भोजन से बदलकर अस्वास्थ्यकर पैक किए गए उत्पादों में बदलने की मांग पर जोर दिया जा रहा था।

यह उदाहरण कई खाद्य उत्पाद कंपनियों में से एक का है जिसने चीनी, कृत्रिम रंग और अपने उत्पादों में एडिटिव्स के वर्गीकरण (खाद्य में विभिन्न प्रयोजनों के लिए मिलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पदार्थ शामिल हैं, जिनमें संरक्षण, स्वाद में सुधार, रंग निखारना और बनावट में बदलाव करना शामिल है) को आगे बढ़ाया है। फिर मार्केटिंग पेडल पर दबाव डाला और समय के साथ आम भारतीयों के स्वास्थ्य की कीमत पर व्यवसाय बनाने और बढ़ाने में सफल रहे। इनके लक्षित टारगेट में बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। देश की सबसे पुरानी परिचालित कंपनियों में से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने एक बार जैम को 'ब्रेन फूड' के रूप में पेश करने की कोशिश की और यह तब तक जारी रहा जब तक कि सरकार ने इस कंपनी को काल्पनिक दावा करने से रोक नहीं दिया।

आज भी भारत में कई प्रमुख खाद्य और पेय ब्रांड अपने आप में संदिग्ध सामग्री ले जाते हैं और यह अक्सर इतनी अधिक मात्रा में होता है जिसकी कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अनुमति नहीं दी जाएगी। कई भारतीय ब्रांड नियमों और कानूनों के बड़े उल्लंघनकर्ता हैं लेकिन प्रतिष्ठित, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और भारी विपणन वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रांड उनके पैमाने और पहुंच देखने के बावजूद खाने के लिए बदतर हो सकते हैं।

सोशल मीडिया अभियानों ने इनमें से कई को 'भारत' बनाम 'रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड' मैच-अप सूची में उजागर किया है और यह अक्सर ब्रांडों का मामला है जो भारत में अधिक चीनी और विभिन्न व कभी-कभी खतरनाक रासायनिक इनपुट के साथ दूर हो रहे हैं जबकि अन्य बाजारों में इनका स्पष्ट उल्लेख करते हैं।

भारत में ढीले नियम भी समस्या का एक हिस्सा हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) प्रणाली की सक्रियता के बारे में शक नहीं है लेकिन उसकी कमजोरी को उजागर करता है। इसमें क्षमता, पारदर्शिता, निरीक्षण की कमी और खराब प्रवर्तन के लिए कई अन्य चुनौतियों की समस्याएं शामिल हैं। भारतीय बाजार में अवसर का आकार अपने आप में एक समस्या है क्योंकि फायदा कमाने के लिए ब्रांड कुछ भी करेंगे और आम तौर पर सफलता पाते हैं यदि उनका टाईम होराइजन (टाईम होराइजन को अक्सर निवेश समय के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह वह समय सीमा है जिसके दौरान कोई निवेशक किसी योजना में अपनी पूंजी का निवेश करता रहेगा। इस अवधि के बाद कोई निवेशक अपना निवेश वापस ले लेगा। आम तौर पर निवेश के उद्देश्य और रणनीतियां निवेश टाईम होराइजन तय करती हैं) बहुत सीमित नहीं है।

इस मामले को भारतीय उपभोक्ताओं में जागरूकता की (हाल तक की) सापेक्ष कमी और ब्रांडों को न केवल सामग्री के लिए बल्कि पैकेजिंग और विज्ञापन में जो कहा जाता है- स्वस्थ, तेज, स्मार्ट परिणाम देने के दावों के साथ, उसके लिए भी जिम्मेदार ठहराने की चुनौतियों के साथ जोड़ना चाहिए; या इसके कुछ प्रकार, काफी नियमित रूप से उपभोक्ताओं पर थोप दिए जाते हैं। ये बातें कंपनी के मार्केटिंग साहित्य (किसी उत्पाद, सेवा या विचार को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सभी लिखित सामग्री, प्रकाशन व दस्तावेज़, इसमें ब्रोशर, विज्ञापन, बिक्री पत्र और वेबसाइट सामग्री जैसी चीज़ें शामिल हैं जिनका उद्देश्य संभावित ग्राहकों को सूचित करना और उन्हें पटाना है) में फ़ीड करता है कि, कैसे एक ब्रांड 'बाधाओं' के खिलाफ सफल हुआ या कैसे एक 'रणनीति' विफल हो गई और बदल गई जिसके कारण उत्पाद की कीमत कम करनी पड़ी। इस प्रकार सीमित और संकीर्ण मार्केटिंग नीतियों का विवरण देने वाली प्लेबुक की सफलता का जश्न मनाने के बजाय मुद्दों के नैतिक आयाम को चिह्नित किया गया।

अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी। भोजन में स्वाद, रंग, रंजक या अन्य योजक के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नमक की सीमा चेक की जानी चाहिए। चीनी पर टैक्स लगाया जा सकता है। इन खाद्य दिग्गजों को आम लोगों की कीमत पर खुद को और अपने शेयरधारकों को अमीर बनाने की मुफ्त की सवारी समाप्त होनी चाहिए। यदि ट्रम्प प्रशासन इसमें से थोड़ा सा भी जनता को देने में मदद करता है तो यह एक ऐसे युग में जश्न मनाने का एक अच्छा परिणाम होगा जहां आम तौर पर अंधेरा दिखता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)**

## ईरान ने भूमिगत नौसैनिक ड्रोन बेस का किया उद्घाटन

**तेहरान,** 9 मई (एजेंसियां)। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने एक भूमिगत ड्रोन बेस का उद्घाटन किया। ईरान की आईआरआईबी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। आईआरआईबी द्वारा जारी फुटेज के अनुसार, आईआरजीसी के चीफ कमांडर होसैन सलामी ने इस बेस का उद्घाटन किया।यह बेस आईआरजीसी की नौसेना के कई भूमिगत ड्रोन बेस में से एक है, जो मिट्टी के रनवे पर उतरने और उड़ान भरने वाले ड्रोन को रखने में सक्षम है।आईआरजीसी नौसेना के सभी ड्रोन शक्तिशाली इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से लैस थे। श्री सलामी ने कहा कि नौसेना का गठन अंतर-क्षेत्रीय शक्तियों से लड़ने के लिए किया गया था।



# भारत–पाकिस्तान संघर्ष से हमारा कोई सरोकार नहीं : वेंस

**हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाने जा रहे हैं : जे डी वेंस**



**वाशिंगटन,** 9 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष से मूलत: हमारा कोई सरोकार नहीं है, हालांकि वह और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से अमेरिका के अलग होने के समर्थक रहे वेंस ने कहा कि हम जो कर सकते हैं, वह यह है कि इन लोगों को थोड़ा तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करें, लेकिन हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, जिससे मूल रूप से हमारा कोई सरोकार नहीं है और इसका अमेरिका की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है। आप जानते हैं, अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। और इसलिए, हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी आशा और अपेक्षा है कि यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या, भगवान न करे, एक परमाणु संघर्ष में न बदले। अभी, हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। वेंस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और कई अन्य शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने का असफल प्रयास किया।

भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इस्लामाबाद द्वारा दागी गई कम से कम आठ मिसाइलों को मार गिराया। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान जैसे को तैसा वाली कार्रवाइयों को बंद करें, उन्होंने कहा कि अगर वह मदद के लिए कुछ कर सकते हैं, तो जरूर करेंगे।

## पाकिस्तान खुद आतंकवाद में लिप्त, दुनिया उसे रोके : विनय क्वात्रा



**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा है कि पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में 'आतंकवाद के कारखानों' पर भारत की 'सीमित कार्रवाई' के बाद पाकिस्तान की प्रतिक्रिया का तरीका दर्शाता है कि वह न केवल आंतकवाद के साथ दे रहा है बल्कि खुद आतंकवाद में संलिप्त है तथा विश्व समुदाय को उसे सख्ती से रोकना चाहिए। श्री क्वात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सीमापार आतंकवादियों के बुनियादी ढांचों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई को 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का एक नपातुला और सीमित जवाब बताया और कहा कि उसके बाद भारत जो भी कर रहा है वह पाकिस्तान की हरकतों का जवाब है। उन्होंने कहा कि पहलगाम जैसा जघन्य कृत्य करने वाले को दुनिया में कहीं भी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण परमाणु युद्ध छिड़ने की चिंता करने की बजाय यह चिंता होनी चाहिए कि आतंकवाद और आतंकवादियों को पाकिस्तान का समर्थन जारी है।

## अमेरिका ने की भारत-पाकिस्तान से तनाव कम कर वार्ता करने की अपील



**संवाद मूल रूप से महत्वपूर्ण है, बातचीत होनी चाहिए, चुप्पी नहीं होनी चाहिए : मार्को रुबियो, अमेरिका**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मौजूदा तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान को उसका दोहरा संदेश है तनाव कम करें और बातचीत जारी रखें। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दिन में की गई कॉल का जिक्र करते हुए, विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका दो चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ब्रूस ने कहा कि यह नहीं बढ़ना चाहिए, और संवाद मूल रूप से महत्वपूर्ण है, बातचीत होनी चाहिए, चुप्पी नहीं होनी चाहिए, और अमेरिका, जाहिर तौर पर इसके केंद्र में था, पिछले दो दिनों में दोनों देशों के विभिन्न नेताओं के साथ बातचीत में। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री, और आम तौर पर पूरे अमेरिका से संदेश यह है कि हिंसा को, सैन्य कार्रवाई, युद्ध को रोकना चाहिए, जैसा कि हमने उस क्षेत्र में देखा है, निश्चित रूप से मध्य पूर्व में, यह स्पष्ट रूप से, पीढ़ी के लिए, साबित हुआ है कि यह कोई समाधान नहीं है, क्योंकि यह कभी समाप्त नहीं होता है। इस संबंध में बदलाव होना चाहिए। इसलिए जाहिर है, जब किसी समस्या को हल करने की बात आती है, तो इस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध, सैन्य, अधिक हिंसा कोई समाधान नहीं है। कूटनीति ही समाधान है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत भयानक है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और मैं उन्हें इसे हल करते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं और उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। उन्होंने जैसे को तैसा किया है, इसलिए उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। मैं दोनों को जानता हूं, हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं।

## सुडोकू 6908

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

▪ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 10 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ - आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन - आज आपको जमीन, मकान या वाहन आदि के कामकाज में बहुत सावधानी बरतना होगी। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ेगा। संतान के विषय में आपको चिंता होगी। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में बाधा आएगी।

कर्क - किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह - आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें। आपको अपनों से लाभ होगा।

कन्या - आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला - आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण मित्रों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी। कोर्ट-कचहरी के काम से आज संभलकर चलें।

वृश्चिक - आप को अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा।

धनु - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

मकर - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है।

कुंभ - आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे।

मीन - आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

डेविड लैमी से बातचीत के बाद बोले एस जयशंकर

# हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी



▪ **पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर दिया जोर**


**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बात की। बातचीत की जानकारी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट के जरिए दी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज दोपहर ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से फोन पर बात हुई। हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) होना चाहिए।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार देर रात अमेरिका सहित कई देशों के अपने समकक्षों संग बात की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की सराहना की।

उन्होंने बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में 21 लोगों की मौत, कई घायल



**गाजा,** 9 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में गुरुवार को इजरायली हमलों में कम से कम 21 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में एक आवासीय घर पर इजरायली लड़ाकू विमानों के हमले में बच्चों और महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर के बाहरी इलाके में एक फिलिस्तीनी सभा पर इजरायली हवाई हमले में तीन युवक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए।

प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर, डेर अल-बलाह शहर और मध्य गाजा के नुसेरात शरणार्थी शिविर तथा गाजा शहर के पूर्व में शुजाइया पड़ोस में घरों, एक स्कूल और विस्थापित व्यक्तियों के आवास वाले टेंटों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमलों और गोलाबारी में एक लड़की और एक महिला सहित नौ लोग मारे गए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट ...**

कार्डिनल्स के कॉलेज ने सात मई को नए पोप के चुनाव के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया शुरू की। गौरतलब है कि ईसाई धर्म के धर्मगुरु पूर्व पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को बीमारी के कारण निधन हो गया था। वेटिकन में पैपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। 69 साल के रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वो अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स ने वोटिंग के जरिए दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) से उन्हें पोप चुना। 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया। वोटिंग के दूसरे ही दिन रोमन कैथोलिक चर्च के सिस्टीन चैपल पर स्थित चिमनी से सफेद धुआं निकला, जिससे पता चलता है कि नए पोप का चयन हो गया है। नए पोप का चयन होते ही वेटिकन में मौजूद 45 हजार से ज्यादा लोगों ने जोरदार तालियां बजाई और एक दूसरे को बधाई दी। इससे पहले सात मई को वोटिंग के पहले दिन किसी को भी पोप नहीं चुना गया था।

## पाकिस्तानी सांसद ने नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ को बताया 'बुजदिल'




**अब पाकिस्तान की संसद में भी दिखाई देने लगा भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का असर**

**इस्लामाबाद,** 9 मई (आईएएनएस)। पाकिस्तान की ओर से गुरुवार को किए गए हमले का भारत की तरफ से करारा जवाब दिया गया है। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का असर अब पाकिस्तान की संसद में भी दिखाई देने लगा है। एक पाकिस्तानी सांसद ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ही बुजदिल बता दिया है।

पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के रुख पर उनका (पीएम शहबाज शरीफ) कोई बयान नहीं आया है। मुझे टीपू सुल्तान का वो बयान याद आ रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके साथ गीदड़ हों, तो वो शेरों की तरह लड़ते हैं। लेकिन, अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो, तो वो लड़ नहीं सकते और जंग हार जाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा हमारा फौजी ये उम्मीद रखता है कि हमारा नेता, जो हमारा चेहरा है, जो हमारी ताकत का आइना है, वो सियासी तौर पर भी उतना ही दमदार हो। वो दुश्मन से मुकाबला करने की हिम्मत रखें, लेकिन जब आपका वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ) बुजदिल हो और वो मोदी का नाम तक न ले पाए, तो आप सीमा पर लड़ने वाले जवान को क्या संदेश दे रहे हैं? गुरुवार को ही एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक सदस्य और सेना के पूर्व मेजर ताहिर इकबाल अपनी बात रखते हुए रो पड़े थे।

## वर्ग पहेली 6908



**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
५. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्था जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७. एक तरह का फूल जिसमें रात को ही सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य,प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य. तिमिर हर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों-पथिकों के नि:शुल्क ठहरने,रुकने की जगह
२. उसके बाद
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्द्धविक्षिप्त (उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना
१९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

## वर्ग पहेली-6907



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1857–भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम इसी दिन आरंभ हुआ था।
1898–जमना लाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ विचित्र नारायण शर्मा का जन्म।
1916–नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टरडम में ऐतिहासिक शिप पोर्ट संग्रहालय खोला गया।
1918–भारत की गुप्तचर संस्था रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग (रॉ) के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव का जन्म।
1929–भारतीय संविधान के विशेषज्ञ एवं 'पद्म भूषण' से भी सम्मानित सुभाष कश्यप का जन्म।
1940–जर्मनी ने बेल्जियम , नीदरलैंड और लक्जमबर्ग पर आक्रमण किया।
1980–परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक योगेन्द्र सिंह यादव का जन्म।
1981–पहली बार बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) रात में क्रिकेट मैच खेला गया।
1986–भारतीय शतरंज खिलाड़ी पेंटाला हरिकृष्णा का जन्म।
1994–दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की गयी।
1999–पेनिसिलन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर एडवर्ड इब्राहम की मृत्यु।
2001–भारत व ताजिकिस्तान ने संयुक्त घोषणा पर इस्ताक्षर किए, घाना में फुटबाल मैच के दौरान हिंसा, 130 मरे।
2003–मोजाम्बिक के राष्टपति जोकि अल्बर्टो फिसानों छह दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
2005–लाहौर-अमृतसर बस सेवा शुरू करने पर भारत और पाकिस्तान सहमत।
2006–1987 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित आस्कर एरियास ने दुबारा कोस्टारिका के राष्टपति पद की शपथ ग्रहण की।
2006–इसरो के अध्यक्ष जी. माधवन नायर और नासा के प्रशासक माइकेल ग्रिफ़िन ने चन्द्रमा पर भेजे जाने वाले भारत के चन्द्रयान 1 पर दो अमेरिकी वैज्ञानिक उपकरण लगाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारत में सऊदी अरब के पहले राजदूत शेख़ मुहम्मद इब्न ऊमान अल मुलहेम का 105 वर्ष की आयु में निधन।

**सफलता** — *भारत की स्वदेशी हथियार प्रणाली के सामने विदेशों पर आश्रित पाकिस्तान विफल*

# भारत का आकाश मिसाइल पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचाई

**नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत की स्वदेशी मिसाइलों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत में विकसित एवं निर्मित आकाश मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचाई है। आकाश मिसाइल की जबरदस्त मारक क्षमता और कामयाबी को देखते हुए अब इसे व्यापक स्तर पर तैनात किया जा रहा है। आकाश मिसाइल की नई यूनिट्स को फॉरवर्ड एरिया में तैनात किया जा रहा है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय थल सेना और वायु सेना दोनों के पास उपलब्ध है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय थल सेना और वायु सेना दोनों के पास उपलब्ध है।**

पाकिस्तान सीमा पर तैनात वायुसेना और थल सेना की यूनिट आकाश मिसाइल से लैस हैं और इसका इस्तेमाल कर रही है।

स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सिस्टम में सतह से हवा में वार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने डिजाइन किया है। इसकी रेंज 25 से 30 किलोमीटर की है। यह अपनी तैनाती के स्थान से 20 से 30 किलोमीटर तक की दूरी तक के टारगेट को नष्ट कर सकता है। यह रडार-बेस्ड कमांड गाइडेंस के अंतर्गत दुश्मन के लक्ष्य पर बेहद सटीकता से हमला करता है। आकाश मिसाइल ने पाकिस्तान के जेएफ-17 जेट को मार गिराया है। पाकिस्तान को यह फाइटर जेट चीन से मिले हैं। पाकिस्तान इन विमानों की आपूर्ति, मरम्मत और ट्रेनिंग के लिए पूरी तरह से चीन पर निर्भर है। भारत इस मुकाबले में स्वदेशी हथियार प्रणालियों का उपयोग कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान अपने अधिकांश हथियारों के लिए विदेशों से आयातित हथियार प्रणालियों पर निर्भर है।



▪ **आकाश मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ ने किया है डिजाइन**

विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश से मिले इन हथियारों और विमानों की तकनीक संबंधी पूरी जानकारी भी पाकिस्तान के पास नहीं है। इन हथियारों के इस्तेमाल की समुचित ट्रेनिंग भी पाकिस्तानी सेना के पास नहीं है।

पाकिस्तानी सेना जेएफ-17, जेएफ-10 जैसे चाइनीज विमानों का इस्तेमाल कर रही है। इसके अलावा पाकिस्तान ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अमेरिका से मिले एफ-16 विमानों का इस्तेमाल भी भारत में नागरिक ठिकानों पर हमले के लिए किया। वहीं, पाकिस्तान ने अपनी पीएल-15 मिसाइल का उपयोग भारत के खिलाफ किया है। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने इन मिसाइलों को मार गिराया है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में सैन्य और नागरिक ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे। हालांकि, भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को पूरी तरह नाकाम किया है।

## दुनिया को जानें

### 'कैट लवर्स' के लिए स्वर्ग है जापान का आओशिमा आइलैंड

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। जरा सोचिए, एक ऐसी जगह जहां हर मोड़ पर, हर छत पर और हर गली में आपको बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आएं। न कोई ट्रैफिक का शोर, न भीड़भाड़ की परेशानी, बस एक शांत-सा द्वीप और उसमें म्याऊं-म्याऊं करती सैकड़ों बिल्लियां। इस छोटे से टापू पर इंसानों से कहीं ज्यादा बिल्लियां रहती हैं और उनका राज इतना खास है कि दुनिया भर से लोग उन्हें देखने यहां खिंचे चले आते हैं।

आओशिमा आइलैंड जापान के एहीमे प्रान्त में स्थित एक छोटा-सा द्वीप है। यह द्वीप समुद्र के बीचों-बीच बसा हुआ है और यहां पहुंचने के लिए फेरी से यात्रा करनी होती है। यह टोक्यो से काफी दूर है। इस द्वीप पर इतनी बिल्लियों की मौजूदगी की कहानी भी दिलचस्प है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद, चूहों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए नाविक यहां कुछ बिल्लियां लेकर आए थे। चूंकि द्वीप पर बिल्लियों के शिकार करने वाले कोई प्राकृतिक शिकारी नहीं थे और उन्हें स्थानीय लोगों से भी प्यार और भोजन मिलता रहा, इसलिए उनकी आबादी तेजी से बढ़ती चली गई। आओशिमा द्वीप पर बिल्लियां हर जगह दिखाई देती हैं।

# खेल जगत

## अनुष्का ने किया भारतीय 'हीरोज' के शौर्य को सलाम

**मुंबई।** भारतीय सेना की पाकिस्तान पर की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर आम जनों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारों का भी जोश हाई है और वे सेना के शौर्य को सलाम कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने पोस्ट कर वीर जवानों की सराहना की। वहीं, उनके क्रिकेटर पति विराट कोहली ने कहा कि देश सेना और उनके परिवार के ऋण को कभी नहीं उतार सकता। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा कि हम भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभारी हैं। ये हमारे हीरो हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में हमारी रक्षा की है। उनके और उनके परिवारों के बलिदान के प्रति आभार। जय हिंद। अनुष्का की पोस्ट पर उनके पति और क्रिकेटर विराट कोहली की भी प्रतिक्रिया सामने आई। कमेंट सेक्शन में कोहली ने लिखा, 'जय हिंद।'



# आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) ने टाटा आईपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट को तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने यह खुलासा शुक्रवार दोपहर को किया। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते लिया है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने एक वक्तव्य में कहा, ' आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा संबद्ध अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ विचार कर स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद की जाएगी। यह फैसला आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा सभी प्रमुख हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद लिया गया, जिसमें ज्यादातर आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों की चिंता और भावनाओं के साथ-साथ प्रसारक, प्रायोजकों और प्रशंसकों ने विचार भी व्यक्त किए। बीसीसीआई को अपने देश के सशस्त्र बलों की ताकत और तैयारियों पर पूरा भरोसा है, बावजूद इसके बोर्ड ने सभी हितधारकों के सामूहिक हित में काम करना मुनासिब समझा।'

आईपीएल को स्थगित करने का फैसला बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। इस बातचीत में बीसीसीआई के मानद सचिव सैकिया और आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। शुक्रवार को दोपहर दो बज कर 40 मिनट पर आईपीएल 2025 को स्थगित करने का वक्तव्य जारी करने से पहले बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी को बता दिया गया था। ऐसा समझा जाता है कि बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से कहा कि मौजूदा हाालात में आईपीएल को जारी रखना मुनासिब नहीं है।



■ नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद होगी

आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजी द्वारा अपनी अपनी टीमों को समेटने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। ऐसा बताया जाता है कि सभी फ्रेचाइजी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ भारत से बाहर और भीतर अगली उपलब्ध उड़ानों से लौटेंगे और इनमें विदेशी दल के मामले में उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी संघों की मदद ली जाएगी। भारत ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में बृहस्पतिवार को खेले मैच को जब पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बनाए थे तब जम्मू कश्मीर और पंजाब के सरहद इलाकों पर पाकिस्तान के ड्रोन के हमलों के बाद ब्लैकआउट के बाद मैच में भी बिजली बंद कर मैच को अधूरा समाप्त घोषित करने के बाद लिया। जम्मू व पठानकोट हवाईअड्डो पर हवाई हमले के अलर्ट के बाद ही दरअसल पहले धर्मशाला स्टेडियम की लाइट बंद कर दी गई और फिर मैच को रद्द कर दिया गया। धर्मशाला और उसके करीबी हवाईअड्डो को बद किए जाने से पजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी व सपोर्ट स्टाफ वहां से बस से जालंधर और वहां से ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। अभी मौजूदा आईपीएल अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा था और 58 मैच ही हुए थे और ग्रुप चरण के 12 और दो क्वॉलिफायर, एक इलिमिनेटर और एक फाइनल सहित कुल 16 मैच बाकी थे। अभी ग्रुप चरण में लखनउ(2), हैदरबाद व अहमदबाद (3 - 3), दिल्ली, चेन्नै व बेंगलुरू (दो-दो) तथा मुंबई और जयपुर में एक एक मैच खेला जाना था। भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है।

## पाकिस्तान ने युद्ध को चुना है : सहवाग



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुरुवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने ऐसे समय में युद्ध का रास्ता चुना जब उसके पास 'चुप रहने का अवसर' था। पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू और पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ दिया और भारतीय सेना ने जवाबी हमले किए। सहवाग उन कई खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान को दोषी ठहराया और हमलों को विफल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सहवाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प चुना, जब उनके पास चुप रहने का अवसर था।

# रोहित की देशवासियों से अपील, फर्जी खबरों से बचें, जिम्मेदार नागरिक बनें

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक महत्वपूर्ण संदेश साझा करते हुए देशवासियों से एकजुटता और जिम्मेदारी की अपील की। यह संदेश ऐसे समय में आया है, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 7 मई को पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन को 26 भारतीय नागरिकों की हत्या के जवाब में अंजाम दिया गया। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया है। रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए अपने संदेश में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की बहादुरी की सराहना की, जो देश की सुरक्षा के लिए अडिग खड़े हैं। उन्होंने लिखा, हर पल, हर फैसले के साथ मुझे हमारी थलसेना, वायुसेना और जलसेना पर गर्व है। हमारे योद्धा अपने देश के गर्व के लिए मजबूती से खड़े हैं। देश के हर नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा और फर्जी खबरों से बचना होगा। सुरक्षित रहें! इसके बाद रोहित ने जयहिंद और



ऑपरेशन सिंदूर के हैशटैग भी पोस्ट में लगाए रोहित का यह बयान तब आया जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया। हवाई अड्डों पर सतर्कता, सायरन और ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान की उकसाहट जारी रही, तो भारतीय सेना भी इसका करारा जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित शर्मा इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का हिस्सा हैं। वह मुंबई इंडियंस टीम की ओर से खेल रहे हैं। पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम ने सीजन में शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद लगातार छह जीत दर्ज करके अंक तालिका में फिलहाल चौथा स्थान बनाया हुआ है।

## गिल, राहुल ने पाक के साथ तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र बलों को 'सलाम' किया

**नई दिल्ली।** पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेटरों ने भारतीय सशस्त्र बलों पर अपना प्यार और आभार व्यक्त किया, क्योंकि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव नए स्तर पर पहुंच गया है, क्योंकि भारतीय बलों ने सीमा पार से मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल उन क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना की। गिल ने एक्स पर एक संदेश में पोस्ट किया, ऐसे समय में राष्ट्र सबसे ऊपर है। हमारे सैनिक, जिनके वीरतापूर्ण प्रयास हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, और उनके परिवार, जो राष्ट्र के लिए ऐसे बलिदान देते हैं, हम आपके और सभी के लिए प्रार्थना करते हैं। जय हिंद। केएल राहुल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमारे सम्मानित सशस्त्र बलों के प्रत्येक सदस्य और उनके पीछे खड़े परिवारों को - हम आपकी बहादुरी, बलिदान और ताकत को सलाम करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हम आपके पीछे मजबूती से खड़े हैं और हमारी रक्षा करने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। जय हिंद।

# पंत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है : सिद्धू



**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू को लगता है कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत को मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में खराब फॉर्म के बीच बेसिक्स पर वापस जाने और अपने शॉट चयन पर काम करने की जरूरत है।आईपीएल के मौजूदा सत्र को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण निलंबित कर दिया गया है। पंत, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में 27 करोड़ रुपये की

■ पंत आईपीएल की नीलामी में 27 करोड़ की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी

कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे, इस सीजन में दस पारियों में सिर्फ 128 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और सिर्फ एक अर्द्धशतक शामिल है। पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के पिछले मैच में, दो शुरुआती आउट होने के बाद पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर केवल 18 रन ही बना पाए। एलएसजी ने यह गेम 37 रनों से गंवा दिया और 11 मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

# डीडीसीए को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई है। डीडीसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार सुबह अरुण जेटली स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। मेल में लिखा है, आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा। हमारे पास भारत में सक्रिय पाकिस्तान का एक प्रतिबद्ध स्लीपर सेल है। विस्फोट ऑपरेशन सिंदूर का हमारा बदला होगा। यह स्थल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों की मेजबानी कर चुका



■ अरुण जेटली स्टेडियम में 11 मई को गुजरात और दिल्ली का आखिरी मैच आयोजित होना था

है, इससे पहले इसे शुक्रवार को बीसीसीआई द्वारा एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। अरुण जेटली स्टेडियम को 11 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन का अपना आखिरी मैच आयोजित करना था, लेकिन बीसीसीआई के फैसले के बाद इसे अब निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू के साथ-साथ पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की, जिससे जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजने लगे। अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया क्योंकि आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय थे। ऐसा लगता है कि ये हमले पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिशोध में किए गए हैं, जहां से पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की योजना बनाई गई थी।

## निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिला कांस्य पदक

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया।

## खिलाड़ियों को घर भेजने के बारे में सलाह का इंतजार कर रही हैं फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के बाद, सभी दस फ्रेंचाइजी अब इस बारे में आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा ब्रीफिंग के बाद कैसे अपने-अपने घरों को वापस भेजना शुरू कर सकती हैं। हां, आईपीएल फ्रेंचाइजी को अब बीसीसीआई द्वारा आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की सूचना दी गई है। जो फ्रेंचाइजी अपने-अपने ठिकानों पर हैं, वे अब तीन से चार घंटे तक वहीं रहेंगी। सूत्रों ने कहा कि फ्रेंचाइजी अब शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को अपने-अपने घरों को वापस कैसे भेज सकती हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया

**कोलंबो,** 9 मई (एजेंसियां)। क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा





■ 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने परेरा को आउटकर द. अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई

(14) और मानुदी ननायक्करा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लोई ट्राइऑन ने आठ ओवर में 34 रन देकर पांच विकेट लिये। अयाबोंगा खाका को दो विकेट मिले। सेशनी नायडू और मियां स्मिट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। देवमी विहंगा ने 14वें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (38) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया।

## जायसवाल अगले सत्र के लिए मुंबई के साथ बने रहना चाहते हैं : सचिव हडप

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल द्वारा 2025/26 घरेलू सत्र के लिए मुंबई से गोवा में आश्चर्यजनक बदलाव करने के ठीक एक महीने बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को 42 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम के साथ बने रहने के अपने इरादे के बारे में मेल किया है। जायसवाल को अप्रैल में एमसीए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया था, जब उन्होंने आगामी घरेलू सत्र के लिए गोवा में शामिल होने के अपने इरादे के बारे में उन्हें लिखा था। लेकिन शुक्रवार को यह बात सामने आई कि जायसवाल ने अपने पिछले फैसले पर यू-टर्न मांगा है। जायसवाल ने एमसीए को भेजे ईमेल में लिखा, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, आपसे अनुरोध करता हूं कि आप मुझे दी गई एनओसी वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि मेरे पास गोवा जाने की कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। इसलिए मैं एमसीए से ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सीजन में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए। मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी नहीं सौंपी है।

# दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने तीन पदक जीते

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। सबीना कुमारी ने झारखंड के चतरा जिले में एक साधारण ट्रैक पर साइक्लिंग शुरू की ,

■ यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं

जो इनडोर वेलोड्रोम से दूर था। शुक्रवार को, एक दिहाड़ी मजदूर और एक गृहिणी की 18 वर्षीय बेटी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने पदार्पण में साइक्लिंग में तीन पदक जीते। सबीना ने लड़कियों की केरिन और टीम स्प्रिंट स्पर्धाओं में क्रमशः स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रशिक्षु ने साई मीडिया को बताया, यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं। उनमें से, व्यक्तिगत केरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था। सबीना की कहानी शांत दृढ़ संकल्प, फोकस और कड़ी मेहनत



की कहानी है। 18 वर्षीय खेलो इंडिया एथलीट ने कहा कि मैंने हमेशा ध्यान केंद्रित किया है और कड़ी मेहनत की है। ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां हैं जो जीवन में कुछ करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि वे कड़ी मेहनत करें। जो आप चाहते हैं, उसका पीछा करें, चाहे वह खेल हो या कुछ और। सबीना का खेलों में प्रवेश संयोग से हुआ।सबीना ने कहा कि मुझे तब खेलों के बारे में भी नहीं पता था। मेरे पिता ने झारखंड सरकार के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड कार्यक्रम के तहत 2017 में एक फॉर्म भरा था।

## गोल्फ: कोरिया में वर्षा प्रभावित पहले दिन दीक्षा और प्रणवी संयुक्त 19वें स्थान पर

**सोल ( दक्षिण कोरिया ),** 9 मई (एजेंसियां)। भारत की दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने अरामको कोरिया चैंपियनशिप बारिश से प्रभावित पहले दिन 1-ओवर 73 के कार्ड के साथ शुरुआत की। भारत की अन्य दो स्टार, त्वेसा मलिक (79) और अवनी प्रशांत (79), दोनों ही संयुक्त 86वें स्थान पर थीं और कट बनाने के लिए उन्हें दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। 17 होल तक पार स्कोर पर, दीक्षा शीर्ष 10 में थी, जब तक कि वह नौवें होल पर नहीं आ गई, जो दिन का उसका अंतिम होल था। उसने होल में बोगी मारी और 1-ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 19 पर आ गई।

### सुडोकू 6908 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

# ओडिशा, महाराष्ट्र ने लड़कियों और लड़कों के खो-खो में स्वर्ण पदक जीता

**गया ( बिहार ),** 9 मई (एजेंसियां) ओडिशा की लड़कियों ने शुक्रवार को यहां बिपार्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार की खो-खो प्रतियोगिता में गत चैंपियन महाराष्ट्र को करीबी मुकाबले में 34-31 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। हालांकि, महाराष्ट्र ने बदला चुकता किया और लड़कों के फाइनल में भी अपना दबदबा बनाए रखते हुए ओडिशा को 34-25 से हराया। लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। समरनिका साहू के शानदार प्रदर्शन की बदौलत, जिन्होंने 12 अंक बनाए,



ओडिशा विजयी हुआ। इस जीत ने ओडिशा के लिए वापसी कराई, जिसे तमिलनाडु में 2024 के संस्करण में रजत से संतोष करना पड़ा था। इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा। जीत कड़ी मेहनत

■ लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा
■ इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा

से हासिल की गई थी। ओडिशा एक समय 10-16 से पीछे चल रहा था, लेकिन उसने जबरदस्त लचीलापन और जुझारूपन दिखाया और खिताब जीतने के लिए मजबूती से वापसी की। फाइनल के बाद ओडिशा की लड़कियों के कोच चौधरी पार्थसारथी मोहपात्रा खुश थे। मोहपात्रा ने साई मीडिया से कहा, कि पछली बार हम उनसे हार गए थे। इस बार, निर्देश स्पष्ट थे कि बिना किसी दबाव के खेलें। हमारे पास जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा समूह है। मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि हमारी टीम ने महाराष्ट्र को हराया। यह हमारी लड़कियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। उन्होंने बहुत दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाया है। हमने दो साल पहले स्वर्ण पदक जीता था और हम फिर से शीर्ष पर हैं। ओडिशा सरकार हमें बहुत समर्थन दे रही है और यह परिणाम इसका प्रमाण है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |

# अर्थ जगत

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाइटन | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.90 प्रतिशत |
| एलटी | 3.77 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.39 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.02 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.16 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.70 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.93 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम/स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत-पाक संघर्ष से रोजाना घरेलू हवाई यातायात का 11 प्रतिशत प्रभावित



■ श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू व लेह के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित रूट

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही देश के 24 हवाई अड्डों के बंद होने से रोजाना घरेलू हवाई यातायात का कम से कम 11 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक डेटा से मिली है। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, डेली एवरेज डोमेस्टिक फ्लाइट्स अप्रैल में 3,265 से घटकर 8 मई तक 2,907 रह गईं। फ्लाइटरडार24 डेटा के अनुसार, 9-10 मई को करीब 670 एयरलाइन रूट प्रभावित होंगे। इसमें बंद किए गए 24 हवाई अड्डों पर 334 इनकमिंग और 336 आउटगोइंग फ्लाइट्स शामिल हैं।

श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू व लेह के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित रूट हैं। अन्य प्रभावित हवाई अड्डों में पटियाला, भुंतर, पठानकोट, बीकानेर, जैसलमेर, मुंद्रा, केशोद और राजकोट शामिल हैं। इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई सहित कई शहरों में भी विमानों के आगमन में देरी हो रही है। फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों के अनुसार, इन हवाई अड्डों से विमानों के प्रस्थान में अधिक व्यवधान आ रहा है।

इस बीच, दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुक्रवार को ऑपरेशनल रहा। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है। हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। कृपया नवीनतम अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें।

डीआईएएल ने कहा कि हम किसी भी असुविधा को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लो-कॉस्ट एयरलाइन इंडिगो को 500 से अधिक उड़ानें रद्द होने का सामना करना पड़ रहा है। एयरलाइन ने एक्स पोस्ट में कहा कि आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है और हम आपकी यात्रा को आसान बनाने में मदद करने के लिए यहां हैं।

## एयर इंडिया ने की यात्रियों से एयरपोर्ट पर तीन घंटे पहले पहुंचने की अपील

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ने के बीच एयर इंडिया ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, एयरलाइन ने कहा कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश के मद्देनजर, भारत भर के यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचे ताकि सुचारू चेक-इन और बोर्डिंग सुनिश्चित हो सके। एयरलाइन ने कहा कि चेक-इन प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाता है। यह सलाह पाकिस्तान द्वारा जम्मू और पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य स्टेशनों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमलों के बाद आई है, जिन्हें भारत की एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया था। ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले के प्रयास ने जम्मू और कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजा दिया। अधिकारियों ने निवासियों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया।



## पीएमएसबीवाई के कुल नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि : केंद्र

नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत संचयी नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस दुर्घटना बीमा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर एनरॉलमेंट को लेकर जानकारी दी।

यह योजना दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान के मामले में वित्तीय स्थिरता और सस्ती सुरक्षा प्रदान करती है, जिसकी कीमत केवल 20 रुपए प्रति वर्ष है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना के साथ अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें! पीएमएसबीवाई के तहत संचयी नामांकन में 443 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मार्च 2016 में 9.40 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में 51.06 करोड़ हो गई है। केवल 20 रुपए प्रति वर्ष पर सस्ती सुरक्षा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जनता को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के प्रयासों की आधारशिला बन गई है। इस योजना को आधिकारिक तौर पर 9 मई, 2015 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था। इस योजना के लिए केवल 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देना होता है, जो पॉलिसीधारक के खाते से अपने आप कट जाता है। योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के सभी भारतीय निवासियों और एनआरआई को कवर करती है, बशर्ते उनके पास वैध बैंक खाता हो। दुर्भाग्यवश दुर्घटना के कारण आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में, यह योजना व्यक्ति के खाते में सीधे 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करती है।




■ योजना के लिए केवल 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम जरूरी

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 2 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल में 16 प्रतिशत बढ़ी भर्तियां

बेंगलुरु, 9 मई (एजेंसियां)। भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल 2025 में भर्तियों में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक नई रिपोर्ट में दी गई।

जॉब्स प्लेटफॉर्म फाउंडइट (पूर्व मॉन्स्टर) की रिपोर्ट में बताया गया कि इस वृद्धि की वजह ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) का मजबूत विस्तार होना है। भारत में जीसीसी से 2024-25 में 1,10,000 से ज्यादा नई टेक नौकरियां पैदा हुई हैं।

हालांकि, मासिक आधार पर अप्रैल में भर्तियों में 11 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। रिपोर्ट में इस गिरावट को आंशिक ट्रेंड बताया गया है और लंबी अवधि में भर्तियों का पारिदृश्य अभी भी सकारात्मक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुभवी और विशेष एवं फ्यूचर-रेडी स्किल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। साथ ही कंपनियां अब स्किल को अधिक प्राथमिकता दे रही है। फाउंडिट के सीईओ वी सुरेश के अनुसार, यह क्षेत्र रणनीतिक विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

## मुंबई हाई टेंडर रद्द करने की रिपोर्ट भ्रामक : ओएनजीसी

नई दिल्ली। तेल एवं गैस क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने मुंबई हाई टेंडर रद्द करने की प्रकाशित रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भ्रामक और निराधार है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि 8 मई 2025 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित 'ओएनजीसी ने मुंबई हाई टेंडर रद्द किया।

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00063 शंकर नगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724400125

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकर नगर के वर्तमान भूमिस्वामी पी. गुहाराम धोबी पिता/पति पता जतकराग जौनतात प्रकाश पी. रामाधार हनुमानप्रसाद पिता/पति-रमेशकुमार दिलीप ललीत सोनबती सोनकुवर कोदा जानिक पता-के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 377 (0.0400), 381/2 (0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जनकराम पिता/पति-रामाधार पता ललित पिता/पति-लतेल पता-विकास पिता/पति-स्व. रमेश कुमार पता कुसुम पिता/पति-स्व. नारायण निर्मलकर पता महेश पिता/पति-स्व. तेजनाथ पता दीपक पिता/पति-स्व. नीलू पता, चुम्मन पिता/पति-स्थ, अंगद पता अन्नपूर्णा पिता/पति-स्व. अरुण पता कुमारी बाई पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता प्रकाश पिता/पति-रामाधार पता कमला निर्मलकर पिता/पति-स्व. रमेश कुमार पता श्याम लाल निर्मलकर पिता/पति-स्व. नारायण निर्मलकर पता दुलारी पिता/पति-स्व. नीलू पता-सोनिया पिता/पति-स्व. अंगद पता ममता चौधरी पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता हनुमान प्रसाद पिता/पति-स्व. रमेश कुमार पता मोहन पिता/पति स्व. तेजनाथ पता तेजनाथ पता द्रोपति पिता/पति-स्व. सुनील पिता/पति-स्व. अरुण पता लक्ष्मी निर्मलकर पिता/पति-लतेल पता, सविता सकुनतला पिता/पति-स्व. नारायण निर्मलकर पता-हिरमनी पिता/पति स्व. नीलू पता सावन पिता/पति-स्व. अंगद पता, सावित्री पिता/पति स्व. अरुण पता, पुष्पा रजक पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता जैनलाल पिता/पति-रामाधार पता सोनकुवर पिता/पति-कोदा पता श्रीमती लता निर्मलकर पिता/पति स्व. दिलीप निर्मलकर पता-नीलकंठ पिता/पति-स्व. नारायण निर्मलकर पता सरस्वती पिता/पति-स्य. तेजनाथ पता जितेन्द्र पिता/पति-स्य. नीलू पता इन्द्राणी कृष्ण कुमार चौधरी पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता पिता/पति-श्यामलाल चौधरी पता के नाम पर पंजीयन पिता/पति-स्व. अरुण पता मंजू सोलंकी फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवका/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पाल दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी जिला बेमेतरा (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्र.../
/अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका शमसेर अली पिता मौसम अली निवासी कुंकरी पारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम हसदा प.ह.नं. 05 तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 52 रकबा 0.22 है. जो राजस्व अभिलेख में कपूर बी पति मौसम अली के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में कपूर बी पति मौसम अली की दिनांक 09.05.2001 को मृत्यु हो चुकी है, जिसके वारिसानों में एकमात्र आवेदक शमसेर अली पिता मौसल अली है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में मृतका कपूर बी पति मौसम अली की मृत्यु हो जाने के कारण, अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 09.05.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
(सील) भिंभौरी

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 5066/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 09/04/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्रीमती अनिता गेही पति श्री सुशील गेही को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-92 रकबा 129.50 वर्गमीटर सेक्टर 11ए में आबंटित हैं। क्रेता श्री सुबोध बागरेचा पिता स्व. आई. सी. बागरेचा निवासी मकान नंबर 48/4, हनुमान मंदिर के पास, इंद्रावती कॉलोनी, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. उक्त भूखण्ड को दिनांक 31.03.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 09.05.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500026/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 42
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.15.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भुईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक निष्चल साहेब पिता स्व. पूनम साहेब निवासी म.नं. 43 बागेश्वर पारा आरंग रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरडुलडीह प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 835/216 रकबा 294 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता तिरीथ राम पाल पिता स्व. मंगलू राम पाल निवासी गली नंबर 2 गोपाल नगर राम नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25.11.2014 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो ये नियत सुनवाई दिनांक 11.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### आम सूचना

(भूखंड क्र. ए-63, सेक्टर- 10, 71.875 वर्गफूट जो (रायपुर विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत) (योजना नं.-04, कमल विहार) की वाके मौजा डूंडा, प.ह.नं. 118/51/72, रा.नि.मं.- रायपुर- I, तहसील-रायपुर जिला-रायपुर के सम्बन्ध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार एल. आई. सी. हाउसिंग फा. लि. रायपुर के समक्ष श्री शिवनारायण ताम्रकार पिता लखन लाल ताम्रकार ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को क्रय करने हेतु उपरोक्त वर्णित संपत्ति के भू-स्वामी श्रीमती मीना देवी साहू पति श्री जोगीराम साहू से विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर क्रय करने हेतु (गृह ऋण) हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति को श्रीमती मीना देवी साहू ने श्रीमती टीनू साहू से विक्रय विलेख दिनांक 18.11.2016 के माध्यम से क्रय किया है, तथा इसके पूर्व श्रीमती टीनू साहू ने उक्त संपत्ति को श्री धनीराम साहू से विक्रय पत्र दिनांक-26.09.2014 के माध्यम से क्रय किया है, तथा इसके पूर्व श्री धनीराम साहू ने उक्त संपत्ति को रायपुर विकास प्राधिकरण से निश्चयात्मक अनुबंध पत्र दिनांक 11.08.2014 के माध्यम से क्रय/अर्जित किया है, तथा इसके पूर्व श्री धनीराम साहू ने उक्त संपत्ति को रायपुर विकास प्राधिकरण से अनुबंध पत्र दिनांक 11.12.2012 के माध्यम से अर्जित/क्रय किया है, श्रीमती मीना देवी साहू ने यह कथन किया है की मूल अनुबंध पत्र दिनांक 11.12.2012 जिसे उप पंजीयक पंजीयन कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र:- अ-1, दस्तावेज क्र.- 5624 देकर पंजीकृत किया गया है गुम गयी है जिसके सम्बन्ध श्रीमती मीना देवी साहू ने मुजगहन थाना रायपुर में विधिवत रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मेरे पक्षकार द्वारा मूल विक्रय पत्रों अन्य दस्तावजो को बंधक में रख कर श्री शिवनारायण ताम्रकार को गृह ऋण उपलब्ध कराया जाना है। अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, साहूकार, शासकीय, गैर-शासकीय, संसथान आदि को एतद द्वारा सूचित किया जाता है की श्री शिवनारायण ताम्रकार को उपलब्ध कराये जाने वाले ऋण अथवा उपरोक्त वर्णित गुम हुए अनुबंध पत्र दिनांक 11.12.2012 या उपरोक्त वर्णित संपत्ति के सम्बन्ध में कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति मय दस्तावेज पेश करे, म्याद बीतने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 09.05.2025

सौरभ कुमार दास (अधिवक्ता)
29/101, दुर्गा चौक, इंदिरावती कॉलोनी
कैनाल लिंकिंग रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-98279 11809

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) सूचना-पत्र

क्रमांक/वाचक/तहसीलदार/2025, रायपुर, दिनांक 29.04.2025
प्रति,
01. श्रीमती सुभाशीष मोहंती पिता श्री श्याम सुंदर मोहंती निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) 02. श्री आलोक कुमार पोद्दार पिता श्री महेश लाल पोद्दार निवासी म.नं. एच.आई.जी.सी. 155, देवेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. 03. राजूलाल पिता दाउलाल निर्मलकर निवासी पंडरी रायपुर छ.ग. 03. हंसराज जैन पिता लूनकरण जैन निवासी स्टेशन रोड, बीकानेर, राजस्थान हाल मुकाम सेक्टर-4, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)

विषय-इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक / 202504110200050/अ-6/ वर्ष 2024-25 में पक्षकार श्रीमती माधवी चौधरी विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम मोवा, प.ह.नं. 109/45, तहसील व जिला रायपुर में उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती माधवी चौधरी पति श्री पंकज चौधरी निवासी होटल गणपति, न्यू बस स्टैण्ड पगारिया काम्पलेक्स के पास, पंडरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर-तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खाता कमांक 393, भाग-3, खसरा नंबर 239/2 शामिल 239/5 का भाग रकबा 760 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती सुभाशीष मोहंती पिता श्री श्याम सुंदर मोहंती निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18.11.2014 को कय किया है। श्रीमती सुभाशीष मोहंती पिता श्री श्याम सुंदर मोहंती ने विक्रेता श्री आलोक कुमार पोद्दार पिता श्री महेश लाल पोद्दार निवासी म.नं. एच.आई.जी.सी. 155, देवेन्द्र नगर, रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.02.2010 को क्रय किया है। श्री आलोक कुमार पोद्दार पिता श्री महेश लाल पोद्दार ने विक्रेता राजूलाल पिता दाउलाल निर्मलकर निवासी पंडरी रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 30.08.2005 को क्रय किया है। राजूलाल पिता दाउलाल निर्मलकर ने विक्रेता हंसराज जैन पिता लूनकरण जैन निवासी स्टेशन रोड, बीकानेर, राजस्थान हाल मुकाम सेक्टर-4, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.09.2003 को क्रय किया है। वर्तमान ऑनलाईन बी-1 में हंसराज जैन पिता लूनकरण जैन के नाम पर दर्ज है, जो राजूलाल के विक्रेता है। अत: अंतरवर्तीय / श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता /अभिलिखित भूमिस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर तहसीलदार, रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/अ-4/2024-2025
ग्राम-चंदनीडीह प.ह.नं. 55
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चौहान हाउसिंग प्रा. लि.द्वारा डायरेक्टर अजय चौहान पिता स्व. विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान निवासी राजीव नगर सुपेला, भिलाई दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम चंदनीडीह, प.ह.नं. 55, रा.नि.मं.-1 रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 164/4 + 167/1, रकबा 2012 हे., खसरा नं. 165+ 166, रकबा 0.618 हे., खसरा नं. 64/3 + 167/2, रकबा 0.707 हे., खसरा नं. 164/8+ 167/4, रकबा 0.712 80, 154/9+ 167/6, रकबा 0.288 हे., 164/10+ 167/6. रकबा 0.288हे. भूमि पटवारी भू-राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। भूमिस्वामी आवेदक के एक ही गांव में दो से अधिक निकटस्थ भू-खण्ड/सर्वेक्षण क्रमांक/खसरा नं. एवं उनके क्षेत्रफल एक ही धारणाधिकारी के समान अधिकार में धारित है एवं स्थल पर कब्जे को लेकर विसंगतिया उत्पन्न हो गई है। जिस कारण से भूमिस्वामी आवेदक को भू-खण्ड/सर्वेक्षण क्रमांक/खसरा नं. एवं उनके क्षेत्रफल को सुरक्षित रखने में एवं उसका उपयोग करने में अत्यधिक परेशानी हो रही है। उक्त खसरा नंबरों को संविलियन बाबत् आयुक्त भू-अभिलेख छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक 2768/अ.मू.अ./भूईयां/2018 दिनांक 25.07.2018 एवं छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर पत्र क्रमांक 2430 दिनांक 13.08.2020 द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। आवेदक द्वारा खसरा नबरो का संविलियन करने बाबत् निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 19.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 19.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

ई.क्र./202503110200151/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 27.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है आवेदक दुर्गेश कुमार शिन्दे पिता एन.एम. शिन्दे निवासी महामाईपारा पुरानी बस्ती, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-150 छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-1869/1 का भाग, शीट नंबर-37, प्लाट नंबर-41/1, रकबा 1000 वर्गफूट भूमि को विक्रेता श्रीमती सरला शिन्दे एन.एम. शिन्दे निवासी महामाईपारा पुरानी बस्ती, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30.12.2008 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक का अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो ने स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202504110800072/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 06.05.2025
प्रति,

श्री सत्येन्द्र अग्रवाल पिता स्व. वी.पी. अग्रवाल निवासी बॉम्बे मार्केट रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा-माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक अवनी कुमार पंडा पिता स्व. शरतचन्द्र पंडा निवासी अवंति विहार रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि पुराना खसरा नंबर 369/21 का भाग, नया खसरा नंबर 369/22 का भाग, प्लाट नंबर 15, रकबा 1400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता सत्येन्द्र अग्रवाल पिता स्व. वी.पी. अग्रवाल निवासी बॉम्बे मार्केट रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.08.2003 के माध्यम से क्रय किया गया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202505110800023/
ब-121/2024-25
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी के माध्यम से माननीय श्री पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर नगर का पत्र आवेदक श्री गौरीशंकर सेवा समिति रायपुर को ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 स्थित भूमि ख.क्र. 17/1 का भाग रकबा 2000 वर्गफूट भूमि को सामाजिक कार्य हेतु भूमि आबंटित करने की मांग की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।।

अतएव श्री गौरीशंकर सेवा समिति रायपुर को उपरोक्त भूमि का आबंटन किए जाने में किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 26.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियॉद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202505114500002
विषय-अ-27 सन् 2024-2025
गोगांव प.ह.नं. 00050 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती स्नेहा डागा पति सुशील डागा निवासी जे 775 जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर छ.ग., अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नेहा डागा पति सुशील डागा निवासी जे 775 जनता कालोनी तिलक नगर गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका एवं रेनू तिवारी पति डी.पी. तिवारी के संयुक्त रूप से ग्राम गोगाँव, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 235/2 शामिल खसरा नंबर 236/1, 23 रकबा 0.1600 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त वर्णित भूमि को खातेदारो के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 15.05.2025 को होगी।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को वावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, POPAT BHAVESH SHANTILAL S/o SHANTILAL POPAT resident of - Shanti Sadan, House no.11,Phase-2, Siya Residency, Nr.MMI Hospital, Lalpur, Raipur- 492001 (C.G.) have changed my old name POPAT BHAVESH SHANTILAL S/o SHANTILAL POPAT,so in future I should be recognized by my new name that is BHAVESH KUMAR POPAT S/o SHANTILAL POPAT in all government & other documents

**BHAVESH KUMAR POPAT**
Shanti Sadan,House no.11,
Phase-2,Siya Residency,
Nr.MMI Hospital, Lalpur,
Raipur-492001(C.G.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00035 जरवाय ऊर्फ हीरापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440721500047

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00035 के अंतर्गत ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर के वर्तमान भूमिस्वामी उदया सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित पिता/पति-रायपुर पता सा. टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 625/1 0.0223 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सरला देवी अग्रवाल पिता/पति बिरेन्द्र कुमार अग्रवाल पता द्वितीय तल ढिल्लन काम्पलेक्स जवाहर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00035 जरवाय ऊर्फ हीरापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440721500048

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00035 के अंतर्गत ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर के वर्तमान भूमिस्वामी उदया सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित पिता/पति-रायपुर पता सा. टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 625/1 0.0223 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता/पति स्व. सूरजभान अग्रवाल पता द्वितीय तल ढिल्लन काम्पलेक्स जवाहर नगर रायपुर केनाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00035 जरवाय ऊर्फ हीरापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440721500049

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00035 के अंतर्गत ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर के वर्तमान भूमिस्वामी उदया सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित पिता/पति-रायपुर पता सा. टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 625/1 0.0223 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती उमापति देवी अग्रवाल पिता/पति स्व. पुरूषोत्तम दास अग्रवाल पता फ्लैट नंबर 108 बीवब गुलमोहर अपार्टमेंट बेहरा सही नयापल्ली भुनेश्वर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500021/ब-121/2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण संतूराम साहू, सुशील कुमार साहू दोनों पिता स्व. देवसिंग साहू दोनों निवासी गली नंबर 3 खाल्हेपारा लक्ष्मण नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 855/88 रकबा 0.0080हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय पश्चात् विधिवत नामांतरण करवाने के उपरांत उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आज दिनांक तक आवेदकगण को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/202505111500022/ब-121/2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण संतूराम साहू, फिरंता साहू दोनों पिता स्व. देवसिंग साहू दोनों निवासी गली नंबर 3 खाल्हेपारा लक्ष्मण नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 855/98 रकबा 0.0220 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय पश्चात् विधिवत नामांतरण करवाने के उपरांत उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आज दिनांक तक आवेदकगण को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर आम सूचना

दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका करणजीत सिंह दुआ पिता अमरजीत सिंह दुआ निवासी गली नंबर एल-10 विनोबा नगर द्वारा आवेदित ग्राम तुलसी प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 541 रकबा 0.279 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञा./रा.प्र.क्र./वाचक/अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.04.2025 के परिपालन में दिनांक 16.05.2025 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा रायपुर

**ईश्तहार**

पत्र क्र./20099/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025
रायपुर, दिनांक 08.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20099
वार्ड का नाम- 59-मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन/भूमि प्रॉपर्टी आई.डी RPR651C00621 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NAMRATA SANTWAIN पिता/पति श्री/श्रीमती HITESH SANTWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती राज कुमार लालवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री प्रकाशचंद लालवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10 ईश्तहार

जारी दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. राधा शर्मा पति डॉ. कुमार शर्मा निवासी स्वर्ण भूमि आमासिवनी मोवा पण्डरी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम फुंडहर पटवारी हल्का नंबर 68 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 55/49 रकबा 0.1130 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 07.05.2025 के परिपालन में दिनांक 16.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 68 के फुंडहर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 बोरियाखुर्द तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) आम सूचना

जारी दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ऋतु यदु पति श्री संतोष यदु निवासी मठपुरैना रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 221/156 शामिल 225/88 रकबा क्रमश: 0.0370 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0370 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11.04.2025 के परिपालन में दिनांक 21.05.2025 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 बोरियाखुर्द तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) आम सूचना

जारी दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार यदु पिता श्री परस राम यदु निवासी नया मंदिर के सामने मठपुरैना द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 221/26 शामिल 225/16 रकबा क्रमश: 0.069 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.069 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11.04.2025 के परिपालन में दिनांक 21.05.2025 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

# सेनानी विद्यालय कौन्दकेरा से चार बच्चों का जिले के टॉप टेन में पहला, चौथा, नौवां एवं दसवां स्थान

**राजिम** 9 मई देशबंधु। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2024-25 की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें फिंगेश्वर विकासखंड के दूसरे सबसे बड़े गांव कौन्दकेरा के भानुप्रताप साहू पिता धनराज साहू ने जिले एवं गांव का नाम रोशन कर 12वीं में 93.4 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही विद्यालय मे निशा रानी पिता सेवाराम टंडन ने आगे 91.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर, भोजलता पिता थनवार साहू ने 91.2 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय,गांव और पूरे जिले के लिए बहुत हर्ष एवं गर्व की बात यह है कि एक ही विद्यालय से इन चारों प्रतिभावान बच्चों ने जिले के टॉप 10 में पहला चौथा नवम एवं दसवां स्थान बनाएं है।

सेनानी विद्यालय कौन्दकेरा से प्रतिवर्ष दर्जनों विद्यार्थी खेलजगत और स्काउट गाइड क्षेत्रों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हैं वहीं दूसरी ओर पढ़ाई में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते रहते हैं भानुप्रताप एक साधारण परिवार से है जो भविष्य में युपीएससी की तैयारी कर समाज एवं देश की सेवा करना चाहते हैं उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 6 से 7 घंटा योजनाबद्ध संकल्पित होकर पढ़ाई किया समस्त गुरुजनों एवं माता-पिता का मार्गदर्शन मिला साथ ही कक्षा शिक्षक दुष्यंत वर्मा घर आकर मोटिवेट करते रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ऐ के सारस्वत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी




भानु प्रताप साहू

रामेंद्र जोशी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान किए।

विधायक रोहित साहू ने कहा बच्चों ने इतिहास रचा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नंदनी ओमकार साहू ने शुभकामनाएं अर्पित की। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमकार साहू ने कहा कि यह बच्चों की सूझबूझ,विद्यालय के शिक्षकों की कठोर मेहनत का परिणाम है।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं में लक्ष्मी पिता देवराज साहू ने 92.6 प्रतिशत प्रथम स्थान, झरना पिता चंद्रप्रकाश धृतलहरे 91प्रतिशत द्वितीय स्थान, दीप्ति ऊ पिता लेखराम साहू 86 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन सभी प्रतिभावान बच्चों को राजिम विधायक रोहित साहू ने बधाई देते हुए कहा कि कौन्दकेरा विद्यालय के बच्चों ने एक इतिहास रचा है बच्चों के उत्तरोत्तर उन्नति की बात कही। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नंदनी ओमकार साहू ने शुभकामनाएं अर्पित किए,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमकार साहू ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह बच्चों की सूझबूझ,विद्यालय के प्रति समर्पण शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है

**बधाई देने पहुंचे नगर वासी**

नतीजे जारी होते ही जिले में प्रथम स्थान आने वाले भानुप्रताप के घर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा फूलों का हार और चंदन गुलाल के साथ विद्यार्थी का स्वागत किया गया खुशी के इस मौके पर पटाखे फोड़े गए विद्यालय एवं मोहल्ले में मिठाइयां बांटी गई उपसरपंच श्रीमती नंदनीभूषण साहू पूर्व सरपंच गणेश डहरिया पूर्व उपसरपंच संतोष साहू, शिक्षाविद सोमप्रकाश साहू, पूर्व ग्रामसभा अध्यक्ष अरविंद चौहान,फूलजी, मनोज विश्वकर्मा, मकसूदन साहू, दूजराम साहू आदि प्रबुद्ध नागरिकगण के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य और ग्रामवासियों ने प्रतिभावान बच्चों को बधाई दिए खुशी के इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक दीनुराम यदु, के के सिंह,चंद्रिका प्रसाद साहू लक्ष्मण साहू, सतीश मालवीय, मोहनगोयल, छगनलाल साहू, दुष्यंतकुमार वर्मा, मीनाक्षी शर्मा,स्मृति चंद्रवंशी, एकताटुबे, लक्ष्मी यदु,अंजू डेकर,भावना देवांगन, मीरासाहू, हरिश्चंद्र निषाद परमेश्वर निषाद, अजय साव,कृष्णा कंसारी, रितेशपटेल, आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# सुन्दरकैरा की बेटी की चिपरीडीह ससुराल में हुई हत्या

**नवापारा राजिम,** 9 मई (देशबन्धु) नवापारा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम चिपरीडीह में पिछले दिनों 4 मई को ग्राम सुंदर केरा की एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला था। इस मामले में मृतका के मायके वालों एवं ग्रामीणो ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इस कांड की निष्पक्ष जांच की मांग की।

- **ससुराल पक्ष कर रहे आत्महत्या बनाने का प्रयास**
- **बड़ी संख्या मे पहुंचे ग्रामवासियों ने पुलिस को दिया आवेदन, किया निष्पक्ष जांच की मांग**

**शरीर पर दिखे चोट के निशान, पुलिस ने फोटो खींचने से किया था मनाः** परिजनों एवं ग्रामवासियों का कहना है कि उनकी बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे। भाजपा नेता नत्थू साहू ने बताया कि उक्त महिला का फोटो लेने का प्रयास किया गया तो पुलिस वालों ने फोटो नहीं खींचने दिया। वही लड़की के मायके पक्ष वालों ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना को लेकर उसकी हत्या कर दी। निश्चय ही दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया है। मृतका के पिता ने घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की।

**घर से सभी एक साथ बाहर जाना साजिशः** विदित हो कि ग्राम सुंदरकेरा निवासी ओमकार साहू की बेटी प्रेमा साहू का विवाह 20 अप्रैल 2024 को चिपरीडीह निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी शादी थी। शादी के एक साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी। मृतका का पति अपने काम से बाहर गया हुआ था ऐसा बताया जा रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऐसे कैसे सम्भव हो सकताहै घर से एक साथ सभी गायब हो जायें।


## आवश्यकता है

रायपुर,भिलाई,बिलासपुर, राजनांदगांव, में चारो जगह ड्राईक्लीन का काम जानने वाले की जरूरत है। बाहर वालो को रहने की व्यवस्था मिलेगी।

सम्पर्क करें।
6264826402


# गरीबों के लिए वरदान बना प्रधानमंत्री आवास योजना

**धमतरी,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ने देशभर के कई आवासहीन परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। बेघर परिवारों को इस योजना के माध्यम से मिल रहे पक्के मकान ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थायी आवास भी प्रदान कर रही है।

इसी योजना के तहत जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ेगांव रै के आश्रित ग्राम कोदागहन



निवासी कवलू राम पिता सुखराम का सपना भी साकार हुआ। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले कवलू राम के लिए पक्का मकान बनाना एक सपने जैसा था, जिसे पीएम जन-मन प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत साकार किया। कच्चे मकान में रहते हुए श्री कवलू राम और उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के मौसम में। छत से पानी टपकता था, जिससे घर में रहना मुश्किल हो जाता था। इस मुश्किल समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आई।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कवलू राम को 2.00 लाख रुपये की वित्तीय वर्ष 2024-25 में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस राशि से उन्होंने अपनी बचत मिलाकर एक पक्का मकान बनाया, जो अब उनके परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित घर है। इस संबंध में कवलू राम बताते है कि पहले हम कच्चे मकान में रहते थे, जिससे बारिश के समय बहुत परेशानी होती थी। अब हमारे पास पक्का मकान है। अब हम बिना किसी डर भय के पक्के आवास में रहते हैं।

कवलू राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण आज हमारे पास एक सुरक्षित और स्थायी घर है। यह योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने न केवल कवलू राम जैसे हजारों परिवारों को घर का सपना पूरा करने में मदद कर रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर कर रहा है।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री गगन दीप सिंह सोल, श्री गुर चैन सिंह, श्रीमती जुगिंदर कौर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10145019) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर आर-212 प्रथम तल आरडीए डॉ. श्यामा प्रसाद आवास योजना ख. नं. 238/10 - पी.एच. नं. 103 ग्राम- हीरापुर - रायपुर - रायपुर - छत्तीसगढ़-492001, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में) : सम्पत्ति का प्रकार : सुपर बिल्ट अप एरिया, कारपेट एरिया सम्पत्ति क्षेत्र: 290.00, 100.00 | रु. 4,59,468/- (रुपये चार लाख उनसठ हजार चार सौ अड़सठ मात्र) | 18-02-2025 | 07-05-2025 |
| श्री जलधर सोनी, श्री समारू सोनी, श्रीमती हंसनी सोनी (प्रॉस्पेक्ट नंबर 885480) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एल-16, खसरा नंबर 793 का हिस्सा, स्वास्तिक स्मार्ट सिटी ग्राम परसादा, पी.एच.एन. 59, आर.एन.एम.भिलाई-03, तहसील-पाटन, दुर्ग, 491001, छत्तीसगढ़, भारत। क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में) : सम्पत्ति का प्रकार : भूमि-क्षेत्र सम्पत्ति क्षेत्र | रु. 5,01,652/- (रुपये पांच लाख एक हजार छह सौ बावन मात्र) | 18-02-2025 | 07-05-2025 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा।

स्थान : दुर्ग/रायपुर तिथि : 10-05-2025 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/क/वाचक/ना.तह./2024-2025
रायपुर, दिनांक 28.04.2025
प्रति,
निर्मला जौ विसंभरनाथ साकिन बढ़ाईपारा तहसील व जिला रायपुर
विषय-राजस्व मामला क्रमांक/अ-6 वर्ष 2024-2025 पक्षकार विमल हांडा पिता सतीश हांडा एवं 1 अन्य विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विमल हांडा पिता सतीश हांडा, आशुतोष हांडा पिता सतीश हांडा दोनों निवासी संतरा बाडी दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण द्वारा ग्राम डंगनिया प.ह.नं 60 तह. व जिला रायपुर छ.ग. में भूमि ख नं. 178/1, 178/5 रकबा क्रमशः 0.0570 हे. एवं 0.0530 हे. धारित की जाती है। यह कि आवेदकगण अपनी उक्त भूमि को चारों ओर से सरहदी दीवाल बनाकर दाखिल काबिज है। आवेदकगण की उक्त भूमि पूर्व से बटांकित है जिसके संबंध में नक्शा इस आवेदन के साथ संलग्न है। उक्त दोनों खसरा नबर आपस में लगी हुई है जिसमें से खसरा नंबर 178/1 के एक दिशा में खसरा नंबर 176/7 एवं दूसरी भूमि खसरा नंबर 178/5 के एक दिशा में खसरा नंबर 178/4 स्पष्ट रूप से दर्शित है। यह कि आवेदकगण अपनी उक्त भूमि पर भवन निर्माण कराकर उसका उपयोग उपभोग करना चाहते हैं जिसके लिये उनके द्वारा वर्तमान राजस्व अभिलेख ऑनलाईन नक्शा प्राप्त की गई जिसमें उनकी उक्त भूमि खसरा नंबर 178/1 एवं 178/5 जो मेनुअल नक्शे में आपस में लगकर बटांकित दर्शित है में से खसरा नंबर 178/1 का विलोपित किया जाकर खसरा नंबर 178/6 के रूप में दर्शा दिया गया है जो लिपकिय त्रुटि है। यह कि आवेदकगण की उक्त भूमि के मेनुअल नक्शे में उक्त अनुसार हुए त्रुटि अर्थात खसरा नंबर 178/1 के स्थान पर खसरा नंबर 178/6 के रूप में त्रुटिपूर्ण रूप से किए गए अंकन को सुधार किया जाकर पूर्व में मेनुअल नक्शे अनुसार खसरा नंबर 178/1 पूर्ववत संशोधन / सुधार किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप हितबद्ध पक्षकार है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 16/05/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा। आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6 (अ)/2024-2025
ग्राम-बरछा, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. मंदिर हसौद
तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक चम्मनलाल चंद्राकर पिता स्व. नारद चंद्राकर, निवासी ग्राम- बरछा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम- बरछा, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 340/1 रकबा 0.90 हे. भूमि चम्मनलाल पिता नारद के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 340 रकबा 1.80 हे. भूमि खाता क्रमांक 65 में चम्मनलाल तथा मनोज कुमार के नाम संयुक्त रूप से दर्ज था। जिसके भूमिस्वामी द्वारा अपने मध्य खाता विभाजन कराया गया, नामांतरण क्रमांक 08 आदेश दिनांक 18.05.2004 है। जिसके अनुसार खसरा नंबर 340/1 रकबा 0.90 हे. भूमि चम्मनलाल पिता नारद को एवं खसरा नंबर 340/2 रकबा 0.90 हे. भूमि मनोज कुमार को प्राप्त हुआ है। परंतु त्रुटिवश वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदित भूमि खसरा नंबर 340/1 रकबा 0.90 है. भूमि चम्मनलाल तथा मनोज कुमार के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में चम्मनलाल पिता नारद का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 23.05.25 तक स्वंध या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, मंदिर हसौद


दुर्ग जिले में फॉर्महाउस के लिए जमीन, कृषि जमीन, छोटे बड़े प्लाट, ऑफिस, सबसे बढ़िया दाम में खरीदी बिक्री की गारंटी, कृपया इसी महीने के B1 नक्शा खसरा ही लाये। विवादित जमीन वाले बिल्कुल संपर्क ना करें।

**एस एस प्रॉपर्टीज**
**ओम परिसर, दुर्ग (छ.ग.)**
**मो.नं.-07389902902**



## आवश्यकता है

रायपुर,और राजनांदगांव में ऑनलाइन सामान की डिलिवरी हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नही होने पर,कम्पनी देगी। 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कम्पनी की तरफ से काल आएगी।


**न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**

प्रकरण क्रमांक 02/डब्ल्यू.सी.एक्ट/2025/विविध
पक्षकारों की हाजिर होने की सूचना
1 श्रीमती मालती देवी, पति स्व. पंकज मंडल उम्र-33 वर्ष, 2 कु. राधाकुमारी पिता स्व. पंकज मंडल उम्र-13 वर्ष, 3 गजाधर कुमार उर्फ आर्यन कुमार पिता स्व पंकज मंडल उम्र 10 वर्ष, 4. मनौरी उर्फ गनौरी मंडल पिता स्व. देवकीनंदन मंडल उम्र-66 वर्ष, नाबालिक आवेदक क्रमांक 02 व 03 की ओर से वली माता श्रीमती मालती देवी आवेदिका कमांक 01 सभी निवासी ग्राम हरबंध विगहा, पोस्ट रोह ना. व तहसील रोह, जिला-नवादा (बिहार) ..........आवेदिकागण
बनाम
1. साबू एल.पी.जी. ईक्वीपमेंट प्राईवेट लिमिटेड बेलसोंडा नांदगांव रोड, ग्राम व पोस्ट बेलसोंडा थाना, तहसील व जिला-महासमुन्द (छ.ग.) ..........अनावेदक

उपरोक्त पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.09.2016 को कर्मचारी पंकज मंडल की नियोजित कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से मुआवजे की राशि साबू एल.पी.जी ईक्वीपमेंट प्रा. लिमिटेड, द्वारा क्षतिपूर्ति राशि 9,53,055/- रूपये (नौ लाख तिरपन हजार पचपन रूपये) आश्रितगण को आबंटित करने के लिए न्यायालय में जमा है। आप लोग आयुक्त, श्रम न्यायालय महासमुन्द (सुश्री संघपुष्पा भतपहरी) में अपने पहचान के संबंध में आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक और वर्तमान फोटोग्राफ नोटरी द्वारा सत्यापित लेकर न्यायालय में सुबह 11 बजे उपस्थित रहें।

(सुश्री संघपुष्पा मतपहरी)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
मुहर — श्रम न्यायालय महासमुन्द (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

it is informed to the general public that I Aakash Sah have changed my old name Aakash S/o.Amrendra Kumar so in future I should be recognized by my new name that is Aakash Sah S/o. Amrendra Kumar in all government.semi government and other documents.

Aakash Sah
S/o.Amrendra Kumar
Block 01, LIG 08,
Vaishali Nagar, Dindayal
Atal Awas, Kaurinbhata
ward no. 45 Rajnandgaon
(C. G) Pin 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CAMARSH VENKATA KUMARI SUNDARA RAMA W/O DHARANIKOTA SANJAY resident of C-155 AKANSHA KUNJ, MAITRY KUNJ MARKET, RESALI BHILAI DURG (C.G.) have changed my old name CAMARSH VENKATA KUMARI SUNDARA RAMA W/O DHARANIKOTA SANJAY so in future I should be recognized by my new name that is DHARANIKOTA RAMA W/O DHARANIKOTA SANJAY in all Government and other documents.

**DHARANIKOTA RAMA**
C-155 AKANSHA KUNJ,
MAITRY KUNJ MARKET,
RESALI BHILAI DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHYAM LAL ANDANI S/O TEJUMAL ANDANI resident of 424 WARD 24 AAMDI MANDIR KANWAR NAGAR SINDHI COLONY NEAR SHIV MANDIR DURG (C.G.) have changed my old name SHYAM LAL ANDANI S/O TEJUMAL ANDANI so in future I should be recognized by my new name that is SHYAM ANDANI S/O TEJUMAL ANDANI in all Government and other documents.

**SHYAM ANDANI**
424 WARD 24 AAMDI MANDIR
KANWAR NAGAR SINDHI
COLONY NEAR SHIV MANDIR
DURG (C.G.)

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**

व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5
वाद क्रमांक 9 एसए/2025, सन् 2018
आवेदक श्रीमती रेखा गुप्ता
अनावेदक आम जनता
बनाम-आम जनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा कीमती 300/- ख. अक्षरी तीन सौ मात्र का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 माह 06 सन् 2018 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐस सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(रवि कुमार कश्यप)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश
मुहर — जिला दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण शर्मा पति श्री संजय शर्मा, निवासी-बी-46, वॉलफोर्ट सिटी, भाटागांव, सुंदर नगर, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक जूनि.एम.आई.जी.-750, पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 07.08.1999 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 19.10.2022 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 20.03.2025 को डॉ. पूजा पाण्डेय पिता श्री डॉ. प्रभात पाण्डेय के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता डॉ. पूजा पाण्डेय के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता डॉ. पूजा पाण्डेय के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 11.04.2025 को जारी किया गया।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I KUMARI SEEMA CHANDRAKANT MEHTA D/O SHRI CHANDRAKANT DALSUKHBHAI MEHTA, Resident of HOUSE NO. 107/3, GALI NO.-01 (C)

MADHUBAN VATIKA, KHANDELWAL COLONY, DURG TEHSIL & DISTT DURG (C.G.) have change my old name KUMARI SEEMA CHANDRAKANT MEHTA D/O SHRI CHANDRAKANT DALSUKHBHAI MEHTA, So in future I should be recognized by my new name that is SEEMA LAKHANI W/O BHAVESH LAKHANI in all Government and other documents.

**SEEMA LAKHANI**
HOUSE NO. 107/3, GALI NO.-01 (C) MADHUBAN VATIKA, KHANDELWAL COLONY, DURG TEHSIL & DISTT DURG (C.G.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता अगेश्वर निषाद आ. स्काल निषाद, आय 37 वर्ष निवासी म.नं. 243 वार्ड नं. 8 ग्राम नंदकट्ठी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का है जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता है कि :-
1. यह कि, मैं उपरोक्त पते के निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से परिवहन विभाग द्वारा जारी ड्राइविंग लायसेंस क्रमांक सीजी-0720080024455 जारी कि या गया है जिसमें भूलवश मेरा नाम डीलेश्वर प्रसाद दर्ज हो गया है।
3. यह कि भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 5207 9940 9216 में मेरा नाम अगेश्वर निषाद दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।
4. यह कि डिलेश्वरी प्रसाद व अगेश्वर निषाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरे ही है। तथा मेरे ड्राइविंग लायसेंस में मेरा नाम डिलेश्वर प्रसाद के स्थान पर नाम सुधार कर अगेश्वर निषाद दर्ज करवाना चाहता हूँ
5.यह कि डिलेश्वरी प्रसाद व अगेश्वर निषाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के होने तथा मेरे ड्राइविंग लायसेंस में मेरा नाम डिलेश्वर प्रसाद के स्थान पर नाम सुधार कर अगेश्वर निषाद दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी/प्राधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है

शपथकर्ता

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**
**सूचना**

ज्ञा.क्रं. 1024/व.ले.लि./ग्रा.यां.से/2025-26 दुर्ग दिनांक 08.05.2025

इस कार्यालय द्वारा जारी संक्षिप्त मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-26 दिनांक20.03.2025 अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग (छ.ग.)
जी.नं. 242506085

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

नि.सू.क्रमांक 02/निविदा प्रको./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2025
राजनांदगांव, दिनांक 01.05.2025

**द्वितीय अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से खंड कार्यालय अंतर्गत वाहन मालिको/उनसे अनुबंधित/एजेंसी/फर्म से पेयजल व्यवस्था हेतु खंड कार्यालय राजनांदगांव अंतर्गत उपखंड राजनांदगांव एवं उपखंड डोंगरगढ़ के विभिन्न ग्रामों में विभाग द्वारा संचालित हैंडपंपो के मरम्मत कार्य हेतु कुल 02 संधारण वाहन टाटा एस (मोबाइल यूनिट) किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु मुहरबंद निविदा प्रत्र ब में आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत रू. 2.59 लाख एवं धरोहर राशि रू. 2600.00 है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.05.2025 निर्धारित की जाती है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निर्धारित अवधि के पूर्व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)
जी-252600759

**न्यायालय तहसीलदार बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202504160100008/अ-19 (5)/2024-25
ग्राम-बारसूर

एदत् द्वारा नगर पंचायत बारसूर के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाडा द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पेश कर निवेदन किये है कि ग्राम बारसूर पटवारी हल्का न0 06 तहसील बारसूर में स्थित शासकीय भूमि खसरा न0 847 रकबा 2 51 हे0 भूमि पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम सकूल बारसूर विकासखण्ड गीदम के छात्र-छात्राओ के लिए खेल मैदान निर्माण हेतु आबंटन में प्राप्त करना चाहते है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो न्यायालय में पेशी तिथि 23/05/2022 तक अपना दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, बारसूर

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर**
**नोटिस**

क्रमांक/18/ब-121/2024-25/406 रायपुर, दिनांक 01 मई, 2025
प्रति,
1. राम ढीमर पिता रमेश ढीमर
2. रमेश ढीमर पिता पंचम ढीमर
दोनों निवासी वार्ड नं. 01 शीतला मंदिर वार्ड अभनपुर जिला रायपुर
--

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **आधार हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी रायपुर** की ओर से कुणाल फरीकार अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने कंपनी से 12,72,391.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर राम ढीमर के स्वामित्व की अचल संपत्ति कंपनी के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण कंपनी ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत् नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 5,38,714.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, कंपनी के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आधार हाउसिंग फायइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी रायपुर से 12,72,391.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा अभनपुर प.ह.नं. 15 तहसील अभनपुर रायपुर स्थित आबादी भूमि ख. नं. 621 का भाग रकबा 1178 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 26.05.2025 को ठीक 3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 01 मई, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

कलेक्टर जिला दडाधिकारी
रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.कं. ब/121 वर्ष 2024-25

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका जगवंतीन पिता महंत जाति कुर्मी साकिन गबौद प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा 168/20 रकबा 0.243 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.243 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में जगवंतीन पिता महंत जाति कुर्मी के नाम से एकल खाते के रूप में दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका (किसान किताब) कही गुम हो गया है। जिस कारण मुझे उक्त भूमि के कृषि विकाश विस्तार एवं शासकीय एवं अर्द्धशाकीय कार्यो में काफी परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका (किसान किताब) द्वितीय प्रति प्रदान करने हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा आधार कार्ड शपथ पत्र थाना रिपोर्ट कर्ज नही प्रमाण पत्र ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 21.05.2025 को दावा आपत्ति कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, सण्डी (पलारी)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम चिरचारी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोनिका खरेन्द्र आ. सुरेश कुमार जाति हल्बा ग्राम चिरचारी तहसील गुरूर जिला बालोद के द्वारा आवेदिका अपने पिता सुरेश कुमार जो कि सहायक शिक्षक एल.बी. के पद पर शासकीय प्राथ. टेंगना में पदस्थ था, जिसकी मृत्यु दिनांक 25.12.2020 को हो गया है। मृत्यु उपरांत आवेदिका की अनुकंपा नियुक्ति हो चुकी है। आवेदिका अपनी बहनों भुमिषा एवं मानसी की वैध संरक्षक के रूप में है। आवेदिका को अपनी बहनों के संरक्षण हेतु वैध संरक्षक प्रमाण पत्र प्रदान करने का निवेदन किया गया है।

उक्त आशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वह प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.05.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर में 11 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स (व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)**

वाद क्रमांक -- 88 /-2023/233
सन् 2025
आवेदक - शशिकांत विश्वकर्मा पिता अभय एम विश्वकर्मा अनावेदक श्रीमान सहायक प्रबंधक स्टार मल्टीपरपस कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड बनाम श्रीमान सहायक प्रबंधन स्टार मल्टीपरपस कापरेटिव सो. लिमि मिनी मार्केट सिविक सेंटर भिलाई तह. एव जिला-दुर्ग -(490006)

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध उपभोक्ता अधिनियम 2019 का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 माह 05.... सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दें सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी खास दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दरतावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन कर जाने यानी सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद श्री सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद
मुहर — प्रतितोष आयोग दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स (व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)**

वाद क्रमांक सीसी/2023/232- सन् 2025
आवेदक शंशिकांत विश्वकर्मा पिता अभय एम विश्वकर्मा अनावेदक श्रीमान सहायक प्रबंधक सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड
बनाम
श्रीमान सहायक प्रबंधक सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड मिनी मार्केट सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) 496006

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 माह 5 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बुलायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद
मुहर — प्रतितोष आयोग दुर्ग (छ.ग.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मेसर्स बी. के. इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड,** ग्राम - बेन्द्रीडीह, तहसील व जिला - महासमुंद (छ.ग.) में प्रस्तावित क्षमता विस्तार के तहत् डीआरआई किल्न्स (स्पंज आयरन) क्षमता - 1,67,500 टन / वर्ष, इण्डक्शन फर्नेस (बिलेट्स, इंगॉट्स / हॉट बिलेट्स) क्षमता 2,00,000 टन / वर्ष, रोलिंग मिल (टीएमटी बार्स / स्ट्रक्चरल स्टील) क्षमता - 1,95,000 टन / वर्ष, फेरो एलॉयज यूनिट (1x9 एम. व्ही. ए.) = फैरो सिलिकॉन - 7,000 टन प्रति वर्ष / फैरो मैग्नीज - 25,200 टन प्रति वर्ष / सिलिको मैग्नीज - 14,400 टन प्रति वर्ष / फैरो क्रोम - 15,000 टन प्रति वर्ष = फैरो सिलिकॉन - 7,000 टन प्रति वर्ष / फैरो मैग्नीज - 25,200 टन प्रति वर्ष / सिलिको मैग्नीज - 14,400 टन प्रति वर्ष / फैरो क्रोम - 15,000 टन प्रति वर्ष), डब्ल्यू. एच. आर. बी. बेस्ड पॉवर प्लांट- (2x6 मेगावॉट) - 12 मेगावॉट, ब्रिक मैनुफेक्चरिंग यूनिट - 20,000 ब्रिक्स / दिन एवं उत्पादनरत बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन इकाई को डोलोचार एवं कोयला आधारित विद्युत उत्पादन इकाई में परिवर्तन (क्षमता = 8 मैगावॉट) की स्थापना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) भारत शासन के पत्र क्रमांक IA-J- 11011/281/2021-IA-II (IND-I) तथा ई.सी. संख्याः EC23A1001CG5548832N दिनाँकः 07.05.2025 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृती प्रदान की गई है, जिसका अवलोकन मुख्य कार्यालय इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली - 3 तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन की वेबसाइट [parivesh.nic.in] पर किया जा सकता है एवं इसकी प्रतिलिपी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य कार्यालय पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड नं.- 2, टाटीबंध, जिला रायपुर (छ.ग.) में भी उपलब्ध है।

हेतु, **बी.के. इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड**
**(डायरेक्टर)**

# हमारी सरकार ने जनता के सामने रखा है अपना रिपोर्ट कार्ड: मुख्यमंत्री

- सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने आमजन के बीच पहुंच रही है सरकार
- मुख्यमंत्री साय ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

**गरियाबंद,** 9 मई (देशबन्धु)। ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रख सकती है। हमने ये काम किया है। हमारी पारदर्शी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके बीच पहुंच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले की ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए यह बातें कही। साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन आज 10 वें जिले में आप सभी के बीच आया हूं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का पता चल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मड़ेली में 132 केवी सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार तथा 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) 43 किमी सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे निर्माण को पूर्ण कराए जाने की बड़ी घोषणा की।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले है। इस दौरान हम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। साय ने कहा कि आगामी 13 तारीख को केंद्रीय पंचायत मंत्री की मौजूदगी में 3.5 लाख आवास गरीब परिवारों को और मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस की सर्वे तिथि को भी बढ़ा दिया गया है और आवास की पात्रता नियमों को भी शिथिल कर दिया गया है। उन्होंने सभी से आवास प्लस प्लस सर्वे में शामिल होने का आग्रह किया। हमारी सरकार ने 3100 रूपये प्रति ि ंटल की दर से धान खरीदी, धान के बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने प्रदेशवासियों और वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं।

समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अन्य उपकरण और सामग्रियां वितरित किए। मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टालों का दौरा कर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली और लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ब' चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म में शामिल हुए।

### राजमिस्त्री बनकर सोखता गड्ढे के लिए की ईंट जोड़ाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड कसडोल के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बलदाकछार पहुँचे। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के अंतर्गत जल संचयन हेतु जल संचयन वाहिनी द्वारा निर्मित किए जा रहे सोखता गड्ढे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं निर्माणाधीन सोखता गड्ढे में ईंट जोड़ाई की। पानी बचाने के लिए जल संचयन वाहिनी के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट से बचने ऐसे प्रयास आवश्यक हैं।

# दो नक्सली को पकड़ने में नारायणपुर पुलिस को मिली सफलता

## 2 नग डेटोनेटर, 1 कुकर, बिजली वायर एवं अन्य सामग्री जब्त

**नारायणपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। थाना ओरछा से डीआरजी बल, आईटीबीपी एवं पुलिस पार्टी सर्चिंग अभियान पर ओरछा क्षेत्र में निकली थी कि ग्राम कोडोली, छोटेपलरनार एवं रेंगाबेड़ा गशत सर्चिंग करते आगे बढ़ रहे थे कि जंगल में 02 संदेही पुलिस को देखकर भागे रहे थे जिसे घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर क्रमश: अपना नाम 1. कोन्दाराम उसेण्डी पिता स्व0 मंगडू राम उसेण्डी उम्र 35 वर्ष एवं 2. करंजे उसेण्डी पिता स्व. बिला उसेण्डी उम्र 40 वर्ष दोनों ग्राम जुवाड़ा थाना ओरछा क्षेत्र का होना बताये। इनके द्वारा नक्सलियों के कहने पर पुलिस को नुकसान पहुंचाने की नियत से वर्ष 2024 एवं मार्च 2025 में सुरक्षा बल के ऊपर बम विस्फोट करने, फायरिंग करने, पुलिस पार्टी का रेकी करने, आईईडी प्लांट कारित करना स्वीकार किया।



आरोपियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर बताया कि कोन्दाराम उसेण्डी पिता स्व0 मंगडू राम उसेण्डी निवासी जुवाड़ा 15 वर्षो से रोहताड़ जनताना सरकार सदस्य के रूप में एवं करंजे उसेण्डी पिता स्व. बिला उसेण्डी निवासी जुवाड़ा विगत 14 वर्षो से काकानार मिलिशिया कमाण्डर के रूप में इंद्रावती एरिया कमेटी के संगठन में कार्यरत होना बताए। आरोपियों के द्वारा नक्सलियों को सुरक्षा बल की मूव्हमेंट की सूचना देना व आईईडी प्लांट, विस्फोट करने एवं रेकी करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही बताया गया कि थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 20.03.2025 को ग्राम जुवाड़ा जपगुण्डा घाटी के पास पुलिस पार्टी के ऊपर बम विस्फोट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हुए थे।

आरोपी कोन्दाराम उसेण्डी पिता स्व0 मंगडू राम उसेण्डी निवासी जुवाड़ा ने वर्ष 2024 में ओरछा बाजार में टेकरी के पास हुई आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल रहकर विस्फोट की घटना को कारित करने की जानकारी दी है।

उक्त आरोपियों के कब्जे से 02 नग डेटोनेटर, 01 कुकर, बिजली वायर एवं अन्य सामग्री जप्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में डीआरजी बल, आईटीबीपी 38वीं वाहिनी एवं नारायणपुर पुलिस का विशेष सहयोग रहा है।

# साय ने महाऔघड़ेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर विधिवत पूजा - अर्चना की

**गरियाबंद,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को छुरा विकासखंड के ग्राम मड़ेली (बिहावझोला) पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसिद्ध अघोर पीठ महाऔघड़ेश्वर ज्योतिर्लिंग में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होने के लिए मड़ेली पहुंचे थे। समाधान शिविर में शामिल होने बाद उन्होंने प्रकृति की गोद में बसे इस पवित्र तीर्थस्थल का दर्शन किया। मुख्यमंत्री के मठ आगमन पर



श्रीधाम सुमेरू मठ रायपुर के अघोर पीठाधीश श्री रूद्रानंद प्रचण्ड वेग ने उनका आत्मीय स्वागत किया और उन्हें मठ की महत्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह स्थान विश्व का 13वां ज्योतिर्लिंग माना जाता है। शिवरात्रि पर यहां भव्य आयोजन होता है और देशभर से साधु-संत यहां साधना के लिए आते हैं। मीडिया से चर्चा करते हुए पीठाधीश्वर ने मुख्यमंत्री साय की सराहना करते हुए कहा कि वे सौम्य, सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री के साथ विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन, आशीष शर्मा, सागर मयाणी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में मौसम फिर लेगा करवट, अगले 2 दिनों तक बारिश और आंधी-तूफान की संभावना

**रायपुर, 9 मई (देशबन्धु)।** मई के महीने में गर्मी भीषण रूप ले लेता है, लेकिन इस बार ऐसा फिलहाल नहीं दिख रहा है। बारिश और आंधी-तूफान के कारण गर्मी से राहत बनी हुई है। हालांकि अब अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू हो रहा है। फिलहाल 2 दिनों तक मेघगर्जन, तेज हवा चलने और वर्षा की संभावना बनी हुई है।



मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में आज एक दो स्थानों पर हलकी वर्षा, गरज चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। साथ ही कुछ इलाकों में गरज-चमका के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। इसके अलावा दिन के तापमान में वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना। अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने, तत्पश्चात कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में ईरान के ऊपर लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर सक्रिय है। इसका अक्ष मध्य और उपरी क्षोभमंडल में 56 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर अक्षांश पर स्थित है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त, एक पूर्व-पश्चिम दिशा में फैली द्रोणिका उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर छत्तीसगढ़ तक लगभग 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जिसके चलते नमी बनी हुई है। साथ ही, एक उत्तर-दक्षिण दिशा की द्रोणिका दक्षिण तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक फैली हुई है, जो भी लगभग 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक सक्रिय है। इन सभी प्रणालियों के कारण वातावरण में नमी और अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे बादल गरजन, बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 39.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान जगदलपुर में 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम 41एष्ट और न्यूनतम तापमान 26एष्ट के आसपास रहने की संभावना है।

**NECC**

| 10.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 160 |
| डिलीवरी | 516 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे, 3 सड़ गए तो कितने आम बचे?
टीटू- 10
टीचर- अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे?
टीटू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।



# बस्तर विवि और यूजीसी एमएमटीटीसी जोधपुर के बीच एमओयू

## बस्तर विवि में अतिथि व्याख्यान, नई शिक्षा नीति पर विस्तृत चर्चा



**एनईपी-2020 से युवाओं को मिलेगा रुचिनुसार ज्ञान अर्जन का अवसर**

**जगदलपुर**, 9 मई (देशबंधु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में शुक्रवार को 'एनईपी-2020 फॉर अकेडमिक एक्सीलेंस ऑफ एचईआई' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो. राजेश कुमार दुबे, निदेशक, यूजीसी मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान रहे। प्रो. दुबे ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 भारत की शिक्षा प्रणाली को रोजगारपरक, बहु-विषयक और कौशलोन्मुख बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि अब तक जो मोनो-डिसिप्लिनरी शिक्षा प्रणाली चल रही थी, वह छात्रों को सीमित ज्ञान तक बाँधती थी, लेकिन एनईपी उन्हें अपनी रुचियों के अनुसार विभिन्न विषयों में ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों में हर्ष और उल्लास का संचार करती है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है। भारतीय शिक्षा परंपरा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यही परंपरा सुंदर पिचाई, सत्यम नडेला जैसे वैश्विक नेतृत्वकर्ताओं को जन्म देती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की नकल के कारण भारत आज प्लैगिएरिज्म जैसे गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

गांधीजी के कथन को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि, च्केवल एक अच्छा शिक्षक बनना पर्याप्त नहीं है, एक अच्छा नागरिक बनना आवश्यक है ।ज्ज उन्होंने बस्तर की प्राकृतिक समृद्धि की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ के संसाधनों और ज्ञान को मल्टी-डिसिप्लिनरी दृष्टिकोण से विश्व पटल पर लाया जा सकता है। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य के नौ विश्वविद्यालयों में एनईपी लागू है, परंतु शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय इकलौता ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने स्नातक के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर पर भी इसे लागू किया है। पहले जहाँ केवल 9 विभाग संचालित थे, अब यह संख्या बढ़कर 29 हो चुकी है। विश्वविद्यालय को मिले बजट के अंतर्गत सभी विभागों के लिए स्वतंत्र भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे शैक्षणिक वातावरण और सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय और यूजीसी-एमएमटीटीसी के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। यह एमओयू शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक नई शुरुआत का संकेत है, जिससे विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रो. दुबे के प्रति आभार प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सजीवन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि शिक्षण को जनोन्मुख और नवाचारपूर्ण बनाने का माध्यम है। इस नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए इस प्रकार के व्याख्यान अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व विभिन्न विभागों के शिक्षकगण सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# खुशी कर्मा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार, मिला नवीन राशन कार्ड



- सुशासन तिहार बना जरूरतमंदों की उम्मीद
- अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं वार्डवासी

**सुकमा**, 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सुकमा निवासी खुशी कर्मा को बड़ी राहत मिली है। सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने नवीन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। नगरपालिका सुकमा के सीएमओ पीआर कोर्राम ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल नवीन राशन कार्ड जारी किया। शुक्रवार को पटनम पारा में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब उन्हें निःशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्या का निराकरण होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राशन कार्ड नहीं होने से राशन लेने में परेशानी होती थी। अब सरकार की मदद में मुझे मेरा हक मिल गया है। अब मुझे और मेरे परिवार को हर महीने निःशुल्क राशन मिलेगा। सुशासन तिहार हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाना, योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समस्याओं का समाधान करना है। जिले में भी सुशासन तिहार को लेकर जनसामान्य में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका सुकमा के अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम, नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर निधि प्रधान, नपा उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, सीएमओ पीआर कोर्राम, पार्षद विवेक यादव, रंजीत बारठ, शोभन गंदामी, रमेश कर्मा, राजेंद्र गुप्ता, उर्मिला मंडावी, बुधराम मंडावी भी उपस्थित रहे।

# नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र भेज्जी में लगा समाधान शिविर



**शिविर में महिला आयोग की सदस्या ने बांटा आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र**

**सुकमा**, 9 मई (देशबन्धु)। कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित अंदरूनी पंचायत भेज्जी में शुक्रवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु आग्रह किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम शबाब ख़ान ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जनपद सीईओ नारद मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विकासखंड बस्तर के दुबे उमरगांव और बकावंड के ग्राम बड़े जिराखाल में समाधान शिविर का आयोजन



**बस्तर सांसद महेश कश्यप और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप हुए शामिल**

**जगदलपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिला बस्तर के विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर और बकावंड के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बस्तर विकासखंड के दुबे उमरगांव में आयोजित समाधान शिविर में 12 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें तारागांव, मुंजला, फाफनी, देवड़ा, सोनारपाल, चपका, खोरखोसा, दुबेउमरगांव, गुफनी, बालेंगा, उसरी और टिकनपाल है। इस शिविर में 5219 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5215 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 4 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बकावंड विकासखंड के बड़े जिराखाल में आयोजित समाधान शिविर में बड़े जिराखाल, मोहलई, लावागांव, चारगांव, तारेका, गारेंगा, टेंपल कोमार, वनकोमार, मरेठा, छोटे जिराखाल, डीमरापाल, सतोषा, चिखलपदर, जैबेल, पोलेबेड़ा और फरसरा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 2763 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2059 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 37 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

बड़े जिराखाल में आयोजित समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने आमजनों की समस्या और मांगों के निराकरण के सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित किया है। सभी जागरूक जनता ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही। इस क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में फ्लोराइडयुक्त पानी की दिक्कत है, उसका समाधान करने के लिए प्रशासन को आवेदन दी गई है। संभव हो तो कोसरटेडा बांध से पानी की व्यवस्था करें। इस शिविर में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जनपद और जिला पंचायत सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी (राज.) ऋषिकेश तिवारी, जनपद सीईओ सहित जिला और विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे। बस्तर विकासखंड के दुबे उमरगांव में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल की आमजनों को जन कल्याणकारी योजनों से संबंधित समस्या या मांग के सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी को इस शिविर का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर जनपद और जिला पंचायत सदस्य, जनपद सीईओ सहित जिला और विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण की जानकारी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

# बिना उद्देश्य के कोई भी अनुष्ठान व्यर्थ : सुमित जी



**भीतरमठ में नौ दिवसीय शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ जारी**

**जगदलपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। शहर मध्य स्थित भीतरमठ अर्थात पुराना बालाजी मंदिर परिसर में 8 से 16 मई तक श्री कालिका शिव महापुराण सर्व ज्ञानयज्ञ आयोजित किया गया है। अनुष्ठान के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा बांचते हुए कवर्धा से पधारे सुमित भारद्वाज जी ने कहा कि भगवान शंकर की मूर्ति को वेदमूर्ति और पिंडी को लिंगमूर्ति कहा जाता है। शिव लिंग में जल चढ़ाने और तिलक करने से ही महादेव सभी कष्टों से मुक्त कर देते हैं। मनुष्य मटका रूपी सांसारिक कुंड में फंसा हुआ है। आप जो भी अनुष्ठान कर रहे हैं, उसका उद्देश्य होना चाहिए। बिना उद्देश्य के किया गया कोई भी कार्य निरर्थक होता है। यह अनुष्ठान सुश्री कमला कुमारी कश्यप द्वारा उनके दिवंगत पुत्र शिबू कश्यप की स्मृति में आयोजित है। गुरुवार को कलश यात्रा से अनुष्ठान की शुरूवात हो चुकी है। पावर हाउस चौक के पास भीतरमठ में आयोजित शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ के कथा वाचक सुमित भारद्वाज जी कवर्धा हैं। वे तुलसी मानस मंदिर कांशी से दीक्षित हैं। शिव महापुराण की कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे प्रारंभ होती है।

बताया गया कि 10 मई शनिवार को नारदमोह, सृष्टि वर्णन, गुरूमहात्म्य, रूद्राक्ष पूजन। 11 मई रविवार को कुबेर चरित्र, शक्ति प्रादुर्भाव, सती-जन्मोत्सव। 12 मई सोमवार को शक्ति पीठ महिमा, शिव-गौरी विवाह। 13 मई मंगलवार को कुमार चरित्र, गणेश उपाख्यान, अष्ट सिद्धि पूजन। 14 मई बुधवार को शिवअवतार, द्वादश ज्यार्तिलिंग, महाविद्यापूजन। 15 मई गुरुवार को शिवरात्रि-पशुपति व्रत कथा, चढोत्री। 16 मई शुक्रवार को शिव गीता, बिल्व वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा, भण्डारा प्रसादी पश्चात भक्तों को रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

# जनप्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए भाजपा के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी



**जगदलपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार च्टाऊन हॉलज्ज में शुक्रवार दोपहर को भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री प्रदेश पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव बस्तर जिले के सभी जनप्रतिनिधियो के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। नेताओं ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र के जनता को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। क्षेत्र के विकास के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य योजना बनाकर उन्हें पूरा करने की दिशा में कार्य करें। प्रदेश सरकार के द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसका अधिक से अधिक लाभ क्षेत्र के जनता को मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो। इस कार्य में पूरा प्रशासनिक अमला लगा हुआ है। इस बैठक में वर्तमान जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य और नगरी निकाय के जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, विद्या शरण तिवारी, शिवनारायण पांडे, सुधीर पांडे श्रीनिवास मिश्र, श्रीधर ओझा, मनीराम कश्यप, पेरिस बेसरा, के साथ काफी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और नजन उपस्थित थे।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से दिया जाएगा प्रवेश




**जगदलपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। नगर के पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, धरमपुरा में दिनांक 10 मई 2025, दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से कक्षा 1 ली से 8 वी तक की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उच्च अधिकारियों, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से निम्नानुसार कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा- कक्षा 1 ली = 50 सीट, कक्षा 2 री = 5 सीट, कक्षा 3 री = 7 सीट, कक्षा 4 थी = 4 सीट, कक्षा 5 वीं = 1 सीट, कक्षा 6 वीं = 4 सीट, कक्षा 7 वीं = 6 सीट, कक्षा 8 वीं = 4 सीट। विद्यालय सभी संबंधित पालकों से अनुरोध करता है कि जिन्होंने प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा किया है, वे निर्धारित तिथि को विद्यालय में उपस्थित होकर इस पारदर्शी प्रक्रिया का साक्षी बनें और अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति देवें। लॉटरी प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप होगी जिसमें महतारी दुलार योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए बालकों को प्राथमिकता दी जाएगी साथ 25 प्रतिशत सीटों पर बीपीएल या अत्यंत गरीब वर्ग के छात्रों को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

# सुशासन तिहार: समाधान शिविर में ट्राईसायकल, किसान क्रेडिट कार्ड और श्रमिक कार्ड मिलने से हितग्राहियों में खुशी



**आवेदन का त्वरित निराकरण के लिए लाभार्थियों ने प्रदेश सरकार का जताया आभार**

**जगदलपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए योजनाओं का लाभ हेतु आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में आवेदनों का त्वरित मिल रहे लाभ का लाभार्थियों में हर्ष है। समाधान शिविर में राजस्व, खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब की द्वितीय प्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड, नवीन राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया। सुशासन तिहार के तहत ग्राम डिमरापाल निवासी फुल सिंह ने बताया कि दिव्यांग होने की वजह से चलने में दिक्कत होती थी तो सुशासन तिहार में उसने ट्राई सायकल की मांग की थी समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किए और आज शिविर में सांसद महोदय के हाथों मुझे ट्राई सायकल मिला। मुझे बहुत खुशी है कि मेरे आवेदन पर विभाग ने तत्काल कार्यवाही कर सायकल दिया इसके लिए शासन-प्रशासन के सभी अधिकारियों का आभार। ग्राम बड़े जिराखाल निवासी सूडनी और डोमनी ने सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन किए थे खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर हितग्राहियों नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी। समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र, श्रमिक कार्ड बनाने के किए हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के लिए माध्यमिक शाला गुफडी की टिकेश्वरी ने भी आवेदन किया था उसका भी प्रमाण पत्र जारी किया गया। किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए खोर खोसा के लाभार्थी नेहरूराम ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए तिहार में आवेदन किया था, विभाग ने तत्काल बनाकर मुझे किसान किताब की दूसरी कॉपी प्रदान की है। नेहरू राम के साथ साथ चपका निवासी पीलाराम ने इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुशासन तिहार ने विष्णु सरकार को बनाया जन हितैषी




- समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ
- पालनार और गमावाड़ा में डेढ़ हजार से ज्यादा मामले निराकृत
- बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र, पालकों ने जताई खुशी

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के समाधान शिविर के क्रम में आज कुआकोण्डा जनपद अंतर्गत पालनार तथा दंतेवाड़ा के गमावाड़ा में समाधान शिविर आयोजित हुए। इस शिविर में ग्राम पालनार के साथ-साथ माहराहाउरनार, टीकनपाल, चोलनार एवं कलेपाल ग्रामों के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित शिविर में प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमल किशोर, जनपद पंचायत सीईओ दिनेश वर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदनों का तथ्यवार समाधान प्रस्तुत करते हुए उन्हें जानकारी दी गई। पालनार में कुल 921 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 908 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा 14 हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजना से जोड़ा गया। इसके साथ ही सहकारिता विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के क्रेडिट कार्ड बनाए गए एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही गमावाड़ा में 1 हजार 974 आवेदनों में से 1 हजार 845 आवेदनों का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को सूचित किया गया है। लंबित आवेदनों के संबंध विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि शासन द्वारा हितग्राही लक्ष्य प्राप्ति पर उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।

इस क्रम में किसान क्रेडिट मिलने से प्रसन्न ग्राम पालनार के हितग्राही कृषक राजनाल कुंजाम पटेलपारा ने कहा कि वहां अपने सात एकड़ के भूमि में धान और सब्जी की ही खेती करता है। परन्तु ट्रेक्टर के अभाव में वहा अपनी खेती को उन्नत नहीं कर पा रहा था परन्तु अब किसान क्रेडिट के माध्यम से अब उस बैंक से लोन मिल पाएगा और ट्रेक्टर खरीदने का सपना पूरा होगा। इसके साथ उन्हें अन्य ग्रामीणों को सलाह दी की वे सुशासन तिहार शिविर में आकर अपनी मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस शिविर में 10 महिलाओं की गोद भराई एवं 7 बच्चों का अन्नप्राशन रस्म किया गया। इस प्रकार गमावाड़ा में समाधान शिविर में बच्चें के जाति प्रमाण-पत्र बनने पर उनके पालकों ने खुशी जाहिर की और शासन का आभार व्यक्त किया। यहां समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांजनों और वरिष्ठजनों को 4 नग स्टिक, 3 श्रवण यंत्र, 2 बैसाखी, 2 व्हीलचेयर वितरित किया गया। कुल मिलकर इन शिविरों के माध्यम से सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर उतारने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हो रहा है।

# सुरक्षित मातृत्व के लिए जन जागरूकता जरूरी : चैतराम



- एमसीएच गीदम में मातृत्व दिवस का आयोजन
- संस्थागत प्रसव के फायदे ग्रामीणों तक पहुंचाने का आग्रह

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। मातृत्व दिवस के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत आज गीदम के स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11 मई को मनाए जाने वाले मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मानित करना और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मातृत्व दिवस तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी माताओं को सुरक्षित प्रसव के प्रति सचेत और जागरूक करना है ताकि माता और नवजात शिशु का स्वास्थ्य उत्तम रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि ग्रामीणों महिलाओं को शासन द्वारा माता एवं नवजात शिशु के संबंध में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अवश्य देवें, ताकि वे असुरक्षित प्रसव से बचे। इसके अलावा शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में पंजीकरण अनिवार्य होने, प्रत्येक गर्भवती महिला की चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने, सभी महिलाएं पौष्टिक आहार और आयरन-फोलिक एसिड का नियमित सेवन, संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता, किसी भी खतरे के लक्षण पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने के बारे में विशेष जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती रक्षा मिश्रा, सुश्री संगीता देवांगन, एवं जनपद सीईओ बलराम सिंह, टीआरआईएफ के सौरव दत्ता और सालेहिन खान, तथा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहे।

# मरम्मत के बाद फिर शुरू हुई डेनेक्स फैक्ट्री




- विधायक और कलेक्टर ने स्वरोजगार पर दिया जोर
- बारसूर में नई शुरूआत, महिलाओं का बढ़ाया हौसला

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले के बारसूर नगर पंचायत अंतर्गत पूर्व में क्षतिग्रस्त हुए डेनेक्स फैक्ट्री का पूर्ण मरम्मत कर पुन: शुभारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में इस फैक्ट्री में पुरुष परिधानों ही बनाये जा रहा है तथा 100 महिलाएं यहां कार्यरत हैं।

इस अवसर पर उपस्थित विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं को लगन और मेहनत से काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने ने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के समक्ष मिसाल कायम करें। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि जिला प्रशासन डेनेक्स फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं के हितों के संबंध में हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही यहां निर्मित परिधानों की मार्केटिंग के संबंध में नई कार्य योजना तैयार करने संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने यहां अतिरिक्त बस की आवश्यकता को देखते हुए एक बस उपलब्ध कराने पर भी सहमति दी।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव के यज्ञ में प्रदेश सरकार की पहली आहुति




- नगरीय और पंचायत चुनाव एक साथ करवाकर नई शुरूआत
- विचार गोष्ठी में विधायक चैतराम ने पीएम के संकल्प को बताया महत्वपूर्ण

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। भाजपा ने दंतेवाड़ा विधानसभा अंतर्गत एक राष्ट्र-एक चुनाव के संदर्भ में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में विधि और संविधान के विशेषज्ञों के अलावा मुख्य वक्ता के रूप में विधायक चैतराम अटामी, कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित जिले के विभिन्न समाज के प्रमुख, अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

विधायक श्री अटामी सहित मंचासीन सभी अतिथियों ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर अपने विचार उपस्थित जनमानस के समक्ष अपने उद्बोधन के माध्यम से रखे। श्री अटामी ने कहा कि राष्ट्र में एक चुनाव हो इसकी कल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में एक देश एक चुनाव करवाने का प्रयास कर रहे हैं, एक राष्ट्र-एक चुनाव क्यों आवश्यक है इससे देश और देश की जनता को क्या लाभ हानि होगी को लेकर राष्ट्रीय विचार मंच जनता के बीच जा रहा है। इससे चुनाव के प्रति जन मन में रहने वाली त्रुटियों और भावों को दूर कर उसका निदान कर एक राष्ट्र एक चुनाव जो देश हित में लाभकारी है को लागू करने अपना समर्थन देना है। हर वर्ष किसी न किसी प्रकार के चुनाव जनता के बीच होते रहते हैं जिसको लेकर विभिन्न शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के लिए लगाना विभिन्न तैयारियां करना साथ ही समय और धन व्यय करने, यह राष्ट्र विकास में बाधक होता है। इसलिए इसे राष्ट्र विचार बनाना आवश्यक है। वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आभारी हैं कि निकाय चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक राष्ट्र एक चुनाव के यज्ञ में पहली आहुति देने का कार्य किया और नगर पालिका और पंचायत चुनाव एक साथ करवा कर अपनी आहुति दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा आयोजित विचार गोष्ठी में संयोजक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर चर्चा करने हम सभी उपस्थित है जिसकी मुख्य भूमिका पूर्णत: आप सभी को स्पष्ट है इसके लाभ सीधी तौर भारत के आम जनमानस, चुनाव आयोग, भारत सरकार और सरकारी खजाने को होगा। उन्होंने आगे कहा अब समय है कि हमे चुनाव में सुधार की आवश्यकता है, उन्होंने कहा देश के सभी सुधारों के लिए काम करने का साहसिक निर्णय लेने की क्षमता यदि किसी ने दिखाई तो वह हमारी सरकार ने दिखाई भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने किया एवं आभार व्यक्त पूर्व मंडल अध्यक्ष किरंदुल धर्मपाल मिश्रा ने किया। इस दौरान विभिन्न समाज प्रमुख, वरिष्ठगण, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सहायता राशि प्रदान



**पिथौरा,** 9 मई। सांकरा परिवृत के माटीदरहा परिसर में लघु वनोपज समिति मोहगांव ग्राम बगार दरहा से लगे कक्ष क्रमांक 290 में तेंदूपता संग्रहण के दौरान (1)देवना बाई साव पति जोगीराम साव निवासी बगार दरहा(2) वृंदावती चौहान पति शेष देव ग्राम बगार दरहा को जंगली सुअर द्वारा हमला कर दिया गया उपचार किया जा रहा है एवम 500-500 रू तात्कालिक सहायता राशि दी गई।

## 10वीं 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित

**खरोरा,** 9 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं 12वीं परीक्षा परिणाम 7 मई को जारी किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा से हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान बहिन काजल वर्मा पिता पूर्णानंद वर्मा 86.6त्न, द्वितीय स्थान बहिन रेणुका देवांगन पिता रेवाराम देवांगन 84.6त्न, तृतीय स्थान भैया खोमेश देवांगन पिता देवनाथ देवांगन 84. 2त्न रहे। वही हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान बहिन ढालिनी वर्मा पिता भगवती वर्मा 91.33त्न द्वितीय स्थान बहिन पुष्पांजली टंडन पिता सुनील टंडन 91त्न, तृतीय स्थान बहिन मानसी देवांगन पिता जगदीश देवांगन 89.5त्न रहे। उत्कृष्ट अंक प्राप्तकर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए भैया/बहनों को विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्वनी पाटकर आचार्य / दीदीयों एवं मां सरस्वती बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम के अध्यक्ष श्री वल्लभ लाहोटी व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री मयंक बैस समिति के सदस्य निलेश अग्रवाल, शिल्पा डागा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशिर्वाद प्रदान किया गया।

# अनाचार करने वाला युवक पुलिस के गिरफ्त में



**खरोरा,** 9 मई (देशबन्धु)। अनाचार करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग पीडिता को बहला फुसलाकर बुलाया था विजयनगरम आंधप्रदेश पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर आरोपी के चुंगल से 02 नाबालिग बालिकाओं को छुड़ाया। सूचनाकर्ता निवासी कोहका भाठा की 04.05.2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी दो नाबालिग लडकी उम्र 16 साल 06 माह तथा 08 वर्ष की दिनांक 28.04.2025 को शाम करीब 05:30 बजे घर से नास्ता करने जा रही हूँ कहकर निकली है। जो वापस घर नही आयी है जिसकी पता तलाश करने पर पता नही चलने की रिपोर्ट पर नाबालिग बच्चो के अपहरण की आशंका पर थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पतासाजी में लिया गया। दौरान विवेचना के उक्त दोनो बालिकाओं को विजयनगरम आंध्रप्रदेश में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना कर संदेही/आरोपी सिपाही कुमार के कब्जे से उक्त दोनो नाबालिग बालिकाओं को बरामद कर थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध 87, 64(2)(एम) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 04, 06 पृथक से जोडी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। नाम पता आरोपी - सिपाही कुमार पिता शंभू सहनी उम्र 20 साल साकिन जौवकटिया थाना मंझोलिया जिला पश्चिम चम्पारण बिहार।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में शिक्षा सत्र के लिए छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से




**फिंगेश्वर,** 9 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025- 26 के लिए छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष हरित,कमलेश यदु,राजू साहू, शुभम जैन ,के डी सोनवानी,कमलेश कश्यप, सुमन श्रीवास, ज्योति राजपूत, अशोक सोनवानी ,पत्रकार जितेंद्र शर्मा,अंकुर पहाड़िया एवं पालकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई ।जिसमें सबसे पहले कक्षा 1 ली में 50 छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया इस्कक्षा में कुल 130 आवेदन थे वहीं कक्षा पांचवी के लिए एक रिक्त सीट का चयन लॉटरी से किया गया इसमें कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया को धनराज सूर्यवंशी,मनीष हरित और कमलेश यदु ने संबोधित किया और सभी ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों व बच्चो को बधाई दिया ।लॉटरी प्रक्रिया में संस्था के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ,महेश साहू,उमेश यदु ,फणेश्वर साहू, माधव देवांगन, विनोद साहू भागवत भार्गव,कृष्णेंदु मंडल,ऋषभ शर्मा,ईश्वर मालाकार,विकास चंद्राकर, देव सिन्हा,टीकम साहू ,शुभम साहू, सारिका साहू, विनीता साहू, काजल शर्मा ,कृतिका पुंज ,खुशबू भट्ट , सृष्टि दीक्षित,गीतांजलि सिन्हा, वर्षा हिरवानी, अंशी कुजूर,कल्पना साहू,चेतना किरण साहू,मनीषा साहू,क्षमेश्वरी बंजारे,सीमा गायकवाड़,शताक्षी शर्मा,समीक्षा तारक सहित सभी शिक्षक व स्टाफ उपस्थित था ।

# सुशासन में 10वीं-12वीं के टॉपर छात्रों का सम्मान




- विधायक चैतराम ने दी बधाई, उज्वल भविष्य की शुभकामना
- कटेकल्याण के शिविर में 1 हजार 213 मामलों का निपटारा
- परचेली में नवनिर्मित जिम व लाइब्रेरी का उद्घाटन

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले के जनपद पंचायत कटेकल्याण के परचेली स्टेडियम में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कटेकल्याण, परचेली, नड़नार, चिकपाल, मारजुम, बेंगलुर और मथाड़ी के ग्रामीण जन शामिल हुये।

शिविर में उपस्थित विधायक चैतराम अटामी ने यहां ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं में शत प्रतिशत भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य यह है कि शासन की योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति पहुंचे। इसके लिए विभागों के यह दायित्व है कि वे हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करे। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में 10वीं, एवं 12वीं में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर टॉप किये छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस समाधान शिविर में 22 विभागों से कुल 1 हजार 229 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1 हजार 215 मांग व 14 शिकायत थे, जिसमें 1 हजार 213 आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। इसके अलावा विधायक द्वारा परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्षा कटेकल्याण हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच, एवं पंच सहित डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा, जनपद पंचायत सीईओ आशीष डे, तहसीलदार श्रीमती आशा मौर्य एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने शिविर में किया रक्तदान



**खरोरा,** 9 मई (देशबन्धु)। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयोजित रक्तदान शिविर मैं समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने अपना योगदान देते हुए रक्तदान किया जिसमें ग्राम कोटा निवासी भाई सुशील साहू एवं ग्राम खपरीकला निवासी भाई ओंकार पटेल ने शिविर में अपना रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह चौहान ने इन सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा आम जनों को भी रक्तदान करने हेतु अपील की है।

## बच्चा बच्चा जानता है पीएम व सीएम का नाम

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को गरियाबंद जिले के मड़ेली गांव पहुंचे। समाधान शिविर के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां मौजूद बच्चों से पूछा कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं। सभी बच्चों ने एक स्वर में कहा- नरेंद्र मोदी। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछा गया तो बच्चों ने कहा- विष्णु देव साय। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया। उन्हें दुलारा, टॉफियां और चॉकलेट बांटी। नन्हीं बालिकाओं ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बच्चों के स्नेह से मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ियों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर बच्चे को मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों को अच्छा पोषण और सुंदर वातावरण मिले, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश से देश का भविष्य मजबूत और समृद्ध होगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुशासन तिहार: समाधान शिविर...

हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी। श्रम विभाग द्वारा खास पारा फ़ाफनी निवासी कविता सेठिया, पुजारी पारा देवदा के हीरा राम बैध, जैबेल की शांति यादव, कलसी कश्यप, निलदई पटेल को भी तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के लिए किसान सेमलनार के तुलसी, इच्छापुर के रामसाय, बाग मोहलई के तानसेन तत्काल केसीसी बनाने के लिए शासन प्रशासन का आभार जताया।

# दंतेवाड़ा के विकास में पूर्व कलेक्टर पिस्दा का अहम योगदान



- संयुक्त दक्षिण बस्तर के लंबे कार्यकाल वाले कलेक्टर के रूप में ख्याति
- गुरूवार को हुआ निधन, प्रशासनिक-सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर
- पिस्दा के ही कार्यकाल में शुरू हुआ था सलवा जुडूम अभियान

**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। संयुक्त दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के पूर्व कलेक्टर केआर पिस्दा का गुरूवार को निधन हो गया। श्री पिस्दा दंतेवाड़ा में लंबे कार्यकाल तक सेवा देने वाले कलेक्टर के रूप में जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार डौंडीलोहारा ब्लाक के उनके गृह ग्राम किल्लेकोड़ा में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

स्व. केआर पिस्दा दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में 6 फरवरी 2004 से 17 दिसंबर 2007 तक कलेक्टर थे। उस वक्त बीजापुर और सुकमा राजस्व जिले का गठन नहीं हुआ था और संयुक्त दंतेवाड़ा में कुल 11 विकास खण्ड थे। यानि कोंटा से लेकर भोपालपटनम तक का पूरा प्रशासनिक कामकाज एक ही कलेक्टर के जिम्मे हुआ करता था। इस जिम्मेदारी को स्व. श्री पिस्दा ने बड़ी कुशलता से निभाया। लंबे समय तक दंतेवाड़ा में कलेक्टर रहने का रिकार्ड भी उनके नाम दर्ज हैं। उन्हीं के कार्यकाल में जून 2005 में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा जन आंदोलन सलवा जुडूम के रूप में शुरू हुआ था। इस दौरान जन नायक स्व. महेन्द्र कर्मा ने इस अभियान की नींव डाली थी। इस अभियान में भी बतौर कलेक्टर स्व. पिस्दा उनके साथ रहे। फिल्ड में कई बार वे अपने साथ एके-47 लेकर भी चलते थे।

श्री पिस्दा के कार्यकाल के दौरान ही नक्सलियों ने कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था, जिसमें दरभागुड़ा का बारूदी विस्फोट, और रानीबोदली का जवानों पर किया गया हमला प्रमुख है। दरभागुड़ा में सलवा जुडूम की सभा से लौट रहे ग्रामीणों की ट्रक को नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट से उड़ाया था, जिसमें 28 से ज्यादा ग्रामीण मारे गए थे। इसी तरह बीजापुर के रानीबोदली में सीएएफ जवानों के कैंप में नक्सलियों ने हमला कर दिया था। इसमें 54 जवान शहीद हुए थे। इन विषम परिस्थितियों में भी स्व. पिस्दा ने जिले के विकास में अहम भूमिका निभायी। निर्माण कार्यो के अलावा जिले के अधोसंरचना विकास में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। साक्षरता के क्षेत्र में जिले को राष्ट्रीय सम्मान भी उन्हीं के कार्यकाल के दौरान मिला था।

स्व. केआर पिस्दा राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस में प्रमोट होकर आए थे और 2004 बैच के आईएएस अधिकारी थे। दंतेवाड़ा के बाद उन्होंने कांकेर जिले में भी बतौर कलेक्टर अपनी सेवाएं दी। इसके साथ ही वे लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक और राजस्व, स्कूल शिक्षा जैसे विभागों में सचिव के पद पर कार्यरत रहे। वे प्रदेश के लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन से दंतेवाड़ा में भी प्रशासनिक और शैक्षणिक तथा सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर रही। उल्लेखनीय है कि श्री पिस्दा को राज्य सरकार ने सेवानिवृत्ति से पहले ही वीआरएस देते हुए सीजीपीएस का अध्यक्ष नियुक्त किया था। वे इस पद पर तीन वर्ष तक रहे और अपनी सेवाएं दी।

स्व. श्री पिस्दा दंतेवाड़ा में एक कुशल प्रशासक, जमीन से जुड़े प्रशासनिक अमले के प्रमुख के रूप में जाने जाते रहे। उनके कार्यकाल में पुलिस और प्रशासन के बीच एक बेहतर समन्वय रहा, जिसकी वजह से दक्षिण बस्तर को विकास की नई ऊंचाई मिली। स्व. श्री पिस्दा के निधन पर उनके शुभ चिंतकों, प्रशासनिक सहयोगियों और समाज से जुड़े लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राम बाबू सिंह गौतम ने कहा है कि स्व. पिस्दा उनके अभिन्न मित्र थे और क्षेत्र के विकास में उनका योगदान हमेशा स्मरण किया जाएगा।

# हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षण में सहभागी बने



- कोण्डागांव के स्काउट मास्टर एवं रोवर लीडर
- स्काउट मास्टर के लिए प्रशिक्षण रहा सर्वश्रेष्ठ

**कोण्डागांव,** 9 मई (देशबन्धु)। हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षण में कोण्डागांव के स्काउट मास्टर एवं रोवर लीडर के सहभागी बनने और स्काउट मास्टर के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण को सर्वश्रेष्ठ होने की जानकारी ऋषिदेव सिंह स्काउट मास्टर सेजस दहिकोंगा कोण्डागांव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के जरीए देते बताया गया है कि भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव के नेतृत्व हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षण शिविर 02 मई से 08 मई 2025 तक आधारशिला विद्या मंदिर बड़े कोनी बिलासपुर आयोजित किया गया। इस शिविर में कोंडागांव जिले के 01 स्काउट मास्टर ऋषिदेव सिंह एवं 04 रोवर लीडर चमन लाल सोरी, श्यामलाल कोरम, कोमल साहू एवं शैलेंद्र सोनभद्र ने भाग लिया। हिमालय वुड बैंज स्काउट एवं गाइड दल संचालन कराने का सर्वोच्च प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रत्येक स्काउटर एवं गाईडर को बेसिक कोर्स एवं एडवांस कोर्स पूर्ण करना होता है, इस बैंज प्रशिक्षण के लिए असाइनमेंट राज्य मुख्यालय में जमा किया जाता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव के आधार पर केन्द्रीय मुख्यालय दिल्ली द्वारा हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षण हेतु चयन सूची जारी किया जाता है।

बिलासपुर में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 38 स्काउट मास्टर 22 रोवर लीडर, 12 संचालक मण्डल एवं 08 सर्विस रोवर सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण के दौरान रोवर विंग में शिविर संचालक कैलाश सोनी राज्य सचिव, सहायक शिविर संचालक अमित कुमार क्षत्री, सूरज कसार, प्रदीप सेन, दिलीप पटेल, जितेंद्र डंडसेना एवं स्काउट विंग में शिविल संचालक संतोष कुमार साहू, सहायक शिविर संचालक विजय यादव, डॉ.पूनम कुमार साहू, गिरीश कुमार पाढ़ी, शांतनु कुर्रे, मृत्युंजय शुक्ला शामिल रहे। जिन्होंने स्काउट दल संचालन, स्काउट के प्रवेश से लेकर राष्ट्रपति स्काउट पाठ्यक्रम, यूनिफार्म, गांठें लेंसिंग, पायेनियर प्रोजेक्ट, हाईक, प्राथमिक उपचार, मैपिंग इत्यादि समस्त पाठ्यक्रमों को विस्तृत से समझाते हुए सुक्ष्तम जानकारी प्रदान की।

स्काउट मास्टर ऋषिदेव सिंह ने बताया कि कोंडागांव जिले में अभी तक भीषभदेव साहू एवं संगीता हरमिट हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षक हैं। अब पांच अन्य प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत कोंडागांव जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियां और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकेगी। 12 से 18 मई तक आयोजित गाइड विभाग के लिए हिमालय वुड बैंज प्रशिक्षण में कोंडागांव से नीलम श्रीवास्तव एवं संगीता सोरी शामिल होंगी।

# पुलिस अधीक्षक के समक्ष 16 लाख के ईनामी दो सक्रिय नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**कोण्डागांव**, 9 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के समक्ष 8-8 लाख, कुल 16 लाख रुपए का ईनाम घोषित दो सक्रिय नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी. (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज कांकेर अमित तुकाराम काम्बले के निर्देषन एवं पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वॉय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के कुषल मार्गदर्षन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) कोण्डागांव रूपेष कुमार डाण्डे के कुषल नेतृत्व में तथा उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स कोण्डागांव सतीष भार्गव के पर्यवेक्षण में इस इकाई अन्तर्गत लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे हैं एवं समय-समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्षन कार्यक्रम चलाये जा कर शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाएँ व लाभ की जानकारी बैनर/पोस्ट/पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप नक्सलियों द्वारा स्वयं आगे बढ़ कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने हेतु पुलिस अधीक्षक के समक्ष समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवनयापन करने हेतु आत्मसमर्पण कर रहे हैं।



इसी तारतम्य में 9 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव में जिला कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, धमतरी आदि में विभिन्न गंभीर नक्सली घटनाओं में शामिल रहे सक्रिय नक्सली क्रमषः 01. रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंग कुमेटी पिता स्व.चैतराम कुमेटी (ईनामी 08 लाख छ.ग.शासन द्वारा) 35 वर्ष निवासी ग्राम देवगांव थाना आमाबेड़ा जिला कांकेर छ.ग., 02. पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा पति रैसिंग (ईनामी 08 लाख छ.ग.शासन द्वारा) 34 वर्ष निवासी ग्राम आलप्रस, थाना कोयलीबेड़ा, जिला कांकेर छ.ग. के द्वारा वॉय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। जिन्हें तत्काल प्रोत्साहन राषि 50-50 हजार रूपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाएं प्रदाय हेतु वरिष्ठ कार्यालय की ओर पत्र व्यवहार किया गया है। आत्मसमर्पण के दौरान रूपेष कुमार डाण्डे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) कोण्डागांव, सतीष भार्गव उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स कोण्डागांव, उप पुलिस अधीक्षक (डीआरजी/बस्तर फाईटर्स) उपस्थित रहे।

# शहर में लगे ट्राली विज्ञापनों के जब्ती की कार्रवाई प्रारंभ



**जगदलपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। शहर के विभिन्न मार्गों पर लगे बैनर पोस्टर जो दुर्घटना को दावत दे रहा है। इसे लेकर निगम आयुक्त ने तत्काल बैनर और पोस्टर हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद गुरुवार को विगत दिनों आंधी तूफान आने के कारण विज्ञापन ट्राली सड़क पर गिर गया है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस कारण नगर निगम द्वारा निर्णय लिया गया कि शहर से विज्ञापन ट्राली को मुक्त किया जाए। इस संबंध में सभी विज्ञापन ट्राली वाले संचालक को निगम द्वारा पत्र जारी कर 24 घंटे के अंदर हटाने निर्देशित किया गया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा नहीं हटाया तब निगम द्वारा विज्ञापन ट्राली जब्ती की कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर

**कोण्डागांव,** 9 मई (देशबन्धु)। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डगांव के द्वारा आज जिला अस्पताल परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने हेतु स्वयं उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर की विशेष बात यह रही कि कोण्डागांव जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरणा देने उपस्थित हुए। उनके साथ ही जिला प्रशासन के कई अधिकारियों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया और सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने भाग लिया और कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों की सहायता में उपयोग किया जाएगा। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को रेडक्रॉस की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय की सम्पूर्ण ब्लड बैंक की टीम, सिविल सर्जन डॉ.आर.सी. ठाकुर, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर. के. सिंह, सभापति मनोज जैन, उपसभापति ओमप्रकाश टावरी, कोषाध्यक्ष दीपेश अरोरा, राज्य प्रतिनिधि उत्तम रक्षित उपस्थित रहे। इसके साथ ही गंभीर क्षय रोग से पीड़ित 4 व्यक्तियों को रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से फूड बास्केट भी वितरित किया गया।



पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने किया रक्तदान

# विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

## जिले में अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास दिवस पर



**नारायणपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। आज अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें आईटीआई के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम गौतम पाटिल, जनपद सीईओ तथा नीति आयोग के अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर सभी के लिए प्रेरणा का कार्य किया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, जिला सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एस. राज, ब्लड बैंक प्रभारी सुभाष गुप्ता तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी अध्यक्ष कमलजीत सिंह आहुजा, सचिव पंकज जैन और प्रदेश प्रतिनिधि नरेंद्र मेश्राम उपस्थित थे। साथ ही रेड क्रॉस की वॉलेंटियर्स चम्पा, रासो, चंद्रिका एवं रामुलाल ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम और बृजमोहन देवांगन ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को शुभकामनाएं दीं और रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया।

## यादव समाज का एक दिवसीय बैठक बालसमुंद में

**पलारी** 9 मई (देशबन्धु) श्रीराधाकृष्ण मंदिर बालसमुंद पलारी में झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन 11 मई रविवार को रखी गई है। समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक उत्थान पर चर्चा, समाजिक प्रकरण का निपटारा किया जावेगा। जिसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अध्यक्षता सुकालू यादव, प्रदेश संरक्षक एवं विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, और जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। पलारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार यादव व सचिव कमलेश यदु ने समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

## सारंगढ़ के सरकारी अस्पताल में 10 मई को होगा दिव्यांग मेडिकल कैंप

**बिलाईगढ़,** 9 मई(देशबंधु)। स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के पहल पर सिविल अस्पताल सारंगढ़ में द्वितीय शनिवार 10 मई को दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में शामिल होने के लिए दिव्यांगों को आधार कार्ड, राशनकार्ड और 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों से सामान्य बीमार का चेकअप कोई भी नागरिक करा सकता है।

# कलेक्टर व एसपी की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक

**कोण्डागांव,** 9 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रथम तल के सभा कक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी समाज प्रमुखों ने भाग लिया और नव पदस्थ कलेक्टर से विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया।



समाज-प्रशासन के बीच समन्वय पर दिया गया जोर

बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से ज़मीनी स्तर तक पहुँचाना था। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यदि सभी समाज के लोग मिलकर कार्य करें, तो जिला निश्चित रूप से प्रगति करेगा। हम सबसे पहले भारतीय हैं, फिर किसी समाज के सदस्य। इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहें और उसकी सुरक्षा से लेकर विकास तक में सक्रिय योगदान दें।

कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अपने नवयुवकों को सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों से सचेत करें और स्वयं भी ऐसी जानकारियों के प्रसार से बचें। साथ ही उन्होंने रोड सेफ्टी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि जिले में हर रोज कहीं न कहीं दुर्घटना हो रही है जिससे बचने के लिए समाज के स्तर पर युवाओं को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।

समाज प्रमुखों ने भी इस दिशा में सुझाव दिए और कहा कि जो व्यक्ति वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करता है, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाता है या नशे की हालत में गाड़ी चलाता है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

बैठक में रोजगार के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से आग्रह किया कि वे युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चिन्हित कर समूह बनाकर जिला प्रशासन तक पहुंचाए जिससे शासन की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी समाज प्रमुखों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# मालाकोट माता मेला में हमर सोन चिरईया लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति



**कोण्डागांव,** 9 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्राम मालाकोट में स्थानीय माता मेला के अवसर पर लोक कला मंच हमर सोन चिरईया रिकार्डिंग डांस परिवार मालाकोट के द्वारा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। सरपंच गीता नेताम और उप सरपंच बसंती नेताम ने माता मेला की बधाई देते हुए बताया कि मालाकोट में प्राचीनतम काल से स्थानीय माता मेला का आयोजन प्रतिवर्ष धुमधाम में मनाया जाता है, जिसमें आसपास क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के लोग अपने ईष्ट देवी देवता के प्रतिमूर्ति आंगादेव, देवलाट की परिक्रमा कराते हैं। इस वर्ष स्थानीय लोक कला मंच के उभरते कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द उठाया। हमर सोन चिरईया के कलाकारों ने छत्तीसगढ़िया करमा, ददरिया, सुवा और बस्तरिया लोक गीतों में देर रात तक समां बांधा व मंच प्रस्तुति के माध्यम से जल, जंगल जमीन के संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, बाल विवाह रोकथाम, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हमर सोन चिरईया लोक कला मंच के संस्थापक खीर चंद दीवान, हरेंद्र दीवान, देवेंद्र नेताम, संरक्षक मलारु नेताम, उभरते कलाकार रविना, सियोबती, एवती, देवेश्वरी, प्रेरणा, दिनेश्वरी, रेणुका रीतिका, पूजा, खेमसिंह, अरुण, कमलेश, लक्ष्मीनाथ, देवी, मनेश और ग्राम पंचायत मालाकोट के जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

## निधन

### श्रीमती मरियम्मा थॉमस

**भिलाईनगर,** 9 मई.। आमदीनगर हुड़को एमआईजी-1/500 निवासी श्रीमती मरियम्मा थॉमस का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रातः 10 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरुनगर के लिये निकलेगी। वे एम.पी. थॉमस की पत्नि एवं सींजू थॉमस, शिबू थॉमस, सी.बी. थॉमस ती माता थी।

# टॉपर रमशीला, दंतेवाड़ा की गौरव : चैतराम

## विधायक ने छू लो आसमान संस्था पहुंचकर दी बधाई



**दंतेवाड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं के परिणाम की घोषणा की गयी। इसमे छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली दंतेवाड़ा की छात्रा रमशीला नाग ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 9 वां स्थान प्राप्त किया। विधायक चैतराम अटामी ने छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली पहुंचकर छात्रा रमशीला नाग से मुलाकात कर बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री अटामी ने रमशिला से कहा कि यह हमारे दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव का विषय है। यह आपकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का ही परिणाम हैं, आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके माता पिता, एवं समस्त शिक्षकगण को भी हार्दिक बधाई। दंतेवाड़ा जिला, शिक्षा के क्षेत्र में अब पूरे देश-विदेश में मिल का पत्थर साबित हो रहा है।

10वीं में प्रदेश में 9वॉं स्थान हासिल कर जिले का बढ़ाया मान

# जिले के प्रभारी सचिव ने किया बिंजली बांध का निरीक्षण

## नहर का प्रोफाईल सुधारने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए निर्देश



**नारायणपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले के प्रभारी सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम बिंजली में स्थित शांत सरोवर (बिंजली डेम) का भ्रमण किया। इस बांध का निर्माण 1978-79 में पूर्ण किया गया है। बांध की लंबाई 2130 मीटर एवं पानी का भराव क्षमता 4.15 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जिसमें 1093 हेक्टेयर सिचांई की जाति है इनमें से 810 हेक्टेयर खरीफ एवं रबी फसल 283 हेक्टेयर शामिल है। नहर की लंबाई 15.60 किलोमिटर में 08 ग्राम शामिल हैं, जिसमें खैराभाट, पालकी, बिंजली, तेलसी, गुरिया, सुलेंगा, करलखा और माहका के 645 कृषक लाभांवित हो रहे हैं। प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान बांध के अण्डर सेक्शन को सुधारने फार्क में लगे पेड़ को कटाने, नहर का प्रोफाईल सुधारने तथा किसी भी बांध के सौन्दर्यीकरण करने के पूर्व विभागीय अनुमति लेने के निर्देश दिए।

जिले के प्रभारी सचिव श्री टोप्पो ने शांत सरोवर के निरीक्षण पश्चात बिंजली में तेन्दुपत्ता फड़ का भी अवलोकन किया। वनमण्डलाधिकारी ससिगानंदन के. ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामिणों के द्वारा तेन्दुपत्ता तोड़ाई कर फड़ में बेचने लाते है जिसका राशि उनके बैंक खाते में आनलाईन पेमेंट किया जाता है। खातेदारी के मुखिया के मृत्यु होने पर उनके परिवार के आश्रितों को मुआवजा राशि वन विभाग के माध्यम से दिए जाने की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, एसडीएम गौतम चंद पाटिल, जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार चौधरी सहित विभागीय अधिकरी उपस्थित थे।

# कोंडागांव में व्यापम द्वारा पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा संपन्न



**कोण्डागांव,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री फार्मेसी टेस्ट की परीक्षाएं जिले में शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट के लिए जिले के गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां कुल 180 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 80 छात्र परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, पीपीएचटी परीक्षा के लिए दो केंद्र गुंडाधुर महाविद्यालय एवं बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल, कोंडागांव निर्धारित किए गए थे। इस परीक्षा में कुल 419 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 200 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्थानों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूरी कर ली गई थी।

**उल्टा पुल्टा**

पति- परसों मेरी बीवी कुंए में गिर गई, बहुत चोट लगी, बहुत चिल्ला रही थी।
डॉक्टर- अब तबीयत कैसी है?
पति- अब ठीक है, कल से कुंए से आवाज नहीं आई। डॉक्टर तबसे सदमे में है।

# नेता प्रतिपक्ष को लेकर रायपुर नगर निगम में घमासान जारी

## इस्तीफा वापस लेने के बावजूद 5 पार्षद अपनी मांगों पर अड़े

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के कांग्रेस के फैसले से नाराज़ पाँच पार्षदों ने भले ही पार्टी को दिया गया इस्तीफा वापस ले लिया हो, लेकिन वे अब भी अपनी मांगों पर अडिग हैं। इससे साफ हो गया है कि पार्टी के भीतर असंतोष पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और विवाद की चिंगारी अब भी सुलग रही है।

अब सारी निगाहें पार्टी द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिसे जल्द ही प्रदेश कांग्रेस समिति को सौंपा जाएगा। इसके बाद रायपुर नगर निगम में नए नेता प्रतिपक्ष की अधिकृत घोषणा संभव है। लेकिन यह तय है कि कांग्रेस को इस विवाद से सबक लेकर संगठनात्मक निर्णयों में ज़्यादा पारदर्शिता और संवाद स्थापित करने की ज़रूरत है।

हाल ही में कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया। लेकिन इस फैसले से असहमति जताते हुए कांग्रेस के संदीप साहू समेत 5 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस अप्रत्याशित कदम से कांग्रेस संगठन में हलचल मच गई और डैमेज कंट्रोल शुरू किया गया।

पार्टी की आंतरिक सुलह प्रक्रिया के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के



निर्देश पर कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रेमचंद जायसी और सुनील माहेश्वरी को शामिल किया गया। इस समिति ने सभी नाराज़ पार्षदों से वन-टू-वन चर्चा की। इसके परिणामस्वरूप नाराज़ पार्षदों ने पार्टी से दिया गया इस्तीफा वापस ले लिया है। लेकिन अब भी वे आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के खिलाफ हैं।

**इस्तीफा वापस, लेकिन अपनी मांग पर अडिग : संदीप साहू**

पार्षद संदीप साहू ने स्पष्ट किया कि अभी पार्षदों ने कमेटी से चर्चा के बाद इस्तीफा वापस ले लिया है। पर वह अपनी मांगों से पीछे नहीं हटे हैं। कमेटी जल्द ही रिपोर्ट पार्टी को सौंपेगी।

सूत्रों के अनुसार, संदीप साहू और आकाश तिवारी के बीच चल रहे विवाद को देखते हुए कांग्रेस अब किसी तीसरे व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर विचार कर सकती है। पार्टी में यह चर्चा तेज़ है कि नया नेता प्रतिपक्ष ओबीसी वर्ग से ही होगा, ताकि संतुलन साधा जा सके और संगठन में जातीय समीकरणों को बनाए रखा जाए।

**घर का मामला है : बैज**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूरे विवाद को च्च्घर का मामलाज्ज बताया है और इसे आपसी बातचीत से सुलझाने की बात कही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही पार्टी की ओर से एक मजबूत और सर्वस्वीकृत नाम को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया जाएगा।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और सेना को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिवद्वय जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता जयकारा लगाते हुये पदयात्रा की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा देश के मान और सम्मान के लिए, देश की एकता भाईचारा के लिए, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए वर्तमान में हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। भारत की सेना ने पाक के आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है। साथ ही सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए एकता, वीरता और उनके शौर्य के सम्मान में कांग्रेस पार्टी तिरंगा यात्रा निकाली। भारतीय सेना आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। आतंकवाद को जड़ सहित समाप्त करने के लिए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर रही है।





पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जब तक पाकिस्तान के आतंकियों का सफाया नहीं हो जाता हम ये लड़ाई जारी रहेगी। आज कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरे देश के हर राज्य मुख्यालय पर जय हिंद तिरंगा यात्रा निकाली गई। हम अपनी सेना और सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं। सभी जाति धर्म मजहब के लोग आज देश के साथ एकजुट हैं। संपूर्ण विपक्ष आज देश की सरकार के साथ हैं। हम अपने सशस्त्र बलों के समर्थन में अपनी पूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रकट करना चाहते हैं। हिंदुस्तान ने हमेशा विश्व शांति, भाईचारे और सद्भाव का प्रतिनिधित्व किया है।

तिरंगा यात्रा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायकगण अमितेष शुक्ल, अरूण वोरा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, महापौर नंदलाल देवांगन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, अमित शर्मा, मो. सिद्दीक, उषा रज्जन श्रीवास्तव, संगीता दुबे, डॉ. करूण कुर्रे, अनुभव शुक्ला, दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुये।

# रायपुर एयरपोर्ट कड़ी सुरक्षा के बीच पूरी तरह सामान्य

## हर शहर की सभी फ्लाइट्स चालू और टाइम पर



**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। भारत और पाक के बीच युद्ध के हालात को देखते हुए रायपुर एयरपोर्ट में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यहां हालात पूरी तरह से सामान्य है। यहां से सभी फ्लाइट्स चालू हैं।किसी भी फ्लाइट्स को रोका नहीं गया है। देश में सामरिक महत्व के जिन एयरपोर्ट्स से अस्थायी तौर पर फ्लाइट्स का संचालन रोका गया है, रायपुर एयरपोर्ट की उनसे कनेक्टिविटी नहीं है।

यहां से वहां फ्लाइट नहीं जाती। रायपुर एयरपोर्ट से इस वक्त देश के हर प्रमुख शहर के लिए जितनी फ्लाइट्स हैं, सभी नार्मल हैं और सभी शिड्यूल्ड टाइम पर हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा पहले से चौकस है, सीआईएसएफ यहां के चप्पे-चप्पे पर इसलिए भी नजर रखती है क्योंकि छत्तीसगढ़ नक्सल प्रभावित भी रहा है। इस तरह, रायपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट्स का संचालन पूरी तरह नार्मल है। लोग सामान्य तौर पर आना-जाना कर रहे हैं। सुरक्षा इंतजाम वैसे ही हैं, जैसे थे। भारत-पाक के बीच गहराते तनाव को लेकर अगर सुरक्षाबलों के पास दिल्ली के कोई एडवाइजरी आई होगी, तो वे निश्चित ही उसका पालन कर रहे होंगे, लेकिन इससे आम पैसेंजर प्रभावित नहीं है। ट्रैवल आपरेटर्स की मानें तो यहां से रोजाना के पैसेंजर्स की संख्या भी कम नहीं हुई है।

# हाईकोर्ट ने की गर्मी की छुट्टियां रद्द

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में गर्मी छुट्टियां रद्द कर दी गई है। पहले 12 मई से 6 जून तक समर वेकेशन निर्धारित था, लेकिन अब हाईकोर्ट की समर वेकेशन 2 जून से 28 जून तक होगी। यह आदेश चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी किया गया है।

■ **अब 2 जून से 28 जून तक रहेगा समर वेकेशन**

इसके पहले 1 मई को जारी किए गए एक नोटिफिकेशन में बताया गया था कि हाईकोर्ट 12 मई से 6 जून तक बंद रहेगा और इस दौरान कुछ चयनित तिथियों पर अवकाशकालीन बेंच न्यायिक कार्य करेगी. लेकिन अब समर वेकेशन की नई तिथि घोषित हो गई है।

# पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग विभाग अलर्ट पर है। पुलिसकर्मियों की सिर्फ अति-आवश्यक परिस्थिति में ही छुट्टियां मिलेंगी। ये आदेश पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किया गया है।डी जी पी ने सभी पुलिस इकाई प्रभारियों को आदेश जारी किया है। इसमें अति आवश्यक परिस्थिति में ही छुट्टी देने के अलावा अधिकारियों को जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश भी हैं। अफसर सरकारी काम से ही जिला मुख्यालय छोड़ सकेंगे। आगे आदेश में यह कहा गया है कि, सभी इकाई प्रमुख किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अधिकतम बल पूरी तैयारी के साथ उपलब्ध रखे।

■ **छुट्‌टी अब सिर्फ जरूरी हालात में**

# भारत माला मुआवजा घोटाला, हरमीत खनूजा 14 मई तक न्यायिक हिरासत में

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना से जुड़े 48 करोड़ रुपये के घोटाले में फंसे जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने पूछताछ पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां अदालत ने उसे जेल भेजने की मांग को स्वीकार कर लिया।

25 अप्रैल को ईओडब्ल्यू ने घोटाले की जांच के तहत प्रदेशभर में 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के अगले ही दिन यानी 26 अप्रैल को जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा, केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार कर 1 मई तक रिमांड पर लिया गया था।

हरमीत सिंह को छोड़ अन्य तीनों आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका था. अब पूछताछ पूरी होने के बाद हरमीत सिंह को भी 14 मई तक के लिए जेल भेज दिया गया है।

# कचरा रेमीडिएशन कार्य की धीमी प्रगति पर मूणत ने जताई नाराज़गी

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। रायपुर पश्चिम के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने आज नगर निगम रायपुर द्वारा सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति पर गहरी नाराज़गी जताई और संबंधित ठेकेदार एवं निगम अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 30 जून 2025 तक कार्य हर हाल में पूर्ण होना चाहिए, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में वहां पौधरोपण अभियान शुरू किया जा सके।



श्री मूणत ने कार्य की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि यह कार्य राजधानी के पर्यावरणीय संतुलन और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल अतिरिक्त मशीनें व संसाधन लगाकर कार्य की गति बढ़ाई जाए उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के अंत में श्री मूणत न कहा कि 30 जून की समय-सीमा सुनिश्चित रूप से अंतिम है, जिससे कि मानसून से पहले स्थल को पौधरोपण के लिए तैयार किया जा सके और रायपुर को स्वच्छ व हरित राजधानी बनाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके।

■ **कार्य 30 जून तक पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश**

इस अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप,पार्षद अर्जुन यादव, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त श्राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 की जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान, सहायक अभियंता श्री योगेश कडु, और कार्यकारी एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा. लि. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अस्पताल निर्माण के बहाने बंद किया आम रास्ता, पार्षद ने विरोध में खोला मोर्चा



**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के वार्ड क्रमांक-8 महात्मा गांधी वार्ड में बन रहा आईटीएसए अस्पताल शुरू होने के पहले ही विवादों में घिरता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, अस्पताल निर्माण के दौरान इसके ठीक पीछे लगी धरसा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रोड को बंद कर दिया गया है। ये रास्ता आम लोगों के लिए बरसों से खुला हुआ था, जिसे अब बंद कर यहां पर अस्पताल वालों ने अपना डीजी और विद्युत सप्लाई के लिए सिस्टम लगा दिया गया है। इसका विरोध वार्डवासी कर रहे हैं।स्थानीय पार्षद सावित्री भारत धीवर की अगुवाई में ये प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मामले में पार्षद सावित्री भारत धीवर का कहना है कि आने वाले 18 मई को इस अस्पताल का शुभारंभ होना है, लेकिन इस दौरान अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

■ **रायपुर में आईटीएसए अस्पताल के निर्माण के बहाने बंद किया आम रास्ता**

सरकार से भी गुहार लगाई जाएगी कि अगर सरकारी जमीन को दबाकर यह अस्पताल बनाया जा रहा है। अस्पताल को सेवा भाव के लिए जाना जाता है लेकिन यहां पहले ही जब लोगों की हक को मारा जा रहा है तो आगे ये हॉस्पिटल क्या सेवा प्रदान करेगा।

पार्षद का कहना है कि धरसा जमीन को यदि नहीं छोड़ा गया तो आंदोलन निश्चित ही होगा और साथ ही अस्पताल के शुभारंभ से पहले ही यहां गेट पर चक्काजाम और आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# 10वीं-12वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर-एसपी ने किया सम्मान

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने जिले के 10वीं-12वीं के मेरिट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। कलेक्टोरेट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थी अपने माता-पिता के साथ पहुंचे थे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विद्यार्थियों को मेडल, प्रेरणादायी पुस्तकें और चॉकलेट दिया तथा एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने उनके माता-पिता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।



10वीं परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में बी. साईं संजना और नमन कुमार ठाकुर ने छठवां, केतन साहू, खुशबू सेन और पूर्वी साहू ने आठवां, महक, योगिता वर्मा, बर्शा प्रियदर्शनी परिदा ने नौवां तथा राम सोनी, अंजलि साहू, नेहा चक्रधारी, काव्या वर्मा, दिव्या तिवारी और चित्रांश देवांगन दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में पल्लवी वर्मा ने छठवां, धनेश्वरी यादव और रूचिका साहू ने सातवां, कीर्ति यादव, कृष्ण कुमार पंजवानी और रूचि कल्याणी ने नौवां और भूमिका देवांगन ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आप सभी को बधाई, आपने मेरिट में जगह बनाई। अब आपको तय करना है कि भविष्य में आपको क्या बनना है। आज यहां बैठे सभी विद्यार्थियों को बहुत अच्छे नंबर मिले है। सभी कुछ प्वाइंट से आगे-पीछे है, आप आज यहां बैठे तो आप भविष्य में जहां चाहे अपनी जगह बना सकते है। आपने अपनी नींव मजबूत बनाई है, अब आगे भी सफलता हासिल करें।

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि जिले के 10वीं-12वीं के 21 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है।

अब आगे आपको जो विषय लेना है आप अपनी दिलचस्पी के साथ लें, कोई जोर-जबरदस्ती के साथ विषय सेलेक्ट न करें। आप सभी ने कुछ न कुछ सोच रखा होगा कि आपको भविष्य में क्या बनना है लेकिन इसमें अभी तीन से पांच साल का समय है इसलिए तनाव न लें। अपनी दिशा निर्धारित करें और टुकड़ों में योजना बनाकर उसपर काम करें। आप सभी मेहनत करते रहो, एक दिन आपको सफलता जरूर मिलेगी।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, जिला समन्वयक के एस पटले सहित स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सफल अधिकारी वही होता है जो संवाद कर समाधान तक पहुँचता है : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 9 मई(देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विभिन्न जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों का दौर जारी है जहाँ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ले रहे हैं। आज इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाज़ार के कलेक्टर-एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उन के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने ज़ोर दिया कि ज़िलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर-एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन



तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जन संवाद को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ है कि जो अधिकारी क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहते हैं, उन्हें जनसमस्याओं की गहरी समझ रहती है। एक सफल अधिकारी वही होता है, जो पहल करता है, संवाद करता है और समाधान तक पहुँचता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल की सुलभ एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मार्च 2026 तक तीन साल से अधिक लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निपटारा सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। लोगों को पक्का आवास देने की इस योजना के क्रियान्वयन में कोई कोताही ना बरती जाये। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधोसंरचना निर्माण कार्यों में आने वाली दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

**समाजवादी नेता रघु ठाकुर आज दुर्ग में**

**दुर्ग**, 9 मई (देशबन्धु)। लोकतांत्रित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। वे कल 10 मई को छत्तीसगढ़ में पार्टी के कार्यकर्ताओं, प्रेस व अन्य नागरिकों से सर्किट हाऊस में मुलाकात करेगें।



# भाजपा सरकार ने मनरेगा में मजदूरों के अवसर कम किए, कांग्रेस ने विरोध में किया प्रदर्शन

## जिला ग्रामीण कांग्रेस प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग**, 9 मई (देशबन्धु)। मनरेगा में मजदूरी के मानक दिवस को बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस करने की मांग को लेकर आज जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिले के ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस ग्रामीण ने चेतावनी दी है कि 14 मई तक मनरेगा के कार्यदिवस को बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस नहीं किया तो जिले के ग्रामीण किसान मजदूर झौहा टोकना धमेला लेकर कलेक्ट्रेट में 16 मई को जबर्दस्त प्रदर्शन करेगें।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया और वर्तमान वित्त वर्ष 25-26 में इसे और घटाकर 18 लाख मानव दिवस के सृजन का लक्ष्य दिवस दिया गया है। यह लक्ष्य ग्रामीण मजदूरों की आजीविका को प्रभावित करता है। जिले में सक्रिय मनरेगा मजूदरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण मात्र 10 हजार मजदूरों को ही मनरेगा के तहत कार्य मिल रहा है। अब इन मजदूरों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों को अपना घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों की ओर रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि यदि 14मई तक मनरेगा के मानव दिवस को बढ़ाकर 42 लाख दिवस न किया गया तो जिले के ग्रामीण मजदूर किसान अपनी मजदूरी का सामान झौआ टोकना इत्यादि लेकर कलेक्ट्रेट में जर्बदस्त धरना प्रदर्शन करेगें।

## कोसल के क्रांतिवीर का आज विमोचन

**रायपुर** 9 मई (देशबन्धु)। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल शनिवार 10 मई को कोसल के क्रांतिवीर पुस्तक का विमोचन करेंगे. विमोचन समारोह शाम 5. 30 बजे शंकर नगर, रायपुर स्थित उनके आवास (स्पीकर हाउस ) में आयोजित किया जाएगा। पुस्तक के लेखक महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू हैं. उनकी यह पुस्तक वर्ष 1857 के दौर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा में हुए क्रांतिकारियों के महान संघर्षों और बलिदानों पर केंद्रित है. इतिहास के उस दौर में दोनों राज्यों का यह इलाका कोसल प्रदेश के नाम से जाना जाता था। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में महासमुन्द की लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महासमुन्द के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और राजिम के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहेंगे.कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ इतिहासकार और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम करेंगे।

## महिलाओं द्वारा मायाराम सुरजन हॉल में संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर** 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पहली बार 36 महिलाओं द्वारा मायाराम सुरजन हॉल में संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तराना के अंतर्गत नवगीतिका के कार्यक्रम में 36 महिलाओं ने अपनी शानदार गायकी से सबका मन मोह लिया ।तराना के संस्थापक कैलाश छाबड़ा व नवगीतिका की संयोजक श्रीमती मनीषा नटाल के द्वारा ऐसे अनूठे कार्यक्रमों का आयोजन पहले भी किया जाता रहा है पर इस बार च्छत्तीसगढ़ की 36 स्वर लहरियां च्च नाम से जो कार्यक्रम हुआ वो अपने आप में ही निराला था जोकि छत्तीसगढ़ में पहली बार हुआ और जिसकी सभी श्रोतागण ने भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रोली सिंह जो कि मिसेज इंडिया 2025 और मिसेज छत्तीसगढ़ 2025 व रिचा पमनानी डायरेक्ट एस आई डी आई कॉलेज रहीं। उन्होंने भी कार्यक्रम को एक उत्कृष्ट मंच बताया जो कि महिलाओं के सशक्तिकरण का अदभुत माध्यम है ।कार्यक्रम की उद्घोषिका शाइनिंग श्वेता ने खूबसूरत अंदाज में दर्शकों को अंत तक कार्यक्रम में बांधे रखा।

## रिसाली महापौर ने केयर टेकर को फटकार लगाई

**भिलाईनगर**, 9 मई (देशबन्धु)। महापौर शशि सिन्हा ने सार्वजनिक शौचालय के केयर टेकर को जमकर फ्टकार लगाई। दरअसल उसके खिलाफ एच.एस.सी.एल. कालोनी मरोदा के नागरिकों ने शिकायत की है। नागरिकों का कहना था कि सुबह शौचालय समय पर नहीं खुलता। महापौर ने शिकायत को गंभीरता से ली। उन्होंने बिना देरी किए मौके पर ही केयर टेकर को तलब कर सुबह 5 बजे तक हर हाल में सार्वजनिक शौचालय खोलने निर्देश दी। महापौर ने जन स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दी कि शौचालय खुलने के समय को निर्धारित कर ठेकेदार को नोटिस देकर अवगत कराए। महापौर के वार्ड निरीक्षण में एम.आई.सी. अनिल देशमुख, पार्षद रेखा देवी, विनय नेताम, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार एवं नागरिक गण उपस्थित थे। वार्ड 18 भ्रमण के दौरान महापौर ने नहर किनारे हुए सौन्दर्यीकरण को भी देखा।

# 25 मवेशियों से भरी वाहन सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा**, 9 मई (देशबन्धु)। नवागढ़ पुलिस ने मवेशी तस्करी पर सख्त कार्रवाई करते हुए 25 मवेशियों को लेकर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश यादव उम्र 33 साल निवासी वार्ड क्र 04 नवागढ़ बजरंग दल के संयोजक / गौ सेवक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 मई के रात्रि करीबन 9 बजे इसे जरिये मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम गांगपुर निवासी राजू सतनामी ग्राम गांगपुर नहर पार खार में वाहन क्रमांक छ्त्त 07 छ्त्त 8676 में मवेशियों की तस्करी कर कत्लखाना ले जाने हेतु गाय, बछड़ा को भर रहा है की सूचना मिलने पर बजरंग दल / गौ सेवको के अन्य सदस्यों को सूचना के संबंध अवगत कराकर साथ लेकर ग्राम गांगपुर नहर पार खार जा रहे थे कि सामने से एक ट्रक आ रहा था जिसे रोकवाने पर उक्त वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुये नवागढ़ की ओर भागने लगा जिसका पीछा करते हुये नवागढ़ तक आए वाहन को रुकवाने का प्रयास किये फिर भी वाहन नवागढ़ से बेमेतरा की ओर तेज गति से भाग रहा था वाहन का पीछा करते हुये ग्राम खपरी तालाब के पास पहुंचे थे कि करीबन 01.30 बजे उक्त वाहन का सामने का टायर फट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया वाहन चालक एवं हेल्फर वाहन से कुद कर भाग रहा, जिसको दौड़ा कर पकड़े है जिनसे नाम पता एवं वाहन के संबंध में पुछने पर चालक अपना नाम 01. संगीत मधुकर पिता धन्नुलाल मधुकर उम्र 27 साल तथा हेल्फर शैलेन्द्र भारती पिता चरनुदास भारती उम्र 25 साल साकिनान साकिन पथर्रा थाना पुरानी मिलाई 03 जिला दुर्ग का रहने वाला बताये उक्त वाहन में ग्राम गांगपुर के राजू सतनामी के साथ मिलकर 25 नग मवेशी गाय बछड़ा को भरकर कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाना बताने पर हमलोग वाहन के ट्राला को देखे तो बाहन में गाय 13 नग, बैल 02 नग, बछड़ा 07 नग, बछिया 03 नग कुल 25 नग ठसा ठस बिना चारा पानी के कुरता पूर्वक भरा हुआ जिसमे से 01 गाय मृत हो गया है जिसकी सूचना पुलिस को देकर हमलोग उक्त आरोपी वाहन चालक एवं हेल्फर तथा मवेशी भरा हुआ ट्रक को लेकर थाना नवागढ़ आ रहे थे उसी समय रास्ते में पुलिस वाले मिला जिनके साथ थाना लेकर आए है। क्षतिग्रस्त वाहन क्रमांक छ्त्त 07 छ्त्त 8676 जिसमें 25 नग मवेशी भरा हुआ है जिसे थाना परिसर में खड़ा किये है उक्त आरोपियों द्वारा मवेशी (गाय, बछडा) को कत्लखाना ले जाने के लिए ठुसठुस कर बिना चारा पानी के कुरता पूर्वक भरकर परिवहन करते ले जा रहे थे जो पशुओं को ले जाने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाये जिस पर कार्यवाही चाहता हूं। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा छ.ग. कृषक पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4,6,10, पशुओ के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, पाये जाने से आरोगपीगणो के द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक अलील चंद को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया।

## कक्षा 8वीं के टिकेंद्र चंद्राकर 82.50 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में



**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। तर्रा विकासखंड पाटन अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारसी कक्षा आठवीं में टिकेंद्र चंद्राकर लोहारसी पिता का नाम सुशील चंद्राकर 82.50 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है समस्त शिक्षिकाओं और शिक्षक ने बच्चों उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

## आज नपा बेमेतरा कार्यालय भवन में समाधान शिविर

**बेमेतरा**, 9 मई। जिला बेमेतरा के समस्त नगरीय निकायों में सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई 2025 से 31 मई 2025 के मध्य कलस्टरवार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविरों के लिए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा समाधान शिविर के प्रभारी अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आज 9 मई को नगर पालिका बेमेतरा कार्यालय भवन में समाधान शिविर आयोजित है ।इस कलस्टर शिविर में 7 वार्डों के लोगों को वार्ड क्रमांक 08,09,10,11,12,13,14 उनकी आवेदन की समस्या का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण के बारे में बताया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती प्रभावती देवी



**भिलाईनगर**, 9 मई। वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व पार्षद कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर निवासी रंग बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती प्रभावती देवी का बुधवार को संध्या-4 बजे सेक्टर 9 चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में निधन हो गया। वह 76 साल की थी। पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास 126/। एचएससीएल कालोनी रुआंबाधा सेक्टर से शिवनाथ नदी मुक्ति धाम दुर्ग के लिए गुरुवार मई को सुबह 11 बजे निकली शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### श्रीमती मरियम्मा थॉमस



**भिलाईनगर**, 9 मई। आमदीनगर हुडको एमआईजी-1/500 निवासी श्रीमती मरियम्मा थॉमस का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रात: 10 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरूनगर के लिए निकलेगी। वे एमपी थॉमस की पत्नि एवं सींजू थॉमस, शिबू थॉमस, सी.बी. थॉमस की माता थी।

### भुवनलाल चंद्राकर



**दुर्ग**, 9 मई। सुनील न्यूज एजेंसी इंदिरा मार्केट के संस्थापक भुवनलाल चंद्राकर उम्र 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील एवं संजय चंद्राकर के पिता एवं योगेन्द्र चंद्राकर, विवेक चंद्राकर के दादा थे।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी पालिका का किया औचक निरीक्षण



**कुम्हारी**, 9 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में पहुंच कर आवश्यक जानकारी ली उन्होंने टैक्स वसूली की पर जोर देने कहा इसके अलावा कर्मचारी अधिकारीयो की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई और सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने अमृत मिशन के तहत कार्य मे देरी का कारण पूछा उन्होंने कहा कि अबतक कार्य अधूरा क्यों है जबकि इसे 25 मई तक पूर्ण हो जाना चाहिए था, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने ठेकेदार को आदेशित किया जाय उन्होंने नगर में पेयजल व्यवस्था को लेकर आ रही शिकायतों पर भी नाराजगी जताई।

- टैक्स वसूली की समीक्षा में पाया गया कि 70 प्रतिशत से अधिक टैक्स की वसूली हो रही है, जिसमें संपत्ति कर लगभग 60 प्रतिशत के करीब है। उपमुख्यमंत्री ने टैक्स वसूली पर जोर देते हुए कहा कि इस पर बेहतर तरीके से काम हो और आम लोगों को जागरूक किया जाए। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पालिका में स्टाफ की कमी की बात कही। उन्होंने मुख्य नगरपालिका को विभिन्न मुद्दों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण किया एवं इसे 30 मई तक पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निकाय के कार्य सुव्यवस्थित हों, शहर स्वच्छ और सुंदर बने और कार्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाए। इस मौके पर नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा , पार्षद लोकेश साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद अनुराग गुप्ता, पार्षद अश्वनी देशलहरे, मिथलेश यादव, अवधेश शुक्ला फिंगेश्वर साहू, पार्षद डिकेश पटेल, पार्षद प्रवीण राव एवं सुनील सिंह सहित पालिका के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## लगातार आंधी तूफान से जन जीवन हुआ प्रभावित

### धान की फसलों को पहुंच रहा नुकसान



**गुरुर**, 9 मई (देशबन्धु)। विकासखंड में विगत एक सप्ताह से शाम होते ही आंधी तूफान के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज आंधी तूफान के कारण एक ओर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ टूटकर गिरने लगे है। घरों व दुकानों में लगाए गए टीन शेड भी उखड़ने लगे हैं। कई स्थानों पर विद्युत खंभा, विद्युत तार को नुकसान पहुंच रहा है। तो दूसरी ओर तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने से ग्रीष्मकालीन धान की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके चलते किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ गुरुर तहसील क्षेत्र का अधिकतम तापमान 38 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। शाम होते ही तेज आंधी तूफान के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया है ।गुरुवार की रात्रि भी गुरुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ बारिश हुई। वही बीती रात्रि में भी आंधी तूफान व बारिश के कारण विकासखंड के ग्राम धोबनपुरी, पुरुर, कुलिया, अर्जुनी सोहपुर जैसे अन्य गांव मे धान की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की फसले पूरी तरह से तैयार हो गया है, ऐसे समय में अचानक तेज आंधी तूफान एवं बारिश होने के कारण धान की फसले जमीन में गिरने लगी है, जिसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा।

## तालाब में डूबकर बच्चे की मौत

**भिलाईनगर** । उतई थाना क्षेत्र के अंतर्गत 7 साल के नाबालिग की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। बच्चा शादी में शामिल होने आया था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने उतई नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया। पुलिस के मुताबिक, देवेश साहू के घर में शादी है। घर में आए मेहमान सुबह नहाने के लिए शीतला तालाब चले गए। जहां नहाने के दौरान मानस 7 वर्ष गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। स्थानीय लोग उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शादी वाले घर में मातम पसर गया। मौत से गुस्सा परिजनों और स्थानीय निवासियों ने उतई नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने आरोप लगाया किए कई बार पंचायत को तालाब की गहराई को लेकर आवेदन दिया गया था। यहां अवैध मुरूम खनन के चलते तालाब काफी गहरा हो गया था।

# आपसी विवाद में युवक की हत्या



**भिलाईनगर**, 9 मई (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमी का प्रेमिका के पिता साथ कल रात को वाद विवाद हो गया था। नाबालिग प्रेमी ने सिर पर डंडे से कई घातक वार कर हत्या कर दी। जामुल पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिला पुलिस प्रवक्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तवर ने बताया कि ग्राम मुडपार, नया बाजार चौक में नाबालिक रहता है पढ़ाई कर रहा है। 8 मई की रात 10.30 बजें अपने भाई को पोल्ट्री फार्म छोडकर वापस अपने घर आ रहा था। नया बाजार चौक मुडपार के पास सचिन यादव और नाबालिक में किसी बात को लेकर विवाद हो गयया। विवाद इतना बढ़ गया कि गंदी गंदी गालिया देने लगा। जान से मारने की धमकी देकर, डण्डे से सिर में मारकर चोट पहुचाया। मारपीट करने से नाबालिग के सिर में पीछे तरफ बाये गला, दाहिने हाथ की उंगली में चोट आया है। आक्रोशित नाबालिग ने सचिन यादव के हाथ से डंडा छीनकर सिर पर कई घातक वार कर दिए। सचिन यादव के बेहोश होकर गिरने के बाद घटनास्थल से चला गया। देर रात को जामुल थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर जामुल पुलिस ने सचिन यादव के खिलाफधारा 115(2)बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। परंतु घटना के संबंध में पूरी जानकारी नहीं दी। आज सुबह नया बाजार चौक में बॉडी पड़े होने की जानकारी जामुल पुलिस को प्राप्त हुई। इस पर जामुल पुलिस मौका स्थल पर पहुंची। मृतक की पहचान सचिन यादव के रूप में हुई। जिस पर तत्काल नाबालिग आरोपी को जामुल पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विधि से संघर्षरत आरोपी का मृतक का किसी बात को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। जिसके कारण मृतक सचिन यादव लंबे समय से नाराज था। इसी कारण से जिस जगह पर नाबालिग मिलता था उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था। परंतु कल रात को अपने भाई को पोल्ट्री फार्म छोड़कर घर लौट रहे नाबालिग से मृतक का आमना सामना हो गया। मृतक व नाबालिग का वीति रात्रि पुन: विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सचिन ने नाबालिक पर पहले हमला किया। आरोपी ने इस डंडे को छीन कर सचिन यादव पर कई घातक वार कर दिए। बेहोश होकर गिर जाने के बाद आरोपी फरार हो गया और जामुल थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज की। एएसपी पद्मश्री ने बताया कि नया बाजार चौक मुड़पार में सुबह प्रत्यक्ष दर्शियों के द्वारा बॉडी देखने के बाद जामुल पुलिस को सूचित किया। जामुल पुलिस के द्वारा मौका स्थल पहुंचकर विवेचना के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने नाबालिक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उससे पुछताछ कर रही है। बताया जा रहा है, कि हत्या मृतक का घर से कुछ दूरी पर हुई। घटना के दूसरे दिन मृतक के घर वालों को इसकी जानकारी हुई। मृतक पेश से डायवर का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया गया है। पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसी कैमरे की भी मदद ले सकती है।

## झपकी आने से ट्रक पलटी ड्राईवर की मौत, हेल्पर घायल

### रसमड़ा में एक बड़ा हादसा

**दुर्ग**, 9 मई (देशबन्धु) ।दुर्ग बायपा स में शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। बाफ्ना टोल प्लाजा के आगे रसमड़ा में ट्रक चालक को झपकी आई और ट्रक लेन से निकलकर पलटती गई। तीन से चार गुलाटी खाने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई और हेल्पर का हाथ टूट गया है जिसे अस्पताल ले जाया गया । हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट बंगाल के कोलकाता से नासिक के लिए एक ही ट्रांसपोट से दो ट्रक निकली थी ।दोनों ट्रकों में लोहे के प्लेट भरे हुए थे। भिलाई पहुंचने के बाद बायपास के आगे दूसरे ट्रक ड्राइवर ने ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 23 एफ8495 के चालक को चाय पीने के लिए रुकने कहा ।इस पर चालक ने कहा कि आगे ढाबे पर रुकता हूं आप लोग चाय पीकर आ जाओ। इसके बाद ट्रक कुछ दूरी पर पहुंची और चालक को झपकी आ गई। झपकी आने के बाद ट्रक अनबेलेंस हो गई। चूंकि ट्रक में लोहे के प्लेट भरे थे तो संभल नहीं पाया और तीन से चार बार पलटते हुए सड़क किनारे गहराई में गिर गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सीट पर फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला । ड्राइवर की मौत हो चुकी थी । वहीं हेल्पर का हाथ फ्रेक्चर हो गया ।मृतक चालक का नाम एमबी मुन्ना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को दुर्ग जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों व ट्रक के मालिक को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सीजीएमएससी घोटाला, 550 करोड़ के टेंडर में हेराफेरी

## ईओडब्लू की चार्जशीट से हुआ आरोपियों का खुलासा

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। सीजीएमएससी के अफसरों ने सिंडिकेट बनाकर 550 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसके लिए अपने करीबी मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शंशाक चोपड़ा को मेडिकल उपकरण और रिजेंट की आपूर्ति करने टेंडर में हेराफेरी की गई। अपनी रसूख का उपयोग अफसरों का तबादला रुकवाने और टेंडर फिक्सिंग की। इस खेल में अफसर भी शामिल थे।

**सीजीएमएससी के टेंडर में हेराफेरी:** अफसरों को कमीशन देने के लिए निर्धारित दरों से 16 गुना अधिक कीमतों पर उपकरण और रीएजेंट की आपूर्ति की। साथ ही 0ण्2 से लेकर 0.5 फीसदी तक अफसरों को कमीशन दिया। यह खुलासा ईओडब्ल्यू ने द्वारा विशेष न्यायालय में पेश किए गए 18000 पन्नों के चालान और केस डायरी में खुलासा किया गया है। चालान और केस डायरी में बताया गया है कि सीसीएमएससी के अधिकारियों ने सिंडीकेट बनाकर फर्जीवाड़ा किया। इस मामले में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन के गिरफ्तार अधिकारी बसंत कुमार कौशिकए क्षिरोद्र रौतियाए डॉ0 अनिल परसाई कमलकांत पाटनवार एवं दीपक कुमार बंधे और मोक्षित मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड के संचालक ध् पार्टनर शशांक चोपड़ा शामिल थे। उनके ठिकानों पर छापेमारी के दौरान बड़ी संया में लेनदेन के दस्तावेजए 9 मोबाइल 2 पेन ड्राइव और निविदा से संबंधित फाइलों को जब्त किया गया है।

**खरीदी में फर्जीवाड़ा:** मोक्षित कॉर्पोशन ने ब्लड सैंपल लेने वाली 1.50 से 8.50 रुपए में मिलने वाली ईडीटी ट्यूब 23.52 रुपए में आपूर्ति की। वहीं दूसरी कंपनी के उपकरणों और रीएजेंट को स्वयं का बताने के लिए अपना स्टीकर लगाया। अफसरों ने घोटाला करने पहले से उपलब्ध रीएजेंट और मशीनों को दोबारा खरीदा। यह पूरा खेल 26.27 दिनों में किया गया। इसकी आपूर्ति करने के बाद मशीनों को इंस्टाल ही नहीं किया।

कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने के कारण रीएजेंट खराब हो गए। आपूर्ति किए गए सामानों की वसूली भी बोगस बिलिंग का सहारा लिया गया।

**टेलर मेड बनवाया:** मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शंशाक चोपड़ा ने निविदा शर्तों को अपने अनुसार अधिकारियों से सांठगांठ कर टेलर मेड बनवाया। ताकि इस प्रतिस्पर्धा में अन्य कंपनियों को हटाकर स्वयं ही इसकी आपूर्ति कर सके। टेंडर स्क्रूटनी कमेटी के प्रमुख सदस्य एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बसंत कौशिक करीबी संबंधों के चलते शशांक के साथ सांठगांठ कर भ्रष्टाचार कर रहे थे।

# युद्ध के काले बादल के बीच पुलिस ने किया मॉकड्रिल




**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। आज को पुलिस लाईन रायपुर में आयोजित जनरल परेड के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा परेड की सलामी ली गई। जनरल परेड में जिला रायपुर के पुलिस राजपत्रित अधिकारी थाना लाईन यातायात डॉग स्वायड एम टी शाखा के अधिकारी कर्मचारी सहित विशिष्ट व्यक्तियों के निवास स्थल में लगे गार्ड कमाण्डर सम्मिलित थे।

सलामी पश्चात् जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण करने के साथ ही एम.टी शाखा के वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अच्छी वेश भूषा धारण करने वाले 33 अधिकारी कर्मचारी के उत्साहवर्धन के लिए पुरूस्कार एवं निर्धारित वेश भूषा संतोषजनक न पाये जाने वाले अधि ध्कर्म को

**जनरल परेड में अच्छी वेशभूषा के लिये शाबाशी**

चेतावनी दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा कम्पनी कमाण्डरों को आवश्यक दिशा निर्देश व समझाईश देने के साथ ही समस्त अधि कर्म को अनुशासित रहने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात् बिना किसी सूचना के कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने वाले 27 कर्मचारियों की ओ आर पेशी लिया जाकर प्रकरण का निराकरण भी पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में किया गया एवं 07 अधिकारियों कर्मचारियों की गुजारिश सुनी गयी। इसके साथ ही भारत एवं पाकिस्तान के मध्य युद्ध की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सिविल एक्शन टीम एस डी आर एफके द्वारा जनरल परेड में उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारियों को युद्ध के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियां जैसे . आपातकालिन सायरन बजने पर आगजनी की घटना घटित होने पर प्राथमिक उपचार घायलो की मदद करना एवं अन्य किसी भी कंटिन्जेसी से निपटने के लिये प्रशिक्षण दिया गया।

# हज यात्रा के नाम पर 32 लाख की ठगी



**मक्का-मदीना जाने के एन वक्त पर दिया धोखा**
**रायपुर में महाराष्ट्र के एजेंट पर एफआईआर दर्ज**

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। हज यात्रा के नाम पर रायपुर के एक परिवार समेत उनके परिचितों से 32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है राजेंद्र नगर थाना में इस संबंध में महाराष्ट्र के अकोला निवासी सैय्यद तनवीर उल्ला के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है पीड़ितों ने बताया कि आरोपी ने उन्हें मक्का.मदीना हज यात्रा पर भेजने का झांसा देकर पैसे और पासपोर्ट लिए थे लेकिन अंतिम समय में न तो यात्रा करवाई और न ही रकम या दस्तावेज लौटाए राजेंद्र नगर निवासी मोनिस बेग ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने पिताए मां और दो अन्य परिचितों के साथ हज यात्रा के लिए अल्फला टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक तनवीर से संपर्क किया था मोनिस के मुताबिक उन्होंने पिछले वर्ष 30 मार्च को तनवीर के खाते में 32 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे तनवीर खुद रायपुर आकर उनसे यह रकम लिया और 7 जून को हज यात्रा के लिए बुलाने की बात कही इसी दौरान उसने सभी लोगों के पासपोर्ट भी ले लिए मोनिस और उनके साथियों ने तय तारीख पर मुंबई पहुंचकर अपने खर्च पर एक होटल में ठहराव किया उन्होंने लगातार तनवीर से संपर्क बनाए रखा लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी न तो उनसे मिला और न ही कोई यात्रा सुनिश्चित कराई इसके बाद सभी को ठगी की आशंका हुई और वे रायपुर लौट आए लौटने के बाद तनवीर से जब पैसे और पासपोर्ट लौटाने की मांग की गई तो पहले वह टालमटोल करता रहा और बाद में कॉल रिसीव करना बंद कर दिया फिलहाल राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी तनवीर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# नशीली टेबलेट के साथ अंतरराज्यीय आरोपी समेत 2 गिरफ्तार



**नशे के खिलाफपुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी के थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे के अवैध कारोबार में लिप्त 2 लोगों को गिरफ्तार किया है इनमें एक अंतरराज्यीय आरोपी और एक विधि के साथ संघर्षरत किशोर शामिल ह पुलिस ने इन दोनों के कब्जे से कुल 1060 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट निट्राजपैम बरामद की जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 70,000 बताई जा रही है

**गुप्त सूचना पर पहुंची पुलिस टीम:** मामला तब सामने आया जब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को 6 मई को सूचना मिली कि भाठागांव के आछी तालाब के पास कुछ लोग प्रतिबंधित दवाएं बेचने की फिराक में हैं सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया

**संयुक्त टीम ने की घेराबंदी मौके पर पकड़े आरोपी:** पुरानी बस्ती थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध ढंग से घेराबंदी की और संदिग्ध हुलिए वाले दो व्यक्तियों को पकड़ा इनमें से एक ने अपना नाम मोहम्मद तबरेज ;22 वर्ष निवासी नुआपाड़ा ओडिशा बताया साथ ही एक किशोर भी पकड़ा गया जो विधि के साथ संघर्षरत बताया जा रहा ह

**नशीली टेबलेट के नहीं थे वैध दस्तावेज:** पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से निट्राजपैम टेबलेट की बड़ी खेप मिली जब उनसे दवा रखने या बेचने के वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके इसके बाद दोनों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज़ एक्ट की धारा 21बी के तहत गिरफ्तार कर लिया गया

**थाना पुरानी बस्ती में अपराध दर्ज:** गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफथाना पुरानी बस्ती में केस दर्ज किया गया है रायपुर पुलिस ने इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान का हिस्सा बताया है और नशा तस्करों के खिलाफसख्त कदम जारी रखने की बात कही है

## मादक पदार्थ गांजा ब्रिकी, दो युवक पकड़ाए



**रायपुर।** नशे के कारोबारों पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि महाराजबंद तालाब ठाकुर देव मंदिर के पास पुरानी बस्ती में एक नीले रंग का ई.रिक्शा के पीछे बैठे व्यक्ति उम्र करीबन 20 से 25 वर्ष दुबला पतलाएजो सफेद स्लेटी रंग का बंगाली व पजामा पहना है एवं सामने बैठे व्यक्ति उम्र करीबन 42 से 48 वर्ष जो मोटा है जो स्लेटी कलर का बंगाली एवं सफेद रंग का पजामा पहना है। जो अपने पास सफेद रंग के बोरी में मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा हैंएकि सुचना पर तत्काल वरिष्ठ कार्यालय को सुचना देकर गवाहो एवं सम्पूर्ण विवेचना कीट के रेड कार्यवाही हेतू घटना स्थल पर पहूंचा जहां मुखबिर द्वारा बताए दो व्यक्ति ई रिक्शा में बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किए किंतु पुलिस के तत्परता से भागने में असफल रहे। तलाशी दौरान आरोपियों के कब्जे से ई रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीजी 4922 में अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ कुल 05 किलो 136 ग्राम रखे मिला आरोपियों को गिरस्रार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# नेशनल लोक अदालत का आज आयोजन

**आपसी सुलह के जरिए होगा मामलों का निपटारा**

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 10 मई को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2025 की दूसरी नेशनल लोक अदालत होगी।

लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा. 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री.लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्ड पीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं।

इसके अलावा लोक अदालत में दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, कब्जे के आधार पर बंटवारा, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023) के अंतर्गत कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जावेगा।

# रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग में कार्यरत प्रशिक्षण अधिकारियों को मिली राहत



**हाईकोर्ट ने दिया स्थगन**

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग में वर्ष 2013 में नियुक्त हुए 507 प्रशिक्षण अधिकारियो को इनकी भर्ती के समय आरक्षण रोस्टर का पालन न किये जाने का हवाला देते हुए सेवा से निकालने के लिए 21 मार्च को आदेश जारी कर दिया था। इसके खिलाफ में प्रशिक्षण अधिकारियो ने उच्च न्यायालय की शरण ली। जज नरेश कुमार चंद्रवंशी ने 9मई को इस मामले की सुनवाई करते हुए स्टे प्रदान किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व में वर्ष 2021 को भी इसी विभाग को इसी विषय के 50 प्रशिक्षण अधिकारियो को सेवा से निकालने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिसकी पैरवी करते हुए फैजल अख्तर ने की थी।उच्च न्यायालय के एकल पीठ एवं युगल पीठ में इन प्रशिक्षण अधिकारियों के पक्ष में फैसला दिया था। जिससे इन 507 प्रशिक्षण अधिकारियों को फ़िलहाल बड़ी राहत मिली है। स्टे देते हुए जज ने संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग से व्यक्तिगत एफिडेविट प्रस्तुत करते हुए जारी आरोप पत्र के सन्दर्भ मे जवाब मांगा है साथ ही यह भी स्पष्ट करने कहा है कि नियुक्ति के समय जवाबदेही अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गयी है।

# कस्टम मिलिंग घोटाला, मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**सालभर से जेल में है बंद**

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में कस्टम मिलिंग घोटाला के आरोपी मनोज सोनी को ईडी और ईओडब्लू केस में हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। मनोज सोनी मार्कफेड के तत्कालीन एमडी हैं। छत्तीसगढ़ में 140 करोड़ रुपए का कस्टम मिलिंग घोटाला हुआ था।

कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर पहले ईडी फिर ईओडब्लू ने एफआईआर दर्ज की थी। तत्कालीन एमडी मनोज सोनी बीते एक साल से केंद्रीय कारागार रायपुर में बंद है। कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर पहले ईडी और फिर ईओडब्लू ने एफआईआर दर्ज की थी। हाईकोर्ट में मनोज सोनी की जमानत याचिका पर बीते 13,14 और 15 अप्रैल को जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की कोर्ट में लगातार सुनवाई हुई थी और 15 अप्रैल को जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी ईडी और ईओडब्लू के दोनों प्रकरणों में जमानत दे दी है

वर्ष 2022-23 में कस्टम मिलिंग के एवज में राइस मिलरों से प्रति चिंटल 20 रुपए कमीशन लेने के आरोप हैं मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी ने विपणन अधिकारी प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के माध्यम से रोशन चन्द्राकर को निर्देश दिया था कि केवल उन्हीं राइस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिनकी वसूली की राशि रोशन चन्द्राकर को प्राप्त हुई है। आयकर विभाग ने जब छापे की कार्रवाई के दौरान एक करोड़ छह लाख रुपए नकदी सहित लेन-देन के दस्तावेज सहित डिजिटल डिवाइस जब्त किया था।

# हिंद सेना के विजय के लिए किया हवन, मां बंगलामुखी से मांगा आशीर्वाद



**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते युद्ध तनाव के बीच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतीय सेना की सुरक्षा और विजय के लिए कामना को लेकर विशेष धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर आज खम्हारडीह स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में बंगलामुखी माता का हवन किया। सभी ने मंत्रोच्चारण के साथ माता से प्रार्थना की है कि इस हवन-पूजन की ऊर्जा हिंद सेना को मिले और पाकिस्तान को करारा जवाब मिले।

मंदिर के पुजारी डॉ स्वामी राजेश्वरानन्द ने बताया कि सेना को बल प्राप्त हो, इसके लिए बंगलामुखी माता का हवन किया जा रहा है। इसमें ब्रह्मास्त्र विद्या होती है।शत्रुओं को परास्त करने मंत्र होता है।इसके साथ जल, थल और वायु सेना की ताकत और प्रोत्साहन के लिए नियमित आदित्य विजय श्रोत का पाठ कर रहे हैं, जो भगवान श्री राम ने श्री लंका में विजय के लिए किया था। बंगलामुखी हवन-पूजन में लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को सम्मानपूर्वक प्रदर्शित करते हुए माता से सेना के लिए आशीर्वाद मांगा है। साथ ही सभी देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत होकर 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।हवन कुंड के सामने दीप जलाकर और मंत्रोच्चारण के साथ लोगों ने सेना की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता के लिए प्रार्थना की है।

कार्यक्रम में भाग ले रहे एक आयोजक ने कहा, च्च्हम यहां भारतीय जवानों की हिम्मत और साहस के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।यह अनुष्ठान हमारी एकजुटता और आस्था का प्रतीक है। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी देशभक्ति की भावना को मजबूती दी।रायपुर में इस प्रकार की गतिविधियां यह दर्शाती हैं कि देश के कोने-कोने में नागरिक सेना के साथ खड़े हैं, और हर रूप में उनका मनोबल बढ़ाने को तैयार हैं।

# पाकिस्तान फैला रहा अफवाह, किसी भी मैसेज को बिना जांचे न करें फॉरवर्ड: पुलिस

**रायपुर**, 9 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के करीब दो हफ्ते बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की जो अब भी जारी है भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान सोशल मीडिया पर अब अफवाह भी फैला रही है अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है रायपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सावधान रहें सोशल मीडिया पर खासकर भारतीय सेना से जुड़ी झूठी और भ्रामक खबरें फैलाई जा सकती हैं कृपया किसी भी मैसेज को बिना जांचे फॉरवर्ड न करें अगर कोई संदिग्ध जानकारी दिखे तो तुरंत भेजें रक्षा मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए पर पोस्ट किया है जिसमें लिखा है कि सभी मीडिया चैनलों डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्तियों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग से बचने की सलाह दी जाती है ऐसी संवेदनशील या स्रोत.आधारित जानकारी का खुलासा परिचालन प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है और जान को खतरे में डाल सकता ह कारगिल युद्ध 2611 हमले और रुकंधार अपहरण जैसी पिछली घटनाएं समय से पहले रिपोर्टिंग के जोखिमों को रेखांकित करती हैं

**केवल नामित अधिकारियों को होगी ब्रीफिंग की अनुमति:** पोस्ट में आगे लिखा है कि केबल टेलीविजन नेटवर्क संशोधन नियम 2021 के खंड 6;1 पी के अनुसार आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान केवल नामित अधिकारियों द्वारा आवधिक ब्रीफिंग की अनुमति है सभी हितधारकों से आग्रह किया जाता है कि वे राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतें

**क्या जम्मू एयरफोर्स बेस पर हुआ धमाका:** सोशल मीडिया पर जम्मू एयरफोर्स बेस पर विस्फोट के दावे किए जा रहे ह पुरानी तस्वीरें साझा कर बताया जा रहा है कि भारत में जम्मू एयरफोर्स बेस पर कई विस्फोट हुए हैं जबकि पीआईबी फैक्ट चेक की टीम का कहना है कि विस्फोट के दावे के साथ शेयर की जा रही तस्वीर अगस्त 2021 में काबुल एयरपोर्ट पर हुए धमाके की है

## रायपुर की गलियों में गूंजा पाकिस्तान मुर्दाबाद



**रायपुर।** जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले के विरोध में राजधानी रायपुर उबल पड़ी है। लोगों ने सेना के शौर्य और बलिदान को सैल्यूट करते हुए एक स्वर में पाकिस्तान के खिलाफअपना गुस्सा जाहिर किया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सड़कों पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों की गूंज सुनाई दी। खमतराई इलाके में लोगों ने पाकिस्तान के झंडे के साथ.साथ विरोध में पोस्टर लगाए और आतंकवाद के खिलाफ सरकार और सेना के कदमों का खुलकर समर्थन किया। रायपुर की बेटियों की आंखों में आंसू नहीं आग है। बेटियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि पाकिस्तान को उड़ा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों के सामने उनके पिताओं को गोली मारी गई यह क्षमा योग्य नहीं है। अब पाकिस्तान के लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं इसका कोई अर्थ नहीं बचता। बीजेपी नेता अमित साहू ने सरकार और सेना के कड़े जवाब को सराहनीय और आवश्यक बताया है। राजधानीवासियों ने एकजुट होकर अपने वीर जवानों को सलाम किया और पहलगाम में हुए कायराना हमले की तीव्र निंदा की। रायपुर के हर कोने में देशभक्ति की लहर साफदेखी जा सकती है। यह जनसैलाब बता रहा है कि भारत चुप नहीं बैठेगा।

# केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक ने 322 प्रकरणों के लिये 389 करोड़ के ऋण किए स्वीकृत




**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। अभिजीत सिंह कलेक्टर दुर्ग एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएॅ दुर्ग, विकास साहू सहायक संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं सचिव के रुप में एस.के.जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग उपस्थित थे।

बैठक में कुल 322 ऋण प्रकरणों का राशि 389.20 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 से 2027.28 कुल 33 समितियों के लिए राशि 38227.41 लाखए गन्ना फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 से 2027.28 के अंतर्गत 49 प्रकरणों में राशि 81.93 लाख, उद्यानिकी फसल केला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 के 2 प्रकरणों में राशि 7.28 लाख, उद्यानिकी फसल टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 अंतर्गत 8 प्रकरणों में राशि 4.34 लाख स्वीकृत की गई है।

गौपालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 के लिए नवीन के 54 प्रकरणों में राशि 97.70 लाख एवं नवीनीकरण के 129 प्रकरणों में 209.94 लाख, मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 के लिए नवीनीकरण के 03 प्रकरणों में 5.10 लाख, बकरीपालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 के 2 प्रकरणों में राशि 3.00 लाख तथा नवीनीकरण के 1 प्रकरण में 2.20 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025.26 के लिए नवीनीकरण के 2 प्रकरणों में राशि 4.40 लाख एवं नवीन कुक्कुट पालन हेतु 1 प्रकरण में 3.00 लाख रु. मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 7 प्रकरण में राशि 55.50 लाख, कर्मचारी आवास ऋण अंतर्गत 1 प्रकरण में राषि 19.00 लाख, कुक्कुट पालन नगद साख सीमा वर्ष 2025.26 के लिए नवीनीकरण अंतर्गत 2 प्रकरण में राषि 20.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीन के 2 प्रकरणों में राशि 10.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा पुन: स्वीकृति 8 प्रकरणों में राशि 40.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीनीकरण के 20 प्रकरणों में राशि 100.00 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति पश्चात पुष्टि हेतु 4 प्रकरणों में राशि 3.70 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति हेतु 8 प्रकरणों में राशि 19.50 लाख, स्वयं सहायता समूह एन.आर.एल.एम. अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 2.50 लाख, दीर्घावधि ट्रेक्टर ऋण अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 4.00 लाख की स्वीकृति दिया गया। बैठक में बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक एवं एस.पी.वाहने शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

# माइक्रोफाइनेंस चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर उड़ीसा से गिरफ्तार, जेल भेजा गया



■ 10 लाख से अधिक का गबन कर 8 साल से था फरार

**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)।चिटफण्ड के प्रकरण में माइकोफाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड के फरार डॉयरेक्टर को उड़िसा से गिरफ्तार किया गया।थाना पुलगांव ;चौकी जेवरा सिरसा के प्रकरण में लगभग 8 वर्ष से फरार था। अधिक ब्याज का प्रलोभन देकर दो निवेशकों से 10 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर आफिस बंद करने के बाद फरार हो गया था।

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जिला पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थिया रूखमणी बाई साहू पति स्व. दूजे राम साहू उम्र 55 साल साकिन ग्राम जेवरा सिरसा द्वारा चौकी स्मृति नगर में 18 मई 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि माइको फाइनेन्स लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा अधिक ब्याज देने और पैसा डबल होने की झांसा देकर वर्ष 2008 से लगातार उसके पति से 9 लाख 70 हजार रूपये एवं एक अन्य निवेशक से 50 हजार इस प्रकार दो निवेशकों से 10 लाख 20 हजार जमा कराकर धोखाधड़ी कर आफिस बंद कर भाग गये थे।

थाना पुलगांव ;चौकी जेवरा सिरसा में धारा 420, 409 भा.दवि, 3,4,5 चिटफण्ड एवं धन परिचालन पाबंदी अधिनियम 1978 छ.ग. निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10' माइकोफाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड का डॉयरेक्टर दुर्गा प्रसाद मिश्रा, बैकुंठनाथ पटनायक, सुरथा दास, अशोक कुमार पटनायक, बिजोय कुमार राउत्रे के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगण अपराध का यमी के पूर्व से ही फरार हो गए थे।चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार डायरेक्टरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आर.ओ.सी. से प्राप्त जानकारी के आधार पर कम्पनी के डॉयरेक्टर की पतासाजी हेत एक टीम उड़िसा भेजा गया। टीम व्दारा उड़िसा से माइक्रो फाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड कम्पनी के डा यरेक्टर सुरथा दास को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड में भेजा गया है। शेष फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

नगर निगम वित्त एवं लेखा समिति की बैठक

# कर्मचारियों को 15 दिनों के भीतर उपादान राशि का भुगतान करने का प्रस्ताव पारित



**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर निगम की वित्त लेखा एवं अंकेक्षण स्थाई समिति की बैठक में नगर निगम के कर्मचारियों की उपादान राशि का भुगतान 15 दिनों में करने का प्रस्ताव पारित कर अधिकारियों को निर्देश दिये गये।एक अन्य प्रस्ताव में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत निजी तालाबों के स्वामित्व को लेकर एक समिति गठित किये जाने पर भी विचार किया। बैठक की अध्यक्षता वित्त लेखा एवं अंकेक्षण प्रभारी नरेन्द्र बंजारे ने की।

बैठक में कहा गया कि दुर्ग शहर में जितने भी निजी तालाब है उनके स्वामित्व को लेकर एक सूची बनाकर समिति का गठन किया जाये। बैठक में नगर निगम कर्मचारियों की उपादान को लेकर भी समीक्षा की। उन्होनें कर्मचारियों का सूची का अध्ययन करने के बाद अधिकारियों को कहा कि सूची में जितने भी नाम दर्ज है उन्हें 15 दिनों के भीतर उपादान की राशि का 15 दिनों के भीतर किस्तों में भुगतान करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बजट से संबंधित अपने दस्तावेज के लेखा वित्त विभाग में जमा करें।

बैठक में समिति के सदस्यगण डॉ. देवनारायण तांडी, विजयंत पटेल, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, अब्दुल खालिक, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, साजन जोसेफ, हिरौंदी चंदानिया, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, योगेन्द्र वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहें।

# भाजपा सरकार ने मनरेगा में मजदूरों के अवसर कम किए, कांग्रेस ने विरोध में किया प्रदर्शन

## जिला ग्रामीण कांग्रेस प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। मनरेगा में मजदूरी के मानक दिवस को बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस करने की मांग को लेकर आज जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिले के ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस ग्रामीण ने चेतावनी दी है कि 14 मई तक मनरेगा के कार्यदिवस को बढ़ाकर 42 लाख मानव दिवस नहीं किया तो जिले के ग्रामीण किसान मजदूर झौहा टोकना धमेला लेकर कलेक्ट्रेट में 16 मई को जबर्दस्त प्रदर्शन करेगें।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया और वर्तमान वित्त वर्ष 25-26 में इसे और घटाकर 18 लाख मानव दिवस के सृजन का लक्ष्य दिवस दिया गया है। यह लक्ष्य ग्रामीण मजदूरों की आजीविका को प्रभावित करता है।जिले में सक्रिय मनरेगा मजूदरों की संख्या ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांव-गांव पहुंच रहा सुशासन तिहार का लाभ

जल संरक्षण और बाल विवाह रोकथाम की दिलाई शपथ



**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर जनपद पंचायत दुर्ग के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मचांदुर में आयोजित किया गया।

शिविर में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिखाया है।दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 14 गांवों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है जहां आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।यह सब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के कारण संभव हो पाया है। इस दौरान उन्होंन एकेच गोठ, एकेच बानी बूंद.बूंद बचाबो पानी थीम के तहत जल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि 8 से 11 मई तक जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आम जनता से आवेदन लिए गएए जिसका निराकरण कर विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने.अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी मंच से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# झपकी आने से ट्रक पलटी ड्राईवर की मौत, हेल्पर घायल

रसमड़ा में हादसा

**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। दुर्ग बायपा स में शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई।बाफ्ना टोल प्लाजा के आगे रसमड़ा में ट्रक चालक को झपकी आई और ट्रक लेन से निकलकर पलटती गई। तीन से चार गुलाटी खाने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई और हेल्पर का हाथ टूट गया है जिसे अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार वेस्ट बंगाल के कोलकाता से नासिक के लिए एक ही ट्रांसपोट से दो ट्रक निकली थी।दोनों ट्रकों में लोहे के प्लेट भरे हुए थे।भिलाई पहुंचने के बाद बायपास के आगे दूसरे ट्रक ड्राइवर ने ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 23 एफ8495 के चालक को चाय पीने के लिए रुकने कहा।इस पर चालक ने कहा कि आगे ढाबे पर रुकता हूं आप लोग चाय पीकर आ जाओ। इसके बाद ट्रक कुछ दूरी पर पहुंची और चालक को झपकी आ गई।

झपकी आने के बाद ट्रक अनबेलेंस हो गई। चूंकि ट्रक में लोहे के प्लेट भरे थे तो संभल नहीं पाया और तीन से चार बार पलटते हुए सड़क किनारे गहराई में गिर गई।हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सीट पर फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला।ड्राइवर की मौत हो चुकी थी।वहीं हेल्पर का हाथ फ्रेक्चर हो गया।मृतक चालक का नाम एमबी मुन्ना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को दुर्ग जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों व ट्रक के मालिक को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पोलसाय तालाब के किनारे के अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश

निगम का सफाई अभियान : महापौर ने किया गली-गली निरीक्षण




**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। महासफाई अभियान के अंतर्गत आज महापौर अलका बाघमार ने संतराबाड़ी और पोलसाय पारा वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलसाय तालाब के किनारे के अवैध अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही सड़क किनारे यातायात को बाधित कर रखे गये बांस बल्ली को हटवाने के निर्देश दिये।उन्होंने सड़क किनारे रखे गये बिल्डिंग वेस्ट मटेरियल रखने वालों से जुर्माना वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने वाली के नालियों के ऊपर किये गये अवैध कब्जों को जेसीबी चलाने के निर्देश दिये।महापौर ने संतराबाड़ी में पाईप लाईन लिकेज को तत्काल सुधारने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा महासफाई अभियान आज भी जारी रहा। इसके तहत आज महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 26 संतराबाड़ी और वार्ड 27 पोलसाय पारा की विभिन्न गलियों का निरीक्षण किया। यहां के रहवासियों की समस्याएं सुनी और प्रत्यक्ष देखकर उनके निराकरण का भरोसा दिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के पूर्व शहर के सभी वार्डो में जाम नालियों के जलभराव की समस्या को दूर करने गंदे पानी की निकासी के प्रबंध का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने नालों की तल से सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# अपनी तबाही से पाकिस्तान सबक लेकर आतंकवादियों का खुद ही सफाया करें : रौनक जमाल



**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)।साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल ने आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिये जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि पाकिस्तान को अब इससे सबक सीखना चाहिए।अपने देश से उसे आतंकवादियों का सफाया कर अपने देश की भलाई के लिये कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भी पाकिस्तान ने सबक नहीं सीखा तो पाकिस्तानी जनता विद्रोह कर देगी।

उर्दू साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकी अड्डों पर हमला करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। पूरा देश इस कदम का स्वागत कर रहा है।उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस क्रूरता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# समाजवादी नेता रघु ठाकुर आज दुर्ग में

**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। लोकतांत्रित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर है।वे कल 10 मई को छत्तीसगढ़ में पार्टी के कार्यकर्ताओं, प्रेस व अन्य नागरिकों से सर्किट हाऊस में मुलाकात करेगें।

# 12 को बुद्ध विहार में बुद्ध जयंती पर अनेक कार्यक्रम

**दुर्ग,** 9 मई (देशबन्धु)। बुद्ध विहार में तथागत भगवान की 25 सौ 87 वीं जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ 12 मई को मनाई जायेगी। इसके अंतर्गत सुबह 10 बजे से शाम तक विविध धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेगें।शाम साढ़े 6 बजे केंडल मार्च निकाला जायेगा। यह जानकारी देते हुए बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े एवं सचिव अशोक मडामे ने दी। उन्होंने समस्त बौद्ध आम्बेडकर अनुयाइयों से 12 मई के कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

श्री बागड़े ने बताया कि 12 मई को सुबह 9 बजे पंचशील ध्वजारोहण के पश्चात साढ़े 9 बजे डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। पश्चात सुबह बजे सामूहिक बुद्ध धम्म संघ वंदना होगी।

शाम को साढ़े 6 बजे से बुद्ध विहार से कैंडिल मार्च निकाला जायेगा। केंडल मार्च भाटिया नर्सिंग होम से अग्रसेन चौक ग्रीन चौक, से आईएमए चौक से ओम परिसर से होते हुए गुप्ता नर्सिंग से होते हुए आर्य नगर पानी टंकी से होते हुए बुद्ध विहार पहुंचकर समापन किया जायेगा।शाम 7 बजे से डॉ. आम्बेडकर की जयंती पर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार दिये जायेगें। शाम साढ़े 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक भंते प्रियदर्शी का प्रवचन होगा।

# नवागढ पुलिस ने 25 मवेशियों से भरी वाहन सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ दो नग मोबाईल, एक बाईक जुमला कीमती करीबन 6 लाख बरामद



**बेमेतरा,** 9 मई (देशबन्धु)। नवागढ़ पुलिस ने मवेशी तस्करी पर सख्त कार्रवाई करते हुए 25 मवेशियों को लेकर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश यादव उम्र 33 साल निवासी वार्ड क्र 04 नवागढ़ बजरंग दल के संयोजक / गौ सेवक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 मई के रात्रि करीबन 9 बजे इसे जरिये मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम गांगपुर निवासी राजू सतनामी ग्राम गांगपुर नहर पार खार में वाहन क्रमांक CG 07 CG 8676 में मवेशियों की तस्करी कर कत्लखाना ले जाने हेतु गाय, बछड़ा को भर रहा है की सूचना मिलने पर बजरंग दल / गौ सेवको के अन्य सदस्यों को सूचना के संबंध अवगत कराकर साथ लेकर ग्राम गांगपुर नहर पार खार जा रहे थे कि सामने से एक ट्रक आ रहा था जिसे रोकवाने पर उक्त वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुये नवागढ़ की ओर भागने लगा जिसका पीछा करते हुये नवागढ़ तक आए वाहन को रुकवाने का प्रयास किये फिर भी वाहन नवागढ़ से बेमेतरा की ओर तेज गति से भाग रहा था वाहन का पीछा करते हुये ग्राम खपरी तालाब के पास पहुंचे थे कि करीबन 01.30 बजे उक्त वाहन का सामने का टायर फट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया वाहन चालक एवं हेल्फर वाहन से कुद कर भाग रहा, जिसको दौड़ा कर पकड़े है जिनसे नाम पता एवं वाहन के संबंध में पुछने पर चालक अपना नाम 01. संगीत मधुकर पिता धन्नुलाल मधुकर उम्र 27 साल तथा हेल्फर शैलेन्द्र भारती पिता चरनुदास भारती उम्र 25 साल साकिनान साकिन पथर्रा थाना पुरानी मिलाई 03 जिला दुर्ग का रहने वाला बताये उक्त वाहन में ग्राम गांगपुर के राजू सतनामी के साथ मिलकर 25 नग मवेशी गाय बछड़ा को भरकर कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाना बताने पर हमलोग वाहन के ट्राला को देखे तो बाहन में गाय 13 नग, बैल 02 नग, बछड़ा 07 नग, बछिया 03 नग कुल 25 नग ठसा ठस बिना चारा पानी के कुरता पूर्वक भरा हुआ जिसमे से 01 गाय मृत हो गया है जिसकी सूचना पुलिस को देकर हमलोग उक्त आरोपी वाहन चालक एवं हेल्फर तथा मवेशी भरा हुआ ट्रक को लेकर थाना नवागढ़ आ रहे थे उसी समय रास्ते में पुलिस वाले मिला जिनके साथ थाना लेकर आए है। क्षतिग्रस्त वाहन क्रमांक छ्त्र 07 छ्त्र 8676 जिसमें 25 नग मवेशी भरा हुआ है जिसे थाना परिसर में खड़ा किये है उक्त आरोपियों द्वारा मवेशी (गाय, बछडा) को कत्लखाना ले जाने के लिए ठुसठुस कर बिना चारा पानी के कुरता पूर्वक भरकर परिवहन करते ले जा रहे थे जो पशुओं को ले जाने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाये जिस पर कार्यवाही चाहता हूं। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा छ.ग. कृषक पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4,6,10, पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, पाये जाने से आरोगपीगणो के द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्व आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक अलील चंद को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में घटना में प्रयुक्त उक्त टाटा ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजी 8676 में भरे कूल 25 नग मवेशी (जिसमें 13 नग गाय, 02 नग बैल, 07 नग बछड़ा, 03 नग बछिया) कुल कीमती करीबन 1,00,000/- रूपये एवं दो नग मोबाईल कीमती करीबन 7,000/- रूपये, मोटर सायकल कुल जुमला किमती 607000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

# पोस्ट आफिस में एटीएम नहीं होने से लोग परेशान

**भिलाईनगर**, 9 मई (देशबन्धु)। पोस्ट ऑफिस में एटीएम सुविधा न होने से कई लोगों को परेशानी हो रही है। खासकर उन लोग जो सेवानिवृत्त हो चुके है अथवा ग्रामीण व दूर-दराज के इलाकों में रहते हैं या जिन्हे कठिनाई हो रही है। कुछ लोग एटीएम के माध्यम से लेनदेन करते हैं, लेकिन पिछले कुछ माह से पोस्ट आफिस में एटीएम नही होने से लोगों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर बस्तुस्थिति की जानकारी लेनी चाहिए तो उनका एक ही जवाब होता है, अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। सेवानिवृत्त होने के बाद कई लोगों ने जमा पुंजी पोस्ट आफिस में जमा करा थी है। जिससे उन्हें जो हर माह पोस्ट आफिस में जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज की राशि को अपने घर के समीप एटीएम से राशि निकाल लेते थे। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में पोस्ट आफिस से जारी किये गये एटीएम की समय अवधि पुरी हो जाने के बाद उसकी उपयोगीता समाप्त हो चुकी है। जिससे उपभोक्ता एटीएम का उपयोग नही कर पा रहे है। एटीएम नही होने से लोगों को अब एक पोस्ट आफिस से दूसरे पोस्ट आफिस जाकर विड्रल फार्म के माध्य से अपनी जमा राशि को निकालने के लिये बाध्य हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम की कमी के कारण,लोगों को अपने पैसे निकालने के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है। जिससे उनकी यात्रा और खर्च में वृद्धि होती है। पोस्ट ऑफिस में एटीएम की सुविधा लोगों को सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने में उद्देश्य से जारी किया गया था। किन्तु अब लोगों के लिये यह मुसिबत बन गई है। पोस्ट ऑफिस में एटीएम की सुविधा न होने से कई बुजुर्ग लोगों को फार्म भरने के लिये दूसरो का सहारा लेना पड़ रहा है। जिसके कारण वे ठगी का शिकार हो सकते है। बताया गया है कि पोस्ट ऑफिस में एटीएम की सुविधा स्थापित करके सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना चाह रही है। लोगों ने बताया कि फरवरी से पोस्ट आफिस में के एटीएम उपयोक्ताओं को एटीएम बंद है चुका है। इंडिया पोस्ट के नोटिफिकेशन के मुताबिक जिन बचत खाताधारकों ने 31 जनवरी तक एटीएम को ठीक न नहीं किए तो उनका मौजूदा मैग्नेटिक एटीएम कार्ड 1 फरवरी से बंद से बंद कर दिया गया है। इस संबंध में पीडित लोगों ने शासन से मांग की है,कि उन्हें शीघ्र एटीएम कार्ड उपलब्ध करवाये।




# आपसी विवाद में युवक की हत्या



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमी का प्रेमिका के पिता साथ कल रात को वाद विवाद हो गया था। नाबालिग प्रेमी ने सिर पर डंडे से कई घातक वार कर हत्या कर दी। जामुल पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिला पुलिस प्रवक्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तवर ने बताया कि ग्राम मुडपार, नया बाजार चौक में नाबालिक रहता है पढ़ाई कर रहा है। 8 मई की रात 10.30 बजें अपने भाई को पोल्ट्री फार्म छोडकर वापस अपने घर आ रहा था। नया बाजार चौक मुडपार के पास सचिन यादव और नाबालिक में किसी बात को लेकर विवाद हो गयया। विवाद इतना बढ़ गया कि गंदी गंदी गालिया देने लगा। जान से मारने की धमकी देकर, डण्डे से सिर में मारकर चोट पहुचाया। मारपीट करने से नाबालिग के सिर में पीछे तरफ बाये गला, दाहिने हाथ की उंगली में चोट आया है। आक्रोशित नाबालिग ने सचिन यादव के हाथ से डंडा छीनकर सिर पर कई घातक वार कर दिए। सचिन यादव के बेहोश होकर गिरने के बाद घटनास्थल से चला गया। देर रात को जामुल थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर जामुल पुलिस ने सचिन यादव के खिलाफ धारा 115(2)बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। परंतु घटना के संबंध में पूरी जानकारी नहीं दी। आज सुबह नया बाजार चौक में बॉडी पड़े होने की जानकारी जामुल पुलिस को प्राप्त हुई। इस पर जामुल पुलिस मौका स्थल पर पहुंची। मृतक की पहचान सचिन यादव के रूप में हुई। जिस पर तत्काल नाबालिग आरोपी को जामुल पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विधि से संघर्षरत आरोपी का मृतक का किसी बात को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। जिसके कारण मृतक सचिन यादव लंबे समय से नाराज था। इसी कारण से जिस जगह पर नाबालिग मिलता था उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था। परंतु कल रात को अपने भाई को पोल्ट्री फार्म छोड़कर घर लौट रहे नाबालिग से मृतक का आमना सामना हो गया। मृतक व नाबालिग का वीति रात्रि पुनः विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सचिन ने नाबालिक पर पहले हमला किया। आरोपी ने इस डंडे को छीन कर सचिन यादव पर कई घातक वार कर दिए। बेहोश होकर गिर जाने के बाद आरोपी फरार हो गया और जामुल थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज की। एएसपी पद्मश्री ने बताया कि नया बाजार चौक मुड़पार में सुबह प्रत्यक्ष दर्शियों के द्वारा बॉडी देखने के बाद जामुल पुलिस को सूचित किया। जामुल पुलिस के द्वारा मौका स्थल पहुंचकर विवेचना के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने नाबालिक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उससे पुछताछ कर रही है। बताया जा रहा है, कि हत्या मृतक का घर से कुछ दूरी पर हुई। घटना के दूसरे दिन मृतक के घर वालों को इसकी जानकारी हुई। मृतक पेश से डायवर का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया गया है। पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसी कैमरे की भी मदद ले सकती है।

## नान फाइनेंशियल अवार्ड रोके जाने पर यूनियन ने जताई नाराजगी



**ष्भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। इंटक के पदाधिकारियो की बैठक में संयंत्र के एचआरडीसी विभाग द्वारा ट्रेनीज का 2024 का नान फाइनेंशियल अवार्ड रोके जाने पर यूनियन ने नाराजगी व्यक्त की एवं जल्द से जल्द इन्हें अवार्ड देने की मांग बैठक में की गई है। यूनियन नेताओं ने कहा कि इंटक यूनियन के लगातार प्रयास से 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक के लिए नान फाइनेंशियल अवार्ड शुरू किया गया था। जिसके तहत सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए विभाग को फंड अलाट किया गया। लगभग सभी विभाग में इस राशि से गिफ्ट खरीद कर कर्मचारियों को दिया गया है । लेकिन उस दौरान एचआरडीसी में लगभग 145 ट्रेनीज थे। जिनके लिए प्रबंधन ने फंड भी अलॉट किया लेकिन लगभग 1 साल बीतने के बाद भी एचआरडीसी डिपार्टमेंट इन ट्रेनिज को नान फाइनेंशियल अवार्ड के तहत गिफ्ट देने के लिए प्रपोजल मूव नहीं किया जिसके कारण से इन ट्रेनीज को फंड अलाट होने के बाद भी कोई गिफ्ट नहीं मिला है। बैठक में महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उप महासचिव धनेश प्रसाद, शिव शंकर सिंह, वरिष्ठ सचिव राजकुमार, जी.के.अग्रवाल रेशम राठौर, सचिव ताम्रध्वज सिन्हा आदि उपस्थित थे ।

## मेरिट में आए बालिका रिहा का समाज ने किया सम्मान



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारियों ने दसवीं बोर्ड में मेरिट लिस्ट में 7 वां स्थान प्राप्त करने वाली भिलाई की मेधावी बालिका कु. रिहा देवांगन के श्यामनगर रिसाली स्थित घर पर जाकर गुलदस्ता श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर उसका सम्मान किया और बधाईयां दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन के साथ उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, टेसू राम देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कु. रिहा देवांगन ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 10वीं बोर्ड की मेरिट लिस्ट में 7 वां स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया है। वह सेजस रिसाली की छात्रा है। उसके पिता उत्तम देवांगन ई रिक्शा चलाते हैं और मां अनिता गृहणी है। वह मैथ्स लेकर आई टी सेक्टर में अपना कैरियर बनाना चाहती है। इसके साथ ही नगपुरा, दुर्ग की वैष्णवी देवांगन ने दसवीं बोर्ड में मेरिट में 6वां, बलौदाबाजार के दिव्यांश देवांगन ने 10वीं बोर्ड में मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान तथा 12 वीं बोर्ड में जांजगीर की खुशी देवांगन ने मेरिट में 9 वां एवं रायपुर की भूमिका देवांगन ने 10 वां स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि कि इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बड़ी संख्या में देवांगन समाज की बेटे-बेटियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सामाजिक समारोह में देवांगन समाज के इन मेधावी बालक-बालिकाओं का सार्वजनिक सम्मान एवं अभिनन्दन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज के जरूरत मंद मेधावी बच्चों को आगे पढ़ाई करने के लिए यथासंभव मदद की जाएगी। इसके लिए प्रदेश स्तर पर सभी मेधावी बच्चों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## तालाब में डूबकर बच्चे की मौत


**भिलाईनगर** । उतई थाना क्षेत्र के अंतर्गत 7 साल के नाबालिग की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। बच्चा शादी में शामिल होने आया था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने उतई नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया। पुलिस के मुताबिक, देवेश साहू के घर में शादी है। घर में आए मेहमान सुबह नहाने के लिए शीतला तालाब चले गए। जहां नहाने के दौरान मानस 7 वर्ष गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। स्थानीय लोग उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शादी वाले घर में मातम पसर गया। मौत से गुस्सा परिजनों और स्थानीय निवासियों ने उतई नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने आरोप लगाया किए कई बार पंचायत को तालाब की गहराई को लेकर आवेदन दिया गया था। यहां अवैध मुरूम खनन के चलते तालाब काफी गहरा हो गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है।

## भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा में सोनाक्षी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक आरईडी प्रोसेनजीत दास तथा श्रीमती इरा दास की सुपुत्री कु. सोनाक्षी दास ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर पश्चिम बंगाल राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। श्रीमती इरा दास बर्णपुर रिवरसाइड स्कूल में अध्यापिका हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धी पर संयंत्र सामूहिक ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए उत्तम भविष्य कि कामना कि है। लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल आसनसोल की छात्रा रही सोनाक्षी ने अपने समग्र प्रदर्शन में गणित को छोड़कर सभी विषयों में 99 अंक प्राप्त किए, जबकि गणित में उन्हें 97 अंक प्राप्त हुए। यह उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी उन्होंने आईसीएसइ कक्षा 10वीं परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया था। इन दोनों अवसरों पर उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा सराहा गया। आईएससी परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा के पश्चात पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें औपचारिक प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2023 में कोलकाता में आयोजित राज्य स्तरीय टॉपर सम्मान समारोह में भी सोनाक्षी को आमंत्रित किया गया था, जहां उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार तत्कालीन निदेशक प्रभारी दुर्गापुर बी.पी. सिंह द्वारा प्रदान किया गया था। शैक्षणिक उपलब्धियों के अतिरिक्त, सोनाक्षी दास लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल की छात्र परिषद की सक्रिय सदस्य रही हैं और विभिन्न छात्र गतिविधियों तथा आयोजनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाती रही हैं। एक प्रभावशाली वक्ता और वाद.विवाद में निपुण छात्रा के रूप में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वाद.विवाद जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है।

## डॉ. शर्मा कला संस्कृति विधाओं से रूबरू



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। देश के प्रथम अभिव्यक्ति गढ़ के रूप में प्रसिद्ध भोपाल के भारत भवन की 43 वीं वर्षगांठ पर भिलाई के साहित्य संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने विशेष उपस्थिति दी। यहां उन्हें देश दुनिया की अनेक कला संस्कृति विधाओं से रूबरू होने का अवसर मिला। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि उन्हें तब अधिक खुशी और गौरव हुआ कि यहाँ भी छत्तीसगढ़ छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट अवार्डी छाई बाई झारा के साथ उनकी टीम में ओनामा झारा, कृष्ण झारा, देवना झारा एवं दयालाल झारा आदि लोगों को पीतल स्टिंग सिखा रहे हैं। मिट्टी पीतल की मूर्ति बनाने वाले ये कलाकार रायगढ़ जिले से हैं। आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने सबसे मिलकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां निमाड़ी, बुंदेली और बघेली के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोकनृत्यों का मंचीय प्रदर्शन भी देखा। लेखक अक्षय गुप्ता ने बताया कि पुराण गाथाएं माइथोलॉजी नहीं सत्यलॉजी हैं। यहां सातवें लिटरेचर एवं आर्ट फेस्टिवल के 60 सत्रों में अर्थशास्त्रियों, इतिहासविदों, पर्यावरणविदों और कलाकारों से साहित्यकारों ने संवाद किये। कालिदास के ष्ऋतु संहार पर आधारित नाटक संवत्सर कथा की प्रस्तुति पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में हुई। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि रवीन्द्र भवन, हिंदी भवन और संस्कार भारती आदि में रोचक रंगमंचीय कार्यक्रम लगातार देखे। कालिदास, आद्य शंकराचार्य, आनन्द मठ और स्वामी विवेकानन्द पर एकाग्र फिल्में भी रोचक और ज्ञानवर्धक थीं।

## महाराणा प्रताप जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष को भेंट की तलबार



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया।

इस अवसर पर क्षत्रिय समाज की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए दया सिंह ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का स्मरण कर डॉ. रमन सिंह को प्रतीक स्वरूप एक शौर्य तलवार भेंट की। इस दौरान डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह का भी सम्मान किया गया। डॉ.रमन सिंह ने भी महाराणा प्रताप की वीरता को नमन करते हुए युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह, अजीत सिंह, शैलेन सिंह, संजय सिंह राठौर, माधव सिंह, सुनील सिंह, अतीन्द्र सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, मंगल सिंह, अभिषेक सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

## रिसाली महापौर ने केयर टेकर को फटकार लगाई



**भिलाईनगर**, 9 मई (देशबन्धु)। महापौर शशि सिन्हा ने सार्वजनिक शौचालय के केयर टेकर को जमकर फटकार लगाई। दरअसल उसके खिलाफ एच.एस.सी.एल. कालोनी मरोदा के नागरिकों ने शिकायत की है। नागरिकों का कहना था कि सुबह शौचालय समय पर नहीं खुलता। महापौर ने शिकायत को गंभीरता से ली। उन्होंने बिना देरी किए मौके पर ही केयर टेकर को तलब कर सुबह 5 बजे तक हर हाल में सार्वजनिक शौचालय खोलने निर्देश दी। महापौर ने जन स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दी कि शौचालय खुलने के समय को निर्धारित कर ठेकेदार को नोटिस देकर अवगत कराए। महापौर के वार्ड निरीक्षण में एम.आई.सी. अनिल देशमुख, पार्षद रेखा देवी, विनय नेताम, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार एवं नागरिक गण उपस्थित थे। वार्ड 18 भ्रमण के दौरान महापौर ने नहर किनारे हुए सौन्दर्यीकरण को भी देखा। यहां पर निगम ने पेवर ब्लाक लगाया है। इसी के ऊपर स्थानीय व्यापारियों ने ग्रील, गेट व अन्य सामान रखना शुरू कर दिया है। महापैर शशि ने पेवर ब्लाक के ऊपर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। नागरिकों ने महापौर को अवगत कराया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या है। लो प्रेसर की वजह से घरों में पानी नहीं पहुंचता। समस्या का समाधान करने महापौर ने निर्देश दिए और कहा कि निगम ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजे। इसके अलावा नागरिकों ने रामसाय साहू घर से ढाल सिंग के घर तक नाली निर्माण और संतु कॉपरेटिव से लालता प्रसाद घर तक पेवर ब्लाक लगाने की मांग की।

# अवैध अप्रवासियों की धर पकड़ अभियान



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। आज शुक्रवार को पुलिस कण्ट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में दुर्ग पुलिस एवं जिला प्रशासन के व्दारा भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन, भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले श्रमिक ठेकेदार तथा बीएसपी सहायक उद्योग व भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले ट्रांसपोर्टरों की मीटिंग ली गयी, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनके अधीनस्थ भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य है, इसलिए सभी को इसका पालन करना है। इस सन्दर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को भी निर्देशित किया गया है कि भविष्य में जो भी श्रमिकों का गेटपास जारी होगा वह क्यूआर कोड के साथ जारी किया जाएगा, ताकि श्रमिकों का वेरिफिकेशन तत्काल किया जा सकें। इसी संबंध में उपस्थित सभी लोगों को उनके अधीनस्थ काम करने वाले श्रमिकों का केम्प लगाकर फिंगर प्रिण्ट लिया जाएगा एवं उसका डेटाबेस पुलिस के व्दारा तैयार किया जाएगा। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार का अपराध होने पर इसका मिलान करने से अपराधी की पहचान आसान होगी एवं दूसरे राज्यों से अवैध तरीके से श्रमिक के रूप में काम करने वाले अपराधिक लोग जो कि लुक छिप कर पहचान छिपाकर रह रहे हैं, काम कर रहे हैं, उनको पहचान कर पाना आसान होगा। मीटिंग में अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, वीरेन्द्र सिंह अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के जे.एन. ठाकुर महाप्रबंधक, विकास चन्द्रा महाप्रबंधक एवं रोहित हरीत उप महाप्रबंधक के साथ ही बीएसपी काण्ट्रेक्टर एसोसिएशन, बीएसपी एंसीलरी एसोसिएशन, भिलाई ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों के साथ सयुक्त बैठक में उपस्थित अन्य संस्थाओं को लोगों ने इस सहयोग की बात कही। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध रुप से रहने वाले लोगों की पहचान भी हो सकेगी।

## पीआईसी की बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा



**भिलाईनगर,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अहिवारा में प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की बैठक अहिवारा पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस पीआईसी की बैठ में वन नेशन वन इलेक्शन स्वर सम्मति से निर्णय लिया गया। एक बार इलेक्शन होने से देश की आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी समय की बचत होगी। बैठक में पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने बताया कि अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग चुनाव होने से बार-बार आचार संहिता लगानी पड़ती है। जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन होनें से राहत मिलेगी। बैठक का दूसरा एजेंडा क्षेत्र के विकास पर था। जिसमें कहा गया कि पालिका गरमी के मौसम को ध्यान में रखकर पेयजल समस्या के निराकरण पर जोर दिया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग के सदस्य नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक बाफना, सभापति इंद्रजीत रावत, श्रीमती इंदिरा अरुण बंजारे, श्रीमती संत कुमारी ठाकुर, श्रीमती कीर्ति राजा शिवाले, श्रीमती पुष्पा विदेशी साहू, पुरुषोत्तम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंडिया यूथ गेम्स में प्रदेश का बेहतर प्रदर्शन

**भिलाईनगर।** सेवंथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ प्रदेश की जूडो टीम ने फोर्थ पोजीशन प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित किया है। प्रदेश युवा संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि 52 किलो में रंजीता कुरेती ने स्वर्ण पदक, 40 केजी में पांचवा स्थान एवं हेमवती नाग को सातवां स्थान प्रापुत किया। जिसके कारण से 26 राज्यों की टीम में प्रदेश ने तीसरा रनिंग कप स्थान अर्जित कर ट्रॉफी प्राप्त की है। श्री द्विवेदी ने बताया कि राज्य की जूडो खिलाड़ियों में लड़कियों की पोजीशन बहुत अच्छी चल रही है। शासन यदि पूर्ण सहयोग करता है तो निश्चित रूप से ही राज्य के जूडो खिलाड़ी अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलने का मौका प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश जूडो संघ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने शिविर में किया रक्तदान

**खरोरा,** 9 मई। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयोजित रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने अपना योगदान देते हुए रक्तदान किया जिसमें ग्राम कोटा निवासी भाई सुशील साहू एवं ग्राम खपराकला निवासी भाई ओंकार पटेल ने शिविर में अपना रक्तदान किया।



# नवागढ़ क्षेत्र के संस्थान में जल दोहन एवं नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

### निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश

**बेमेतरा,** 9 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के नवागढ़ क्षेत्र स्थित एक निजी संस्थान का निरीक्षण कलेक्टर के निर्देश पर किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि संस्थान को प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, रायपुर द्वारा वार्षिक 0.5475 मि.घ.मी. जल आबंटन की स्वीकृति प्राप्त है। इसमें से जुलाई से नवम्बर तक 0.1805 मि.घ.मी. जल पथरिया बैराज से तथा दिसम्बर से जून तक 0.367 मि.घ.मी. जल स्वयं के बैलेंसिंग रिजर्वायर से उपयोग करने की अनुमति दी गई है। किंतु वर्तमान में जल संसाधन संभाग मुंगेली से अनुबंध न होने के कारण पथरिया बैराज से जल आहरण नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि संस्थान में निर्माण कार्य के लिए कुल 5 नग 9 इंच के बोर पम्प स्थापित हैं, जिनमें से 2 बोर पम्प सूखे पाए गए। शेष 3 बोरों से प्रतिदिन लगभग 4 हजार लीटर प्रति बोर जल आहरित किया जा रहा है। हालांकि संस्थान के पास केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की अनुमति है, लेकिन राज्य शासन या जिला स्तर के सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त नहीं पाई गई।

जिला श्रम अधिकारी और जिला उद्योग अधिकारी द्वारा भी संस्थान का निरीक्षण कर श्रम एवं उद्योग नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में खेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों ने उद्योगों द्वारा बड़े पैमाने पर बोर खनन एवं जल दोहन की शिकायत खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल के समक्ष की थी। मंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने जांच कर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

गौरतलब है कि इस वर्ष बेमेतरा जिले में भीषण गर्मी के कारण भू-जल स्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। नवागढ़ क्षेत्र को केन्द्रीय भू-जल आयोग द्वारा च्क्रिटिकलज् श्रेणी में रखा गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर महोदय ने जिले में नए बोर खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

परिस्थितियों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संस्थान को आज दिनांक से निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल के अत्यधिक दोहन को रोका जा सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्देश का पालन न करने पर संस्थान के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रबंधन की होगी।

## बेमेतरा में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, टू व्हीलर विक्रेताओं/प्रतिनिधियों की ली गई बैठक

### गुणवत्तायुक्त हेलमेट वाहन बिक्री के समय देना अनिवार्य

**बेमेतरा,** 9 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री राजेश कुमार झा द्वारा पुलिस कार्यालय बेमेतरा में दुपहिया वाहन विक्रेताओं व उनके प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करना था। डीएसपी श्री झा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राहक को दुपहिया वाहन की बिक्री के समय गुणवत्तायुक्त हेलमेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कार्यालयों की मंशा है कि हेलमेट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए और इसकी शुरुआत वाहन की खरीद प्रक्रिया से ही की जाए। बैठक में उपस्थित सभी टू व्हीलर शोरूम संचालकों व उनके प्रतिनिधियों ने दिए गए निर्देशों का पूर्णत: पालन करने की सहमति जताई।

## शासकीय हाई स्कूल घिरघोली का परीक्षा परिणाम 84.09 प्रतिशत रहा



- हाईस्कूल घिरघोली में बालिकाओं ने मारी बाजी
- रोशनी प्रथम,गिरजा द्वितीय और खिलेश्वरी तृतीय

**खैरागढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल घिरघोली जिला केसीजी में छत्तीसगढ़ शिक्षा सत्र 2024-2025 में कक्षा दसवीं में 48 बच्चें पंजीकृत थे जिसमें 04 बच्चें परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए कुल 44 बच्चों ने इस वर्ष परीक्षा दिलाया जिसमें 37 बच्चे पास हुए जिसका परीक्षा परिणाम स्वरूप 12 बच्चों ने प्रथम श्रेणी 21 बच्चों को द्वितीय श्रेणी और 04 बच्चों ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए 03 बच्चों को पूरक और 04 बच्चों को असफलता मिली कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 84.09 प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा दसवीं में रोशनी पिता शंकर राम जंघेल ग्राम ढोढ़िया कुल 600 में 542 अंक प्राप्त करते हुए 90.33 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया गिरजा पिता विजय जंघेल ग्राम पुरेना 600 में से 472 अंक प्राप्त करते हुए 78.66 प्रतिशत प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और खिलेश्वरी पिता बीरसिंग निषाद गभरा 600 में से 447 अंक प्राप्त करते हुए 74.5 प्रतिशत प्राप्त करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और शैलेन्द्र पिता फिरोज गोड़ ग्राम पुरेना ने 600 में से 446 अंक प्राप्त करते हुए 74.33 प्रतिशत प्राप्त करते हुए चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर शाला परिवार से प्रभारी संकुल प्राचार्य सुनील कुमार यादव,संकुल समन्वयक जी आर टंडन, व्याख्याता ज्योति जडेजा, पूजा सिंह, सुनीता सिन्हा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, एसएमडीसी अध्यक्ष रोहित जंघेल, सदस्य भूषण दास मानिकपुरी,आत्मा राम जंघेल, अनुज, बेहर, अमलेश, युवराज ठाकुर, राज्य पाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना के प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को एवं शाला परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## नपं की परिषद बैठक में लिए गए कई निर्णय




**गुण्डरदेही,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत गुण्डरदेही में परिषद की विशेष बैठक शुक्रवार को रखी गई थी जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने की साथ ही बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर नगर पंचायत सीएमओ श्रीमति किरण पटेल सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया उमेश ठाकुर छम्मन साहू निर्मलकर व सभी 15 वार्ड के पार्षद पोषण निषाद हरीश निषाद लोकेश्वरी यादव रुखसाना तिगाला सलीम खान हेमलता सोनी पूजा बिंझेकर शैल महोबिया फैज बख्श सेवक महिपाल रोमलाल यादव उपस्थित थे बैठक का विषय तांदुला नदी गहरीकरण एवं सफाई कार्य कराए जाने बाबत विचार एवं निर्णय जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त पत्रों पर विचार एवं निर्णय नगर पंचायत गुण्डरदेही में विभिन्न प्रमाण पत्र आवेदन तथा सामुदायिक भवनों के किराया एवं भवनों में संपत्ति कर शुल्क निर्धारण के संबंध में विचार एवं निर्णय बजट वर्ष 2024 - 25 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2025 - 26 का अनुमानित आए हुए बजट का अनुमोदन किया गया जिसमें अनुमानित आय 9 करोड़ 25 लाख 55 हजार रुपए का बजट वर्ष 2025-26 के लिए रखा गया है नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3 गुना आय का लक्ष्य रखा गया है।

## आज होगा नेशनल लोक अदालत के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### चिकित्सीय जांच व उचित परामर्श का लाभ ले सकेंगे पक्षकार

**खैरागढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय- खैरागढ़, एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री- लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर के द्वारा संबंधित न्यायाधीश, अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाना है। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत किए जायेंगे। साथ ही व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने वाले पक्षकारों, विद्युत विभाग, समस्त बैंक, बीएसएनएल विभाग, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी गण व पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू उपस्थित रहेंगे जो अपने स्वास्थ्य परीक्षण व उचित परामर्श स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले सकेंगे। यह स्वास्थ्य शिविर सिविल अस्पताल खैरागढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन के नेतृत्व में आयोजित होगा जिसका लाभ सभी जनमानस ले सकते हैं।

## कक्षा 8वीं के टिकेंद्र चंद्राकर 82.50 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में



**रायपुर,** 9 मई (देशबन्धु)। तर्रा विकासखंड पाटन अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारसी कक्षा आठवीं में टिकेंद्र चंद्राकर लोहारसी पिता का नाम सुशील चंद्राकर 82.50 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है समस्त शिक्षिकाओं और शिक्षक ने बच्चों उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

## आज नपा बेमेतरा कार्यालय भवन में समाधान शिविर

**बेमेतरा,** 9 मई। जिला बेमेतरा के समस्त नगरीय निकायों में सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई 2025 से 31 मई 2025 के मध्य कलस्टरवार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविरों के लिए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा समाधान शिविर के प्रभारी अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आज 9 मई को नगर पालिका बेमेतरा कार्यालय भवन में समाधान शिविर आयोजित है । इस कलस्टर शिविर में 7 वार्डों के लोगों को वार्ड क्रमांक 08,09,10,11,12,13,14 उनकी आवेदन की समस्या का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण के बारे में बताया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती प्रभावती देवी



**भिलाईनगर,** 9 मई। वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व पार्षद कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर निवासी रंग बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती प्रभावती देवी का बुधवार को संध्या-4 बजे सेक्टर 9 चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में निधन हो गया। वह 76 साल की थी। पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास 126/। एचएससीएल कालोनी रुआंबाधा सेक्टर से शिवनाथ नदी मुक्ति धाम दुर्ग के लिए गुरुवार मई को सुबह 11 बजे निकली शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### श्रीमती मरियम्मा थॉमस



**भिलाईनगर,** 9 मई। आमदीनगर हुडको एमआईजी-1/500 निवासी श्रीमती मरियम्मा थॉमस का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रात: 10 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरुनगर के लिए निकलेगी। वे एमपी थॉमस की पत्नि एवं सींजू थॉमस, शिबू थॉमस, सी.बी. थॉमस की माता थी।

### भुवनलाल चंद्राकर



**दुर्ग,** 9 मई। सुनील न्यूज एजेंसी इंदिरा मार्केट के संस्थापक भुवनलाल चंद्राकर उम्र 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील एवं संजय चंद्राकर के पिता एवं योगेन्द्र चंद्राकर, विवेक चंद्राकर के दादा थे।

## छेड़िया में सोलर पैनल का पम्प 3 दिन से बंद

### पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान



**गुरुर,** 9 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम छेड़िया मे पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान है। पेयजल के लिए ग्रामीणों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक भटकना पड़ रहा है।गांव मे जल स्तर गिरने के कारण ट्यूबवेल से निकलने वाला पानी की धार पतली हो गई है। यह समस्या गुरुर विकासखंड के अन्य गांव में भी देखने को मिल रहा है। गुरुर विकासखंड के ग्राम छेड़िया में सोलर पैनल पंप के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो रहा था, लेकिन यह पंप विगत तीन दिनों से बंद होने के कारण गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हुई है।

**पानी की धार हो गई है पतली**

सोलर पैनल का पंप बंद होने के कारण ग्राम छेड़िया के आबादी पारा, साहडा चौक, भाटापारा वार्ड वासियों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। हालांकि जल जीवन मिशन के तहत गांव मे पाइप लाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है लेकिन गर्मी का सीजन होने से ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा मे पेयजल नहीं मिल पाता। आज गुरुवार को भी ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ा।वहीं अन्य स्थानों पर भी ट्यूबवेल से निकलने वाला पानी की धार पतली होने से पेयजल के लिए ग्रामीणों को घंटो देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

## मुढ़ीपार के संतोष सिंह व पद्मा साहू के जीवन में आई नई रोशनी



**खैरागढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम मुढ़ीपार में आयोजित शिविर में स्थानीय नागरिकों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। इसी कड़ी में ग्राम मुढ़ीपार के निवासी संतोष सिंह व पद्मा साहू ने शिविर में श्रम कार्ड पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर शासन ने तत्परता दिखाते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान ही दोनों का श्रम कार्ड जारी कर दिया। संतोष सिंह व पद्मा साहू ने इस त्वरित सेवा के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि श्रम कार्ड के अभाव में उन्हें रोजी-मजदूरी के कार्यों में उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा था। अब श्रम कार्ड प्राप्त होने से वे श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। यह पहल शासन की संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी नीतियों की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

## विखं में लगातार आंधी तूफान से जन जीवन हुआ प्रभावित

### धान की फसलों को पहुंच रहा नुकसान



**गुरुर,** 9 मई (देशबन्धु)। विकासखंड में विगत एक सप्ताह से शाम होते ही आंधी तूफान के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज आंधी तूफान के कारण एक ओर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ टूटकर गिरने लगे है। घरों व दुकानों में लगाए गए टीन शेड भी उखड़ने लगे हैं। कई स्थानों पर विद्युत खंभा, विद्युत तार को नुकसान पहुंच रहा है। तो दूसरी ओर तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने से ग्रीष्मकालीन धान की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके चलते किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ गुरुर तहसील क्षेत्र का अधिकतम तापमान 38 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। शाम होते ही तेज आंधी तूफान के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया है।गुरुवार की रात्रि भी गुरुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ बारिश हुई। वही बीती रात्रि में भी आंधी तूफान व बारिश के कारण विकासखंड के ग्राम धोबनपुरी, पुरुर, कुलिया, अर्जुनी सोहपुर जैसे अन्य गांव मे धान की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की फसले पूरी तरह से तैयार हो गया है, ऐसे समय में अचानक तेज आंधी तूफान एवं बारिश होने के कारण धान की फसले जमीन में गिरने लगी है, जिसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### माइक्रोफाइनेंस चिटफंड कंपनी ...

उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण जोशी, आरक्षक दीपक जान, चौकी जेवरा सिरसा, प्रधान आरक्षक धनंजय, आरक्षक अजय गहलोत एसीसीयू की भूमि का उल्लेखनीय रही ।

### भाजपा सरकार ने ...

लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण मात्र 10 हजार मजदूरों को ही मनरेगा के तहत कार्य मिल रहा है। अब इन मजदूरों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों को अपना घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों की ओर रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि यदि 14मई तक मनरेगा के मानव दिवस को बढ़ाकर 42 लाख दिवस न किया गया तो जिले के ग्रामीण मजदूर किसान अपनी मजदूरी का सामान झौआ टोकना इत्यादि लेकर कलेक्ट्रेट में जबर्दस्त धरना प्रदर्शन करेगें।

### पोलसाय तालाब के किनारे ..

चेन माउण्टेन मशीन व गैंग लगाकर सफाई का कार्य बेहतर तरीके से किया जाना चाहिए । उन्होंने बारिश में होने वाले जलभराव को रोकने के भी सख्त निर्देश दिये।

इस मौके पर महापौर के साथ सभापति श्याम शर्मा, कमीश्नर सुमित अग्रवाल, प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शशि साहू, हर्षिका जैन, पार्षद आर.एन.वर्मा, मनीष बघेल, उपअभियंता हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### अपनी तबाही से पाकिस्तान सबक लेकर ...

के साथ भारत के 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी उससे पूरा देश स्तब्ध था। सभी लोग आतंकवादियों को करारा जवाब देने की उम्मीद, प्रधानमंत्री श्री मोदी से कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनभावनाओं को समझते हुए सेना को आतंकवादियों को सबक सिखाने की खुली छूट दी।

## घटिया मटेरियल का उपयोग, निर्माण के दूसरे दिन ही उखड़नें लगी सड़क



**डोंगरगढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। शहर के अलग अलग वार्ड में हुए सीसी रोड़ निर्माण में जमकर अनियमितता बरती गई है। पहलें तो बिना तकनीकी अधिकारी के निर्माण को आनन फानन में पूरा कर दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि निर्माण के दूसरें दिन ही सीसी रोड़ उखड़कर धूल उड़नें लगी। शहर के वार्ड नंबर दो में आरा मशीन से दंतेश्वरी पारा, वार्ड नंबर 16 में एक बत्ती पांच रास्ता से दंतेश्वरी मंदिर तक व वार्ड नंबर 20 में पीएचई ऑफिस के सामनें थाना के पीछे गली में हाल ही में सीसी रोड़ का निर्माण कार्य कराया गया है। तीनों जगह की सड़क ने दम तोड़ दिया है और दूसरी तरफ नगर पालिका के अफसर बिना जांच किए बिल निकालनें की तैयारी में है। वार्ड के लोगों ने बताया कि सड़क का काम शुरु होनें के बाद न तो वाइब्रेटर चलाया गया है और न ही पर्याप्त मात्रा में मटेरियल डाला गया है। घटिया चालिटी के चलतें सड़क ने निर्माण के दूसरें दिन ही दम तोड़ना शुरु कर दिया। गाड़ियों की आवाजाही शुरु होतें ही सड़क उखड़कर गिट्टी बाहर निकल गई है। लाखों रुपये की चपत लगानें की तैयारी ठेकेदार ने कर ली है। वार्डवासियों ने बताया कि रोड़ निर्माण के दौरान वाइब्रेटर नहीं चलाया गया है। इसी वजह से सड़क मजबूत नहीं बनी और तो और तय मापदंड के अनुसार मटेरियल भी नहीं डालें गए। अलग-अलग जगहों पर सड़क की मोटाई भी बदल दी गई है। शासकीय राशि का जमकर दुरूपयोग ठेकेदार कर रहे है। सड़को की स्थिति को देखकर वार्ड के लोगों में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं घटिया निर्माण के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करनें से परहेज कर रहे है। मामलें में नगर पालिका के इंजीनियर भुवन कौशिक से सम्पर्क किया गया लेकिन उन्होंनें कॉल रिसीव नहीं किया।

## स्वयंसेवक गांव स्तर पर लगाएंगे समर कैंप

### प्लानिंग और कंटेंट पर दिया गया प्रशिक्षण



**डोंगरगढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कक्षा 5 वी तथा 6 वी में प्रवेश लेने वाले बच्चों में बुनियादी दक्षताओं को हासिल करने हेतु ब्लाक शिक्षकों द्वारा चयनित स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी अंग्रेजी हा. सेंके. स्कूल एल बी नगर में संपन्न हुआ प्रशिक्षण सुबह 10 से दोप.1बजे और दोप.1बजे से 3 बजे तक दो पाली में हुआ जिसमें समस्त संकुल से पहुंचे स्वयंसेवी और शिक्षकगण भी सम्मिलित हुए छुईखदान से प्रथम फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर श्री तेजेश्वर मेश्राम द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य और कंटेंट पर विस्तार से जानकारी दी गयी कि इस समर कैंप के माध्यम से आनंदमय वातावरण के साथ खेल खेल में बुनियादी दक्षता किस तरह बच्चों को हासिल कराना है। 6 सप्ताह के कार्ययोजना के साथ स्वंय सेवकों को डेटा एंट्री कि जानकारी भी दी गई । इस अवसर पर एल बी नगर संकुल प्राचार्य आर.चंद्रवंशी सेंदरी संकुल प्राचार्य श्रीमति के.मिश्रा ,जोन प्रभारी एवं संकुल समन्वयक एल बी नगर पी.डी.साहू ,सेंदरी संकुल समन्वयक यदु सर ,मुंगलानी समन्वयक मनोज सर , मड़ियांन समन्वयक रघुनंदन चंद्रवंशी ,मेश्राम सर रामाटोला कि उपस्थिति रही संकुल प्राचार्य श्रीमति के.मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों हेतु शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु सुनहरा अवसर है और इसमें अधिकाधिक भागीदारी हेतु प्रेरित रहना होगा इसके उपरांत प्रशिक्षण का समापन हुआ।

## राज्यपाल रेमन डेका ने विवि के विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 9 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर के उद्घाटन में पहुंचे राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कैंपस 1 में बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया जिसे जल संरक्षण के लिए सार्थक पहल बताया। इसके बाद लोक संगीत विभाग पहुंचे जहां छत्तीसगढ़ के लोक वाद्यों के साथ ही लोक वेशभूषाओं से भी अवगत हुए। उन्होंने लोक वाद्यों सहित लोक वेशभूषाओं के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद राज्यपाल ने चित्रकला विभाग पहुंचे जहां छात्र कलाकारों द्वारा निर्मित विभिन्न चित्रकारी का अवलोकन किया और छात्र कलाकारों की प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दूसरे दिन राज्यपाल डेका ने लाइब्रेरी के सामने स्थित गार्डन में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किये जिसे बाद कला संकाय के पास कम्पोस्ट खाद निर्माण के लिए निर्मित टंकी का निरीक्षण किए। अंत में कुलाधिपति ने क्राफ्ट एंड डिजाइन विभाग का अवलोकन किया जहां छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न डिजाइनों के कपड़ों को लेकर विद्यार्थियों से जानकारी ली और उनके उज्जवल भविष्य के लिये इसे बेहतर बताया। इस दौरान कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के बेहतर विकास के लिये हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# मानव सेवा एवं आपदा प्रबंधन के मिसाल है रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्य

**बालोद,** 9 मई (देशबन्धु)। रेड क्रास सोसायटी के संस्थापक जॉन हैनरी ड्यूनॉट के जन्मतिथि 8 मई के उपलक्ष्य में रेडक्रास दिवस के रुप में पूरे विश्व में रेडक्रास द्वारा उपलब्ध थीमष् मानवता के पक्ष में ष् के अनुसार आयोजन किया जाता है। इसी क्रम मे जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय के पुराना कलेक्ट्रेट नगर पालिका परिषद बालोद ;ऑडिटोरियम द्ध में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रेड क्रास समिति के चेयर मेन डॉक्टर प्रदीप जैन विशिष्ट अतिथि के क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, सरस्वती टेमरिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, कमलेश सोनी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद, सचिव डॉ एमके सूर्यवंशी, राजू पटेल संरक्षक, सदस्य धर्मेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष करहीभदर सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य भुनेश्वरी चंद्राकर भगवती उइके की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रय का प्रारंभ मां सरस्वती एवं रेडक्रास के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना से की गयी। ततपश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा रेडक्रास व स्वागत गीत हुआ। कार्यक्रम मे रंगोली, चित्रकला, प्राथमिक सहायता नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। स्वागत भाषण में डॉ प्रदीप जैन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवता की सेवा धर्म स्वास्थ्य एवं शिक्षा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है उसके बाद राज्य चेयरमैन तोमन साहु ने रेडक्रास की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध महामारी प्राकृतिक आपदा आदिके समय होने वाले सामाजिक एवं मानवीय क्षति में राहत पूर्ति हेतु इसकी स्थापना 1965 मेंहेनरी डू नॉट के द्वाराकिया गया था जिसे जन.जन तक पहुंचाना व प्रत्येक स्कूल व कालेज को रेडक्रॉस से जोड़ने की बात की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के पदेन अध्यक्ष एवं जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि के बालोद जिला की भौगोलिक स्थिति के अनुसार जिला का अधिकांश क्षेत्र इस समय जल अभाव का सामना कर रहा है अतः सभी रेडक्रास वालेंटियर को जल संरक्षण, मानव सेवा व सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित किया जाए एवं जिला के प्रत्येक नागरिक कोइस समस्या के निजात के लिए मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन महाविद्यालयीन व स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रेडक्रास उद्देश्य के तहत रंगोली चित्रकला ग्रीटिंग बनाना व प्राथमिक सहायता संबंधित नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें रेड क्रॉस के उद्देश्यों मानवता की सेवा रोड सुरक्षा आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य के आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा कार्डियक अटैक आने पर सीपीआर की जानकारी प्रस्तुत किया गया।



रेड क्रॉस सोसाइटी के मानव सेवा भावना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल बालोद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग दर्जन भर लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का मिसाल प्रस्तुत किया जिसके प्रोत्साहन के लिए विभिन्न युवा संगठनों के द्वारा स्थापित रक्तदान समूह जिसमें भावना फाउंडेशन डौंडी लोहारा, डीबी ग्रुप दल्ली राजहर, भगत सिंह रक्तदान समूह बालोद, भामाशाह ब्लड डोनेशन समूह डौंडी लोहारा, रक्त वीर ग्रुप लिमोरा, संत निरंकारी चैरिटेबल बालोद, महेश्वरी पंचायत रक्त समूह बालोद, जैन युवा शक्ति बालोद, समता युवा मंच बालोद, रक्तदान ग्रुप गुरुर, चन्द्रशेखर आजाद रक्तवीर समुह बालोद को अतिथियों के कर कमल सेसम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला रोड रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश तापड़िया शरद ठाकुर कमला वर्मा आर एन देशमुख, चंद्रशेखर पवार, जिला दिनेश साहू मधुमाला कौशल सीमा जामवंती संजय बंजारे रघुनंदन गंगबोईर, बी आर साहू, रीमा सोरी, कदंबिनी यादव, अंचल प्रकाश साहू, शरद ठाकुर, दीनेस्वर साहू, लाले शर्मा, स्वरूप राठी, जिला के विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालय नर्सिंग विद्यालय के रेड क्रॉस के विद्यार्थी एवं उनके प्रभारी शिक्षक की गरिमामई उपस्थिति रही।

# आशीष छाबड़ा ने संभाला जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार




**बेमेतरा,** 9 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का पदभार विधिवत रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में जाकर आज अपना पदभार ग्रहण किया इस दौरान पदभार ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, गुरु रुद्र कुमार एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे उपस्थित रहे इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा पूर्व में भी मैं जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष रहा हूं जिसमें कांग्रेसियों का सहयोग मिलता रहा है तथा निकट भविष्य में भी इस सहयोग का मैं आकांक्षी हूं जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्ता में आसीन हुई है तब से प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल बना हुआ है आम जनता बुरी तरह से परेशान है लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है भाजपा सरकार चारों ओर लूट मचा रखी है आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बेमेतरा जिले में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा साथ ही साथ ऊर्जावान लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी में स्थान दिया जाएगा जिससे कांग्रेस की विचारधारा को आमजन मानस में विस्तारित किया जा सके आशीष छाबड़ा के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर आसीन होने से बेमेतरा जिले में युवा कांग्रेसियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है साथी साथिया सभी की जा रही है कि युवा तुर्क लोगों को बेमेतरा जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया जा सकता है आज के कार्यक्रम में पूरे बेमेतरा जिले से भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

# जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सड़क सुरक्षा के विषय पर एसपी ने ली बैठक

## पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभागों के अधिकारी मीटिंग में रहे उपस्थित

**बालोद,** 9 मई (देशबन्धु)। गुरूवार को जिले में विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु में बढ़ते हुए आंकड़ों के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ष्सड़क सुरक्षाष् के विषय पर पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा पुलिसध्परिवहनध्लोण्निण्विध्राष्ट्रीय राजमार्ग विभागों के अधिकारीयों की सभाकक्ष पुलिस कार्यालय बालोद में मीटिंग लिया गया। मीटिंग में सड़क निर्माण एजेंसीयों लोण्निण्विध्राष्ट्रीय राजमार्ग विभागों के अधिकारीयों को विगत वर्षों में घटित सड़क दुर्घटनाओं के अधार पर जिले में चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य क्षेत्रोंध्ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सड़क सुरक्षात्मक उपाय जैसे रंबल स्ट्रीप, संकेतक बोर्ड, केट आई, प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक्र सिग्नल एवं ब्लीकर लगाने हेतु निर्देश दिया गया एवं पुलिस परिवहन विभागों को चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में जाकर चालानी कार्यवाही करने, नो पार्किंग में खड़ी वाहनों एवं बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन करने वाले वाहनों पर कड़ाई से प्रवर्तन कार्यवाही करने एवं आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश देने निर्देश दिया गया है। पुलिसध्परिवहनध्लोण्निण्विध्राष्ट्रीय राजमार्ग की संयुक्त मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश सिंह राठौर, उप पुलिस अधीक्षक बोनीफॉस एक्का, उप पुलिस अधीक्षक राजेश बांगड़े, कार्यपालन अभियंता लोण्निण्विण् राष्ट्रीय राजमार्ग कोण्डागांव प्रजा नाथ, कार्यपालन अभियंता लोण्निण्विण् बालोद पूर्णिमा चंद्रा, अनुविभागीय अधिकारी लोण्निण्विण् एण् एसण् नाथ, अनविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग टीकम ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, यातायात प्रभारी निरीक्षक राकेश ठाकुर, थाना प्रभारी पुरूर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, उप निरीक्षक मनीष शेण्डे, थाना प्रभारी अर्जुन्दा, सब इंजीनियर राकेश नेताम, सब इंजीनियर वासीम शेख उपस्थित रहें।



# आत्मा का परमात्मा के साथ कनेक्शन ही राजयोग कहलाता है : बी.के. सरिता दीदी

**बालोद,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में समर कैंप के नवम् दिवस पर बी.के. सरिता दीदी ने बच्चों को राजयोग के बारे में बताते हुए कहा कि राजयोग अर्थात् संबंध, मिलन, अथवा जोड़ को सरल शब्दों में योग कहते है आत्मा का परमात्मा के साथ कनेक्शन ही राजयोग कहलाता है। राजयोग का ध्यान करने से हमारे अंदर परमात्मा की शक्तियां आती है हम आत्मा शक्तिशाली बन जाती है। और जब ये शक्तियां आती है तो हमारे अंदर पॉजिटीविटी आती है। उन्होंने थॉमस एडिसन एल्वा का उदाहरण देते हुए बताया कि एक समय मशहूर वैज्ञानिक को स्कूल ने पढ़ाने से इंकार कर दिया था और उनको कमजोर दिमाग वाला बताया था। और कैसे उनकी एक पॉजिटीविटी ने उसको वैज्ञानिक बना दिया। और हजारों बल्ब के अविष्कार किये। विश्व हिन्दू परिषद से जिला बाल संस्कार केन्द्र प्रमुख व समाज सेविका पूजा जैन ने बताया कि जीवन में सफ्लता प्राप्त करने के लिए स्वयं को कुछ बातो से दोस्ती करनी पड़ेगी उन्होंने कहा समय को महत्व देना पड़ेगा तो समय आपको महत्वपूर्ण बना देगा समय पर सोना है, समय पर जगना है, समय पर स्कूल जाना है। सबसे पहली तो अपनी दिनचर्या बनानी है समय से दोस्ती करनी है हर कार्य समय पर करना है। क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट पूर्णिमा लोधी ने बताया कि हमारे जीवन में कैसी भी परिस्थिति क्यों न आ जाएं लेकिन हम उन परिस्थितियों में अपना पॉजिटिव एटीट्यूट रखते है तो हम जीवन में तनाव से मुक्त रह सकते है। सोशल वर्कर धर्माशु सर ने बच्चों को बताया कि स्किल को बढ़ाना हमारे ऊपर है घर के छोटे-छोटे कामों को जब हम अपने ऊपर लेकर जिम्मेवारी से करते है तो उससे हमारी स्किल बढ़ती है और स्कूल में भी छोटे-छोटे जो काम होते है उन कामों की जिम्मेवारी जब हम पूरी करते है तो हमारी लाइफमें धीरे-धीरे करके स्किल बढ़ती जाती है और जब हमारी स्किल बढ़ती जाएगी तो हमें सफ्लता बहुत आसानी से प्राप्त हो सकती है।




# खमरिया में सुशासन समाधान शिविर संपन्न 3905 आवेदनों का हुआ निराकरण

- विधायक दीपेश साहू ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित
- हितग्राहियों को सामग्री वितरण की




**बेमेतरा,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के क्लस्टर ग्राम खमरिया में अठवा सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया। क्लस्टर खमरिया सहित इसमें 11 ग्राम पंचायतें — संण्डी, बहिंगा, डंगनियाब, बहेरघट, सत्था, सिंधौरी, देवरबीजा, घोटमर्रा, खम्हरिया डी, और भेड़नी — शामिल रहीं।

शिविर में 11 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 3905 विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया और जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। साथ ही ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मेधावी विद्यार्थियों को साल और प्रमाण पत्र भेंट किए। साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, मोची बाक्स, पासबुक और बुजुर्गों को वय वंदन कार्ड सौंपे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जल सरक्षण की शपथ दिलाई। शिविर में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण किया गया ।

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं और भीषण गर्मी में भी जनता से सीधे मिलकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इन शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

शिविर के प्रथम सत्र में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, क्षेत्र के पंच, सरपंच और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद थे। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क किया।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में प्रज्ञा निषाद ने बाजी मारी

**थान खम्हरिया,** 9 मई (देशबन्धु)। कु. प्रज्ञा निषाद, पिता राजकुमार/पुष्पा निषाद कक्षा दसवीं इंगलिश मीडियम आत्मानंद स्कूल थान खमरिया जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ 90.16त्न अंक लाकर समाज व परिवार का मान सम्मान बढ़ाया। आत्मानंद विद्यालय में 10वीं, 12वीं बोर्ड की परीक्षा के नतीजो में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कु. प्रज्ञा निषाद शुरू से मेघावी रही। काफी समय से सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यनरत थी। अपनी सफलता के लिए शिक्षक व अपने माता-पिता का आशीर्वाद व संस्कार का परिणाम बताया।



# शादी समारोह में शामिल हुए सांसद एवं पूर्व विधायक बाफना



**थान खम्हरिया,** 9 मई (देशबन्धु)। समीप ग्राम तोरन सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष गोवर्धन पटेल की सुपुत्री सौ.का अश्वनी (आशू) के शादी समारोह में सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना सम्मिलित हुए। वर वधू का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में चर्चा की इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, परमेश्वर वर्मा, गोविंद पटेल, चंदन अग्रवाल, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, तोशु वर्मा, सुरेश सिंघानिया, सोनू पटेल, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, कुश कश्यप, राजेंद्र दुबे उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी पालिका का किया औचक निरीक्षण

**कुम्हारी,** 9 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में पहुंच कर आवश्यक जानकारी ली उन्होंने टैक्स वसूली की पर जोर देने कहा इसके अलावा कर्मचारी अधिकारीयो की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई और सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने अमृत मिशन के तहत कार्य मे देरी का कारण पूछा उन्होंने कहा कि अबतक कार्य अधूरा क्यों है जबकि इसे 25 मई तक पूर्ण हो जाना चाहिए था, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने ठेकेदार को आदेशित किया जाय उन्होंने नगर में पेयजल व्यवस्था को लेकर आ रही शिकायतों पर भी नाराजगी जताई।



– टैक्स वसूली की समीक्षा में पाया गया कि 70 प्रतिशत से अधिक टैक्स की वसूली हो रही है, जिसमें संपत्ति कर लगभग 60 प्रतिशत के करीब है। उपमुख्यमंत्री ने टैक्स वसूली पर जोर देते हुए कहा कि इस पर बेहतर तरीके से काम हो और आम लोगों को जागरूक किया जाए। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पालिका में स्टाफ की कमी की बात कही। उन्होंने मुख्य नगरपालिका को विभिन्न मुद्दों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण किया एवं इसे 30 मई तक पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निकाय के कार्य सुव्यवस्थित हों, शहर स्वच्छ और सुंदर बने और कार्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाए।

इस मौके पर नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, पार्षद लोकेश साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद अनुराग गुप्ता, पार्षद अश्वनी देशलहरे, मिथलेश यादव, अवधेश शुक्ला फिंगेश्वर साहू, पार्षद डिकेश पटेल, पार्षद प्रवीण राव एवं सुनील सिंह सहित पालिका के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कन्या शाला छुईखदान की छात्रा कु, पम्मी जिले के टॉप टेन मे

**छुई खदान,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान की छात्रा कुमारी पम्मी पिता रिखी राम ग्राम कनिमेरा ने कक्षा 12वीं में 89: अंक प्राप्त कर केसीजी जिले के टॉप टेन में 9 वा स्थान प्राप्त किया हैस कुमारी पम्मी को 500 में से 445 अंक प्राप्त हुए हैंस कक्षा दसवीं में भी कुमारी चांदनी पिता चंद्रहास ग्राम भुला टोला ने 90: अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त की है सद्वितीय कुमारी लक्ष्मी यादव पिता राजकुमार ग्राम शाखा ,तृतीय कुमारी गीतांजलि चंद्राकर पिता किशोर चंद्राकर छुईखदान ,चतुर्थ स्थान पर कुमारी गंगा मानिकपुरी ग्राम छिंदारी रही स 12वीं में टिकेश्वरी वर्मा पिता मनीराम वर्मा ग्राम घोघरे द्वितीय, कुमारी योगेश्वरी पिता राजा राम चंदेल भुलाटोला तृतीय, कुमारी उत्तरा जंगल पिता गजानन जघेल कुटेली खुर्द चतुर्थ स्थान पर रही विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल पाल ने इन छात्राओं एवम शिक्षको की उपलब्धियां पर गर्व जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीस प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है



# आतंकियों पर ऑपेरेशन सिंदूर पाकिस्तान पर कार्यवाही को भाजपा मंडल ने सराहा

- भारतीय सेना मोदी सरकार पर देश को गर्वः डॉ रूपेश नायक
- भारत को छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं, भारतीय सेना मोदी सरकार पर देश को नाजः अजय चौहान



**डौण्डी,**9 मई (देशबन्धु)।भारतीय सेना के वीर पराक्रम से पकिस्तान में आंतकवादी ठिकानों पर किए गए 25 मिनट के सिंदूर ऑपरेशन व भारत ने पाकिस्तान पर की जबाबी कार्यवाही कर सफलता पूर्वक जवाब दिया गया जिसके समर्थन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के दिशानिर्देश पर भाजपा डौंडी मंडल के अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार नायक के नेतृत्व में रैली निकालकर मिठाई एवं आतिशबाज़ी से खुशी जाहिर किया गया.

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक ने कहा भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को सराहा और कहा की ऑपरेशन सिंदूर से देश में जश्न का माहौल है साथ ही उन्होंने कहा की भारत पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर व अन्य शहरों में कार्यवाही करने से उन 27 माताओं व बहनों के सिंदूर का मान रख है।जिससे आज भारतीय सेना व प्रधानमंत्री मोदी के पुरे केन्द्र सरकार की टीम पर देश को गर्व है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अजय चौहान ने कहा की आज केन्द्र की मोदी सरकार व भारतीय सेना पर हम सभी देश वासियों को नाज है। मोदी जी जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं।भारतीय सेना व सरकार पाकिस्तान की आतंक को मिट्टी में मिला दिये है।आज देश में ऐसी सरकार व सेना है कोई भी भारत को छेड़ेगा उनको को छोड़ेंगे नहीं आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल के अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार नायक वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल नगर पंचायत की अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका मंडल महामंत्री अजय चौहान महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी जैसवाल निलेश जैसवाल पार्षद गण रेखा चौहान यदुनंदन देवहारि हितेन्द्र धनकर अनिल निर्मलकर प्रशांत नेताम अमरीका ठाकुर भुनेश्वरी कुंभकार बूथ अध्यक्ष शिव राम रनघाटि लक्षमन चक्रधारी भुपेंद्र गावड़े टिकेश्वर धुर्वा व्यापारी संघ से शिवम् दुबे दिपक जैसवाल निलेश जैसवाल राजेन्द्र जैसवाल विनय जैसवाल प्रितम गैंदालाल सोनी एवं समस्त समाज और संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग में वर्चस्व की लड़ाई

- कमीशन नहीं देने पर कर्मचारियों के खिलाफ ओवररेटिंग का आरोप
- नए आबकारी अधिकारी के लिए राजनांदगांव की व्यवस्था बनेगी चुनौती



**राजनांदगांव,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले में आबकारी विभाग के द्वारा शासकीय शराब दुकानों में सेल्समैन और सुपरवाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है निश्चित रूप से जो गलत है उसे पर कार्यवाही वाजिब भी है पर बिना सबूत कार्यवाही भी कई सवालों को जन्म देती है। लिहाजा इस बात को हर कार्रवाई करने वाले हाथ को पहले गंभीरता से सबूत जुटना चाहिए फिर कार्यवाही करना चाहिए चिखली और अर्जुनी के शासकीय शराब दुकानों में सेल्समैन योगेश भावे, धनपत ध्रुव, रुमेश सोनकर और चंद्रशेखर भट्ट के खिलाफ अधिक दर पर मदिरा विक्रय प्रकरण कायम कर कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर के तबादले के तुरंत बाद होने वाली इस कार्रवाई ने तमाम तरह के सवालों को खड़ा कर दिया है। विभागीय लोगों की माने तो यह पूरा मामला मदिरा दुकानों में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर है। जानकारी के मुताबिक चिखली शासकीय शराब दुकान में जिस धनपत ध्रुव के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उसने बीते दिनों पूर्व लोकेशन इंचार्ज अमित मिश्रा के खिलाफ जाति सूचक गाली गलौज करने और नौकरी से निकालने की धमकी देने के मामले में शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें बाकायदा गिरफ्तारी भी हुई।

### शासकीय दुकानों के कर्मचारियों से उगाही के कारण रचा गया षड्यंत्र!

विभागीय लोगों के मुताबिक राजनांदगांव जिले की शासकीय शराब की दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों से प्रतिदिन लाखों रुपये की उगाही की जाती रही है। लोकेशन इंचार्ज अमित मिश्रा के खिलाफ शिकायत होने के बाद उसका सभी शासकीय शराब दुकानों में हस्तक्षेप बंद था। पिछले कुछ दिनों से कर्मचारियों से यह उगाही बंद थी। कोचियों को संरक्षण और कर्मचारियों से अवैध तरीके से वसूली के सभी प्रयास असफल हो रहे थे, जिसकी खुन्नस निकालने के लिए प्रायोजित तरीके से फर्जी कॉल रिकॉर्डिंग के जरिये आबकारी विभाग के अधिकारी पर आरोप भी लगाया गया। अब आबकारी विभाग में बड़ी फेरबदल होने के बाद अधिकारियों के इधर उधर होने पर शासकीय शराब दुकानों में वर्चस्व कायम करने के लिए एक बार फिर जोर-आजमाइश शुरू हो गई है। इन कार्रवाईयों के माध्यम से कर्मचारियों के मन मे खौफ पैदा किया जा रहा है कि हर महीने कट नहीं पहुंचाया गया, तो नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

### सभी दुकानों में एक जैसा प्रकरण, प्रिप्लांड!

जिले में शासकीय शराब दुकानों में पदस्थ कर्मचारियों के खिलाफ बनाये गए प्रकरण में 1440 रुपये की जगह 1500 लेने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों से कब इस मामले में बातचीत की गई तो उनका कहना है कि प्रिप्लानड तरीके से लोगों को शराब दुकानों में भेजा गया और 1500 रुपये देकर बचे हुए पैसे लिए बिना ही वहां से चले गए। इनकी बात की सुनवाई न हो इसके लिए षडयंत्रपूर्वक दुकानों के सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए थे, जिससे सेल्समैन और सुपरवाइजरों की कहीं सुनवाई न हो सके।

जिन कर्मचारियों को दुकानों से निकाला गया है, उनका आरोप है कि उन्होंने प्लेसमेंट कम्पनी के पूर्व लोकेशन इंचार्ज और मौजूदा फील्ड ऑफिसर को हर माह कमीशन देने से इनकार कर दिया था, जिसका बदला लेते हुए षडयंत्रपूर्व फंसाया गया है। को कमीशनखोरी करने कोचियों को संरक्षण देने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है, जिसकी वजह से लोकेशन इंचार्ज फील्ड ऑफिसर के कंधे पर रखकर बन्दूक चलाने का काम किया जाता रहा है। ताजा तरिन विभागीय फेरबदल के बीच अपना उल्लू आखिर कौन सीधा करना चाहते हैं ।

# देश के सैनिकों के लिए सकारात्मक भूमिका निभाए चेंबर ऑफ कॉमर्स: अभिषेक सिंह




**राजनंदगांव,** 9 मई (देशबन्धु)। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश वेद एवं प्रदेश महामंत्री तरुण लहरवानी के नेतृत्व में आज सैकड़ो व्यापारी पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मिले और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश वेद, तरुण लहरवानी आलोक बिंदल को शुभकामनाएं दी और चेंबर ऑफ कॉमर्स से अपेक्षा भी की कि वर्तमान परिदृश्य में देश की परिस्थितियों पर चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से देश की जांबाज़ सेना के जवानों के उत्साहवर्धन हेतु लोगों में देश के प्रति भाव जागृत हो और देश हित में सोशल मीडिया में अनर्गल बातों को न प्रसारित करने का सादर निवेदन करते हुए इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान करते हुए व्यापारियों की एकता पर अभिषेक सिंह ने हर्ष व्यक्त किया ।

अंत में चेंबर के जो नियुक्त अध्यक्ष कमलेश वेद ने अभिषेक सिंह को महत्वपूर्ण सुझाव के लिए धन्यवाद दिया और अमल करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हसमुख भाई रायचा, शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल,विनोद बोहरा,सुरेश अग्रवाल,राजेश अग्रवाल, भीमन धनवानी, रानू जैन, बलविंदर बग्गा, ललित भंसाली, मनोज कोटडिया, हरीश मोटलानी, अनिल वैद्य, राजकुमार वेद, दीपक नौलखा, महेंद्र सुराणा, प्रवीण सेठिया,मयूर ललवानी, ज्ञानू नवलखा, राजेश सोनी, संतोष सोनी, गोल्डी बरडिया, अरुण ढूलानी, नरेश बावरिया,चंदन रूचंदानी,राजेश सोनी,दीपक नवलखा,सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन अमर लालवानी एवं आभार प्रदर्शन राजकुमार वैद्य ने किया।

# अरमुरकसा में नवीन पूर्व मा.विद्यालय की स्वीकृति देने शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 9 मई (देशबन्धु) ।आदीवासी जनपद के ग्राम पंचायत अरमुरकसा जो की दूर्ग डौण्डी के मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे पर स्थित है ।इस क्षेत्र के संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य थे वर्तमान में इनकी धर्म पत्नी मंजू बैस अरमुरकसा की जनपद सदस्य हैं। यहां के ग्रामिणों की प्रमुख मांग अरमुरकसा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की रही है ।जनपद सदस्य के चुनाव के समय ग्राम अरमुरकसा के ग्रामिण इस मांग को संजय बैस व उनकी पत्नी मंजू बैस के समक्ष विद्यालय निर्माण को लेकर अपनी बात प्रमुखता से रखी थी जिस पर मंजू बैस ने ग्रामिणों को आश्वासन दिये थे की शासन के समक्ष आप की बातों को प्राथमिकता से रख कर के नवीन विद्यालय निर्माण कराने का प्रयास करूंगी। 9 मई को कुसुमकसा प्रवास में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा सचिव आर एल ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी श्री मार्केले की उपस्थिति में जनपद सदस्य मंजू बैस पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ग्राम सरपंच व गांव के प्रमुख ग्रमिण जनों ने ग्राम पंचायत अरमुरकसा में नवीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्विकृति के लिए ज्ञापन सौंपा ।इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य व भाजपा नेता संजय बैस ने छ.ग शिक्षा सचिव ठाकुर से इस संबंध में चर्चा करते हुए कहा की अरमुरकसा गांव के बच्चे नाला क्रास कर एवं नेशनल हाईवे सड़क से हो कर विद्यालय जाते हैं जिससे दूर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है,साथ ही बाजू के ग्राम पंचायत पत्थरा टोला में दो पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक विद्यालय का युक्तियुक्तकरण किया जाना प्रस्तावित है। जिससे अरमुरकसा गांव में नवीन विद्यालय का संचालित होने में कोई दिक्कतें नहीं आएगी ।उन्होंने शिक्षा सचिव से अरमुरकसा गांव में नवीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है जिस पर शिक्षा सचिव आर एल ठाकुर ने इस मामले को जल्द पुरा करने का आश्वासन जनपद सदस्य मंजू बैस व भाजपा नेता संजय बैस को दिये है।



- गांव के बच्चे नाला क्रास नेशनल हाईवे से हो कर जाते स्कूल, दूर्घटना की आशंका : संजय बैस

# मां भानेश्वरी देवी के त्याग और तपस्या से समाज को मिला आशीर्वाद :उप मुख्यमंत्री

- ईमानदारी और मेहनत के दम पर साहू समाज शिक्षा, रोजगार, व्यापार, राजनीतिक, उद्योग जैसे हर क्षेत्र में आगे
- उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सर्व समाज सामुदायिक भवन और मंडल साहू समिति सामाजिक सामुदायिक भवन का किया लोकार्णण



**राजनंदगांव,** 9 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला में प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने मां भानेश्वरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने ग्राम पंचायत सिंघोला में सर्व समाज सामुदायिक भवन और मंडल साहू समिति सिंघोला के सामाजिक सामुदायिक भवन का लोकार्णण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने की। इस अवसर पर विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक कसडोल श्री संदीप साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड श्री जितेन्द्र साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि ग्राम सिंघोला की पावन धरती में माता भानेश्वरी देवी के चमत्कार, त्याग और तपस्या से चारो ओर वैभवशाली प्रकाश हो रहा है। मां भानेश्वरी के त्याग, तपस्या से समाज को आशीर्वाद मिला है। साहू समाज की महान विभूतियों ने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आज महाराणा प्रताप की जयंती है। उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती की बधाई देते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप का नाम आता है तो दानवीर भामाशाह का भी नाम आता है। दानवीर भामाशाह ने अपना पूरी संपत्ति मुगल सेना के खिलाफ लड़ाई करने के लिए महाराणा प्रताप को समर्पित कर दिया था। महाराणा प्रताप के अनन्य मित्र, सहयोगी एवं सलाहकार दानवीर भामाशाह के कारण बार-बार मुगल सेना परास्त हुई। दानवीर भामाशाह एक प्रखर योद्धा एवं सेनापति के रूप में कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि साहू समाज की ताकत एवं विशेषता ईमानदारी और मेहनत है। उन्होंने कहा कि साहू समाज को सबसे अच्छा समाज बनकर दिखाना है। अच्छे विचार से ही अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और मेहनत के दम पर आज साहू समाज शिक्षा, रोजगार, व्यापार, राजनीतिक, उद्योग जैसे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। सर्व समाज में साहू समाज का अलग स्थान बना है। उन्होंने युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार, विचार और दिशा देने कहा, ताकि अन्य समाज के साथ-साथ साहू समाज अच्छे समाज के रूप में स्थापित हो सके। इसके लिए पूरे समाज को मिलजुलकर प्रयास करने कहा। युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी संस्कारी, वैचारिक, सही दिशा में जाए इसके लिए चिंता करने की जरूरत है। तभी अच्छे साहू समाज के रूप में पहचान बनेगी। साहू समाज द्वारा रचनात्मक कार्य किया जा रहा है तथा जिले में कोचिंग संचालित किया जा रहा है।

प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम को पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक कसडोल श्री संदीप साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला साहू समाज भागवत साहू ने संबोधित करते हुए मां भानेश्वरी देवी जयंती की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन डॉ. नीरेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत देवकुमारी साहू, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती विभा साहू, सदस्य जनपद पंचायत श्रीमती खुशबू साहू, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, सरपंच सिंघोला मुकेश साहू सहित साहू समाज के अध्यक्षगण, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाज के नागरिक उपस्थित थे।

# भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने सरकार ने नामांतरण प्रक्रिया बदला : पिंटू

**राजनंदगांव,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल को बड़े उद्योगपतियों के हवाले कर भाजपा की सरकार अब प्रदेशवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल करने की नीयत से भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने भूमि नामांतरण प्रक्रिया को आसान कर दिया है। नए नीयम के तहत उप पंजीयक द्वारा सीधे जमीन की नामांतरण किया जाएगा। इस नियम के तहत बिना दावा-आपत्ति, बिना इस्तेहार प्रकाशन तथा बिना नोटिस तामिल किए ही नामांतरण हो जाएगा। जिससे भू-माफियाओं द्वारा फर्जीवाड़ा कर जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा।

श्री पिंटू ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन पर खतरा बढ़ गया है। नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बाईपास करने से भू-माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जाएगा। ऐसे में नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा, राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा, गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा, क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते। साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं बल्कि भू-माफियाओं के अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने में है।



श्री पिंटू ने कहा कि वर्तमान प्रक्रिया में सारे नियमों को ताक पर रखकर भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जमीनों की अवैध रजिस्ट्री बिक्री करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। यदि नामांतरण प्रक्रिया को और आसान कर उप पंजीयक को सारे अधिकार दे दिए जाते हैं तो जमीन कब्जे, अवैध खरीदी-बिक्री के मामलो में वृद्धि होगी। अनेकों मामले में माफियाओं ने जमीन क्रेता को बताएं बिना ही बैंकों में कर्ज हेतु दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया है। नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्राम सभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां फर्जीवाड़े उजागर हो पाते हैं। अब जब नए आदेश के अनुसार उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वत: नामांतरित हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है, तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा और तो और सरकारी भूमि, पट्टे की भूमि, आदिवासी की भूमि, कोटवारी भूमि, अवैध प्लाटिंग, अहस्तांतरणी भूमि, शामिलात खाता की भूमि या मिसल से अधिक रकबे की भूमि को भी अब रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण के दायरे में लाने का षड्यंत्र रचा गया है।

श्री पिंटू ने कहा कि भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने आसान रास्ता बना दिया है।

# सुबह नगर भ्रमण में निकले महापौर एवं कलेक्टर

**राजनांदगांव** 9 मई (देशबन्धु)। निगम सीमाक्षेत्र मे शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन करने स्थल निरीक्षण हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे विभागीय अधिकारियों के साथ आज शहर भ्रमण किये। भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा व श्री आलोक श्रोती, पार्षद श्रीमती प्रियंका पंकज कुरंजेकर उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मोहारा जलसयंत्र गृह का निरीक्षण कर नदी में पानी की स्थिति एवं समाग्री की उपलब्धता की जानकारी लिए।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाए संचालित की जाती है, जिसका लाभ जनता को देने उसका क्रियान्वयन आवश्यक होता है। इसी प्रकार राजनांदगांव में नागरिकों की सुविधा के लिये राज्य सरकार द्वारा घोषणा कर विभिन्न योजनाओ की स्वीकृति दी गयी है। उन्ही घोषणाओ को धरातल में पूरा करने आज महापौर श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. भुरे नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारियों के साथ निगम सीमाक्षेत्र में भूमि की उपलब्धता देखने सुबह निकले।

महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिये विभिन्न घोषणाए की गयी है, जिसका धरातल में क्रियान्वयन करने आज स्थल चयन किया जा रहा है। योजनाओ में हॉकी एकेडमी, नालंदा परिसर, सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम निर्माण, थोक मार्केट जैसे अन्य कार्य के लिये स्थल चयन कर निर्माण किया जाना है, ताकि निर्माण उपरांत माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिह की मंशानुरूप राजनांदगांव की जनता को लाभ मिल सके। इन योजनओ के क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्टर के साथ उर्जा पार्क के बाजू, कुज विहार कालोनी में कृष्ण कुंज के बाजू तथा मोहारा बाईपास रोड के शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया। भूमि उपलब्धता के आधार पर योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा।



कलेक्टर डॉ भुरे ने कहा कि योजना की स्वीकृति अनुसार स्थल चयन करना है और मापदण्ड के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाना है। उन्होंने राजस्व, राजगामी एवं नगर निगम के अधिकारियो से कहा कि उक्त भूमि के अलावा निकाय क्षेत्र में आपके विभाग के अधीन शहर की रिक्त भूमि की सम्पूर्ण जानकारी नक्शा खसरा सहित प्रस्तुत करे, जिससे योजना को मूर्त रूप दिया जा सके। भ्रमण के दौरान महापौर श्री यादव व कलेक्टर डॉ. भुरे मोहारा स्थित जलसयंत्र गृह का निरीक्षण किये। महापौर श्री यादव ने कहा कि मोगरा से पानी लिया जा रहा है जो एनीकट में पहॅुच गया है, जिससे लगभग एक माह पानी आपूर्ति की जा सकती है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने मोहारा एनीकट में पानी संग्रहण की जानकारी लेकर कहा कि प्लांट में आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे तथा जल संकट वाले क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम सहित नगर निगम, राजस्व एवं राजगामी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ हॉकी के विकास के लिए विश्रामपुर में महत्वपूर्ण बैठक

- छत्तीसगढ़ हॉकी' अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने सरगुजा संभाग का किया दौरा
- अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी की उपस्तिथि में प्रतियोगिताओं और संसाधन विस्तार पर लिए गए बड़े निर्णय

**राजनंदगांव,** 9 मई (देशबन्धु)। विश्रामपुर के स्श्वष्टरु सामुदायिक भवन कालोनी में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी की अगुवाई में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य प्रदेश में हॉकी खेल के विकास को गति देना था। बैठक में सरगुजा संभाग के पांच जिलों ङ्क सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और जशपुर ङ्क के हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करना प्रमुख है। साथ ही, सभी पंजीकृत खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक वितरित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु प्रत्येक जिला संघ को ?10,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, सरगुजा और सूरजपुर जिलों में खेलो इंडिया हॉकी सेंटर की स्थापना हेतु पहल की जाएगी।

बैठक के दौरान विगत वर्ष की हॉकी गतिविधियों की समीक्षा की गई और आने वाले समय के लिए कार्य योजना तैयार की गई। इसमें वार्षिक हॉकी कैलेंडर का निर्धारण और खेल के सुधार से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा शामिल रही। राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।



हॉकी संघ ने निर्णय लिया कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु ग्रासरूट हॉकी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, जिससे उभरते खिलाड़ियों को मंच मिलेगा। अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि जैसे अब तक सभी मिलकर कार्य करते आए हैं, वैसे ही आगे भी एकजुट प्रयासों से छत्तीसगढ़ की हॉकी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपम फिलिप , रामबहादुर लांबा, कमल कुमार मण्डल सवाई नरसिह नारायण, साजि उमर,ऐंथ्रेन्स एक्का, नॉर्बर्ट तिर्की, दीपक खाखा,,(सुरजपुर) नरेश तिर्की, दाखिल लकड़ा ,स्टीफन कुजूर,आशीष दावरे, इन्शु अहमद ,राघवेंद्र प्रताप,(कोरिया)वीर कुजूर अल्फांशो एक्का,विशाल दिप टोप्पो (जशपुर) राजेश सिंह(काकू) मोहम्मद अशफाक ,संदीप कुमार लकड़ा, रोनित मिंज,डेनिश मिंज(सरगुजा) आदि उपस्थित थे,

बैठक पश्चात अम्बिकापुर में फ़िरोज़ अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी ने हाकी मैदान जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात कर ग्राउंड का निरीक्षण भी किया।

सरगुजा में हॉकी को मिलेगा नया जीवन, एस्ट्रो टर्फ मैदान की मांग फिर से जोर पकड़ी

पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं सरगुजा हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री टी.एस. सिंहदेव से उनके निवास च्वतपस्याज्ज में हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी के अगुवाई मे हॉकी संघ के सचिव सचिव राजेश सिंह, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शफी , अनुपम फिलिप,तथा हॉकी संघ के अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस बैठक में सरगुजा संभाग में हॉकी खेल के विकास को लेकर गंभीर चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान श्री सिंहदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एस्ट्रो टर्फ मैदान की पूर्व में की गई मांग को एक बार फिर सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि हॉकी जैसे लोकप्रिय खेल को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में स्थानीय स्तर पर हॉकी टूर्नामेंट्स, प्रशिक्षण शिविर और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए योजनाओं पर भी चर्चा हुई। यह पहल क्षेत्र में हॉकी को एक नई दिशा देने की संभावना रखती है।

**उल्टा पुल्टा**

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे, 3 सड़ गए तो कितने आम बचे?
टीटू- 10
टीचर- अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे?
टीटू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

# बल्दाकछार में मुख्यमंत्री ने अटल डिजिटल केंद्र का किया अवलोकन



बल्दाकछार में भी पहुंची डिजिटल लेन-देन की सुविधा

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कसडोल विकासखंड के बल्दाकछार प्रवास के दौरान अटल डिजिटल सेवा केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र संचालक व्हीएलई रोशन लाल पटेल से संचालन एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान बल्दाकछार की बिसनी बाई ध्रुव एवं घिरघोल की सविता ने अपने बैंक खाते से एक-एक हजार रुपये आहरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने प्रतिबद्ध है। अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू होने से अब बैक जाना नहीं पड़ेगा, बैंकिंग सहित अन्य सुविधाएं यहीं से मिल जाएगगी। उन्होंने ग्रामीणों को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का लाभ लेने कहा। बिसनी बाई ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खुल जाने से बहुत सुविधा हो रही है। अब गांव में रोजी मजदूरी करने के बाद थोड़ा समय मिलने पर सुविधा केंद्र से पैसा निकाल लेते हैं। व्हीएलई रोशन पटेल ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बल्दाकछार का शुभारंभ। पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल को हुआ है। इस केंद्र में नागरिक सुविधाएं अंतर्गत जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं, सीएससी आईडी, वित्तीय सेवाएं अंतर्गत नगद आहारण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पेंशन, पैन कार्ड, तथा सीएससी सेवाएं अंतर्गत सरकारी योजनाओ का पंजीयन, पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा टिकट बुकिंग, ई-डिस्ट्रिकट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

## सीएम विष्णु देव साय ने चौपाल में दो युवाओं को पहनाया हेलमेट



**कसडोल/बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के औचक निरीक्षण हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बल्दाकछार पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गाँव के दो युवाओं को अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बरगद के नीचे लगी चौपाल में बल्दाकछार के 24 वर्षीय धनंजय पटेल और 28 वर्षीय श्रीमती हेमलता चंद्राकर को हेलमेट पहनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते समय दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट सिर में गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना न केवल यातायात नियमों का पालन है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

# भारतीय सैन्य महिला अफसरों की साहसिक कार्यवाही से आतंकियों के ठिकाने नेस्तनाबूद



नपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष की संयुक्त प्रेस वार्ता, राष्ट्र सुरक्षा पर एकमत, देश सर्वोपरि

**नवापारा राजिम,** 9 मई (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले से पूरे देशवासियों में शोक, पीड़ा एवं क्रोध है। जिसका बदला 14 दिनों बाद भारत की सरकार ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करके लिया है। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर बमबारी कर तबाह करने की कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया है। ऑपरेशन सिंदूर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर कहा है। कि जब बात देश की सुरक्षा की हो तो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी राजनैतिक पार्टियां एवं देशवासी एकसाथ है।

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने एक स्वर मे कहा है कि देश की तरफ गलत नीयत से उठाई हर आंख फोड़ दी जाएगी। दुश्मन यह जान ले कि यह देश रानी लक्ष्मी बाई का है। भारत वीरांगनाओं का देश है। नारी सुकुमारी ही नहीं शक्ति का रूप भी है। नारी दुर्गा भी है। नारी में चंडी है। जिन आतंकियों ने भारतीय महिला पर्यटकों के माथे से उनका सिंदूर मिटाया है। उसकी बड़ी कीमत पाकिस्तान एवं उनके पाले आतंकियों को चुकानी पड़ेगी। भारत की दो महिला सैन्य अधिकारी कमांडर व्योमिका सिंह एवं कर्नल सोफिया कुरैशी के नेतृत्व में आतंकियों एवं उनके ठिकानों को खाक में मिलाने की कार्यवाही चालू हो गई है। अगर ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान सबक नहीं सिखा, अपने नापाक हरकतों से बाज़ न आया तो भारत इतनी शक्ति रखता है कि विश्व के नक्शे से पाकिस्तान देश मिटा देगा। नगर के दोनों ही राजनैतिक पार्टियां के महिला प्रतिनिधि नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव की ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जारी संयुक्त प्रेस वार्ता से देश के प्रति उनकी दृढ़ राष्ट्रभक्ति की भावना को बया करती है।

# छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी लोगों की घोर उपेक्षा हो रही हैं : रमेश यदु



बोर्ड एवं निगम मंडल में शामिल करने भाजपा संगठन मंत्री साय से की चर्चा

**बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु आज भाजपा कार्यालय पहुंचकर छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने महामंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी लोगों की घोर उपेक्षा हो रही है। आज वर्तमान समय में गडरिया पाल समाज के लिए भेड़ पालन एवं उन संवर्धन बोर्ड का गठन हुआ है लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई। साथ ही गंधर्व गाढ़ा समाज के लिए बाजा बोर्ड का गठन किया जाना है लेकिन आज भी समाज समाज आशा भरी निगाह से शासन की ओर देख रही है।

इसी तरह से सांवरा समाज उपेक्षा का शिकार है। यादव समाज की 35 लाख की जनसंख्या होने के बावजूद भी ना तो मंत्रिमंडल में स्थान मिला और नहीं आयोग निगम मंडल में समझ में नहीं आ रहा है कि भाजपा को यादव समाज से क्या दुश्मनी है। उन्होंने कहा कि मामला सरकार की है तो सरकार और संगठन अगर सही नहीं चलेगा तो समाज को इसका लाभ नहीं मिलेगा इसलिए सरकार और संगठन में तालमेल स्थापित करके समाज की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जागरूकता शिविर आयोजित कर दी गई लोक अदालत के संबंध में जानकारी



नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**महासमुंद,** 9 मई (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वाधान में शुक्रवार को ग्राम बरोंडा बाजार के ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव श्रीमती आफरीन बानो के मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भी 10 मई शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण हो सके इस उद्देश्य से वृहद रूप से प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्राधिकरण के सचिव श्रीमती आफरीन बानो द्वारा आज ग्राम बरोंडाबाजार के पंचायत भवन पहुंचकर उपस्थित ग्रामीण जनों को विधिक जागरूकता संबंधी जानकारी देते हुए नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जानकारी देते हुए सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरणए विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के वसूली संबंधी लंबित प्रीण्लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जाएगें। जिसका विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरणों को लोक अदालत के खण्ड पीठ में निराकृत >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# बेमचा में समाधान शिविर का आयोजन

- शिविर में 6430 आवेदन प्राप्त, 6371 आवेदनों का किया गया निराकरण
- शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड जॉब कार्ड,प्रधान मंत्री अभिनंदन पत्र, किसान किताब का किया गया वितरण



**महासमुंद** 9 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार अंतर्गत 8 मई को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम बेमचा हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हाए जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती हुलसी चंद्राकर एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी.कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्राम बेमचा क्लस्टर में भलेसर, गोपालपुर, कांपा, खैरा, खरोरा, कौदकेरा, लभराखुर्द, लाफिंकला, मचेवा, परसदाबी, साराडीह, सोरिद ,लोहारडीह से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 6430 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 6371 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

सर्वप्रथम विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक एवं कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्यमयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे है। मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया गया ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन बैंक खाता, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि सोच के चलते छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 तारीख तक आवेदन एकत्र किए गए जबकि द्वितीय चरण में इन्हें पोर्टल पर अपलोड कर विभागों द्वारा निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन पंचायत विभाग से प्राप्त हुए जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिन मांगों के लिए संसाधन और बजट उपलब्ध थे उन पर तत्काल कार्यवाही की गई, जबकि अन्य मांगों के लिए बजट स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, हालाकि ज्यादातर हितग्राही योजना का लाभ ले रहे हैं। लेकिन अभी भी कुछ पात्र हितग्राहियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। पोर्टल खुलने पर उनको भी लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना के लिए भी मांग आयी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आगामी जनगणना में नाम जुड़ने पर ज्यादा से ज्यादा लोगो को शासन की योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने पानी की समस्या को स्थायी समाधान के लिए वर्षा जल संचयन ;रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनाना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पानी को संरक्षित करना, आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के साथ अन्य किसी योजना के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारी द्वारा वित्तीय अनियमितता करता है तो उसके खिलाफअनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने किसानों को नक्शा, बटांकन एवं अन्य दस्तावेज प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक ग्रामवासी शिविर में आकार श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बनवा सकते हैं तथा समाधान शिविर में अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर विधायकएकलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में 06 हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड, 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 को जॉब कार्ड, 01 को किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 03 अभिनंदन पत्र तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत 07 महिला समूहों को लखपति दीदी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा एकता महिला स्व सहायता समूह को पौधों का वितरण किया गया।

# घृष्णेश्वर,शनि शिगनापुर, भीमाशंकर, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर महासमुंद के तीर्थयात्री सोमनाथ के लिए हुए रवाना

**महासमुंद** 9 मई (देशबंधु)। द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा श्रवण करने जा रहे हैं महासमुंद के तीर्थयात्रियों ने महाराष्ट्र स्थित घृष्णेश्वर, भीमाशंकर, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर गुजरात के सोमनाथ दर्शन हेतु 8 मई की देर शाम रवाना हुए। अपने भक्तों की पुकार पर भीम नामक राक्षस का वध करने प्रकट हुए महादेव महाराष्ट्र के पुणे से 110 किलोमीटर दूर पर्वत पर स्थित है। तीर्थयात्री यहां 7 मई की रात करीब 9 बजे के आसपास पहुंचे। मंदिर 9. 30 बजे बंद हो जाता है। इस कारण आधे तीर्थ यात्री ही रात्रि में दर्शन लाभ ले सके। जिसके कारण भागवताचार्य पं. पंकज तिवारी के निर्देश पर सभी तीर्थ यात्रियों ने भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग की गोद में रात्रि विश्राम के बाद दर्शन व गंगाजल से अभिषेक कर भूतभावन, आशुतोष की मंगल आरती की। नगर के करीब 80 तीर्थयात्री भागवत श्रवण हेतु दो बसों में रवाना हुए हैं। भागवत कथा के सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू भी अपने निजी वाहन से सभी तीर्थ स्थानों में दर्शन पूजन का लाभ ले रहे है। भीमाशंकर के पूर्व तीर्थयात्रियों ने शनि शिंगणापुर में कर्म फलदाता शनिदेव के दर्शन पूजन कर तेल अर्पण किया। वहां के पुजारियों ने बताया कि करीब 1 किलोमीटर क्षेत्र में आज भी घरों में न तो दरवाजा है और न हीं यहां ताला लगाया जाता। वहां के पुरोहितों के मुताबिक पहले 5 किलोमीटर क्षेत्र में प्रभाव था। इस संबंध में पूछे जाने पर वहां के सेवादारों ने बताया कि कर्मधिकारी के प्रभाव क्षेत्र में किसी ने चोरी कर ली थी लेकिन वह उस क्षेत्र से बाहर नहीं जा सका और धीरे.धीरे विक्षिप्त होने लगा। इससे सभी जान गए कि इस व्यक्ति ने चोरी की है। इसके बाद से वहां चोरी की घटना नहीं हुई। आज भी वहां के मकानों में ताला नहीं लगाया जाता बल्कि दरवाजे की स्थान पर जानवरों से बचाने कुछ अवरोधक अवश्य लगाया जाता है। और तो और मंदिर परिसर के वॉशरूम में भी दरवाजा नहीं है। यात्रियों में प्रमुख रूप से जूली चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, ईश्वर राधा चंद्राकर, मारकंडेय पुष्पा चंद्राकर, रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी इदीकर, गुलशन चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, जयश्री बैश, शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर आदि यात्रा में शामिल है।



# रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद** 9 मई (देशबंधु)। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के निर्देश एवं कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्षा विनय कुमार लंगेह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला महासमुंद डॉ पी कुदेशिया के मार्गदर्शन में चेयरमेन संदीप दीवान, वाइस चेयरमेन डॉ आर के परदल,पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष एवं जिला संगठक डॉ् अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में 08 मई को महासमुंद जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज सलंग्न जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन कॉलेज रेडक्रॉस के कौन्सलर मानक लाल बारले, अभिषेक पांडेय सदस्य, आकाश पांडेय सदस्य, तेजलाल देवांगन कार्यालय सहायक एवं यूथ रेडक्रॉस वालेंटियर्स सहित रेडक्रॉस के अन्य पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति एवं पदाधिकारीगण दाऊलाल चंद्राकर, राजेश्वर खरे , प्रेम नारायण चंद्राकर एवं एच आर् बघेल ने भी रक्तदान कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ अशोक गिरि गोस्वामी ;जिला संगठक एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य, डॉ दिलजीत गुरदत्ता ब्लड बैंक प्रभारी, खिलेश्व चंद्राकर आदि उपस्थित थे।



# मोहतरा में प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

## सुशासन तिहार में मिली थी शिकायत

**बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। 7 मई को ग्राम मोहतरा के सुशासन तिहार में मिले शिकायत के अनुसार तहसीलदार राजू पटेल ने अवैध कब्जा किए हुए 11 ग्रामीण के ऊपर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। लोगों के द्वारा पैरा, लकड़ी एवं घेरा तार लगाकर अतिक्रमण किया हुआ था। जिस पर ग्राम पंचायत एवं राजस्व विभाग के संयुक्त टीम ने भू राजस्व संहिता की धारा 56 के अंतर्गत अतिक्रमाण हटाने का प्रस्ताव किया गया था। साथ ही सुशासन तिहार में शिकायत ग्रामीणों ने किया था। जिस पर तत्काल कार्रवाई किया गया और स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जो कि बलौदाबाजार राजस्व विभाग का प्रशंसनीय कार्य है। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि सुशासन त्यौहार के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नागरिकों को सार्वजनिक सुविधाएं बिना किसी बाधा के प्राप्त हों। अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



# बाघामुड़ा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर



**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर अंचल के विभिन्न ग्रामों में जाकर अनेक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों का हालचाल जान रहे हैं। तथा उनकी समस्याओ से रोजाना रूबरू हो रहे हैं। वे इन दिनों क्षेत्र में धुंआधार दौरा कर रहे हैं। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाघामुड़ा में चंद्राकर परिवार में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महापुराण में शामिल होने के लिए जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष एवं दबंग युवा भाजपा नेता भीखम सिंह ठाकुर ने सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों की खुशहाली सुख समृद्धि हेतु मंगल कामना की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, युवा भाजपा नेता हीरा सिंह साहू के अलावा गांव के माता बुजुर्गो युवा साथी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# लोमेश यदु ने 96.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का बढ़ाया मान



**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। विगत मार्च महीने में संपन्न हुए दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आज छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा घोषित कर दिया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा के विद्यार्थी चि.लोमेश कुमार यदु ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र में पूरे परिवार एवं विद्यालय नाम रौशन किया है। छात्र लोमेश कुमार यदु ग्राम हाड़ाबंद के निवासी हैं उनके पिता स्व. राजेश कुमार यदु एवं माता श्रीमती लक्ष्मी यदु गृहणी हैं। ज्ञातव्य हो कि लोमेश कुमार यदु की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर खल्लारी से हुई हैं तथा वे मेघावी छात्र रहे हैं। लोमेश यदु ने सफलता का श्रेय अपने माता -पिता, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दिया है। साथ ही लोमेश यदु ने आगे की पढ़ाई गणित विषय को लेकर करने की ईच्छा जताई है।

# मुड़ागांव समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निराकरण

- सरकार की मंशा ग्रामीणों के समस्याओं का त्वरित निदान हो : विधायक रोहित साहू



**गरियाबंद,** 9 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत गुरूवार को जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम मुड़ागांव में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम मुड़ागांव और आसपास के गांवों के लोगों ने अपने आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली।

शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधाना तत्परता से निराकरण ओर उन्हें सरकारी योजनाओं का सुगमता से लाभ मिले इसके लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। हमारी सरकार की मंशा है कि जरूरतमंद लोगों तक सरकारी दफ्तर के चक्कर ना लगाने पड़े बल्कि प्रशासन की ही उन तक सीधी पहुंच हो। उनकी समस्याओं का जमीनी स्तर में ही निराकरण किया जाए। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि गांव, गरीब और किसान की प्रगति के लिए लगातार काम हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, द्बजल जीवन मिशन, बिजली, सड़क, अस्पताल, स्कूल जैसी सुविधाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है।

इसके पहले विधायक साहू ने शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने फसल परिवर्तन और जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने लोगों को विभागीय योजनाओं और उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि, किसान किताब, कृषि बीज, मछली जाल आदि के तहत लोगों को लाभ मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्न प्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, एसडीएम नेहा भेड़िया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गुमा हायर सेकेंडरी स्कूल में लड़कियों ने बाजी मारी



**भरुवाडीह/बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बाजी मारी है। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हुआ हैं। जिससे छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त शैक्षिक परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। कक्षा दसवीं में कुल 42 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 32 छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त किए। वहीं 4 छात्र पूरक एवं 6 अनुत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 21 रही, तथा शेष 11 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर कक्षा दसवीं की परीक्षा में हेमेश्वरी यदु पिता रामगोपाल यदु 88.17 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं के परीक्षा में शामिल 35 परीक्षार्थियों में से 33 छात्र छात्राए परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल हुए। साथ ही एक छात्र पूरक और एक अनुत्तीर्ण हुए। जिसमें से प्रथम श्रेणी से 24, द्वितीय श्रेणी से 8 एवं तृतीय श्रेणी में 1 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में विद्यालय स्तर पर नीमा यादव पिता पंचराम यादव ने 85.4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। सभी छात्र-छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत की शुभकामनाओं के साथ शाला के प्राचार्य बी एल कोसले , व्याख्यता डी पी साहू, एस के खटकर, राजेश साहू, प्रमोद कुमार देवांगन, मिंज, चौहान, बंदे, श्री भारद्वाज, खेलकूद प्रशिक्षक माडरे, स्काउट गाइड प्रशिक्षक योमेश साहू एवं समस्त शैक्षणिक परिवार तथा शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा व ग्राम पंचायत गुमा के सरपंच श्रीमति चंद्रकांता होमेश साहू व सभी सदस्यों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के साथ बधाई दी है।

# बीज-खाद का अभी करें उठाव, बाद में हो सकती है किल्लत

**गरियाबंद,** 9 मई (देशबन्धु)। जिले में खरीफ की तैयारी तेज हो गई है। किसान खेतों की जोताई कर बीज और खाद की व्यवस्था में जुटे हैं। सहकारी समितियों से किसानों को शून्य ब्याज पर कृषि ऋण, बीज और उर्वरक मिलना शुरू हो गया है। वर्तमान स्थिति में जिले की डबल लॉक और सहकारी समितियों में यूरिया 5913, सुपर फास्फेट 2252, डीएपी 1181, पोटाश 770 और एनपीके 1183 मीट्रिक टन उपलब्ध है। भारत सरकार ने यूरिया 266.50, एसएसपी पाउडर 469.00, एसएसपी दानेदार 510.00, डीएपी 1350.00, एनपीके 1470.00 और पोटाश 1500.00 रुपये प्रति बैग की दर तय की है।

कृषि अधिकारी ने बताया कि खरीफ के मौसम में खाद की मांग अचानक बढ़ जाती है। इससे आपूर्ति प्रभावित होती है। फिलहाल खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान समय रहते बीज और खाद का अग्रिम उठाव कर लें। शून्य ब्याज दर होने से उन्हें कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी होगी। उन्होंने बताया कि समिति में धान की किस्मों में स्वर्णा, एमटीयू-1001, एमटीयू-1010 के साथ एमटीयू-1318, एमटीयू-1156, एमटीयू-1153 और विक्रम-टीसीआर जैसे अधिक उपज देने वाले बीज समितियों में उपलब्ध हैं। पिछले साल किसानों ने इन किस्मों से अच्छा उत्पादन लिया था।

स्फूर खाद के लिए डीएपी की जगह सुपर फास्फेट, 20-20-0-13 और 28-28-0 का उपयोग कर किसान अधिक उत्पादन ले रहे हैं। इनमें नत्रजन, स्फूर और सल्फर की पर्याप्त मात्रा होती है। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। फसलों की बुआई प्रभावित न हो, इसके लिए फसलवार अनुशंसा के अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग जरूरी है। शासन ने पीओएस मशीन से खाद बिक्री और तय दर पर विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसानों से अपील है कि नत्रजन और स्फूर के साथ म्यूरेट ऑफ पोटाश का भी उपयोग करें। इससे फसलों में कीट और बीमारी की समस्या कम होती है। जिंक ईडीटीए और बोरॉन का छिड़काव भी तय मात्रा में करें। इससे फसल की गुणवत्ता और उपज बढ़ेगी। किसान अधिक लाभ कमा सकेंगे।

# कलेक्टर कन्नौजे ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

- राजस्व कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के दिए निर्देश

**बिलाईगढ़,** 9 मई (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग ऐसा विभाग है, जिसका संबंध प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा है। घर, खेत, बटवारा, खरीदी बिक्री, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि कार्य के लिए वह राजस्व विभाग से जल्दी से जल्दी कार्य कराने की उम्मीद रखता है। जिला प्रशासन और राजस्व अधिकारी की ओर से हमारी यह ड्यूटी बनती है कि हम हमारे राजस्व कार्यों को जितनी जल्दी पूरा कर आवेदक को संबंधित किसान किताब, प्रमाण पत्र आदि प्रदान करें।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका निराकरण करें तथा ऐसे आवेदन जो निरस्त हो गए हैं, उनकी समीक्षा करें। आगामी दिनों और माह जून, जुलाई के राजस्व पखवाड़ा में सभी प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। शासन के निर्देशानुसार राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिले। राजस्व अधिकारियों को कानून व्यवस्था संबंधी अन्य कार्य भी देखने पड़ते हैं, लेकिन फिर भी अपने मूल राजस्व कार्य को प्राथमिकता से निपटारा करें। जिले में राजस्व प्रकरणों का निराकरण जल्द किया जाना हम सबका मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी संवेदनशीलता और मानवीय पक्ष को ध्यान में रखकर कार्य करें।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने समीक्षा बैठक में कहा कि सभी राजस्व अधिकारी कोर्ट का समय निर्धारित करें। लोक सेवा गारंटी अनुसार कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें। अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी के साथ बीच बीच में बैठक कर प्रगति रिपोर्ट लें। सभी कार्यों का मूल्यांकन करें। आप सभी यह सुनिश्चित करें कि शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राही को मिल सकें। राज्य सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के प्राकृतिक आपदा जैसे प्रकरण में पीड़ित परिवार को समय पर लाभ देना पूरा करें। डिजिटल हस्ताक्षर, भुईयां साफ्टवेयर, आरबीसी 6-4, अतिक्रमण, वृक्ष कटाई, अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, फौती नामांतरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित ई-कोर्ट में निराकृत प्रकरणों की समीक्षा, भू-स्वामित्व योजना, भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान एवं रिकॉर्ड दुरुस्ती की स्थिति, चिटफंड कंपनियों और पीडीएस दुकान संचालकों से राशि वसूली, लोक सेवा गारंटी योजनांतर्गत आवेदनों का निराकरण, जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र की प्रगति, राजस्व अभिलेखों में आधार सीडिंग, मोबाईल नम्बर व जेंडर प्रविष्टि की प्रगति, नए आबादी पट्टो का वितरण, लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। नगरीय क्षेत्र में नजूल पट्टे की शासकीय भूमि का पात्र हितग्राहियों को गाइड लाइन अनुसार मालिकाना हक़ दें।

बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा कर लिया गया है। ऐसे प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करें। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टा, पेयजल, राशन दुकान, छात्रावास, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ टीमवर्क में कार्य करें। राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को प्रशासन आपके द्वार थीम पर कार्य करें। जनमानस के साथ सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिए। इसके साथ ही आम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में परिणाममूलक कार्य करें।

# समाधान शिविर में हितग्राहियों के घर में आयी सुविधा और समृद्धि

- कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना से हितग्राही रजउ उरांव को मिला ट्रैक्टर
- पैर से दिव्यांग और मूकबधिर भगतुराम चौहान को मिला निशुल्क मोटराइज्ड सायकल

**बिलाईगढ़,** 9 मई(देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा चलाए गए सुशासन तिहार, उनके मंशा अनुरूप अब लोगों तक लाभ पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम तेंदूदरहा में आयोजित समाधान शिविर में तेंदूदरहा निवासी रजउ उरांव को कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना के तहत नया ट्रेक्टर अनुदान के साथ मिला। आवेदक ने एक लाख 65 हजार का किश्त भुगतान किया है। उसे कृषि विभाग द्वारा ट्रैक्टर 6 लाख 15 हजार रुपए में प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ग्राम पीपरभवना के पैर से दिव्यांग और मूकबधिर भगतुराम चौहान को निशुल्क मोटराइज्ड सायकल मिला। इन दोनों हितग्राहियों को उनकी मन मुताबिक और जरूरतमंद को ध्यान में रखते हुए कृषि और समाज कल्याण विभाग की ओर से यह उपकरण प्रदान किया गया। ऐसे ही बुजुर्ग महिला रामकुवर और सोनमत को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। इस प्रकार लोगों के जीवन में जीवन यापन, रोजमर्रा आवागमन में सुविधा, रोजगार और स्वास्थ्य के लिए निशुल्क इलाज की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। समाधान शिविर में अतिथियों, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम वर्षा बंसल आदि के द्वारा हितग्राहियों को दिया गया।

ग्राम पंचायत तेंदूदरहा के स्कूल परिसर में समाधान शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य युवराज शरण सिंह, सुशीला साहू, भगवंतीन कुंजराम पटेल, दिनेश जांगड़े, शिवकुमारी अनिल साहू, अन्य जनपद सदस्यों, डॉ. वर्षा बंसल अनुविभागीय अधिकारी (रा), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिलाईगढ़, तहसीलदार भटगांव, सरसीवां एवं समस्त जिला स्तरीय ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिती में किया गया।

## संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने शिविर में किया रक्तदान

**खरोरा,** 9 मई। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयोजित रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों ने अपना योगदान देते हुए रक्तदान किया जिसमें ग्राम कोटा निवासी भाई सुशील साहू एवं ग्राम खपरीकला निवासी भाई ओंकार पटेल ने शिविर में अपना रक्तदान किया।



# मथुराडीह में लगी किसान चौपाल




## कलेक्टर ने दी समझाईश

**धमतरी,** 9 मई (देशबन्धु)। खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मथुराडीह में आयोजित किसान चौपाल में किसानों ने दलहन-तिलहन फसलों के अलावा फसल चक्र परिवर्तन में गांव और किसानों के जीवन मे आये बदलाव की चर्चा हुई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान चौपाल में आसपास के प्रगतिशील किसान आयें हुए है, जिन्होंने पारम्परिक खेती को छोड़कर आधुनिक खेती अपनाई और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे है। क्षेत्र के किसानों के लिए यह अच्छा अवसर है, वे इन प्रगतिशील किसानों की बातों को सुनें और उनकी पद्धति अपना कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारा जिला उत्कृष्ट किसानों से परिपूर्ण है, जो कोदो, रागी, मिलेट्स, चना बीज उत्पादन और फसल चक्र अपनाकर जल संरक्षण में भी अपना सहयोग दें रहे है।

कलेक्टर ने कहा कि अब समय आ गया है कि धान की पारम्परिक खेती को छोड़कर किसान नगदी फसल, पशुपालन, उद्यानिकी फसल की ओर कदम बढाया जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आप सभी की सुविधा के लिए यहां कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य समवर्ती विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये है, जहां आप किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते है। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि जिले में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ ने किसान राजकुमार सिन्हा और तोमन सिंह ध्रुव को बीज भी वितरित किया।

किसान चौपाल में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए इन शिविरों का आयोजन अच्छी पहल है। किसान चौपाल में जब किसान अपने अनुभव बताते है, तो दूसरे किसानों को इसका लाभ मिलता है। उन्होंने अपनी समस्याओं को विभागों के समक्ष रखने कहा ताकि उनका निराकरण किया जा सके। चौपाल में जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरंपच मथुराडीह वसंती नेताम, सभापति अग्रवाल साहू, के अलावा उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, उपसंचालक पशुपालन एसएस बघेल, एसडीओ कृषि मनोज सागर सहित प्रगतिशील किसान संजय रामटेके, राधेश्याम साहू, मनोज कुमार साहू, परेश पाल, केलाराम निषाद, और बीरसिंह सोरी और क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# प्रीति पटेल ने 94.5 फीसदी अंकों के साथ 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप किया

**पिथौरा,** 9 मई (देशबन्धु)। पिथौरा (जंघोरा) स्थित रामदर्शन पब्लिक स्कूल का पहला कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें छात्रा प्रीति पटेल ने 94.5त्न अंक प्राप्त कर टॉप किया। यह परिणाम विद्यालय के पहले बैच के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण रहा।



प्रीति की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और अनुशासन की कहानी है, बल्कि यह उन छात्रों के लिए भी प्रेरणा है जो पढ़ाई में निरंतरता और समर्पण बनाए रखते हैं। परीक्षाओं के दौरान चुनौतियाँ तो सभी के सामने आती हैं, लेकिन उन्हें पार कर बेहतर प्रदर्शन कर पाना ही सच्ची सफलता की पहचान है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों में अक्सर तनाव और अनिश्चितता का माहौल होता है, ऐसे में पहली बार परीक्षा दे रहे किसी भी बैच से इतने मजबूत परिणाम की अपेक्षा नहीं की जाती। लेकिन इस बार यह धारणा टूटी है। स्कूल की चेयरमैन कविता अग्रवाल ने कहा, च्च्यह सिर्फ एक अंक नहीं, वर्षों की मेहनत और विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का फल है। प्रीति ने जिस शांति और निष्ठा से पढ़ाई की, वह आज हर छात्रा के लिए एक मिसाल है।

### पहली बैच, पहली उड़ान

स्कूल के प्राचार्य ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, च्च्हमारे लिए यह सिर्फ रिजल्ट नहीं, एक अनुभव है — बच्चों के साथ सीखी गई हर चीज़ का सार। प्रीति और बाकी छात्रों ने पूरे साल जिस स्थिरता और आत्मनियंत्रण के साथ पढ़ाई की, वह काबिल-ए-तारीफ है।

प्रीति का संबंध छत्तीसगढ़ के राजाडेरा, पिथौरा गांव से है। उनके पिता पुरुषोत्तम पटेल कृषक हैं और माता कामेश्वरी पटेल एक गृहिणी हैं। एक सादे ग्रामीण परिवेश से आने वाली प्रीति ने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और आत्मबल के दम पर कोई भी छात्र किसी भी स्तर पर अपना स्थान बना सकता है। प्रीति ने बताया कि उन्होंने नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन पर ध्यान दिया, और टीचर्स के मार्गदर्शन ने उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया। परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी और रिवीजन पर फोकस किया। शहर में प्रीति की इस सफलता को लेकर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल है। यह परिणाम न केवल स्कूल के लिए बल्कि पिथौरा के शैक्षणिक परिदृश्य के लिए भी एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

# बच्चा बच्चा जानता है पीएम व सीएम का नाम

## मड़ेली आंगनबाड़ी में बच्चों ने बताया नाम



**गरियाबंद,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को गरियाबंद जिले के मड़ेली गांव पहुंचे। समाधान शिविर के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां मौजूद बच्चों से पूछा कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं। सभी बच्चों ने एक स्वर में कहा- नरेंद्र मोदी। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछा गया तो बच्चों ने कहा- विष्णु देव साय। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया। उन्हें दुलारा, टॉफियां और चॉकलेट बांटी। नन्हीं बालिकाओं ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बच्चों के स्नेह से मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ियों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर बच्चे को मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों को अच्छा पोषण और सुंदर वातावरण मिले, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश से देश का भविष्य मजबूत और समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ियों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दिए जा रहे पूरक पोषण आहार और अन्य गतिविधियों की जानकारी भी ली। मड़ेली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता उर्वशी नंदे ने बताया कि केंद्र में 15 बच्चे नियमित रूप से आते हैं। उन्हें रोजाना तय मेनू के अनुसार नाश्ता और गर्म भोजन दिया जाता है। पूरक पोषण आहार का भी नियमित वितरण हो रहा है।

# युक्तियुक्तकरण से हजारों शासकीय स्कूलों को बंद कर निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षड़यंत्र : विनोद

**महासमुंद,** 9 मई (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षड़यंत्र भाजपा सरकार द्वारा रचा जा रहा है। यह तरीका छत्तीसगढ़ के शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर देगा और इससे हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब प्रधान पाठक को अतिशेष बनाया जा रहा है। राजस्व ग्राम के शालाओं को कम दर्ज संख्या का हवाला देकर बंद किया जाना पूरी तरह से अन्याय है। क्योंकि शिक्षा और स्वास्थ्य की प्राथमिक व्यवस्था प्रत्येक व्यक्ति और ग्राम के लिए किया जाना सरकार का प्राथमिक दायित्व है। इससे ना केवल शिक्षक अतिशेष होंगे, अपितु संबंधित ग्रामों के बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। अनेक बच्चे ऐसे हैं, जो अधिक दूरी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। इस व्यवस्था के तहत स्कूल बंद होने से इन बच्चों की शिक्षा पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए तानाशाही फैसले से हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। इन स्कूलों के प्रधान पाठक व शिक्षकों को अतिशेष की सूची में डाल दिया जाएगा। वहीं, षड़यंत्र पूर्व शिक्षकों की रिक्त पदों को भी खत्म करने का खेल हो रहा है। बिना प्रभावित वर्ग, पालकों के प्रतिनिधि और शिक्षक संघों की राय लिए मनमानी पूर्ण फैसला एकतरफा थोपा जाना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। छत्तीसगढ़ में 57000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है, कई वर्षों से शिक्षक प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं, इस सरकार में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कोई पॉलिसी नहीं बनी है और ऐसे में युक्तियुक्तकरण के नाम पर यह सरकार केवल शिक्षकों का भयादोहन करना चाहती है। प्रदेश में हर महीने सैकड़ो की संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। लेकिन यह सरकार पिछले डेढ़ साल से एक भी पद पर नियमित शिक्षक की भर्ती नहीं कर पाई है। सरकार की दुर्भावना के चलते स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों की बदइंतजामी सर्वविदित है। भाजपा की सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। श्री चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को मर्ज किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों की संख्या में रसोईया, स्वीपर और महिला स्व.सहायता समूह जो स्कूलों में मध्यान भोजन तैयार करते हैं उनके समक्ष भी आजीविका का संकट उत्पन्न हो जाएगा। प्राइमरी और मिडिल में एचएम को शिक्षकीय पद माना गया है। प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षक का सेटअप घोषित किया गया है। वहीं शिक्षक मध्यान भोजन की व्यवस्था भी करेंगे, डॉक का जवाब भी वही देंगे, सारे विषयों को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की, मिडिल स्कूल में कुल पांच विषय होते हैं और तीन क्लास छठवीं, सातवीं और आठवीं इस हिसाब से कुल 15 क्लास और 60 बच्चों की कुल दर्ज संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एक मात्र शिक्षक कैसे चला पाएंगे स्कूल। अतिशेष शिक्षकों के संदर्भ में वरिष्ठता नहीं बल्कि स्नातक के विषयों को आधार मानना अन्यायपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का फोकस शिक्षा विभाग की समस्याओं के समाधान में नहीं केवल शिक्षकों को तबादले का डर दिखाकर वसूली करने में है। इतना बड़ा फैसला लेने से पहले न शिक्षक संघ की राय ली गई न कोई सलाह मांगा गया, न किसी से सुझाव सीधे फैसला थोप दिया गया।



## निधन

### श्रीमती प्रभावती देवी



**भिलाईनगर,** 9 मई। वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व पार्षद कॉलोनी रूआबांधा सेक्टर निवासी रंग बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती प्रभावती देवी का बुधवार को संध्या-4 बजे सेक्टर 9 चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में निधन हो गया। वह 76 साल की थी। पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास 126/। एचएससीएल कालोनी रुआंबाधा सेक्टर से शिवनाथ नदी मुक्ति धाम दुर्ग के लिए गुरुवार मई को सुबह 11 बजे निकली शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### श्रीमती मरियम्मा थॉमस



**भिलाईनगर,** 9 मई। आमदीनगर हुडको एमआईजी-1/500 निवासी श्रीमती मरियम्मा थॉमस का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से प्रात: 10 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरुनगर के लिए निकलेगी। वे एमपी थॉमस की पत्नि एवं सींजू थॉमस, शिबू थॉमस, सी.बी. थॉमस की माता थी।

### भुवनलाल चंद्राकर



**दुर्ग,** 9 मई। सुनील न्यूज एजेंसी इंदिरा मार्केट के संस्थापक भुवनलाल चंद्राकर उम्र 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील एवं संजय चंद्राकर के पिता एवं योगेन्द्र चंद्राकर, विवेक चंद्राकर के दादा थे।

# अनाचार करने वाला युवक पुलिस के गिरफ्त में



**खरोरा,** 9 मई (देशबन्धु)। अनाचार करने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग पीडिता को बहला फुसलाकर बुलाया था विजयनगरम आंधप्रदेश पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर आरोपी के चुंगल से 02 नाबालिग बालिकाओं को छुड़ाया। सूचनाकर्ता निवासी कोहका भाठा की 04.05.2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसकी दो नाबालिग लडकी उम्र 16 साल 06 माह तथा 08 वर्ष की दिनांक 28.04.2025 को शाम करीब 05:30 बजे घर से नास्ता करने जा रही हूँ कहकर निकली है। जो वापस घर नही आयी है जिसकी पता तलाश करने पर पता नही चलने की रिपोर्ट पर नाबालिग बच्चो के अपहरण की आशंका पर थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पतासाजी में लिया गया। दौरान विवेचना के उक्त दोनो बालिकाओं को विजयनगरम आंध्रप्रदेश में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना कर संदेही/आरोपी सिपाही कुमार के कब्जे से उक्त दोनो नाबालिग बालिकाओं को बरामद कर थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध 87, 64(2)(एम) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 04, 06 पृथक से जोडी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। नाम पता आरोपी - सिपाही कुमार पिता शंभू सहनी उम्र 20 साल साकिन जौवकटिया थाना मंझोलिया जिला पश्चिम चम्पारण बिहार।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में शिक्षा सत्र के लिए छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से संपन्न




**फिंगेश्वर,** 9 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षा सत्र 2025- 26 के लिए छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष हरित,कमलेश यदु,राजू साहू, शुभम जैन ,के डी सोनवानी,कमलेश कश्यप, सुमन श्रीवास, ज्योति राजपूत, अशोक सोनवानी ,पत्रकार जितेंद्र शर्मा,अंकुर पहाड़िया एवं पालकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई ।जिसमें सबसे पहले कक्षा 1 ली में 50 छात्रों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया इस्कक्षा में कुल 130 आवेदन थे वहीं कक्षा पांचवी के लिए एक रिक्त सीट का चयन लॉटरी से किया गया इसमें कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। लॉटरी प्रक्रिया को धनराज सूर्यवंशी,मनीष हरित और कमलेश यदु ने संबोधित किया और सभी ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों व बच्चो को बधाई दिया ।लॉटरी प्रक्रिया में संस्था के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ,महेश साहू,उमेश यदु ,फणेश्वर साहू, माधव देवांगन, विनोद साहू भागवत भार्गव,कृष्णेंदु मंडल,ऋषभ शर्मा,ईश्वर मालाकार,विकास चंद्राकर, देव सिन्हा,टीकम साहू ,शुभम साहू, सारिका साहू, विनीता साहू, काजल शर्मा ,कृतिका पुंज ,खुशबू भट्ट , सृष्टि दीक्षित,गीतांजलि सिन्हा, वर्षा हिरवानी, अंशी कुजूर,कल्पना साहू,चेतना किरण साहू,मनीषा साहू,क्षमेश्वरी बंजारे,सीमा गायकवाड़,शताक्षी शर्मा,समीक्षा तारक सहित सभी शिक्षक व स्टाफ उपस्थित था ।

# शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है : भीखम

**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया में आज शुक्रवार 9 मई को सुशासन तिहार की द्वितीय चरण का आयोजन प्रशासन द्वारा किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन तिहार में हितग्राहियों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जनयोजनाओं की जानकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों को दिया। जिसका लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की गई। उन्होंने सरकार के कार्यों की जमकर प्रशंसा करते हुए कर्मचारियों को विशेष रूप से जनता की समस्या की जनकल्याण योजना चाहे वह राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य कोई भी समस्या रहे तो उन्हें काम करने की हिदायत दी गई। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाए। विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी कार्यो में लापरवाही जरा भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के कार्यो को गंभीरता के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को करना है। इस समाधान शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया गया। शिविर में गोद भराई रस्म, भूमि पट्टा वितरण, राशन कार्ड, पौधा वितरण, मनरेगा कार्ड वितरण के अलावा अन्य कृषि उपकरणों का वितरण अतिथियों एवं अधिकारियो द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत खम्हरिया में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती जामिन ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति रहा। वही अनुविभागीय दण्डाधिकारी बागबाहरा उमेश कुमार साहू ,तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी के अलावा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी , ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच श्रीमती सुलोचना चंद्राकर, प्रमोद साहू, कृष्णा दीवान,चुनेश्वरी दीवान, श्रीमती हेमलता साहू, ग्राम पंचायत चरौदा बांध सरपंच नारायण ठाकुर, ग्राम पंचायत तमोरा सरपंच सेवाराम साहू, रूपेश बरिहा के साथ पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंच,व मातृ शक्ति के रूप में महिलाए एवं ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित थे।




# 10वीं 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित

**खरोरा,** 9 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं 12वीं परीक्षा परिणाम 7 मई को जारी किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा से हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान बहिन काजल वर्मा पिता पूर्णानंद वर्मा 86.6त्न, द्वितीय स्थान बहिन रेणुका देवांगन पिता रेवाराम देवांगन 84.6त्न, तृतीय स्थान भैया खोमेश देवांगन पिता देवनाथ देवांगन 84. 2त्न रहे। वही हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान बहिन ढालिनी वर्मा पिता भगवती वर्मा 91.33त्न द्वितीय स्थान बहिन पुष्पांजली टंडन पिता सुनील टंडन 91त्न, तृतीय स्थान बहिन मानसी देवांगन पिता जगदीश देवांगन 89.5त्न रहे। उत्कृष्ट अंक प्राप्तकर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए भैया/बहनों को विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्वनी पाटकर आचार्य / दीदीयों एवं मां सरस्वती बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम के अध्यक्ष श्री वल्लभ लाहोटी व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्री मयंक बैस समिति के सदस्य निलेश अग्रवाल, शिल्पा डागा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशिर्वाद प्रदान किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी...

संरचना को आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ के सभी समाज को गौरवान्वित किया जाए। गाड़ा गंधर्व समाज के लिए बाजा बोर्ड एवं पाल समाज के लिए भेड़ पालन एवं ऊन संवर्धन बोर्ड का गठन किया जाए तथा नाई समाज एवं यादव समाज को मंत्रिमंडल में स्थान देते हुए निगम मंडल आयोग में भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### जागरूकता शिविर आयोजित...

किये जाएंगें। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा विभिन्न प्रकरणों के संबंधित पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनायें।

# समाधान शिविर लाया सौगात, दो किसान को मिला नया ट्रैक्टर

**बिलाईगढ़,** 9 मई(देशबंधु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत टुंडरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय और कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 4 नन्हे बच्चों को अन्न प्रासन्न और गर्भवती महिलाओं को उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले के गांव गांव में आयोजित समाधान शिविर का लाभ सभी नागरिक लें। साथ ही अधिकारीगण आवेदकों के आवेदन को जांच कर लें। यदि आवेदन में कोई दस्तावेज की कमी है तो उसकी सूचना आवेदक को दें। उन्होंने जल संरक्षण को बनाए रखने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य करने के लिए सभी नागरिकों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन मानस को जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से शपथ दिलाए। इसके साथ साथ डॉ कन्नौजे ने समाज कल्याण विभाग की ओर से हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने शिविर में पीएम आवास ग्रामीण के 15 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा 20 किसान किताब, खाद्य विभाग द्वारा 10 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 निक्षय मित्र किट, श्रम विभाग द्वारा 14 श्रम कार्ड हितग्राहियों को दिए गए। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण, एसडीएम वर्षा बंसल तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार, जनपद पंचायत सीईओ प्रतीक प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### शिविर में दैनिक जरूरत के राशन, आयुष्मान और श्रम कार्ड बनवा रहें ग्रामीण

**दो किसानों को मिला ट्रैक्टर**

इस शिविर में दो किसानों को उनके खेती में सहयोग और रोजगार करने के लिए ट्रैक्टर के रूप में उपहार मिला है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अतिथियों के द्वारा समाधान शिविर में ग्राम छिर्रा के किसान आनंदराम साहू और पुरगांव के किसान तेजस्वी साहू को कृषि विभाग के कृषि यांत्रिकीकरण सब मिशन योजना अंतर्गत ट्रैक्टर प्रदान किया गया। इस ट्रैक्टर खरीदी में राज्य सरकार की ओर से हितग्राहियों को अनुदान मिला है। दोनों किसान ने अनुदान में ट्रैक्टर पाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस योजना को संचालित करने के लिए धन्यवाद दिया है।

**विभागों के स्टॉल**

इस अवसर पर राजस्व, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, कृषि, लोक निर्माण, पेयजल के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, वन, अंत्यावसायी विकास निगम, आबकारी, श्रम, क्रेडा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, लोक निर्माण सेतु आदि विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य द्वारा सामान्य जांच और आयुष्मान कार्ड बनाने का सुविधा शिविर में उपलब्ध था, जहां लगभग 100 नागरिकों ने अपना चेकअप कराया और लगभग 20 आयुष्मान कार्ड बनवाया।

**कार्यक्रम में अतिथि**

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनवानी, संजय भूषण पांडेय जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद साहू सहित भगवंतीन पटेल, सुशीला साहू, नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीपक साहू, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत बर्मन आदि उपस्थित थे।

# यादव समाज का एक दिवसीय बैठक बालसमुंद में

**पलारी** 9 मई (देशबन्धु) श्रीराधाकृष्ण मंदिर बालसमुंद पलारी में झेरिया यादव समाज पलारी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन 11 मई रविवार को रखी गई है। समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक उत्थान पर चर्चा, समाजिक प्रकरण का निपटारा किया जावेगा। जिसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अध्यक्षता सुकालू यादव, प्रदेश संरक्षक एवं विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, और जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। पलारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार यादव व सचिव कमलेश यदु ने समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

# सारंगढ़ के सरकारी अस्पताल में आज होगा दिव्यांग मेडिकल कैंप

**बिलाईगढ़,** 9 मई(देशबंधु)। स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के पहल पर सिविल अस्पताल सारंगढ़ में द्वितीय शनिवार 10 मई को दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में शामिल होने के लिए दिव्यांगों को आधार कार्ड, राशनकार्ड और 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों से सामान्य बीमार का चेकअप कोई भी नागरिक करा सकता है।

# सहायता राशि प्रदान



**पिथौरा,** 9 मई। सांकरा परिवृत के माटीदरहा परिसर में लघु वनोपज समिति मोहगांव ग्राम बगार दरहा से लगे कक्ष क्रमांक 290 में तेंदूपता संग्रहण के दौरान (1)देवना बाई साव पति जोगीराम साव निवासी बगार दरहा(2) वृंदावती चौहान पति शेष देव ग्राम बगार दरहा को जंगली सुअर द्वारा हमला कर दिया गया उपचार किया जा रहा है एवम 500-500 रू तात्कालिक सहायता राशि दी गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कारावास

**भाटापारा,** 9 मई (देशबन्धु)। बोरसी (ध) निवासी अभियुक्त सोनू साहू को अव्यस्क पीड़ित के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध तथा सम्मति के बिना उसके साथ जबरदस्ती बलात्संग करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक भाटापारा संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि प्रार्थीया ने लिखित रिपोर्ट थाना भाटापारा ग्रामीण मे पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके गाँव का रहने वाला पड़ोसी आरोपी सोनू साहू को बचपन से जानती- पहचानती है, जिससे 2018 से बातचीत करती थी। माह सितंबर 2020 में सोनू साहू उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। उसके बाद स्कूल, ट्युशन जाते समय उसके मना करने के बाद भी वह जबरदस्ती अपने घर ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। सोनू साहू के द्वारा जान से मारने की धमकी देने के कारण वह घटना को अपने घर में नहीं बताई थी। उसकी मां को सोनू साहू द्वारा परेशान करने की बात पता चलने पर उसे और उसके भाई को पढ़ने के लिए उसकी दादी के पास नैला - जांजगीर भेज दिये थे। आरोपी वहाँ भी आकर उसे परेशान करता था।

दिनांक 16-02-24 को वह कॉलेज जा रही थी तो सोनू साहू उसका रास्ता रोक कर मारने - पीटने की धमकी देकर उसे होटल ले गया और उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाया। दिनांक 22-02-24 को सोनू साहू शराब पीकर उसे और उसकी माँ को फोन करके गंदी - गंदी गाली गलौच किया और उसके कम्प्यूटर सेंटर मे फोन करके पीड़ित का नैला थाना मे केस चल रहा है, कहकर उसे बदनाम करने की नियत से परेशान कर रहा है। सोनू साहू द्वारा उसे नाबालिग होना जानते हुए भी उसे बहला फुसला कर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसे बदनाम किया जा रहा है।

प्रार्थीया की लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर गवाहों के कथन लेखबद्ध कर अभियुक्त को तलाश कर गिरफ्तार किया गया। जप्ती आदि संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

न्यायालय में सभी गवाहों के कथन लेखबद्ध हुआ विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी ने अंतिम बहस में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी सोनू साहू को धारा 5(एल)/06 पाक्सो एक्ट 2012 में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा तथा धारा 341 भा. द. संहिता मे 01 माह व धारा 506 भाग दो में 01 वर्ष का साधारण कारावास एवं 500-500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। शासन के लिए पैरवी विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी एवं प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक किशुन कुंभकार द्वारा किया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार शहर मंडल द्वारा गार्डन चौक बलौदाबाजार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीएवं भारतीय सेना के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान में की गई सफल एयर स्ट्राइक की गौरव पूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण में न केवल भारत की शैन्य शक्ति को विश्व पटल पर सिद्ध किया बल्कि यह भी दर्शाया कि देश की सुरक्षा और आत्म सम्मान के लिए भारत किसी भी हद तक जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में देश ने यह सहासिक कदम उठाकर पुरे विश्व को संदेश दिया कि भारत अब किसी भी सुरत में आतंकवाद और उसके समर्थकों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि ये नया भारत है आपरेशन सिन्दूर ने यह दिखा दिया कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुह तोड़ जवाब देने में सक्षम है। विजय उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर भारत माता की जय, वंदे मातरम, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद जैसे नारो के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना को सजीव किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, भाजपा जिला मंत्री सुनीता वर्मा, शशिभूषण शुक्ला, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नगर अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, शहर महामंत्री मणीकांत मिश्रा, संजय श्रीवास, हरिश्चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, कपिल कश्यप, राहुल सोनी, संतोष पटेल, नेतराम साहू, दिनेश साहू, महेन्द्र साहू, मनीष कश्यप, अजय गर्ग, नीरज सोनी, पार्षद जितेन्द्र डड़सेना, गौतम चौहान, तरूण वर्मा, वेदांत रजक, भूपेन्द्र मनहरे, योगेश अग्रवाल, सरिता मार्के, धीरज बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण व शहर के युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों को मिली त्वरित राहत सहायता



**भाटापारा,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद भाटापारा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन देवेश पर्यानी को आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा सुनिश्चित हो सके। साथ ही श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही कुटिन सौरा को स्वीकृत सहायता राशि प्रदान की गई।

यह कार्य भाटापारा नगर पालिका की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सजग दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। नगरवासियों की आवश्यकता को सर्वोपरि रखते हुए, प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ पार्षद श्नंदू वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मंधान, सतीश साहू, देवेंद्र साहू, गोपी ध्रुव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गांधी स्कूल की श्रेया ठाकुर बनी कक्षा 12वीं में नगर की टॉपर



**आरंग,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर पालिका आरंग का नाम गौरवान्वित किया है।इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने नगर पालिका आरंग एवं ब्लाक स्तर पर स्थान प्राप्त किया है। कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा श्रेया ठाकुर ने 92.8% अंक अर्जित कर नगर पालिका आरंग की टापर बनीं एवं इसी विद्यालय के छात्र हिमांशु बंजारे 92% द्वितीय स्थान पर रहे।विद्यालय स्तर की प्रावीण्यता में तृतीय स्थान पर समर कुमार साहू 90%, चतुर्थ स्थान पर अंकिता साहू एवं अक्षत गुप्ता 88%, पंचम स्थान पर सुशील कुमार साहू 87.8%, अनिकेत वैष्णव 83.8%, अक्षांश शर्मा 81.8% एवं प्राची बंजारे 81.6% अंक प्राप्त किए हैं।कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय स्तर प्रथम स्थान पर विभोर गिलहरे 93.67%, द्वितीय स्थान पर संस्कृति दीवान 92.17%, तृतीय स्थान पर तनिष्क भोंसले 90.50%, चतुर्थ स्थान पर आदित्य शर्मा 90 %, पंचम स्थान पर स्वस्ति गुप्ता 89 %, तथा गरिमा चंद्राकर 87 %, दीक्षा साहू 86 %, प्रियांशु चंद्राकर 85.50%, मानसी चंद्राकर 85.33%, धारणा चंद्राकर 84 %, जागृति साहू 83.83%, विवेक सिंह बघेल 82.50% एवं कनिका वर्मा ने 81.67% अंक अर्जित किए है।कक्षा बारहवीं के छात्र समर साहू ने जीवविज्ञान विषय में 100 अंक एवं कक्षा दसवीं के छात्र विभोर गिलहरे ने भी गणित विषय में 100 अंक प्राप्त कर विशिष्टता हासिल की।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में सदैव शानदार प्रदर्शन रहा है।संस्था के संचालक यशवंत कुमार चतुर्वेदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, च्यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हमारा प्रयास है कि हम छात्रों को केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सफलता की राह दिखाएं।ज्ज10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, एकेडमिक डायरेक्टर एवं सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर अमेरा में संपन्न



**अमेरा/बलौदाबाजार/पलारी,** 9 मई (देशबन्धु)। 9 मई को ग्राम पंचायत अमेरा में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ अजय राव उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासनए पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहाँ जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत अमेरा को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत रसौटा, अमेरा, केसला, अछोली, कोसमंदी, बिनौरी, छेरकाडीह, कोसमंदा, छेरकापुर, छड़िया शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा। शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे।

इस कार्यक्रम पर कृषि विभाग द्वारा बीज एवं स्पेयर किसान क्रेडिट कार्ड। पंचायत ग्रामीण विभाग द्वारा आवास की चाबी स्वीकृति पत्र खाद्य विभाग ने राशन कार्डए मत्स्य विभाग मछली जाल आईस बॉक्स का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार, जनपद सी ई ओ पन्ना लाल ध्रुवे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, वरिष्ठ नेता पिलाराम साहू, रमेश धीवर, गजानंद त्रिवेदी, तुलसी डहरिया, सरपंच अमेरा शेलेन्द्री पटेल, जनपद सदस्य रामबाबू पटेल, सरोज साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि भीमलाल यादव, सनकुमार साहू, गौतम यादव सहित पंच एवं ग्रामीण बन्धु उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष अशोक जैन ने सफाई कार्यों का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा स्वच्छता टीम के माध्यम से स्थानीय दशहरा मैदान, वार्ड क्रमांक 5 एवं शनि मंदिर से ऐस.एल.आर.एम. सेंटर तथा गौरव पथ में सघन सफाई अभियान का स्वयं उपस्थित हो कर निरीक्षण करते हुए कार्य कराया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई का कार्य किया गया, गौरव पथ मार्ग के दोनों तरफसड़क के किनारे का मलबा की सफाई की गई। साथ ही कचरा वाहन के माध्यम से तत्काल कचरा एवं मलबा उठाने का कार्य किया गया। जिससे गौरव पथ में सफाई कार्य को देखकर वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित परिषद के कार्यों की प्रशंसा की।

नगर पालिका अध्यक्ष ने अन्य वार्डों में भी व मुख्य मार्ग के दोनों तरफअनावश्यक कचरा मलबा के ढेर की सफाई किए जाने का निर्देश दिया गया। गौरवपथ क्षेत्र में सफाई कार्य के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के द्वारा भी नगर में सफाई के कार्य को प्राथमिकता के साथ किए जाने निर्देशित किया गया। सफाई अभियान कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप ऐस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारी, सफाई सुपरवाइजर, जेसीबी चालक, ट्रैक्टर वाहन चालक, सहित 20 सफाई कर्मचारियों की टीम ने कार्य को पूर्ण किया व इस दौरान नाली सफाई करने के साथ ब्लीचिंग पाउडर डालने का भी कार्य किया गया।

# नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाईस्कूल बागबाहरा के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा



**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में बागबाहरा शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्था नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाईस्कूल बागबाहरा के कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम 79प्रतिशत रहा। इस संस्था की छात्रा कु. खुशी देवांगन पिता धनंजय देवांगन ने 95.66प्रतिशत प्रतिशत अंक, कक्षा में द्वितीय स्थान कु. भाविका सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत 87.16प्रतिशत प्रतिशत, तृतीय स्थान कुं. कल्पना देवांगन पिता महेश देवांगन ने 80.33प्रतिशत प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। कु.खुशी देवांगन पिता धनंजय देवांगन ने 95.66प्रतिशत अंक के साथ बागबाहरा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बागबाहरा शिक्षा समिति के अध्यक्ष देवीचंद श्रीमाल, सचिव लालचंद जैन, संरक्षक अजय तिवारी ,सुरेश अग्रवाल ,हाजी अब्दुल रज्जाक भाई एवं संतोष अग्रवाल , सुश्री मंजू कालियाँ, दीपक अग्रवाल, महावीर चंद जैन , लखवीर छाबड़ा एवं समस्त पदाधिकारियो व सदस्यो तथा सस्था की प्राचार्य श्रीमती दीपा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक, कर्मचायियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी है। यह जानकारी नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती दीपा श्रीवास्तव के द्वारा दी गई।

# पैक्ड मसालों की बढ़ी डिमांड, अचार के सीजन ने दी दस्तक



**भाटापारा,** 9 मई (देशबन्धु)। सीजन अचार का। मौका मसाले के पास है लेकिन पहली बार पैक्ड मसाले की डिमांड ने बाजार को हैरत में डाला हुआ है क्योंकि तेज कीमत के बावजूद खरीदी बढ़ते क्रम पर है।

भरपूर फसल आम की। खूब आ रहा है नींबू, मिर्च और गाजर। कीमत क्रय शक्ति के भीतर ही है इसलिए घरेलू मांग अचार बनाने के लिए निकली हुई है। इस स्थिति में सरसों तेल और अचार बनाने के काम आने वाले मसाले गर्म हो चले हैं।

**340 से 520 रुपए किलो:** महंगे हैं पैक्ड मसाले फिर भी उपभोक्ता स्वीकार कर रहे हैं 340 से 520 रुपए किलो जैसी उच्च कीमत। संकेत उस सरसों दाल में भी तेजी के मिल रहे हैं, जो 100 से 140 रुपए किलो जैसी उच्चतम दर पर पहले से ही बनी हुई है। अब आएं सरसों तेल पर, जो 140 180 रुपए किलो पर पहुंची हुई है। तेजी की धारणा इसमें इसलिए व्यक्त की जा रही क्योंकि इसमें अचार बनाने वाली ईकाइयों की मांग का दबाव बना हुआ है।

**फसल जोरदार फिर भी:** आम की फसल इस बार जोरदार बताई जा रही है लेकिन मंदी की धारणा से बाजार इसलिए इनकार कर रहा है क्योंकि अमचूर और अचार बनाने वाली ईकाइयों की मांग का दबाव लगातार बना हुआ है। ऐसा ही हाल नींबू का भी बताया जा रहा है, जो अलग-अलग क्षेत्र में भिन्न-भिन्न दर में मिल रहा है। इसमें भी मंदी की धारणा नहीं है क्योंकि गन्ना जूस और शरबत बनाने वालों की भरपूर डिमांड है।

**5 से 10 रुपए किलो:** सीजन उनका भी चालू है जो अचार के लिए कच्चा आम काटते हैं। छोटा हुआ तो 5 रुपए किलो और बड़ा होने की स्थिति वाले आम की प्रति किलो कटाई 10 रुपए लिए जा रहे हैं। इस दर में तेजी की धारणा इसलिए नहीं है क्योंकि कच्चा आम बेचने वाले विक्रेता यह काम खुद ही कर रहे हैं।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल राजिम मे प्रवेश के लिए निकाली नपं अध्यक्ष महेश यादव ने पहली पर्ची



**राजिम,** 9 मई (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत द्वारा निर्देशित तिथि 9 मई को नगर के शासकीय राम विशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु चयन के लिए लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे साथ में उनकी धर्मपत्नी स्वर्णलता यादव भी उपस्थित थी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजाता शर्मा अध्यक्ष जन भागीदारी एवं विकास समिति सेजेस राजिम ने किया। विशेष अतिथियों के रूप में विवेक शर्मा राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेजेस राजिम के सदस्य गण सोमनाथ पटेल सांसद प्रतिनिधि खुशी साहू विधायक प्रतिनिधि संजीव साहू चंदन बंजारे प्रतिभा शर्मा विजेता देवानी आदि की मौजूदगी में लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न की गई। मुख्य अतिथि महेश यादव ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बधाइयां देते हुए विश्वास दिलाया कि विद्यालय की समस्याओं के प्रति वे संवेदनशील रहेंगे एवं विद्यालय के विकास में जो भी उनके ओर से सहयोग हो सकता है करेंगे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में सुजाता शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा प्राचार्य संजय एक्का ने लॉटरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। सबसे पहले लॉटरी की चीट नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने निकाला।

कार्यक्रम का संचालन नारायण लाल साहू एवं लॉटरी प्रक्रिया का संचालन प्रणीति चंद्राकर एवं साक्षी जपे ने किया। लॉटरी प्रक्रिया के सफल संचालन में संतोष सूर्यवंशी विक्रम ठाकुर कैलाश साहू अंगेश गंगेले सरिता साहू जमील अहमद जितेंद्र साहू साक्षी चंद्राकर पिंकी तारक उपासना भगत आदि शिक्षकों के साथ-साथ भृत्य गण खिलेश्वर देवांगन एवं रमन साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाई आतिशबाजी कर मिठाई बांट कर खुशी मनाई



**सरायपाली,** 9 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना ने आपरेशन सिन्दूर चला कर पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक से ध्वस्त किया। कई आतंकियों को मार कर पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

इस हेतु प्रधानमंत्री एवं भारतीय सेना का आभार व्यक्त करने शाम को मील पत्थर तिराहा पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी किया एवं मिठाई बांट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपाइयों ने तिरंगा झंडा फहराया एवं भारत माता की जयकारा करते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान के झंडे को पैरों से कुचला। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल (मिलो) बिहारी लाल अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीता सतपथी जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष तेरेश्वरी नायक, जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, दाशरथी यदु, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, डॉ प्रकाश पटेल, मुकेश चौधरी , डॉ आशीष दास, मुरली नायक, मो अख्तर, पूर्व पार्षद जेपी यादव, भाजपाजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भा ज पा के मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल ने दी।

# सीएम साय ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण


## मरीजों से की संवाद,सीएम ने किडनी पीड़ित अतुल से कहा इलाज हम कराएंगे

**महासमुंद** 09 मई (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत शुक्रवार को जिला महासमुंद के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने महासमुंद पहुचंकर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने यहां मेल वार्ड में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वे मेल वार्ड में भर्ती 60 वर्षीय मरीज गंगाराम से भी मिले और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन चार दिन के उपचार के पश्चात अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने यहां की व्यवस्था, उपचार और चिकित्सकों के व्यवहार की भी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने डायलिसिस वार्ड में किडनी पीड़ित मरीजों से मुलाकात की और उनके इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किडनी पीड़ित मरीज अतुल चंद्राकर से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम पूछा। जब अतुल चंद्राकर ने किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मदद मांगी तो मुख्यमंत्री ने कहा कि डोनर की व्यवस्था होने के बाद सारा खर्च हम उठाएंगे। उन्होंने भर्ती सभी 6 मरीजों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल स्टाफव विभिन्न मरीज मौजूद थे।



# किसानों से जुड़े आवेदनों का त्वरित निराकरण करें अधिकारी: चंद्रहास

**महासमुंद** 09 मई (देशबंधु)। ग्राम पंचायत बिरकोनी में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, क्षेत्र के जनपद सदस्य व अनेक पंचायतों के सरपंच गण शामिल हुए। इस दौरानर् वभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन.प्रशासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार.प्रशासन ग्राम पंचायतों और ग्रामों में समस्या और मांग को आवेदन के माध्यम से ले रही है। समाधान शिविर के द्वारा आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन को जो भी आवेदन मिले हैं उसका निराकरण तत्परता से किया जाए। उन्होंने अधिकारी.कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदनों के निराकरण में पात्र हितग्राही न छुटें इसके लिए क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी और संबंधित पंचायतों के सरपंच भी ध्यान रखें। शासन द्वारा आम जनों को राहत प्रदान करने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस पर किसी प्रकार की अव्यवस्था ना आने पर इसका ध्यान प्रशासन को रखना होगा। उन्होंने किसानों से संबंधित आवेदनों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि अनेक किसान रबी फसल कटाई के बाद खरीफ की तैयारी करेंगे। कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग में समस्या व मांग संबंधी किसानों के जो भी आवेदन आए हैं, उसका प्रमुखता से समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारी, पंच गण, क्षेत्र के किसान व ग्रामीण जन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।




■ सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों के निराकरण व योजनाओं का लाभ देने निगम अध्यक्ष ने दिए निर्देश

# वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ठाकुर

**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के वनांचल ग्राम पंचायत बोकरामुडाकला में ध्रुव परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्षा भीखम सिंह ठाकुर सम्मिलित होकर वर वधु को नवदांपत्य जीवन की शुभ आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी। उनके साथ ग्राम पंचायत बीके बाहरा के युवा सरपंच खेमराज साहू, ओम प्रकाश ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव के अलावा सामाजिक बंधु और ग्रामीणजन से भेंट मुलाकात कर सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में ग्रामीणों से खुलकर चर्चा की। इसी तरह खल्लारी विधानसभा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के ग्राम पंचायत घुंचापाली में विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारणी सदस्य श्रीराम यादव के भतीजे की विवाह एवं आशीर्वाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपना आशीर्वाद प्रदान कर यादव परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत बीके बाहरा के युवा सरपंच खेमराज साहू, ओमप्रकाश ध्रुव आदि उपस्थित थें।



## जलकी में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर

**बागबाहरा,** 9 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा ग्राम पंचायत जलकी सिरपुर में 6 से 8 मई तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे महासमुंद जिला से बागबाहरा के वीर शिवाजी ओपन क्रु के रोवर लीडर सतीश देवांगन एवं वीर शिवाजी ओपन स्काउट मास्टर गगन टोंडेकर के नेतृत्व में शा उ मा विद्यालय के रोवर दुष्यन्त साहनी , कुणाल सिन्हा ,दीपांशु भतपहरी सहित, ओपन रोवर खेमराज ताण्डे,नूतन कुमार साहू,अतुल तुली सोनवानी ने महासमुंद जिला टीम से रहे। शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से 96 स्काउटरों ने सहभागिता की। इस अवसर पर शिविर प्रभारी के रूप में अजगर खान और शत्रुहन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने ग्राम जलकी के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों का अध्ययन किया। इसके साथ ही उन्होंने जिप लाइन, जॉइंट स्विंग, रोप ब्रिज, मंकी ब्रिज, टायर वॉल क्लाइंबिंग जैसे साहसिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास को नया आयाम मिला। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सिरपुर के पुरातात्विक स्थलों लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर मंदिर, सुरंग टीला आदि का अवलोकन करने का भी अवसर मिला। जिससे उन्हें क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों की गहरी जानकारी प्राप्त हुई।



# दक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद** 09 मई (देशबंधु)। स्थानीय कुम्हार पारा में कुम्हार समाज द्वारा 8 मई को राजा दक्ष प्रजापति जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री साहू ने राजा दक्ष प्रजापति की पूजा कर उनका पुण्य स्मरण किया तथा समाज में सद्भाव की प्रार्थना की। इस दौरान समाज जनों को संबोधित कर नपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी पौराणिक वेदों में राजा दक्ष प्रजापति अत्यंत पूजनीय हैं। वे धरती के प्रथम महान प्रतापी राजा थे। उन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। गुरु दक्ष प्रजापति अकेले प्रजापति समाज के नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के लिए वंदनीय हैं। श्री साहू ने समाज को संगठित करने इस तरह के आयोजनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने समाजजनों को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती की शुभकामनाएं दी। तथा कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्रदान करने पर सभी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर कमल प्रजापति, जागेश्वर प्रजापति, सुरेश, लाला, रिखीराम, जीतू, माधव, रामगोपाल, संतोष, गणेश, उकेश, नारायण प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।



# बेलरगांव पीएचसी संस्थागत प्रसव कराने में पूरे नगरी ब्लॉक में प्रथम स्थान पर

■ बेलरगांव पीएचसी की नई उपलब्धि, कराया 120 संस्थागत प्रसव

■ डॉक्टर, नर्सिंग, फील्ड स्टॉफ और मितानिनों की बेहतर प्रयास से मातृ मृत्यु दर 4 से घटकर हुई एक

**धमतरी,** 9 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के वनांचल, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बेलरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है, बताया जा रहा है कि बेलरगांव पीएचसी संस्थागत प्रसव कराने में पूरे नगरी ब्लॉक में प्रथम स्थान पर है, यहां पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जय किशन नाग के नेतृत्व में समस्त नर्सिंग स्टॉफ और अन्य कर्मचारियों के सहयोग से 2024 - 25 में कुल 120 संस्थागत प्रसव कराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, इतना ही नहीं बल्कि डॉ. सहित समस्त स्टॉफ के बेहतर प्रयास और सहयोग से मातृमृत्यु दर भी से घटकर एक हो गई है।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. जय किशन नाग ने बताया कि यहां प्रसव के पूर्व और बाद में महिलाओं को मिलने वाले संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है, यहां उपचार के लिए पहुंचे मरीजों ने भी बताया कि उन्हें यहां पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है, जिनका वे लाभ उठा रहे हैं,यहां के अधिकारी कर्मचारी, नर्सिंग और फील्ड स्टॉफ जनमानस के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए शासन के द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सुचारू रूप से क्रियान्वित कर रहे हैं, लिहाजा वनांचल क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

बताया गया कि बीते वर्ष यहां मातृमृत्यु दर चार थी, जो मितानिन, फील्ड स्टॉफ और डॉक्टर द्वारा नियमित रूप गर्भवती महिलाओं के घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच किया गया, लिहाजा मातृमृत्यु घटकर एक हो गया है, जो विभाग और लोगों के लिए बेहद सुखद ख़बर है। गौरतलब है कि बेलरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिले के दूरस्थ अंतिम छोर पर है,जो बड़ा क्षेत्र है और करीब 38 हजार लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करती है।




# संध्या मानिकपुरी बनी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा

■ बिहान से जुड़कर बनी लखपति दीदी

■ महीने में 10 हजार रूपये से अधिक की कर रही आय अर्जित



**धमतरी,** 9 मई (देशबन्धु)। संध्या सुभाष मानिकपुरी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी है। धमतरी जिले की वनांचल सिहावा (नगरी) की रहने वाली संध्या सुभाष मानिकपुरी बिहान समूह से जुड़कर साबित कर दिखाया कि अंधेरों से मिल रही रोशनी के जरिए हम अपने जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। आज महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ स्वावलंबी जीवन जीने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इन्हीं योजनाओं में से एक है बिहान की लखपति दीदी योजना। जिसमें महिलाओं को वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रुप से सुदृढ़ किया जा रहा है। जिले में भी कई ऐसी महिलाएं हैं जो इन योजनाओं के सहारे अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं। सिहावा में ऐसी ही लखपति दीदी संध्या मानिकपुरी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पूर्व में महिला मेट सम्मान भी मिला। पति के गुजर जाने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कोई स्वरोजगार करना चाहती थी। बारहवीं तक पढ़ी लिखी संध्या को विश्वास था कि अब वे सिलाई सीख सकती है। इससे आमदनी भी अच्छी होगी। यह सोचकर गांव में 10 महिला सदस्यों का ओम स्व-सहायता समूह के नाम गठन किया। सभी दीदीयों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जानकारी दी। समूह की महिलाओं को आय स्त्रोतों में वृद्धि कैसे हों, आत्मनिर्भरता की ओर कैसे अग्रसर हों इन चीजों को वह भली-भांति समझती थी। योजना की अच्छी समझ होने के कारण एफएलसीआरपी का काम बखूबी निभा रही है। समूह की महिलाओं को पांच पोस्टरों के माध्यम से गरीबी के चक्र, भविष्य के लिए वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण, वित्तीय नियोजन अभ्यास, बुद्धिमानी से खर्च, जरूरतों, इच्छाओं और बुराइयों के लिए खर्चे जैसे विषयों पर पांच पोस्टरों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण भी दिया। इससे समूह की महिलाएं अपने अधिकार को जानने लगे।

इस संबंध में लखपति दीदी बनी संध्या मानिकपुरी बताती हैं कि वह बिहान समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी। मेहनत रंग लाई। ब्लाउज, पेटीकोट, डिजाइनर शूट, शाला गणवेश, बच्चों के लिए शर्ट- पेंट, सलवार कुर्ती के कार्य से माह में लगभग 10 हजार रुपए से 12 हजार रुपए तक आमदनी हो जाती है। अब गांव की अधिकांश महिलाएं संध्या के पास ही कपड़े सिलवाने आती हैं। इससे उनकी आय इजाफा हुई है। आज संध्या मानिकपुरी की आंखों में विश्वास झलकता है। उनका मानना है कि यह कौन सी उकदा है जो हो नहीं सकता, हिम्मत करे इंसान तो क्या नहीं हो सकता। दुनिया में कोई भी काम कठिन नहीं है और न ही किसी काम की कोई सीमा है। बस जरूरत है इच्छा शक्ति और संकल्प की। बिहान ने मुझे इस संकल्प को पूरा करने की शक्ति दी। दिनेश्वरी नेताम, भुनंदा साहू, विद्या शांडिल्य, पुष्पलता घाटे, मोना, लक्ष्मी, दीपा जैसी अनेकों महिलाओं को मैंने सिलाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना दिया यही मेरी असली पूंजी है। कल तक मैं एक-एक पैसा के लिए तरस जाती थी आज मैं दूसरों की सहयोग कर अपने आपको भाग्यशाली मानती हूं।

# गोंडा उच्च. माध्य.विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

## 12 वीं में शत-प्रतिशत एवं 10वीं में 89 फीसदी परीक्षा परिणाम

**पलारी** 9 मई (देशबन्धु)पलारी विकास खण्ड के शा उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडा में छत्तीसगढ़ माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़ा का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। कक्षा 12वी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में दर्ज संख्या 73 है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 29, द्वितीय श्रेणी 12 तथा तृतीय श्रेणी 04में छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं 1 पूरक एवं 7 फैल हैं ।कक्षा 10वी में प्रथम स्थान कु. पूजा यादव 93.66त्न द्वितीय स्थान कु. श्रुति वर्मा 93.16, तृतीय स्थान कु. चंचल वर्मा 91.66,चतुर्थ श्रेणी कु.साक्षी सोनी 83.33त्न तथा पंचम स्थान कु.जागृति साहू प्राप्त किया।

12वी बोर्ड का परिणाम दर्ज संख्या 89 है जिसमें प्रथम श्रेणी में 69, द्वितीय 19तथा 1तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हे। 12वी में प्रथम स्थान कु. ऐजेश्वी वर्मा 89.6त्न,द्वितीय स्थान कु. आराधना मनहरे 86.2त्न,तृतीय स्थान दीक्षित साहू 86.त्न,चतुर्थी स्थान शिवम् शर्मा 85.6त्न,पंचम स्थान मोहनीश साहू 85त्न ने विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त कर मान बढ़ाया है। सभी सफल विद्यार्थीयों को पूर्व जनपद उपाध्यक्षा तेजराम वर्मा,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेन्द साहू ,ग्राम के सरपंच श्रीमती उषा जागेश्वर धीवर, उपसरपंच नोहर वर्मा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डायमंड साहू, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा,बीरसिंगनौरंगे भागीराम धीवर,किशन मनहरे,योगेश धीवर,बगसराम मनहरे, कलीराम नौरंगे डोमन सोनी, रिखी यादव,श्रीमती देवकी वर्मा,श्रीमति गिरिजा वर्मा टेकराम सेन,संस्था के प्राचार्य डी के साहू शिक्षक गण एम एल बंजारे, पार्वती वर्मा, हेमलता वर्मा,वंदना गोस्वामी, राजकुमार सोनवानी, मंजू ध्रुव, सृष्टि शर्मा,पल्लवी देवांगन,निधि बरिहा, सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पंचगण एवं ग्राम वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।



## अजय ताम्रकार विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**लवन,** 9 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र के विधायक संदीप साहू ने आज 9 मई को लवन नगर पंचायत के लिए लवन निवासी पूर्व पार्षद अजय ताम्रकार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं इनकी नियुक्ति पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सहित नगर के कांग्रेसियों एवं वार्ड वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं उल्लेखनीय है कि श्री ताम्रकार नगर पंचायत लवन में 15 वर्षों तक पार्षद रह चुके हैं इसके अलावा वर्तमान में वार्ड 4 से उनके छोटे भाई प्रकाश ताम्रकार भी वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद है श्री ताम्रकार द्वारा लवन नगर में पेयजल समस्या को देखते हुए प्राइवेट पानी का टैंकर खरीदी कर वार्ड वासियों को पेयजल आपूर्ति लगातार किया जा रहा है उनके इस कार्य से वार्ड वासी बहुत ही खुश हैं।



# कांग्रेस सरकार की शिक्षा नीति का उज्वल परिणाम: इन्द्र साव

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल का छात्र बना प्रदेश का गौरव, विधायक इन्द्र साव ने दी बधाई और सहायता का आश्वासन

**सिमगा,** 9 मई (देशबन्धु)। सिमगा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र लिव्यांश देवांगन ने 99त्न अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके माता-पिता और गुरुजन गौरवान्वित हुए हैं, बल्कि पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव स्वयं लिव्यांश के निज निवास पहुँचे और उन्हें बुके, मिठाई व कलम भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। श्री साव ने लिव्यांश को उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि च्लिव्यांश ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश को गौरव का अवसर प्रदान किया है। यह सफलता उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।

विधायक साव ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्र की प्रतिभा को सही दिशा दी। उन्होंने आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी लिव्यांश को दिया।

साव ने कहा कि च्स्वामी आत्मानंद स्कूल हमारी कांग्रेस सरकार की एक क्रांतिकारी पहल रही है, जो गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम बनी है। लिव्यांश की सफलता इस योजना की सार्थकता का प्रतीक है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सत्यजीत शेंडे, जीत नारायण साव, अमरनाथ साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

